शारदा
श्री
शारदा सदन
हाथरस

ालोचनात्मक साहित्यक मा..क 'शारदा' का अतिरिक्ताङ्कः—

(हिन्दी साहित्य सेवियों का परिचय ग्रन्थ)

प्रबन्ध सम्पादक
देवीदास शर्मा

सम्पादक
कन्हैयालाल 'चंचरीक'

प्रथम संस्करण
मई १९५२

प्रकाशक:—
देवीदास शर्मा
श्री शारदा सदन
हाथरस

मुद्रक:—
देवीदास तैनगोरिया
निर्भय—प्रेस,
निर्भय गली, हाथरस

"शारदा सेवक" के लिए सामिग्री जुटाने के लिए हमारे अनेक मित्रों, सहयोगियों और शुभ-चिन्तकों ने हमें जो सहायता प्रदान की है इसके लिए हम उन्हें हार्दिक-धन्यवाद दिए बिना न रहेंगे। पूरे एक वर्ष के अथक परिश्रम के पश्चात् 'शारदा-सेवक' आपके हाथों में आया है। इस ग्रन्थ के सम्पादन में 'आज के हिन्दी सेवी' (रतनगढ़) 'हिन्दी-सेवी संसार' (लखनऊ) अनेक पत्र-पत्रिकाओं और पुस्तकों से भी पर्याप्त सहायता ली गई है, क्योंकि-हमारे अधिकांश साथियों ने अपने परिचय पत्रों में यही निदर्शित किया कि अमुक पुस्तक में अमुक स्थान पर उनका परिचय प्राप्त हो सकता है। खैर, वर्त्तमान समय में इस प्रकार के अमूल्य प्रामाणिक ग्रन्थों की कितनी आवश्यकता है इस विषय में हमें कुछ नहीं लिखना, इसका मापन तो हिन्दी-साहित्य के इतिहासकार स्वयं कर लेंगे। यही नहीं सहयोगियों ने तो 'हिन्दी-साहित्य सेवी महिलायें' नामक ग्रन्थ प्रकाशित करने का सुझाव देकर हमारे उत्साह को द्विगुणित कर दिया है। इस कार्य के लिए प्रमुख महिला लेखिकाओं का हमें सहयोग भी प्राप्त हो गया है। साथ ही श्री राधेबिहारीलाल सक्सेना "राकेश" का भी सम्पादन में सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ है इसलिए हम उनके अत्यन्त अनुगृहीत हैं।

जो परिचय हमें बाद में प्राप्त हुए हैं अथवा कुछ त्रुटियाँ रह गई हैं उन्हें परिशिष्ट में दे दिया गया है।

यद्यपि हमने बिना किसी भेद भाव के ही सभी परिचय शुद्ध रूप से प्रकाशित करने का पूर्ण प्रयत्न किया है, फिर भी जो त्रुटियाँ या अभाव रह गये हों, उनसे हमें अविलम्ब सूचित करें, जिससे कि आगामी संस्करण में संशोधन हो सके।

१५ मई ५२

❀ आज के कवि और कवि सम्मेलन ❀

आज साहित्य और साहित्यकार किस ओर जा रहे हैं, इसके विषय में तो प्रायः सभी के भिन्न-भिन्न मत हैं, किन्तु यदि सच कहना कोई पाप न हो तो यह डंके की चोट कहा जा सकता है, कि आज के अधिकांश कवियों ने कवि सम्मेलनों को और कवि-सम्मेलनों ने कवियों को मटियामेट कर रखा है। सुनते थे, कि कवि स्वाभिमानी होते हैं, किन्तु आज तो ऐसी कोई बात दिखाई नहीं देती, क्योंकि कवियों का स्वाभिमान तो तब रहे, जब लोग कवियों का मान समझें। मैंने स्वयं कई स्थानों पर अनुभव किया है, कि कवि सम्मेलनों में कवियों की स्थिति बड़ी अजीब सी रहती है। संयोजक समझते हैं, कि कवि हमारे गुलाम हैं, कवि समझते हैं, कि यदि पैसे लेने हैं तो संयोजक जी की हाँ में हाँ मिलाना ही ठीक है। कविता पाठ से पूर्व तो कवियों का सत्कार महमानों की भाँति किया जाता है, किन्तु कविता पाठ के पश्चात्, काम निकल जाने पर संयोजक कवियों से यह भी नहीं पूछते, कि 'कवि महाशय ! तुम किस खेत की मूली हो ?' किन्तु इसमें दोष न तो कवियों का है, न संयोजकों का, क्योंकि जैसे देवता रह गये हैं, वैसी ही पूजा रह गई है। संयोजक भी कवियों को पैसा भींच-भींच कर देते हैं और कवि भी दस-दस बीस-बीस रुपयों के लिए कंजड़ों की भाँति लड़ते हैं। जहाँ बहुत से संयोजक कवियों को बड़े-बड़े आश्वासन देकर बुला लेते हैं, लेकिन अन्त में अँगूठा दिखा देते हैं वहाँ बहुत से कवि भी ऐसे हैं, जो कविता पाठ से पूर्व ही भेंट स्वरूप रुपये रखवा लेते हैं। विश्वास और विश्वास की रक्षा तो आज के युग में दिखाई ही नहीं देती, इसलिए न तो कवियों को संयोजकों पर विश्वास है और न संयोजकों को कवियों पर।

६ अप्रैल ५२ को अखिल भारतीय ब्रजसाहित्य मण्डल के अष्टम अधिवेशन के अवसर पर हाथरस में मण्डल की ओर से एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कदाचित स्वागताध्यक्ष महोदय के पैसे के बल पर फर्वरी ५२ में ही स्वागत समिति के

एक सम्मानित सदस्य श्री रामप्रसाद पाण्डेय (प्रिंसीपल—बागला कालेज, हाथरस) का यह सुझाव सर्व सम्मति से पास हुआ कि

देश के लब्ध प्रतिष्ठ कवियों को आमन्त्रित कर वास्तविक काव्य का रसास्वादन कराया जाय, छोटे छोटे कवियों को बुलाकर कविता का स्तर न गिराया जाय।

यह प्रस्ताव या सुझाव उचित था या अनुचित, यह तो समझदार महानुभाव स्वयं ही समझ सकते हैं, किन्तु सभी श्रोताओं को बड़ी बड़ी आशायें थीं कि वास्तविक काव्य का रसास्वादन करने को मिलेगा संयोजक थे कोई सुदामाप्रसाद चतुर्वेदी। कवि सम्मेलन प्रारम्भ हुआ, लेकिन उस समय संयोजक जी कहीं नाँच गाना देख रहे थे? कवि सम्मेलन में दो घण्टे के समय में ही क्रमशः तीन सभापति बने (सेठ बल्लभ दास जी, कुलदीप एम० ए० तथा श्री नारायणस्वामी) जब संयोजक महोदय मंच पर आये तो कवियों पर केवल ' ' पड़ने की ही कसर रह गई (यद्यपि ऐसा लिखना न चाहिये, लेकिन है नितान्त सत्य) आगरे के तरुण तथा प्रसिद्धकवि श्री राजेश दीक्षित को मंच से धक्का दे दिया गया, श्रोता शोर कर उठे, संयोजक महोदय पर गालियों की वर्षा होने लगी, जनता भाग उठी, एक कुहराम सा मच गया, केवल इसलिये कि संयोजक महोदय को यह अभिमान होगा कि वे पैसे के बल से सब कुछ कर सकते हैं। श्रोताओं को लब्ध प्रतिष्ठ कवियों की कवितायें तथा वास्तविक काव्य का रसास्वादन हुआ या नहीं, किन्तु उस विशाल, विराट और वैभव भरे कवि सम्मेलन में 'चूरन के लटके' सुनने को अवश्य मिले। अधिकांश प्रतिष्ठित कवियों ने कविता पाठ न किया, सुना गया, कि फिर कवियों को किसी प्रबन्ध कर्त्ता ने पूछा भी नहीं और बेचारे भूखे प्यासे, किराया उधार माँग-मूँग कर अपने अपने घर को चले गये।

हाँ यदि धनान्ध संयोजक के जूते खाकर भी कवि लोग मुस्कराते और कविता पाठ करते रहते तो सम्भवतः उन्हें भी भेंट के नाम से चन्द चाँदी के टुकड़े मिल जाते। जिन्होंने गुण गाये, उन्हीं ने रुपये पाये।

उपरोक्त उद्धरण का तात्पर्य केवल इतना ही है, कि चन्द चांदी के टुकड़ों के नाम पर धनिक, सरस्वती के सेवकों का रहा सहा सम्मान भी लूटना चाहते हैं। यह स्वाभाविक सत्य है, कि कवियों के सामने भी पेट की समस्या है, किन्तु सांसारिक दृष्टि से यदि जीवित रहना है तो केवल कविता के नाम पर ही कोई जीवित नहीं रह सकता,

जिनकी गाड़ी चल रही है, उनकी चल रही है, अन्यथा सच्चे और योग्य व्यक्ति तो धूल फाँक फाँक कर ही जीवन व्यतीत कर देते हैं, कोई उनकी ओर देखता भी नहीं है।

समय कुछ ऐसा हो गया है, कि किसी के पुत्र जन्म हो तो कवि सम्मेलन, किसी का बाप मर जाये तो कवि सम्मेलन, जीवन की छोटी-छोटी हलचलों पर ही मनुष्य कवि सम्मेलन कराने की सोचते हैं, इससे सस्ता मनोरंजन और है भी तो नहीं, कवियों को तो केवल सुपाड़ी, इलाइची ही खिला दीजिये, यही बहुत है।

"कवि की पत्नी" नामक पुस्तक में कवियों के एक अङ्ग का नग्न-चित्र मैंने पाठकों के समक्ष रखा, आलोचना कटु थी, लेकिन थी सत्य और इसलिए उसे सभी ने सराहा, प्रथम संस्करण समाप्त भी हो गया।

माता जी घुड़क रही हैं,
'घरवाली' फूज़ रही है।
अब क्रोधित बाप हुआ है—
कवि होना पाप हुआ है।

कवि के सामने सबसे बड़ी समस्या है 'पेट की' लोग मुझे बुरा कह सकते हैं, किन्तु दूसरी पुस्तक "कवि और कुत्ता" में मेरी आत्मा ने साहस करके लिख ही दिया है:—

कवि ! तुझसे कुत्ता भला—
क्योंकि वह भर लेता है पेट।

तालियों की गड़गड़ाहट से तो कवि तथा उसके परिवार का पेट नहीं भर सकता, माना कि कवि कल्पना लोक का वासी होता है, लेकिन रहना तो बेचारे को भूमि पर ही पड़ता है, संसार की भाँति उसे भी भूख प्यास का आभास होता ही है और कवि को न भी हो तो कम से कम कवि के बीबी-बच्चों को तो भूख प्यास लगती ही होगी, फिर यदि कवि पैसे माँगता भी है तो उसे स्वार्थी और पैसे का भूखा बताया जाता है। कुछ कवियों ने तो तिकड़म से अपना नाम कर लिया और इसीलिये उनका 'रेट' ऊँचा है। बुलाये जाने पर दो सौ-चार सौ रुपये झाड़ लेते हैं और खाक भी नहीं सुनाते, जो कवि तिकड़मी न होने के कारण छिपे पड़े हैं, या जिन्हें ख्याति प्राप्त नहीं हुई है, वे बेचारे भूखों मरते हैं, कोई उन्हें बुलाना ही नहीं चाहता क्योंकि वे 'चालू' कवि नहीं हैं और यदि किसी ने बुला भी लिया तो किराये में भी घाटा है। फर्वरी ५२ में अलीगढ़

प्रदर्शनी में दुर्भाग्य से या सौभाग्य से मुझे भी कई बुलावे प्राप्त हुए संयोजक श्री मनोहरलाल जी गौड़ के अनेकों स्नेह भरे आमन्त्रण प्राप्त हुए, कवि सम्मेलन में सम्मिलिति होने पहुंच भी गया, लेकिन विश्वास कीजिये कि जनता जनार्दन के अतिरिक्त संयोजक महोदय ने तो यह भी न देखा, कि जिस कवि को कई बुलावे भेजकर बुलाया है, उस बेचारे का क्या हाल है ? मुझे न तो उनके व्यवहार से दुख है न क्षोभ, क्योंकि मैं मुसीबतों में ही पला हूँ और विश्वास है कि मृत्यु पर्यन्त संघर्षों में ही रहूँगा, किन्तु बेचारे कवियों के लिए यह बात कितनी कष्ट प्रद और दुखदाई होती है जबकि उन्हें बुलाकर एक गिलास पानी के लिये भी न पूछा जाय, कवि सम्मेलन समाप्त होने पर वे बेचारे जहाँ तहाँ सो जायें और चुपचाप मन ही मन रोते हुए अपने अपने घर चले जायें।

एक यही नहीं, श्रमजीवी कवियों के जीवन में अनेकों ऐसे ही अवसर आते होंगे, किन्तु यदि भावुकतावश कवि केवल 'वाह वाह' में डूबा रहे तो उसका कार्य नहीं चल सकता। कवि सम्मेलनों के संयोजक तो अपना रवैया बदलने ही क्यों लगे, हाँ यदि कवियों का एक सङ्गठित मोर्चा खड़ा हो जाये, तो कुछ हो भी सकता है, अन्यथा जितना भी अपमान हो वह थोड़ा ही है।

कवि युग निर्माता है, सदैव स्वतन्त्र है, उसके व्यक्तित्व के लिये सबसे अधिक घातक बात उस समय होती है जब उसे संयोजक के इशारे पर ऐसी कवितायें पढ़नी पढ़ती हैं, जिनसे कि "अमुक" सज्जन अप्रसन्न न हो जायें।

अन्य प्राचीन कवियों के समक्ष भूषण और तुलसीदास आदि का महत्व इसीलिये और अधिक है, कि उन्होंने जो कुछ भी लिखा, वह लोक कल्याण की भावना से लिखा। रहस्यबाद-छायावाद आदि तो केवल मन समझाने की बातें है, वह कविता भी क्या, जिसे सुन-कर श्रोताओं का मन बुझ जाये, जिस कविता में ओज न हो, कुछ नया न हो, लोक कल्याण न हो, जीवन का वास्तविक दर्शन न हो उस कविता से क्या लाभ ? चाहे वह कविता स्वयं भगवान ने ही क्यों न लिखी हो, जिस कविता की भाषा को शिक्षित और अशि-क्षित दोनों साथ साथ न समझ सकें, जिस कविता का अर्थ समझने के लिये किसी 'शब्द कोश' की आवश्यकता हो, उस कविता के तो होने न होने से कोई अन्तर नहीं पड़ता।

युग बदल चुका है, संसार प्रगति कर रहा है, ऐसे समय 'प्यार प्रीति' 'आह–ऊह' की कविताओं से क्या परिणाम होगा, यह तो वर्तमान भी जानता है और भविष्य भी जानेगा, किन्तु ऐसी कवितायें कुछ व्यक्तियों के एक समूह को भले ही प्रसन्न करलें, लोक कल्याण नहीं कर सकतीं। देश के आगे 'प्यार–प्रीति' की समस्या नहीं, पेट और रोटी की समस्या है।

कवि सम्मेलनों की वर्तमान नीति में क्रान्तिकारी परिवर्तन होने चाहिये, तभी कवियों का कल्याण हो सकेगा, अन्यथा नहीं। युग बड़ों को प्रोत्साहन देता है, छोटों को दबाता है, जबकि छोटों को भी प्रोत्साहन मिलना चाहिये, संयोजक 'चालू' कवियों को बुलाते हैं, उनके नाम पर पैसा पानी की भाँति बहाते हैं, लेकिन 'चालू' कवि तो बस "नाम बड़े और दर्शन छोटे" या "ऊँची दुकान और फीका पकवान" हैं। माँ के लिये तो सभी बेटे समान होते हैं चाहे वे छोटे हो चाहे बड़े। जो कवि 'चालू' हो गये हैं, उनकी तो गाड़ी चल उठी है, प्रयत्न तो यह होना चाहिये कि जिनकी गाड़ी खड़ी है, उनकी गाड़ी को आगे बढ़ाया जाय। इससे क्या लाभ, कि एक तिजूरी का पैसा निकल कर दूसरी तिजूरी में चला जाय। यदि संयोजक लोग ४००) देकर किसी लब्ध प्रतिष्ठ या 'चालू' कवि को न बुलाकर छोटे कहे जाने वाले आठ कवि बुलालें और उन्हें पचास पचास रुपये दे दें, तो निश्चय ही आठ निर्धन परिवारों के लिए एक मास के भोजन की समस्या सुलझ जायेगी और उन श्रमजीवी कवियों के बच्चे संयोजक महोदय को लाख-लाख दुआयें देंगे।

यह तो भारत का सौभाग्य ही है, कि देश में कवियों की एक बाढ़ सी आगई है, यदि किसी अन्य देश में इतने कवि होते तो वह देश अपने को परम सौभाग्यशाली समझता, किन्तु हमारे देश का दुर्भाग्य कि जब यहाँ अमर शहीदों के दीन दुखी घरवालों की ही कोई पूछ नहीं होती है तो फिर इन जीवित शहीद कवियों को कौन पूछे। आज सैकड़ों ही कालिदास और भूषण पेट की चिन्ता में घुल घुल कर मरे जा रहे हैं. न कहीं विक्रमादित्य दिखाई देते हैं न वीर शिवाजी। ठाठ कर रहे हैं तिकड़मी और भूखों मरे जा रहे हैं बेचारे सच्चे कलाकार।

एक कवि दूसरे कवि की उन्नति नहीं चाहता, कवि सम्मेलन के मंच पर तो प्रायः प्रत्येक कवि यही प्रयत्न करता है, कि दूसरे कवियों को खा जाये, उनके मान सम्मान को मिट्टी में मिला दे।

किसी कवि की कविता पर यदि श्रोताओं ने 'वाह वाह' कर दी तो मंच के शेष कवि जलभुन कर खाक हो जाते हैं, मुसकराते भी हैं तो केवल झेंप मिटाने की भावना से।

एक नया रोग और लग गया है, कि जहाँ किसी ने कविता की चार लायनें लिखीं कि लिखने वाला अपना नाम 'छपा हुआ' देखना चहता है, पत्र–पत्रिकाओं वाले भी 'चालू' कवियों की कवितायें ही प्रकाशित करते हैं और वह भी आँख मींच कर। यदि आपका नाम चमक गया है तो आप खाक धूल कुछ भी लिख दीजियेगा वही छप जायेगा किन्तु यदि आप नये लेखक या कवि हैं, तो फिर आपने कितना ही महत्वपूर्ण क्यों न लिखा हो, आपकी प्रकाशनार्थ सामिग्री रद्दी की टोकरी के हवाले करदी जायेगी।

जब किसी नये कवि की कविता को पत्र पत्रिकाओं में स्थान नहीं मिल पाता तो फिर वह यही चाहता है, कि उसकी कविताओं का संग्रह ही प्रकाशित हो जाये, चाहे इस प्रयत्न में उसे अपनी बीबी के बचे खुचे गहने भी क्यों न बेचने पड़ें, कितनी भी हानियाँ क्यों न सह ले, लेकिन जब तक उस कवि का कविता संग्रह प्रकाशित नहीं हो जाता, उसे चैन नहीं पड़ता। पुस्तक प्रकाशित करा लेना बहुत आसान है, लेकिन प्रकाशित पुस्तक को बेच लेना आकाश के तारे तोड़ लाने के समान है, बस इसी प्रयत्न में बहुत सी सुन्दर सुन्दर कवि-कलियाँ असमय ही नष्ट हो जाती हैं।

कवि मानव समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है उस अंग की प्रत्येक प्रकार से रक्षा करना समाज का कर्त्तव्य है। गिरे हुए में ठोकर तो सभी लगा सकते हैं, किन्तु मानवता तो तभी समझी जा सकती है, जब कि गिरे हुए को प्रेम पूर्वक उठाने का प्रयत्न किया जा सके।

यह जो कुछ भी लिखा गया है वह तो एक संक्षिप्त सी भूमिका मात्र है। देश के सहस्रों निरीह, शोषित, पीड़ित, अपमानित कवियों के विषय में विवरणात्मक जानकारी के लिए "हिन्दी कवि सम्मेलन तथा कवि" नामक पुस्तक पढ़िये।

साथ ही एक निवेदन और है, कि जिन कवियों की आत्मायें कुचली जा रही हों, भावनायें ठुकराई जा रही हों वे कृपया अपना दुखदर्द (पूर्ण विवरण सहित) बतायें, उनके दुख दर्द में हाथ बटाने का पूरा पूरा प्रयत्न किया जायेगा। कोई कवि अपने को छोटा या 'दबा हुआ' न समझे। माँ सरस्वती के लिए सब पुत्र समान हैं और फिर माँ तो छोटे बेटे से ही अधिक स्नेह करती है।

हाँ इस सम्बन्ध में हम कटु आलोचकों की कटु आलोचनाओं का भी स्वागत करेंगे। सहयोग दीजिये तो स्वागत है, असहयोग कीजिये तो स्वागत है, फिर भी आप सबके सहयोग की ही कामना है।

माँ शारदा सबको सुशक्ति प्रदान करे

जनकवि—'निर्भय'
'हिन्दी—कवि—सम्मेलन'
—:कार्यालय:—
हाथरस (उत्तर—प्रदेश)

माँ शारदा की आज्ञा से
निवेदक:—
निर्भय

हिन्दी कवियों के सम्मान की रक्षा तथा देश-व्यापी सङ्गठन के लिये 'हिन्दी कवि-सम्मेलन' के निःशुल्क सदस्य बनियेगा, आवेदन-पत्र उक्त पते से बिना किसी मूल्य के मँगायें।

अंजनी नन्दन शरण (शीतला सहाय) बी० ए० एल-एल० बी० । 'मानस' के टीकाकार हैं, मानस पीयूष, पीयूष विजय पुस्तकें प्रकाशित हैं । श्री रूप कला जी के शिष्य हैं, आज कल अयोध्या में क्षेत्र-संन्यास लिया है । पता:—पीयूष कार्यालय, नादुरा, बरार ।

अम्बाप्रसाद 'सुमन'—एम० ए० साहित्यरत्न-जन्म मार्च १९१६ दो वर्ष तक 'शिक्षासुधा' के सम्पादक रहे, गत ८ वर्षों से साहित्य सम्मेलन प्रयाग तथा व्रज साहित्य मण्डल की स्थायी समिति के सदस्य है । प्रकाशन-वाङ्मयी, साहित्यरत्न दिग्दर्शन भाग १, २, ३, हरिजन और हँस, आदर्श विभूतियाँ, साहित्य संचारिणी आदि । जीवन में प्रायः बहुधन्धी रहे हैं । प्रारम्भ में कविता लिखते थे, किन्तु अब साहित्यिक निबन्ध एवं आलोचना ही प्रायः लिखते हैं । हिन्दी साहित्य को मानव जीवन की प्रगतिशील शक्तियों से समन्वित देखना चाहते हैं । साहित्यकों का पारस्परिक कपट, द्वेष एवं वैमनस्य इन्हें बहुत दुख देता है । पता:—अध्यक्ष हिन्दी विभाग, श्री माहेश्वरी कालेज अलीगढ़ ।

अम्बिकादत्त त्रिपाठी:—जन्म १८९४ आजमगढ़-प्रकाशन चर्खा, सीय स्वयंवर नाटक, कृष्ण कुमारी, बाल गीतावली, भंग में रंग, कृष्ण कुमारी, सत्संग महिमा, स्वराज्य सीढ़ी ।
पता:—ठि० राम नारायण मिश्र शेखपुरी पो० सुरापुर, सुलतानपुर ।

अम्बिका प्रसाद उपाध्याय आचार्य:—संस्कृत, पाली, प्राकृत के विद्वान् । हिन्दू विश्व विद्यालय काशी के संस्कृत कालेज के पाठ्य-क्रम में हिन्दी के समर्थक ।
पता:—प्रोफेसर, संस्कृत कालेज, काशी विश्व विद्यालय, बनारस ।

अम्बिका प्रसाद वर्मा 'दिव्य' एम० ए० जन्म १९०७ आजमगढ़ प्रकाशन-दिव्य दोहावली, मनोवेदना, स्रोतस्विनी, निमियाँ निकुंज, उमरखैयाम की रुबाइयाँ अनु० । सफल चित्रकार हैं ।
पता:—प्रो० सवाई महेन्द्र कालेज, टीकमगढ़ ।

अम्बिकालाल श्रीवास्तव:—एम० ए० सा० रत्न-जन्म १९०७ नागरी प्रचारिणी सभा हरदोई के साहित्य मन्त्री हैं । पता:—अध्यापक बी० के० इण्टर कालेज, हरदोई ।

अम्बिकासिंह दत्त:—प्रकाशन सिन्दूर और स्वदेश तरङ्ग, कई पुस्तकें अप्रकाशित हैं । पता:-छाप सुदर्शन पत्रालय, मशरक, सारन ।

अंशुमान शर्मा:—शास्त्री, सा० रत्न, सा० लं० । जन्म मई १९२४ प्रकाशक-साहित्य दिग्दर्शन, भारतीय साहित्य और साहित्य स्रष्टा, चिकित्सा तत्व दर्शन, प्राच्य और पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान । पता:—मखदुमपुर, गया, बिहार ।

अक्षयलाल झाः—प्रकाशन-औषधि के उपयुक्त फलों के प्रयोग, सूखेफलों के प्रयोग, त्रिफला के प्रयोग, ताजे फलों के प्रयोग, व्यञ्जनों के प्रयोग, फूलों के चुटकले। पताः—जागड़, मुजफ्फरपुर।

अखिलानन्द शर्माः—युक्तप्रान्त के बहिष्कृत प्रदेश 'जौनसार बाबर' में हिन्दी प्रचार किया। स्फुट कहानियाँ तथा लेख प्रकाशित हैं। पताः—सारस्वत सदन, पिलानी, जयपुर।

अखिलेश शर्माः—जन्म १९०८। प्रकाशन स्फुट रचनायें। महर्षि दयानन्द, मधुवन अप्रकाशित हैं। पताः-अध्यापक, महमूदाबाद सीतापुर।

अगरचन्द नाहटा—जन्म सं० १९६७। प्राचीन हस्त लिखित ज्ञान भण्डारों की शोध, संग्रह कर अनेक ग्रन्थ लिखे तथा सम्पादन किया, हजारों अज्ञात ग्रन्थों का पता लगाया, अनेकों मूल भ्रान्तियों का संशोधन किया। प्रकाशन-विधवा कर्त्तव्य, युग प्रधान जिन चन्दसूरि, मणिधारी जिनचन्दसूरि, दादा श्री जिनकुशलसूरि, युग प्रधान जिनदत्तसूरि ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह, राजस्थान में हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों की खोज भाग २, जसवन्त उदोत, क्याम रासो, ज्ञानसार ग्रन्थावली आदि। बीकानेर जैन लेख संग्रह छप रहा है। अनेक संस्थाओं के सदस्य, सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्ट्रीटयू के डायरेक्टर, राजस्थान भारती के सम्पादक मण्डल, भारत विद्या मन्दिर की कार्य कारिणी के सदस्य हैं। १५००० हस्त लिखित प्रतियों का, सहस्राधिक प्राचीन हस्त चित्रों का, प्राचीन सिक्कों का, कलात्मक वस्तुओं का, विविध पुरातत्व का विशाल संग्रह किया है। अनेक स्थानों में व्यापारिक फर्म हैं। पताः—नाहटों की गवाड़, बीकानेर।

अच्युतानन्द सिंहः—जन्म १९१४, विभिन्न पत्रिकाओं में स्फुट लेख प्रकाशित हुए हैं। 'साहित्य प्रेस', के स्वामी तथा संचालक हैं। पताः—'साहित्य-सेवक' कार्यालय, छपरा बिहार।

अद्भुत शास्त्री आचार्यः—'आज के हिन्दी सेवी' नामक ग्रन्थ का सम्पादन किया है। पताः—हिन्दी सेवी कार्यालय, रतन गढ़ राजस्थान।

अनन्तप्रसाद विद्यार्थीः—एम० ए० जन्म १९१२ प्रयाग 'न्यूआर्डर' अभ्युदय' जीवन ज्योति, देशदूत, बालसखा, गृहलक्ष्मी, हल, आदि पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक। अतृप्त, जीवित समाधि, निरपराधी, जीवन के सपने, धरती माता, धूपछाँह आदि लगभग ४० पुस्तकें प्रकाशित हैं। पताः—सम्पादक 'नयायुग' प्रयाग।

अनन्त वामन वाकणकर:—बी० ए० बी० टी०—जन्म १८६४ प्रकाशन–कालिदास और विक्रमादित्यकाल, भोजदेव की साहित्य सेवा, धार व मांडव। कई साहित्यिक संस्थाओं के मन्त्री हैं। पता:—लेक्चरर, आनन्द इण्टर कालेज, धार।

अनिरुद्ध द्विवेदी:—व्याकरण शास्त्री, सा० रत्न० सा० आचार्य जन्म १६२१ महुली, बस्ती; प्रकाशन—संस्कृत साहित्य की महिमा, जाति उद्धार। पता:—अध्यापक राधाकृष्ण सार्वजनिक संस्कृत पाठशाला, गोला गोकरननाथ, खीरी।

अनिरुद्ध शास्त्री:—(दुर्गाप्रसाद अग्रवाल) एम० ए० जन्म १६११ झाँसी–प्रकाशन–वीणापाणि, ज्योतिर्मयी। देशरत्न बिड़ला जी के निकट सम्पर्क में रहे। १६४५ में झाँसी में होने वाले बुन्देलखंड हि० सा० स० के प्रधान मन्त्री रहे। विक्रम विद्यालय की स्थापना में पूर्ण सहयोग दिया। पता:—३२ महर्षि देवेन्द्र रोड, कलकत्ता या सदर बाजार, झाँसी।

अनिलकुमार:—साहित्यरत्न जन्म २ दिसम्बर १६२४। सम्मेलन की परीक्षाओं की कक्षाओं के सचालक, अध्यापक तथा राष्ट्रभाषा हिन्दी के सक्रिय प्रचारक हैं। मातृभाषा मराठी होने पर भी हिन्दी में साहित्य रचना करते हैं। मराठी साहित्य का अध्ययन, उसकी गति विधि का सूक्ष्म परिचय है। बाल साहित्य लिखते जा रहे हैं, कविता संग्रह 'मधुयुग' प्रकाशित हो रहा है। एक कहानी संग्रह, एक एकांकी संग्रह, दो गीत संग्रह तथा एक शिशु गीतों का संग्रह योग्य प्रकाशक की प्रतीक्षा में हैं आकाशवाणी के नागपुर केन्द्र में हिन्दी लेखक हैं।
पता:—इतवारी, नागपुर नं० २

अनुसूयाप्रसाद बहुगुणा:—बी० एस० सी० एल—एल० बी० गढ़वाल में काँग्रेस आन्दोलन के जन्मदाता हैं, असहयोग आन्दोलन में अनेक बार जेल यात्रा की है। 'उत्तर भारत' नामक मासिक पत्रिका के संचालक हैं। पता:—नन्दप्रयाग गढ़वाल।

अनूपलालमंडल:—सा० रत्न, जन्म १६००–युगान्तर साहित्य मन्दिर के संचालक हैं। सर्वप्रथम बिहारी कथाकार हैं, जिनके उपन्यास मीमांसा का फिल्म 'बहूरानी' बनाया गया है। प्रकाशन समाज की वेदीपर, सविता, निर्वासिता, साकी, रूपरेखा, ज्योतिर्मयी, मीमांसा, हिमसुधा आदि अनेकों पुस्तकें। पता:—युगान्तर साहित्य मन्दिर, भागलपुर, बिहार।

अनूप शर्मा:—वीर रस के प्रसिद्ध कवि हैं, आधुनिक 'भूषण' की उपाधि से विभूषित है। फेरि मिलिबो—चम्पू' पर देवपुरस्कार

मिला है। प्रकाशन—सुनाल, सुमनांजलि, सिद्धार्थ, फेरि मिलिवो चम्पू आदि।

पता:—प्रधानाध्यापक के० ई० एम० हाईस्कूल, धामपुर, बिजनौर।

अन्नपूर्णानन्दः—अनेक साहित्यक संस्थाओं से सम्बन्ध है। प्रकाशन—मेरी हजामत, महाकबि चच्चा।

पता:—जालपादेवी, बनारस।

अभयकुमार यौधेयः—जन्म २१ अगस्त १६२३ लाहौर। प्रकाशन अन्धकार के पार, अनामिका, मेरी हार, स्कंध, चन्द्रापीड़, विश्व समीक्षा, मार्शल की सलामी आदि। पता:—सेंट्रल पिक्चर्स बम्बई।

अभय देवः—कई वर्ष त्रैमासिक 'अदिति के सम्पादक-प्रकाशक रहे। प्रकाशन—वैदिक विनय (तीन भाग) ब्राह्मण की गौ, तरंगित हृदय, वैदिक उपदेश माला।

पता:—'अदिति' कार्यालय, पो० बा० ८४, दिल्ली।

अभिराम शर्माः—जन्म १६०३, अभिराम पुस्तकमाला के व्यवस्थापक, प्रकाशन-अबल अंबर, विजय विलास, मुक्त संगीत (जब्त थी अब रोक हट गई है)

पता:—अभिराम निवास, बादशाही नाका कानपुर।

अमर नारायण अग्रवालः—एम० ए० जन्म १६१६—अर्थ शास्त्र के प्रमुख लेखक—शिक्षा काल में क्वीन विक्टोरिया जुबिली मेडल, फैकल्टी ऑफ कामर्स मेडल प्राप्त किये। प्रकाशन—समाजवाद की रूप रेखा (इस पर हिन्दी सम्मेलन से मुरारका पारितोषिक प्राप्त हुआ) भारत वर्ष का आर्थिक भूगोल, ग्रामीण अर्थ शास्त्र और सहकारिता, अथशास्त्र प्रवेशिका, व्यापारिक पद्धति और यन्त्र आदि कई अर्थशास्त्र सम्बन्धी पुस्तकें।

पता:—६६ ए०, कुंडू गार्डेन्स, प्रयाग।

अमरनारायण माथुरः—जन्म १६१६—भूत० सम्पादक 'जयपुर-समाचार' 'जयभूमि'। जीवन ज्वाला, हृदय उत्पीड़न आदि पुस्तकें अप्रकाशित हैं। पता:—'जयभूमि' कार्यालय, जयपुर।

अमरसिंह ठाकुरः—मेजर जनरल, स्वर्गीय चन्द्रशेखर शर्मा गुलेरी के शिष्य हैं तथा हिन्दी की उन्नति में हार्दिक सहयोग देते हैं। पता:—अजयराजपुरा, जयपुर।

अमृतलाल नागरः—जन्म १७ अगस्त १६१६, बँगला, तामिल, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं की भी जानकारी रखते हैं। महाकाल, सेठ बाँकेलाल, वाटिका, अवशेष, नवाबी मसनद आदि कई पुस्तकें प्रकाशित हैं, कई पुस्तकों का अनुवाद भी किया है। फिल्म-सम्वाद-लेखक हैं। संगम, कुँवारा बाप, उलझन, किसी से न कहना,

पैग़ाम, पराया धन, आगे कदम, राजा, वीरकुणाल, कल्पना, मीरा और गुंजन आदि फिल्मों के सम्वाद लिखे हैं। पताः—चौक, लखनऊ

अमृतलाल नाणावटीः—प्रकाशन-हिन्दुस्तानी बालपोथी भाग १, २ हिन्दुस्तानी छोटी कहानियाँ भाग १ फुलबारी आदि। पताः—प्रधानमन्त्री, हिन्दुस्तानी प्रचारसभा, वर्धा।

अमृतवाग्भव आचार्यः—दर्शन के लेखक, प्रकाशन-श्री आत्म-विलास, श्री राष्ट्रालोक, श्री परशुराम स्रोत, श्री सहृदीप हृदय, श्री पंचस्तवी आदि। आप वीतराग महात्मा तथा उपासक हैं। पताः—सोलन, पंजाब।

अमरेन्द्रनारायणः—एम० एस-सी०। विज्ञान के लेखक हैं। पताः—अध्यापक, साइंस कालेज, पटना।

अयोध्यानाथ शर्माः—एम० ए०। जन्म १८९७-अनेक हिन्दी प्रचारक समितियों के सहायक और परामर्श दाता हैं। प्रकाशन उज्ज्वलतारे, गद्यमुक्तावली, गद्यमुक्ताहार, प्रभावती, साहित्य कुसुम, बाल व्याकरण आदि। अध्यक्ष हिन्दी विभाग, सनातनधर्म कालेज, कानपुर। पता—आर्यनगर, नवाबगंज, कानपुर।

अयोध्याप्रसाद झाः—जन्म १९११। प्रकाशन-विचित्र दुनिया हवाई जहाज, जापान, स्वर्ण अभियान आदि, कई पाठ्यपुस्तकों का सम्पादन भी किया है। पताः—आनन्द आश्रम, चम्पारन, भागलपुर।

अयोध्याप्रसाद तिवारीः—कई भूगोल तथा गणित सम्बन्धी पुस्तकें प्रकाशित हैं, भूतपूर्व डिप्टी इन्सपेक्टर ऑफ स्कूल्स, बीकानेर पताः—त्रिपाठीभवन, औरैया, इटावा।

अ० राम० अय्यरः—एम० ए०; हिन्दी प्रेमी विद्वान हैं संस्कृत, बँगला, तामिल अँग्रेजी जानते हैं हिन्दी प्रचार सभा के कोषाध्यक्ष हैं, "हिन्दी पत्रिका" के सम्पादक हैं, स्थानीय हिन्दी मंडल के मन्त्री हैं। पताः—आचार्य नेशनल कालेज, तिरुचिरापल्ली।

अरुणः—जन्म ३ जनवरी १९२८, प्रकाशन-नरक का कीड़ा, जय काश्मीर। मेरठ विद्यार्थी काँग्रेस के प्रधान, प्रान्तीयरक्षादल के वार्ड कमांडर। पताः—निष्काम प्रेस, मेरठ।

अलख निरंजन पाण्डेयः—एम० ए० (अँग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत) बी० टी० सा० शास्त्री, सा० आचार्य। प्रसाद जी की नाट्यकला नामक पुस्तक अप्रकाशित है।

पताः—अध्यक्ष-संस्कृत कालेज, बनारस।

अलख मुरारी हजेलाः—एम० ए० एल-एल० बी० जन्म १२ अक्तूबर १९१८, प्रकाशन-उद्गार, रनिया, नेता, मजदूरिन, अब

भी प्यासी हूं, मनीआर्डर आदि लगभग २ दर्जन पुस्तकें। अप्रकाशित लगभग एक दर्जन पुस्तकें।

पता:—आजाद मारकेट, सीशामऊ, कानपुर।

अवध नन्दनः—जन्म १९०० छपरा बिहार। हिन्दी प्रेमी प्रचारक हैं। १९२० से दक्षिण भारत में हिन्दी का प्रचार कर रहे हैं। १२ वर्ष तक दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के मन्त्री रहे हैं, अनेक केन्द्रों का संचालन किया है। अनेकों पाठ्य ग्रन्थ प्रकाशित हैं।

पता:—मन्त्री, तामिलनाड हिन्दी प्रचार सभा, तिरुचिरापल्ली

अवध नारायणः—१९०७ से देश सेवा में रत। प्रकाशन-विमाता झलक। पता:—शुभकरपूर, दरभंगा।

अवधमणि मिश्रः—जन्म १९२२, ग्रामीण पहेलियों का संग्रह दीनदशा (उपन्यास) प्रकाशन की प्रतीक्षा में हैं।

पता:—अग्रीकल्चरल आफिस, प्रतापगढ़, अवध।

अवधबिहारी पाण्डेयः—एम० ए० जन्म १९२०, एम० ए० में श्रेष्ठ छात्र की उपाधि, राजनीति व इतिहास के प्रसिद्ध लेखक। प्रकाशन-भारतवर्ष का इतिहास, इङ्गलैण्ड का वैधानिक इतिहास, नागरिक शास्त्र की रूपरेखा, भारतीय नागरिकता तथा शासन पद्धति, भारतीय शिक्षा विकास की कथा आदि। पता:—प्रोफेसर, इतिहास बिभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी।

अवधबिहारी मालवीय 'अवधेश':—जन्म १८९५ भूतपूर्व सभापति हिन्दी साहित्य मण्डल, कानपुर। प्रकाशन—अवधेश कुसुमांजलि वीरोक्ति, अवधेश तरंग, पंचामृत, अवधेश—पचासा आदि।

पता:—गणेशनगर, कानपुर।

अवधबिहारी शरणः—एम० ए० बी० एल० प्रकाशन—मैगस्थनीज़ का भारत विवरण। पता:—वकील, आरा, बिहार।

अलीशेर 'अली':—जन्म १९१८ प्रकाशन—अलीशेर-सतसई। पता:—अध्यापक, हरी टाउन स्कूल, मेरठ।

अवनीन्द्रकुमारः—जन्म १९०४ प्रकाशन—साम्राज्यवाद, घर बाहर, ऐतिहासिक कहानियाँ। भूतपूर्व—सम्पादक 'आर्य', 'नवयुग' 'नवहिन्दुस्तान' 'नवभारत' आदि। पता:—इतिहास सदन, कनाट-सर्कस, नई दिल्ली।

अशर्फी मिश्रः—बी० ए० भूतपूर्व सम्पादक दैनिक 'शान्ति' भागलपुर, दैनिक 'जनता' पटना। प्रकाशन—धनकुबेर, जनक, कारनेगी। पता:—गोसाईंगाँव, भागलपुर, बिहार।

अशोक बी० ए०:—साहित्याचार्य, भूतपूर्व सम्पादक 'इन्द्रधनुष' 'गौरव' 'आरती' आदि। प्रकाशन फुलझड़ी, स्वप्नलोक, घुनघुना, राजा-

मैया आदि दो दर्जन बालोपयोगी पुस्तकें। अप्रकाशित लगभग एक दर्जन पुस्तकें। पताः—अशोक निकुञ्ज, बजरिया रोड नागपुर २।

आत्मानन्द मिश्रः—एम० ए० बी० एस-सी, बी० टी, एल-एल० बी० जन्म सितम्बर १९१३। प्रकाशन—भूगोल शिक्षा पद्धति, समाज शिक्षा में प्रौढ़ों के योग्य मनोवैज्ञानिक आधार पर (तीन पुस्तकें) अध्यापन के संकेत सूत्र (अँग्रेजी में), काव्य सुधा (सुकविता-संकलन) गत १८ वर्षों से हिन्दी की समस्त मुख्य पत्रिकाओं में साहित्यिक, वैज्ञानिक तथा शैक्षणिक लेख, कहानी एवं रेखा चित्र प्रकाशित हो रहे हैं। पताः—प्रोफेसर प्रान्तीय शिक्षण महा विद्यालय, जबलपुर या अध्यक्ष भूगोल विभाग, सागर विश्वविद्यालय

आदित्यप्रसादसिंहः—साहित्य भूषण जन्म १८९३ अध्यापक सम्मेलन के मन्त्री, सदस्य मिडिल स्कूल परीक्षा बोर्ड बनारस। अनुवादशिक्षक, निबन्ध शिक्षक, साहित्य, सुबोध व्याकरण पीयूष, हिंदूपर्वप्रकाश, दृष्टान्त तरंगिणी आदि कईपुस्तकें प्रकाशित।
पताः—प्रधान अध्यापक मिडिल स्कूल, अलीगढ़।

आदिनाथ नेमनाथ उपाध्यायः—जन्म १९०६, प्राचीन संस्कृति और इतिहास के विशेषज्ञ हैं, लगभग एक दर्जन संस्कृत प्राकृत ग्रन्थों के लेखक सम्पादक हैं।
पताः—प्राकृत (अर्द्ध मागधी) के प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापुर।

आनन्द किशोरः—प्रकाशन स्फुट कहानियाँ, लेख आदि स्थानीय साहित्यिक संस्थाओं के कार्यकर्त्ता हैं।

पताः—रेणुका, आलमगंज, गुलजारबाग, पटना।

आनन्दीलाल जैन—न्यायतीर्थ, दर्शन शास्त्री, जन्म १८१६, कई पुस्तकें अप्रकाशित हैं। पताः—संस्कृताध्यापक एस—एस० जैन मिडिल स्कूल, जयपुर।

आरसी प्रसाद सिंहः—जन्म १९११ प्रकाशन-आरसी संचायिता कलापी, नई दिशा, पाँचजन्य, जीवन और यौवन, चन्दामामा, पंच पल्लव, खोटासिक्का, कालरात्रि, एक प्याला चाय, आँधी के पत्ते आदि। इस समय कोशी कालेज, खगड़िया, मुंगेर में अध्यापक हैं।

पताः—एरौत, रोसड़ा, दरभंगा

आशुतोषः—बी० ए० साहित्य भूषण, हिन्दी साहित्य मन्दिर नागपुर के मन्त्री, कई एकांकी अप्रकाशित है। पताः—सदर बाजार नागपुर।

आशुप्रसादः—जन्म १९०६ प्रकाशन स्फुट।

पताः—मोतीहारी, बिहार।

इन्द्र जीत नारायण:—एम० ए० एल० टी० जन्म १९१७ प्रकाशन मज़दूर नेता, बइनग। अर्थशास्त्र के लेखक हैं। पता:—लखावटी, बुलन्दशहर।

इन्द्रदत्त शर्मा—साहित्याचार्य दर्शन शास्त्री, जन्म १९१२ कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक हैं, नैषध की हिन्दी टीका कर रहे हैं। पता:—कमलापुर, सीतापुर।

इन्द्रदेवसिंह 'आर्य':—एम० एस-सी०, एल-एल० बी० जन्म १९१४ प्रकाशन—भारतीय नारी, क्रियात्मक रसायन शास्त्र। रसायन शास्त्र के लेखक हैं। पता:—अध्यापक, गोरेपेठ, नागपुर।

इन्द्रदेवसिंह रावत 'हरेश':—प्रकाशन—किसान गीत राष्ट्रगीत, ग्राम्यगीत, वियोगी। पता:—श्रीमारवाड़ी विद्यालय, देवरिया, गोरखपुर।

इन्द्रनारायण गुर्टू:—प्रधान सम्पादक 'नवयुग' दिल्ली, डालमिया शिक्षा विभाग के भूतपूर्व प्रधान निरीक्षक।

पता:—३ दरियागंज, दिल्ली।

इन्द्रविद्यावाचस्पतिः—जन्म १८८९ प्रसिद्ध आर्यसमाजी स्वामी श्रद्धानन्द जी के सुपुत्र। दैनिक 'अर्जुन' पत्र के संस्थापक, 'सद्धर्म-प्रचारक' 'सत्यवादी' आदि पत्रों के भू० पू० सम्पादक, गुरुकुल काँगड़ी के उप कुलपति हैं। स्वातन्त्र्य-संग्राम के तपे हुए सैनिक तथा पक्के काँग्रेसी हैं, कईबार जेल यात्रा की है। नेपोलियन बोनापार्ट प्रिंस बिसमार्क, गैरीबाल्डी, जवाहरलाल आदि दो दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। पता:—सार्वदेशिक कार्यालय, बलिदान भवन, श्रद्धानन्दबाजार, दिल्ली।

इन्द्रादेवी गुप्ता:—एम० ए० साहित्यरत्न। जन्म सन् १९१२, प्रकाशन—पुष्पांजलि, वन्या। पता:—१ नार्थ तुकोगंज, दिल पसन्द, इन्दौर।

इन्द्र शास्त्री:—जन्म १९०४। शिक्षाविभाग में प्रधानाध्यापक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ता, 'प्रभात' के सह सम्पादक हैं। कई नाटक अप्रकाशित हैं जिनमें 'महर्षिवाल्मीकि' पर स्वर्ण पदक मिल चुका है। पता:—प्रकाश एलेक्ट्रिक स्टोर, बुढ़ानागेट, मेरठ।

इन्द्रनारायण द्विवेदी—जन्म १८७६, सम्पादक वैदिक-सर्वस्व' (मासिक), सम्मेलन-पत्रिका, 'किसान' और 'दैनिक-भारतवासी' ज्योतिष और पुराण के सर्वमान्य लेखक और 'ज्योतिष-भूषण' कार्यालय के संस्थापक, अनेक साहित्यिक पुस्तकों के प्रणेता ।

ठिकाना-'ज्योतिष-भूषण' कार्यालय, बुद्धिपुरी, कस्बा सराय आकिल, (प्रयाग)

इन्द्रलाल जैन—जन्म १८६७ आपने अनेक संस्कृत ग्रन्थों का संशोधन और सम्पादन किया है । "जैन-हितैषी" और-'जैन-गजट' के सम्पादक अहिंसा तत्व, साम्यवाद से मोर्चा, जैन-मंदिर और हरिजन और आत्म-वैभव आदि पुस्तकों के आप प्रणेता हैं ।

पताः—सम्पादक-'जैन-गजट', देहली ।

इलाचन्द्र जोशीः—जन्म-नवम्बर १६०२ अलमोड़ा (उत्तर प्रदेश) आँग्ल और फ्रेंच के विशेष अध्ययन के साथ साथ सभी आर्य भाषाओं का सम्यक्-ज्ञान । कुशल-मेधावी सम्पादक और अनेक पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादक रहे भूतपूर्व सम्पादक 'विश्वमित्र' एवं 'विश्ववाणी' आजकल 'संगम' साप्ताहिक प्रयाग, का सम्पादन कर रहे हैं ।

प्रकाशित—सन्यासी, घृणामयी, चार उपन्यास (उपन्यास), धूपलता (कहानी-संग्रह) विजनवती (कविता) साहित्य-सर्जना (आलोचनात्मक) इनके अतिरिक्त कई अन्य पुस्तकें भी प्रकाशन-पथ पर हैं ।

बहुमुखी प्रतिभा के विरले साहित्यकार । पता—'भारत' प्रयाग ।

ईश्वरचन्द्र जैनः—जन्म-४ अगस्त १६१८, आपने आगरा विश्व विद्यालय से एम० ए० (हिन्दी) और एल० एल० बी० की उपाधियां प्राप्त की हैं । आपने इन पुस्तकों का सृजन किया है-जीवन-दीप, अर्थ का अनर्थ, स्फुट निबंध और एकाङ्की,—मजदूर-संदेश (साप्ताहिक) और 'श्रम' मासिक का सम्पादन भी किया है ।

पता—४०, इमली बाजार, इन्दौर ।

ईश्वर दत्तः—जन्म अगस्त, १८६६, शिक्षा गुरुकुल काँगड़ी हरिद्वार ३ वर्ष म्यूनिच विश्वविद्यालय और जर्मनी से पी० एच० डी० की डिग्री प्राप्त की । विभिन्न विषयों पर अनेक पुस्तकें लिखीं हैं उनमें राष्ट्र लिपि के विधान में रोमन लिपि का स्थान, भगवद् गीता और उसका संदेश, प्राचीन भारतीय शिक्षण-पद्धति ।

पताः—हैड आफ दी हिन्दी-संस्कृत डिपार्टमैण्ट, पटना कालेज पटना ।

ईश्वरदान आशिया:—जन्म–१८६५, शिक्षा–महाराणा हाईस्कूल, उदयपुर, डी० ए० वी० स्कूल अजमेर, और जयपुर में प्राप्त की। राजस्थान केशरी, और 'चारण' के सम्पादक रहे। 'किसान आन्दोलन' के अग्रणी सेनानी। श्री कन्हैयालाल 'सहल' और श्री पतराम गौड़ के साथ कविवर सूर्यमल्ल की वीर–सतसई का भी संपादन किया है।

राम बिहारी बोस और ठा० केशरीसिंह के साथी और सहयोगी।

पता:—सेंगरिया, मेवाड़

ईश्वरीप्रसाद गुप्त:—जन्म १९१६ में हुआ। साहित्य से जन्म से ही प्रेम, कई पुस्तकें लिखी हैं—कमला, विदुषी, पड़ाव, सिद्धार्थ उनमें प्रमुख हैं। राजेन्द्र पुस्तकालय के संस्थापक, कई साहित्यिक संस्थाओं के सदस्य पता:—मोतीहारी।

ईश्वरप्रसाद माथुर:—जन्म–१ फरवरी १९०९, शिक्षा बी० ए० तक, "जयाजी–प्रताप' के सम्पादकीय–विभाग में कार्य कर चुके हैं। आपकी पुस्तकों में जेबुन्निसा के आंसू, जवानी भी भूल, नीलाम, तख्तेताऊस प्रमुख हैं। कई रचना–संग्रह प्रकाशन–पथ पर हैं। आप औपन्यासिक सम्राट प्रेमचन्द की तरह उर्दू से हिन्दी में आए हैं।

पता:—बजार बालबाई, लश्कर ग्वालियर

ईश्वरीप्रसाद सिंह:—जन्म १९१२ में हुआ। 'झारखण्ड' के भतपूर्व सम्पादक और बन-बूटी भण्डार के संस्थापक। आपने 'चित्रकार' नामक पुस्तक की रचना की है।

पता:—गुमला, रांची

ईश्वरलाल शर्मा 'रत्नाकर':—जन्म आसाढ़, १९१२ हि० सा० स० प्रयाग से 'साहित्य-रत्न' पास किया। साहित्य-महारथी श्री गिरिधर शर्मा 'नवरत्न' के आप सुपुत्र हैं। प्रकाशित पुस्तकों में मनोवीणा (कविता संग्रह) रक्तिम मधु, सती, शोक–संगीत प्रसिद्ध हैं समय समय पर सरस्वती, वीणा, वाणी, जीवन–ज्योति जैसे पत्रों के लिए लेख और दर्जनों कविताए लिखी हैं।

पता—श्री नवरत्न जी, झालरापाटन।

ईशदत्त शास्त्री 'श्रीश':—जन्म–मूंगमांम नामक ग्राम (आजमगढ़) श्री अम्बिकादत्त शास्त्री के सुपुत्र शिक्षा–साहित्य रत्न, काव्य तीर्थ, विद्या–वाचस्पति और साहित्य शास्त्री। १९४० में महामना मालवीय जी के प्रायवेट सेक्रेटरी अनेक शिक्षा संस्थाओं में अध्यापक रहे। आशुकवि, सुवक्ता और साहित्य के विरले संगम।

कई मासिक पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादक रहे। 'प्रताप-विजय', शंखनाद, ध्रुव, सम्राट विक्रमादित्य, मेरे गीत, संगीत-रत्नाकर आदि सुप्रसिद्ध पुस्तकों के आप प्रणेता हैं।

पता—आचार्य-शिवकुमार, गोविंद सांगदेव महाविद्यालय, काशी।

ईशकुमारः—जन्म ८ मार्गशीर्ष, शुक्ला १६७८ दिल्ली में हुआ 'वैश्य-समाचार', 'वीर-अर्जुन (साप्ताहिक), कौमुदी, 'मानव-धर्म' मनोरंजक (मासिक) नेताजी (दैनिक) आदि पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादक रहे, आपने 'दुर्गा-सप्तशती' का काव्यानुवाद किया है। दिल्ली के कवि समाज के ५ वर्ष से उपमन्त्री, और राजधानी के प्रमुख कवि ऑल-इण्डियारेडियो से भी आपके गीत प्रसारित होते रहते हैं।

पताः—म्यूनिस्पिल प्रेस, टाउन हाल, दिल्ली

ईशनारायण जोशीः—जन्म १६१२, 'शास्त्री' परीक्षा पास हैं। भोपाल राज्य के धर्म शास्त्री और म्युनिस्पिल कमिश्नर। मुखाकृति रहस्य, धर्म शिक्षा आदि आपकी प्रकाशित पुस्तकें हैं।

पता—चौक-भोपाल

उग्रसेनः—एम० ए०, एल० एल० बी, आपकी प्रकाशित पुस्तकों में नारी शिक्षादर्श; रत्नकाण्ड श्रावकाचार और आप्त स्वरूप प्रसिद्ध हैं आपने स्फुट निबन्ध भी लिखे हैं। पता—गोहाना, रोहतक।

उदयकरण शर्माः—जन्म १६१३ आयुर्वेद शास्त्री। आपने-संगीत शिरोमणि, ठण्डीरोशनी और पश्चात्ताप आदि पुस्तकों की रचना की है। पता—उमराव गञ्ज, शाहाबाद

उदयनारायण तिवारीः—जन्म स्थान पीपरपाती ग्राम (बलिया), १६०५। साहित्य रत्न और तीन विषयों में अलग अलग विश्वविद्यालयों से एम० ए० (अर्थ शास्त्र, हिन्दी और पाली) तथा भोजपुरी पर डी० लिट० के लिए अनुसन्धानात्मक निबन्ध लिखा। हिन्दी के कुशल लेखक अनेक ग्रन्थों का सम्पादन।

१६२८ से हिंदी सा० स० प्रयाग की स्थायी समिति के सदस्य। सम्मेलन के आप प्रचार और साहित्य मन्त्री भी रह चुके हैं। विद्वान और समालोचक। कवितावली रामायण की भूमिका, रासपंचाध्यायी भंवरगीत आदि की आलोचनात्मक पुस्तकों के प्रणेता।

पता—अलोपीबाग, प्रयाग

उदयराजसिंहः—जन्म-५ नवम्बर १६२१, प्रयाग विश्वविद्यालय से बी० एस० सी० नवतारा और अधूरी नारी के ख्यातिप्राप्त लेखक 'नयी-धारा' के प्रबंध-सम्पादक। पता—अशोक प्रेस, महेन्द्रू पटना

उदयसिंह भटनागरः—हिन्दू विश्वविद्यालय काशी से एम० ए० लेखक, कवि और नाटककार, आपने कई पुस्तकें लिखीं हैं। उनमें जौहर ज्वाला अधिक प्रसिद्ध है।

आजकल महाराजा कालेज जयपुर में अध्यापक हैं।

उपेन्द्रशंकर प्रसाद द्विवेदीः—हास्य-रस के कवि। जन्म-१६१२ में हुआ। प्रकृति वर्णन पर सुललित पद्य रचे हैं।

पताः—बोरधा कालाकार, होशंगाबाद

उमाचरण दीक्षितः—जन्म स्थान-आगरा १६२६, 'हिन्दी-तेज' का १६४८ में सम्पादन, प्रका-स्फुट। पता—मोती कटरा, आगरा

उमादत्त नैथाणी—जन्म १६१६-जिला गढ़वाल, भेदुली नामक ग्राम, कृषिकार्य होता है। प्रभाकर (यूनीवर्सिटी पंजाब) और साहित्य रत्न (हिं० सा० स० प्रयाग) साहित्य में रुचि है।

वर्तमान पता—क्वार्टर नं० ८०, रामाबाजार, ब्लौक नं० ६०
नई देहली।

उमादत्त मिश्रः—'साहित्य-रत्न और आयुर्वेदाचार्य' उपाधि से विभूषित, जन्म १६१६, 'सनातन-धर्म साहित्य, गीताधर्म और धर्म-परित्याग' पुस्तकों के रचयिता।

पताः—सनातन धर्म संस्कृत कालेज, पाण्डे बाजार आजमगढ़

उमादत्त सारस्वत, 'दत्त'ः—जन्म ३ अगस्त १६०५ अध्यापक सेठ जयदयाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिसवां, प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में अनेक लेख कविताएं और कहानियां छप चुकी हैं। 'काव्य-कलाधर' कलकत्ता के सम्पादक किरण (कविता-संग्रह) मस्तराम का सोंटा (आलो०) मस्तराम का चिट्ठा (हास्यरसीय लेख) अप्रकाशित-कोयल, किसलय और मिलन-मन्दिर आदि खड़ी-बोली ब्रजभाषा दोनों में कविताएं लिखते हैं। पता—बिसवां (सीतापुर)

उमानाथः—आपने एम० ए० पास किया है। 'सूर-माधुरी' आपकी पुस्तक है। स्फुट-संग्रह प्रकाशन पथ पर हैं। बिहार सरकार के प्रचार विभाग में कार्य करते हैं। पता—प्रचार-अध्यक्ष, राजकीय विभाग, पटना।

उमाशङ्कर द्विवेदी 'विरही'ः—जन्म-जनवरी १८६२, उदयपुर पालीवाल ब्राह्मण हैं, 'साहित्य-रत्न' इन्दौर केन्द्र से उदयपुर में हि० सा० सम्मे० केन्द्र के संस्थापक। पुराने साहित्य सेवी और राष्ट्रीय विचारों से ओत-प्रोत। हिन्दी प्रचार और सार्वजनिक हितों के लिए सदैव तत्पर। अनेक सरस-काव्य आपने लिखे हैं जो प्रकाशो-

मुख हैं। पता:—विरही-सदन, उदयपुर।

उमाशङ्करप्रसाद सिंह:--जन्म-१६०३ में हुआ। सरसकवि। 'शशि-प्रभाकर मन्दिर' और कैलाश कुञ्ज के संचा०। स्थायी पता:—हरदिया, शुम्भा ड्यौढ़ी, दरभङ्गा।

उमाशङ्कर महावीरप्रसाद शुक्ल:--जन्म-जुलाई १६१८ में हुआ साहित्यिक सेवाएँ-'हिन्दी मन्दिर' वर्धा के भूतपूर्व मन्त्री, अनेक हिन्दी और आँग्ल पत्रों के वर्धा स्थित प्रतिनिधि, 'भारतेन्दु हिन्दी सिन्डीकेट' के संस्थापक। सङ्गम (साप्ता०) प्रयाग के भूतपूर्व सम्पादक। स्केच और हास्यरस के लेख लिखने में प्रवीण। पता: वर्धा

उमाशङ्करराम त्रिपाठी 'उमेश':--जन्म १६२१ आपने 'स्फुट० कविताओं की रचना की है। पता:—सरया अनवल, गोरखपुर।

उमाशङ्करलाल:--कश्यप गोत्रीय मु० नारायणलाल के घर—चकिया जिला (बनारस स्टेट) अन्तर्गत, उतरौत ग्राम में दिसम्बर १६१४ में जन्म हुआ। सम्मे० 'साहित्य-रत्न' पास किया है।

'परमिल', 'अवगुण्ठन' और आत्मकहानी आपकी प्रकाशित पुस्तक हैं। पता:—मुन्शी नारायणलाल, ओवरसियर, बनारस स्टेट।

उमाशङ्कर शुक्ल:--काशी में जन्म हुआ। साहित्य-रत्न परीक्षा पास हैं १६३८ में इण्टर किया। 'आर्य-महिला' के सम्पादकीय-विभाग में भी कार्य किया है। पता:-पर्णकुटी, हुकुलगञ्ज,काशी कैण्ट।

उमामहेश अवस्थी:--खीरी जिला अन्तर्गत औरंगाबाद नामक कस्बे में १६१७ में जन्म लिया। शिक्षा-साहित्य-रत्न, काव्य-तीर्थ साहित्याचार्य, म्योर टाउन एरिया इङ्गलिश स्कूल (बिजनौर) में हिन्दी तथा संस्कृताध्यापक।

उर्मिला वार्ष्णेय, कुमारी:—जन्म स्थान-अलीगढ़ (उत्तर-प्रदेश) शिक्षा-एम० ए०, सरस्वती, कहानी, लेख और कविता की ओर बचपन से ही रुझान। सुमित्रा (कानपुर) दीदी, अमृत पत्रिका (इलाहाबाद) नवभारत टाइम्स, वीर अर्जुन, नेता जी, अशोक, मस्ताना जोगी, साप्ता० हिन्दुस्तान (देहली) साहित्य-संदेश (आगरा) धर्मयुग (बम्बई) आदि प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाओं में आपके लेख कविताएँ प्रकाशित होते रहते हैं। उदीयमान साहित्य सेविका। पता:—C/० विश्वम्भर सहाय वकील, विष्णुपुरी अलीगढ़।

उमेशचन्द्रदेव:—जन्म-१६०४ फरुखाबाद जिले के अन्तर्गत श्यामपुर भटपुरा ग्राम। शिक्षा-सम्मे० के साहित्य-रत्न, आयुर्वेदाचार्य, शास्त्री और विद्यावाचस्पति। भूत० अध्यक्ष-सावित्रीराम

भवन, छिबरामऊ और देवीदत्त शुक्ल के साथ 'सरस्वती' का सम्पादन भी किया। इसके अतिरिक्त-आयुर्वेद सिद्धांत और अनुभूत योगमाला, का भी सम्पादन किया। आपके लिखे लेखों में पञ्चाल के संस्मरण, 'साध और उनकी कला' 'द्विवेदी जी का लेखन कौशल विशेष पठनीय हैं। अतीत के बिखरे पन्ने, अछूत कोई नहीं, समाज-सेवा, विश्व कवि रवीन्द्रनाथ, वंचिता नामक पुस्तकें प्रसिद्ध हैं। इण्डियन प्रेस, प्रयाग से आपकी देख-रेख में साहित्यक पुस्तकें निकलती हैं। पताः—इण्डियन प्रेस, प्रयाग।

उमेशनन्दनसिंहः—सम्मेलन के 'साहित्य-रत्न'। अनेक पुस्तकालयों के सञ्चालक और प्रबन्धक। कुशल कहानीकार 'द्वादशी' आपका कहानी-संग्रह है। पताः—शिवहरराज, मुजफ्फरपुर।

उमेश मिश्रः—जन्म १८६६, दरभङ्गा, शिक्षा-एम० ए०, डी० लिट०, काव्यतीर्थ, अखिल भारतीय प्राच्य-विद्या महासम्मेलन के दर्शन और धर्म-विभाग के अध्यक्ष, दरभङ्गा प्राच्य विद्या महासम्मेलन के मन्त्री। प्रकाशित पुस्तकों में-साहित्य दर्पण, विद्यापति ठाकुर, हिस्ट्री आफ इण्डियन फिलासफी आदि प्रसिद्ध हैं। पताः—अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, प्रयाग० वि० वि० प्रयाग।

उषादेवी मित्राः—जबलपुर की भारत-विख्यात कहानी-लेखिका। नारी-मङ्गल-समिति की सञ्चालिका। साहित्यसेवा लगभग छः सौ कहानियाँ जोकि पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

प्रकाशित-कहानी-संग्रह, आंधी के छन्द, महावर, रागिनी, मेघ-मल्हार, सान्ध्य-पूरवीं, 'रात-रानी' उपन्यास', 'वचन का मोल' 'पिया' 'जीवन की मुस्कान' 'पथचारी' 'सोहनी' पदचिन्ह'।

स्थायी पताः—११५, त्यौहार बाग, जबलपुर।

ऋषभचरण जैनः—प्रसिद्ध साहित्यकार। सचित्र-दरबार और 'चित्रपट' की आपने ही संस्थापना की। आजकल फिल्म कम्पनी के डायरेक्टर। 'भाई', 'मोती' 'कैदी' 'दिल्ली का व्यभिचार आदि पुस्तकें लिखी हैं। पताः—दरियागञ्ज, दिल्ली।

ऋषिमित्रः—शिक्षा-'साहित्य-रत्न' विद्यावारिधि और शास्त्री। अनेक पत्र-पत्रिकाओं के लिये सामाजिक, धार्मिक और दर्शन-सम्बन्धी विषयों पर आपने लेख लिखे, 'कुटीर' पुस्तक प्रकाशन-पथ पर है, पताः—आर्य-समाज-भवन गिरगाँव, बम्बई।

ऋषभकुमार कांकरिया 'रमेश':—जन्म सं० १९९३, भोपालगढ़ शिक्षा-'विशारद' और हाई स्कूल के छात्र। कुमार साहित्य-परिषद् जोधपुर, शाखा भोपालगढ़ व छात्र संघ के साहित्य मंत्री। निबन्ध व रचनाएँ लिखने के शौकीन। पता:—C/o गणेशमल मोहनलाल, पो० भोपालगढ़।

ए० चन्द्रहासनः—मद्रास वि० वि० से बी० ए० और कलकत्ता वि० वि० से एम० ए०। हिन्दी, मराठी, उड़िया, आसामी, और आंग्ल भाषा के जानकार। भारतीय-साहित्य-परिषद् से प्रकाशित 'हंस' के स्थानीय सम्पादक, मातृभूमि का भी सम्पादन कर चुके हैं। मद्रास, मैसूर, कलकत्ता और ट्रावनकोर विश्वविद्यालयों की हिन्दी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र दाताओं और परीक्षकों की कमेटियों के सदस्य अथवा अध्यक्ष। प्रसिद्ध विद्वान और लेखक। पता:—प्रोफेसर आफ लैंग्वेज, महाराणा कालेज, एरनाकुलम्, कोचीन राज्य।

ए० पद्मनी कुमारी:—दक्षिण भारत की सर्व प्रथम हिन्दी में एम० ए० पास महिला। ए० चन्द्रहासन की सहोदरा। भू० आचार्या कन्या गुरुकुल देहरादून। दक्षिण में हिन्दी-प्रचार कार्य में अग्रणी। पताः-हिन्दी अध्यापिका, संत तेरीसस कालेज, त्रिचूर, दक्षिण भारत

ए० एम० अय्यर:—तामिलनाड के हिन्दी प्रचारकों में अग्रणी। आंग्ल, बंगला, हिन्दी, तेलगू भाषाओं के जानकार। साहित्यिक और सामयिक लेख लिखने में सिद्धहस्त। पता:—प्रधानाचार्य (प्रिंसिपल) नेशनल कालेज, तिरुच्चि।

ए० सावित्रीः—ए० चन्द्रहासन की दूसरी सहोदरा। अहिन्दी भाषा भाषी प्रांत में हिंदी प्रचारिका और समर्थिका। हिन्दी लेकर एम० ए० किया है। हिन्दी की उत्कृष्ट लेखिका। पताः—आचार्या, आर्य कन्या महा-विद्यालय, बड़ौदा।

एम० नागेश्वर रावः—जन्म-१९१७ गुण्टूर (मद्रास) जिलान्तर्गत नगरम् ग्राम पिता का नाम-नरसैया, मातृभाषा तैलगू पर जन्म से ही हिन्दी से प्रेम। सम्मे० से साहित्य रत्न।

एरत्ने रत्नसारः—लंकानिवासी घुमक्कड़ सत्यन्वेषी बौद्ध-भिक्षु तथा हिन्दी अनुरागी प्रमुख कार्यकर्त्ता और प्रचारक संस्कृत, पाली, हिन्दी; सिंहली भाषाओं का ज्ञान साहि० सेवाए-लंका में हिन्दी प्रचार समिति के मन्त्री। पताः—श्री लंका हिंदी भाषा प्रचार समिति, ३५ ऐलबियन रोड, देमाटे गोड़ा कोलम्बो

एलेक्जेंडर ग्रियर्सन:—जन्म अप्रैल १८८३, अँग्रेज होते हुए भी हिन्दी-साहित्य से अनुराग। इण्डियन सिविल सर्विस के ३० वर्ष तक सदस्य। 'पद्मावती' के सम्पादन में योग।

पता:—हाल पैलेस, स्पस्टॉल्ट कॉटेज, बर्कशायर, इङ्गलैण्ड।

एस० एन० रामचन्द्रन:—जन्म मई १९२७। शिक्षा—राष्ट्रभाषा विशारद, हिन्दी विद्वान् तथा बी० ओ० एल० मद्रास यूनीवर्सिटी। तामिल-हिन्दी का विशेष ज्ञान राष्ट्रीय विचारों के कारण १९४३ में जेल यात्रा भी कर चुके हैं। कई पुस्तकालयों के संस्थापक।

प्रकाशित कई कहानियों और जीवनियों के अनुवाद कर चुके हैं। पता:—हिन्दी लैक्चरार, टुरैसिंगम मेमोरियल कालेज (शिवगंगा) जिला रामनाड, दक्षिण।

ओंकारलाल दल्लू "माखन":—जन्म प्रथम जनवरी १९२२ इन्दौर में शिक्षा प्राप्त की 'मधुर-तरंग माला' नामक आपकी प्रकाशित पुस्तक है। पता—प्रधानाध्यापक, पाठशाला खरिया, पो० बरला, होल्कर राज्य।

ओंकारलाल 'तिवारी':—जन्म १८ फर्वरी १९०२ होल्कर राज्य में। शिक्षा-इन्दौर में पाई 'साहित्य रत्न'। 'दूज का चांद' और 'विद्या' पत्रिका का सम्पादन किया। नारायणगढ़, मिडिलस्कूल होल्कर राज्य में अध्यापक।

ओंकारलाल वैश्य 'प्रणव':—जन्म १८८६, मेलखेड़ा मालवा, जानकारी-मराठी, गुजराती उर्दू और संस्कृत प्रकाशित पुस्तकों में स्तोत्र वाटिका, अनुभूत योगावली, लोकोक्ति प्रकाश मुख्य प्रसिद्ध हैं। 'लोक-साहित्य' संग्रह में आजकल आप जी-जान से लगे हुए हैं।

पता—मालवा।

ओंकारनाथ अवस्थी:—जन्म अक्टूबर १९१६ फर्रुखाबाद। शिक्षा विशारद, अयुर्वेदरत्न, सी० टी० अध्यापन-वृत्ति में विशेष रुचि। पता:—४४६ बस की खुर्द, दारागंज, प्रयाग।

ओंकारनाथ मिश्र:—जन्म १९१० सिरसा, प्रयाग। शिक्षा 'साहित्य शास्त्री' 'साहित्य-रत्न' साहित्यिक सेवाएं-हिन्दी साहित्य विद्यालय, प्रयाग की स्थापना तथा तुलसी साहित्य परीक्षा समिति, दारागंज में सहयोग दिया। उदयनारायण त्रिपाठी एम० ए० के साथ विनयपत्रिका की टीका की। सत्य हरिश्चन्द्र (नाटक) की रचना

शारदा सेवकः—

रमेशचन्द्र खण्डेलवाल साहित्यिक अभिरुचि स्फुट लेखन, हरी आँई हास्पीटल हाथरस में कम्पाउण्डर।
पताः-मन्दिर द्वारिका धीश के सामने हाथरस

छोटेलाल गुप्ता 'विकल' संचालक सम्पादक 'भक्त लोक मासिक। ईश्वर भक्ति की ओर विशेष झुकाव, कई पुस्तकें प्रकाशित, भक्त तथा भावुक कवि।
पताः-प्रेम कुटीर नादन मेहरस्टेट

की है। आपका बहुत सा साहित्य अभी अप्रकाशित है। आलोचनात्मक निबन्ध भी लिखे हैं। पताः—हिंदी अध्यापक, अग्रवाल इण्टर कालेज, प्रयाग।

ओंकार मिश्र 'प्रणव'-जन्म ८ अगस्त १६१६ भवीगढ़ (अलीगढ़) शिक्षा-शास्त्री, साहित्य-रत्न, विद्या भूषण। हिन्दी संस्कृत अध्यापन, हिन्दी विद्यालय गुजरात (पंजाब) का संस्थापन एवं आचार्यत्व। अनेक गुरुकुलों में प्रोफेसर, दयानन्द लहरी, रजनी, बोस बावनी, ज्वाला आदि पुस्तकें लिखी हैं। पता—अध्यक्ष संस्कृत विभाग, श्री दयानन्द महाविद्यालय, फीरोजाबाद (आगरा)।

ओंकार शरद—उदीयमान कलाकार। जन्म १६२६ उच्च कोटि के प्रगति शील साहित्य के प्रकाशनार्थ 'न्यूलिटरेचर प्रकाशन' नामक संस्था को जन्म दिया। 'आंचल' का आसरा, नातारिश्ता, खून-खराबी, अतिम-वेला आदि आपकी प्रकाशित पुस्तकें हैं। उच्चकोटि के पत्रों के आप लेखक हैं। पताः—न्यू लिटरेचर कम्पनी जीरो रोड, इलाहाबाद।

ओमप्रकाश गुप्ताः—जन्म बदायूं जिले में। शिक्षा (कारावास में) बी० ए० साहित्याचार्य, राजधानी के प्रगतिशील कहानी कार। मजदूर आन्दोलन में भी भाग लिया। क्रान्तिकारी। 'मार्क्सवाद' का विशेष अध्ययन। कई पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, 'अमर-कहानी' (प्रगतिशील मासिक) 'रंग महल' दिल्ली का सम्पादन। पताः—आचार्य ओमप्रकाश गुप्ता १४८५, रौदगरान, लाल कुआ देहली-६

ओमप्रकाश पालीवालः—आगरा के प्रगतिशील पत्रकार, प्रगतशील दैनिक 'जनयुग' आगरा के संपादक। पताः—दै०'जनयुग' कार्यालय, आगरा।

ओमप्रकाश केलाः—जन्म १४ जुलाई, १६२४, वृन्दावन, राजनीति अर्थ और समाजशास्त्र के प्रसिद्ध लेखक श्री भगवानदास केला के सुपुत्र। पता—भारतीय ग्रन्थ माला, वृन्दावन (मथुरा)

ओमप्रकाशः—जन्म १६२४, शिक्षा-एम० ए०, एल० एल० बी० (आगरा) एम० आर० ए० एस० (लण्डन) सदस्य-नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, ग्राम-सेवा-दल आगरा के अध्यक्ष। निबन्ध-रत्नावली प्रबन्ध-प्रभा, ध्रुवस्वामिनी एक परिचय, आदि पुस्तकों का सृजन किया। पताः—अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, हंसराज कालेज, दिल्ली।

ओमप्रकाशः—जन्म १७ नवम्बर, १९१५, एम० ए० और साहित्य रत्न तक शिक्षा प्राप्त। 'स्वराज्य * बाद' एवं विविध विषयों पर लेख लिखे हैं। पताः – हिन्दू स्कूल *, ट, बदायूँ।

ओमप्रकाश भार्गव 'उमेश':—जन्म-जू १ १५, शिक्षा उज्जैन ग्वालियर और देहरादून में प्राप्त की। भूतपूर्व मन्त्री-हिन्दी साहित्य सभा, लश्कर। तपस्विनी (कहानी) जैबुन्निसा के आंसू (जी०) आदि पुस्तकें लिखी हैं। वन-विभाग सम्बन्धी विशेष अध्ययन के लिए आप आक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी में गये हैं।

ओमप्रकाश शर्माः—जन्म १९२०, हिन्दी और अँग्रेजी में आगरा विश्वविद्यालय से एम० ए०। विश्वविद्यालय विद्यार्थी परिषद् के सभापति, सेंट जोंस कालेज की ओर से शिक्षा प्रचारक हास्यरस के मासिक नोंक-झोंक के सञ्चालक। प्रान्तीय हि० सम्मेलन के संयुक्त मन्त्री भी रह चुके हैं। स्थायी पता—बाग मुजफ्फर खाँ, आगरा।

ओमप्रकाश 'विश्व':—प्रथम जुलाई १९१७ मासिक 'आजकल' दिल्ली के सम्पादक मण्डल के सदस्य विभिन्न विषयों पर कहानियाँ, प्र र प्रतिभा वाले कलाकार पताः—'आजकल' मासिक देहली।

ओमप्रकाश त्रिपाठी 'मधुकर':—जन्म दिसम्बर १९३४ कालपी (जालौन) लक्ष्मी, जनार्दन, 'किशोरी रमण' पाक्षिक पत्रिका, का सम्पादन शिक्षा बी० ए० (फा०) कोविद, किशोरी रमण विद्यालयीय संस्कृत परिषद के प्रधान मन्त्री। समालोचनात्मक निबन्ध, कहानी, कविता की ओर रुचि। स्था० पताः—C/o शिवनन्दनदत्त त्रिपाठी, बड़ा बाजार कालपी (जालौन) यू० पी०।

कंचर्ल वेंकट कृष्णय्याः—जुलाई १९०७ में कृष्णा जिला के अन्तर्गत कृष्ण पुरम् नामक ग्राम में जन्म। शिक्षा साहित्य रत्न (प्रयाग) हिन्दी कोविद (काशी) राष्ट्र भाषा विशारद (मद्रास) जानकारी हिन्दी, आंग्ल भाषा, और दक्षिण की भाषाएं। आन्ध्र-मद्रास में हिन्दी के प्रकाशक। प्रका० स्फुट। पता—प्रधानाध्यापक आन्ध्र हिन्दी विद्यापीठ आन्ध्र प्रदेश दक्षिण भारत।

कण्ठमणि शास्त्रीः—वेदान्त शास्त्री, काव्यालंकार आदि उपाधियों से विभूषित। दिव्यादर्श' मासिक के सम्पादक, सरस्वती भण्डार, पुस्तकालय विभाग, कविमंडल आदि साहित्यिक व

सार्वजनिक संस्थाओं के संस्थापक व संचालक। विधवा-विवाह खण्डन, कविता कुसुमाकर (दो भाग) ध्यान-मजूषा आदि आपकी लिखी पुस्तकें हैं। पता विद्या विभाग, ब्रजनिकुञ्ज, काँकरोली।

कटील गणपति शर्मा:—'शिक्षक' और 'हिन्दी प्रचारक' के सम्पादक, दक्षिण-भारत हिन्दी पडित संघ के अध्यक्ष, दक्षिण भारत की अनेक शिक्षा-संस्थाओं और परिषदों के मन्त्री अथवा प्रतिनिधि। प्रकाशन—फुट वर्त्तमान पता—गवर्नमेण्ट आर्टस कालेज, मद्रास-२

कनकमल 'मधुकर', अग्रवाल:—जन्म-'जुलाई १९१२। अनेक साहित्यिक अभियानों में कार्य किया। राजस्थान हि० सा० स० की स्थायी समिति के सदस्य 'साहित्याचार्य' और 'साहित्य महोपाध्याय' 'नवजीवन' 'राजस्थान' आदि पत्रों के संपादक रहे निबन्धकार और कवि। 'उद्गार'(गद्य काव्य) प्रकाशित पुस्तक है पता—'नवजीवन' सम्पादक, उदयपुर (राजस्थान)

कन्हैयाप्रसाद सिंह:—'विशाल-भारत' में इनके नियमित रूप से लेख निकलते हैं। एम० ए० पास। अन्यायन वृत्ति, 'चित्रकथा' आपकी प्रकाशित पुस्तक हैं। पता—अध्यापन, नालन्दा कालेज, नालन्दा।

कन्हैयालालशर्मा:—जन्म १९०१, इन्दौर, साहित्य रत्न, साहित्यानुरागी, पता:—विद्यापीठ, हिन्दी मध्य भारत साहित्य समिति, इन्दौर।

कन्हैयालाल (मुंशी):—जन्म २७ जून १९०१, शिक्षा-एम० ए० एल० एल० बी, एडवोकेट (हाई कोर्ट), 'कायस्थ समाचार' व 'चांद (मासिक) उर्दू संस्करण के भू० सम्पादक, कहानी-कला के लेखक और अमेरिकन—योरोपीय पत्रों के सम्वाददाता। पूर्णपता—'कृष्ण-कुञ्ज' पञ्च कोशी समिति रोड, प्रयाग-३

कन्हैयालाल 'शान्तेश':—'सेवक' 'राष्ट्रदूत' और ग्राम-सेवक' के सम्पादक, निरक्षरता निवारण के लिए प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, प्रायमरी स्कूल खोले 'विद्या-प्रचारिणी-सभा' के प्रधान मन्त्री तथा अन्यान्य शिक्षा और साहित्य सम्बन्धी संस्थाओं में सक्रिय सहयोग, गाँधीवादी 'चमड़े के लिए पशुओं का भयंकर वध' आपकी प्रकाशित पुस्तक हैं पता:—गणेश भवन, नयाबाजार भिवानी, हिसार (पंजाब)

कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशीः—जन्म १८८७, शिक्षा-बम्बई और बड़ौदा में, बी० ए०, एल० एल० बी०, हिन्दी गुजराती और आँग्ल भाषा के विद्वान राष्ट्र-भाषा-प्रचार समिति के प्रमुख सक्रिय कार्यकर्त्ता, कांग्रेस के लब्ध प्रतिष्ठ नेता, राष्ट्रवादी, आज कल खाद्य मन्त्री (केन्द्रीय सरकार) उत्कृष्ट उपन्यासकार, सुवक्ता, विचारक गुजराती साहित्य कोष के सम्पादक, 'यंग इण्डिया' १९१५ के सम्पादक रहे। पता—मिनिस्ट्री खाद्य विभाग, नई-देहली।

कन्हैयालाल "चञ्चरीक":—जन्म-जनवरी १९३३, हाथरस, साहि 'साहित्य-परिषद' हाथरस के संस्थापक और दो वर्ष तक संयोजक 'कलाकार-परिषद' और 'शारदा-सदन' के सक्रिय सदस्य। बागला कालेज की 'डिबेटिङ्ग सोसायटी' के संस्थापक और अध्यक्ष। सम्पा० 'दिल्लगी' (साप्ता०) और "रचना" (पाक्षिक) के भूतपूर्व सम्पादक विशुद्ध साहित्यिक-आलोचनात्मक मासिक "शारदा" के सम्पाद-कीय विभाग में कार्य करते हैं, 'शारदा-सेवक' का सम्पादक, प्रगति कवि, और कहानियां लिखने का शौक प्रका० "गुनगुन" (कविता-संग्रह) कई कविता-संग्रह और एक कहानी संग्रह शीघ्र प्रकाशित होंगे। पता—चाँबड़ गेट, हाथरस (उत्तर-प्रदेश)

कन्हैयालाल 'सहल':—जन्म-१९११, शिक्षा-एम० ए० तक। 'श्री सूर्यकरण पारीक स्मारक साहित्य-समिति' के मंत्री, राजपूताना विश्व-विद्यालय की ओर से 'राजस्थान के सांस्कृतिक उपाख्यान नामक ग्रन्थ पर पुरस्कार प्राप्त, समीक्षांजलि आलोचना के पथ पर राजस्थानी के ऐतिहासिक प्रवाह आदि आपने पुस्तकें लिखी हैं 'चौबोली' और वीर-सतसई' का श्री पतराम गौड़ और श्री ईश्वर दान जी के साथ क्रमशः सम्पा० पता—हिन्दी प्रोफेसर, बिड़ला कालेज, पिलानी।

कन्हैयालाल 'मिश्र' 'प्रभाकर':—पत्रकार नया-जीवन (१९४७ से प्रका०) मासिक के सम्पादक) पता—विकास, लि० सहारनपुर

कपिलदेव चतुर्वेदी 'प्रकाश':—'दिसम्बर १९१५ सारन में जन्म हुआ। प्रकाशित पुस्तकों में 'भावुकता की लहर' (कहानी-संग्रह और मनोर्मि (कवि) पताः—१७ पराशर रोड, कलकत्ता २९।

कपिल देवनारायणसिंह 'कपिल':—१ जनवरी १९१९ मुंगेर में जन्म, प्रो० कपिल नाम से प्रसिद्ध, सा० बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, जिला हि० सा० सम्मे० मुंगेर प्रगति० ले० सं (सद,

शारदा सेवकः—

कन्हैयालाल 'चञ्चरीक'
परिचय पृष्ठ २० पर

हैं, सान्ध्यगीत' और 'साहित्य-संधान' प्रकाशित हो चुके हैं,
अध्यायन वृत्ति पताः—पटना कालेज, पटना।

कार्यकारिणी) बिहार रिसर्च सोसायटी, काशी ना० प्र० ओरियंटल कान्फ्रेन्स (सदस्य) एम० ए० करने के उपरान्त कबीर की निर्गुण भावना पर शोधकार्य प्रकाशित—बारह बातें, साहित्य-प्रदीप पचास की पांच दिवंगत विभूतियाँ, बूढ़ा झामलाल (कवि) 'दिनकर और उनकी काव्यकृतियां' और श्रीकृष्ण अभिनंदन ग्रन्थ (संपादित) अप्रकाशित-ह्वेनसांग (नाटक) कवि भूषण (आलो०) रेखाएं (शब्द चित्र) शंखनाद वार्षिकाङ्क के प्रधान संपादक और मासिक 'प्राची' के संपादक पता—अध्यापक, डी० जे० कॉलेज, मुंगेर (बिहार)

कपिलदेव शर्मा:—बिहार-प्रान्त के प्रसिद्ध देवनागरी लिपि के प्रचारक, अ० भा० देव भाषा परिषद के मंत्री पाठ्यक्रम की अनेक संस्कृत पुस्तकों के प्रणेता। पता—छपरा।

कपिलेश्वर "कमल" झा:—जन्म-१९०७, हि० सा० सम्मे० के परीक्षा केन्द्र के संयोजक, जिला हि० सा० सम्मे० के भूतपूर्व मंत्री, शिक्षा—साहित्य रत्न, 'श्रीकृष्ण पुस्तकालय' के संस्थापक, कहानियाँ लिखने का शौक, पता—बमौरा, चनपटिया चम्पारन।

कपिलेश्वर मिश्र:—कवीन्द्ररवीन्द्र के शान्ति निकेतन में शिक्षा प्राप्त की, प्रारम्भिक शिक्षा कानपुर में, कई लेख-संग्रह लिखे हैं। पता—सोती, सलीमपुर, दरभंगा।

कपूरचन्द्र जैन:—जन्म १९१४ काँग्रेसी कार्यकर्ता साहित्य रत्न, विभिन्न विषयों पर लिखते रहते। कविता संग्रह १, २, ३ और सम्पादित चट्टान के टुकड़े अध्यापन वृत्ति, पता—प्रधानाध्यापक, प्रा० पा० परवारपुर, इतवारी नागपुर।

'कमल' कवि:—जन्म १४ मई १९०७, हसली, पोखला, गढ़वाल, शिक्षा-साहित्यालंकार, सा० से० बलूचिस्तान, पंजाब और सिन्ध में निःशुल्क हिन्दी सेवाएं, अध्यापन, प्रकाशन और प्रचार, देश विभाजन के पश्चात् दिल्ली रेडियो में भी रहे १६ पुस्तकें कविताएं नाटक, उपन्यास, कहानी और चम्पू आदि। दो उपन्यास प्रकाशन में हैं 'वे दोनों और "अतृप्ति" पता:—डिस्ट्रिक्ट इनफरमेशन आफीसर उत्तर प्रदेशीय सरकार विधान-भवन, लखनऊ।

'कमल':—एम० ए०, रेडियो के लिए एकांकी लिखते हैं, सान्ध्यगीत' और 'साहित्य-संधान' प्रकाशित हो चुके हैं, अध्यायन वृत्ति पता:—पटना कालेज, पटना।

कमल कुल श्रेष्ठः--जन्म अगस्त १९२०, शिक्षा प्रयाग विश्व विद्यालय से एम० ए० और डी फिल; हि० सा० सम्मे० की स्थायी समिति के सदस्य जन-साहित्य परिषद् प्रयाग के अध्यक्ष; प्रकाशित रचनाओं में युग-मानव (कवि०) मलिक मुहम्मद जायसी, भागर अधिक प्रसिद्ध हैं। पता:—सिविल लाइन्स आजमगढ़।

कमलदेवनारायण:--जन्म १९००, बी० ए० एल० एल० बी० तक उच्च शिक्षा प्राप्त विभिन्न विषयों पर अनेक पुस्तकों की रचना की। ईश्वरचन्द्र विद्यासागर युगल कुसुम, झरना, बिखरे फूल आदि प्रकाशित पुस्तकें; पता:—बखरा, बिहार।

कमलधारीसिंह 'कमलेश':--बलिया में १९१२ में जन्म लिया, अध्यापन वृत्ति, साहित्यानुरागी, 'मुसलमानों की हिन्दी सेवा' भारत की प्रमुख महिलाएं प्रसिद्ध पुस्तकें हैं; पता:—सेरिया, छाता, बलिया।

कमलनारायण 'कमलेश' झा:--जन्म १९१० एक दर्जन के करीब पुस्तकें लिखी हैं, बिहार प्रदेशीय हि० म० सभा के संयुक्त मंत्री पता:—कैना, दरभंगा, बिहार।

कमलनारायण देव, आचार्य, 'सत्यकाम':—जन्म १९१६ अनेक भारतीय भाषाओं के जानकर, प्रदेशीय रा० भा० प्र० स०, वर्धा के संचालक असमिया गीतों का हिन्दी में संपादन। कुहुकनी (गद्यगीत) चिरंतनी (कहा०) सामंतनी (उप०) असमिया और बंगला साहित्य की रूप रेखा प्रकाशित पुस्तकें, अध्यापन वृत्ति। पता:--आचार्य रा० भा० अध्यापन मंदिर, गुवाहाटी आसामः।

कमलप्रसादः--जन्म १९२१ हैदराबाद; कहानी, एकाङ्की और स्फुट विषयों पर लिखने का विशेष शौक, पता:—अर्थ विभाग, हैदराबाद (दक्षिण)

कमलाकान्त 'पाठक':--१९ फरवरी १९२१ एम० ए० (हि०) एल० एल० बी, सा० रत्न, पटना और इन्दौर में सम्पादन कार्य तथा कई संस्थाओं में आचार्य रहे, आजकल राष्ट्रकवि गुप्त जी के काव्य विकास पर डाक्टरेट के लिए थीसिस लिख रहे हैं, प्रका०-सेठ गोबिन्ददास के नाटक, हि० में जौहर काव्य, 'कामायनी' के काम-सर्ग की टीका समीक्षा, विवेचिका आदि पुस्तकें लिखी हैं। आजकल 'सागर-विश्वविद्यालय' के हिंदी विभाग में आचार्य हैं।

कमलाकान्त 'वर्मा':--शिक्षा बी० ए०, एल० एल० बी० तक 'विशाल-भारत' के भूतपूर्व सह सम्पा० कहानी कार और लेखक संगीत में विशेष रुचि। पता:--शाहाबाद, बिहार।

कमलापति 'मिश्र':--जुलाई १९१५, 'लेखक' 'बालिका' 'आसरा' और 'हंस' के सम्पादकीय विभाग में कार्य, पत्रकार पता:--भवानीपुर सुरापुर, सुल्तानपुर (उत्तर-प्रदेश)

कमलापति 'त्रिपाठी':--शास्त्री, उत्तर प्रदेशीय कांग्रेस कमेटी में प्रभावशाली नेता, सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश पत्रकार भूत० सम्पा० दैनिक 'आज' काशी, 'संसार' दैनिक और साप्ता० के संचालक सम्पादक, इसके अतिरिक्त अन्य पत्रों के संस्थापक सम्पादक, पता:--'संसार' कार्यालय काशी।

कमलाप्रसाद अवस्थी 'अशोक':--ग्रेजुएट, 'अरुणोदय' लखनऊ और 'सन्मार्ग' (साप्ता०) काशी के सम्पादक, 'गीत संग्रह' अभी अप्रकाशित, पता:--रामापुरा, बनारस।

कमलाप्रसाद 'वर्मा':--बिहार के वृद्ध तपस्वी साहित्यकार, भूत० सम्पादक 'बिहार बंधु' करबला, हिमालय आदि पुस्तकें लिखी हैं, पता—कमलाकुञ्ज, गुलजार बाग, पटना।

कमलाशंकर 'मिश्र':—इन्दौर के प्रसिद्ध साहित्य सेवी, राजपूताना अजमेर हाईस्कूल इण्टरमीजिएट बोर्ड के गण्यमान सदस्य, विभिन्न विषयों पर समीक्षात्मक लेख, अध्यापन वृत्ति, होलकर कालेज, इन्दौर में हिंदी अध्यापक, पता:—अहिल्यापुर, इन्दौर।

कमलेश 'भारतीय':—ब्रजभूमि मथुरा में १९१९ में जंम आगरा विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट, बम्बई, गुजरात प्रदेश में हिन्दी प्रचार 'हरिजन सेवक' के (१९३९) स० सम्पादक भी रहे, पता:--'प्रेम' सम्पादक, प्रेम महाविद्यालय, वृन्दावन।

करुणापति 'त्रिपाठी':—शिक्षा-एम० ए० बी० टी०, अध्यापन वृत्ति, प्रका० शैली, बनारस विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर।

करुणाशंकर:—पत्रकारिता का विशेष शौक, सम्पा० 'विश्वमित्र' ले० विविध विषयों पर। पता—फोर्ट बम्बई।

करुणाशंकर शुक्ल 'करुणेश':—सरस भावुक कवि, 'हिलोर' प्रकाशित कविता पुस्तक है, पता—चौक कानपुर (उत्तर प्रदेश)।

कल्याणचन्द्र जैन 'सरोज':—१६२१, आगरा, शिक्षा, एम० ए०, एल० टी० साहित्य रत्न, संयोजक हिंदी साहित्य समिति आगरा,—साहित्य गोष्ठी, जलेसर हिंदी साहित्य विद्यालय जलेसर (एटा) के संस्थापक और आचार्य, प्रकाशन 'सामान्यज्ञान' की पाठ्य पुस्तक, निबंध निधि, रामचन्द्रिका पर प्रश्न और टिप्पणी, नूतन काव्य कलाधर दीपिका, गोदान एक अध्ययन (अप्रका०) स्कूल पत्रिका का सम्पादन, पता—वाइस प्रिंसीपल, म० गांधी मेमोरियल हा० सै० स्कू, जलेसर (एटा)।

काका कवि:—पूरा नाम प्रभूलाल गर्ग हाथरस निवासी, 'संगीत' मासिक और 'संगीत-प्रेस' के संचालक कई कविसम्मेलनों के मनोनीत सभापति, हास्यरस के सुकवि 'साहित्य समाज' हाथरस के प्रधान रहे, हास्यरस की कुण्डलिया और पैरोडिया लिखते हैं। काका की कचहरी और पिल्ला में कविताएं संग्रहीत हैं, पता—'संगीत' कार्यालय, हाथरस।

काका कालेलकर:—सुप्रसिद्ध गांधीवादी दार्शनिक और सुविचारक, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के मान्य सदस्य और तीन वर्षों तक (१६३७ से ४०) उपाध्यक्ष सभी प्रसिद्ध पत्रों में लिखते हैं आपकी कई पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। पता—राष्ट्र-भाषा प्रचार समिति वर्धा।

कान्तिचंद सौनरिक्सा:—प्रसिद्ध कहानी लेखिका चंद्रकिरण सौनरिक्सा 'छाया' के पति, सुप्रसिद्ध कहानीकार और पत्रकार, अनेक दै०, साप्ता० और मासिक पत्रों में आपकी कहानियां भरी पड़ी है; पता:—७७ तीमारपुर देहली।

कांति द्विवेदी 'नलिनी':—लेख और कविताएं लिखी है, हिंदी के प्रचार कार्य में सहयोग बँटाया है पता:—C/o जीता संसार, लश्कर

कांतिलाल 'जोशी':—शिक्षा-एम० ए० बम्बई प्रान्त में राष्ट्र भाषा प्रचारक साहित्य से अभिरुचि पता:—ए।४४ चौकी बिल्डिंग गामदेवी रोड, बम्बई ७

कांतिलाल 'मोदी' प्रभाती:— 'लोकमान्य' दैनिक बम्बई अधिवेशन में एक कविता पर पुरुष्कार प्राप्त। पता:—हिंदी साहित्य परिषद, देवरी, सागर।

कामताप्रसाद जैन:—जन्म १६०१ जैन धर्म के प्रबल प्रचारक और प्रसारक और मननशील लेखक सुदर्शन आदर्श जैन वीर

और 'जैन सिद्धांत भास्कर' के सम्पादक, राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भाग, प्रका० सत्यमार्ग, भ० महावीर और गौतमबुद्ध, पञ्चरत्न; 'अहिंसा का व्यवहारिक रूप' आदि आपकी लगभग ६० पुस्तकें हैं। पता:—अलीगञ्ज, एटा।

कामताप्रसाद 'निगम':—जन्म–१८६६, भौगोलिक विषयों पर लगभग १ दर्जन पुस्तकें लिखीं। शिक्षा विशेषज्ञ, डी० ए० वी० हाईस्कूल में अध्यापक पता:—गुरुदयाल बाग, हीवेट रोड, प्रयाग।

कामताप्रसाद गुरु:—'शिष्टाचार' जैसे अछूते विषय पर सबसे पहिले हिन्दी में क़लम चलाई, अध्यापन वृत्ति, मध्यप्रदेश के समीप एक छोटे से गाँव के निवासी और जब्बलपुर के नार्मल स्कूल में अध्यापक, ब्रजभाषा की कविताएं भी लिखीं।

कामाक्षिराव:—जन्म १६१८ कड़पा (मद्रास) अंग्रेजी, हिन्दी और तेलगू के जानकार, हिंदी-लेखक संघ मद्रास के उपसभापति क्रिश्चियन कालेज, मद्रास में हिंदी अध्यापक 'रायल हिंदी कहानियाँ' तेलगू कोष आदि के लेखक. पता:—ताम्बरम. मद्रास।

कामेश्वरनाथ:—'ब्रजभूमि' मथुरा और 'आकाशवाणी' लखनऊ का सम्पादन प्रकाशन किया. पत्रकार पता:—मथुरा।

कामेश्वर 'विद्रोही':—जन्म १६२४ व्य० साहित्य सेवा प्रिय विषय कविता विद्रोह–बिहार और 'उद्भावना' के लेखक. सौमेश्वर साहित्य परिषद् के मंत्री. पता:—रामनगर चम्पारन (बिहार)

कार्तिकेयचरण मुखोपाध्याय,:—जन्म १८६७ पत्रकारिता से विशेषरुचि, 'भारत मित्र' हलधर और 'विजय' आदि पत्रों के सम्पादक रहे; मुस्तफा कमालपाशा कृषि और कृषक आपकी लिखी हुई मुख्य पुस्तकें; बंगला से उल्था भी करते हैं; पता:—काली बाड़ी; छपरा बिहार।

कालिकाकुमार मुखोपाध्याय:—तीन विषयों में एम० ए०; समालोचनात्मक निबंधकार. पता:—भागलपुर।

कालीचरण शर्मा:— १६७१ विक्रमी. 'वीर का विराट आंदोलन' का सम्पादन (प्रथम भाग) द्वितीय खण्ड शीघ्र प्रकाशित हो रहा है। दैनिक 'हिंदू' और साप्ता० 'हिंदू' के सम्पादक (अ० भा० हिं० म० स० के मदुराअधिवेशन के दिनों में) 'राजस्थान समाचार' दै० जयपुर का १६५० में सम्पादन। भारतीय संस्कृति समर्थक पत्र

पत्रिकाओं में सामयिक लेख प्रकाशित हुए हैं। आलोचक. पत्रकार और लेखक पता:—भुसारा मार्ग. पो० खामगाँव (बरार मध्यप्रदेश)

कालिदास कपूर:—एम० ए० एल० टी०. अँग्रेजी 'एजूकेशन' मासि० के भूत० सम्पादक. 'हिन्दी सेवी संसार' के प्रथम संस्क० के सम्पादक सञ्चालक. शिक्षा शास्त्री भूत० सभापति यू० पी० सैकिण्डरी एजु० एसोसिएशन. भारतीय इतिहास की रूपरेखा. हिंदी सार संग्रह कश्मीर. मानव इतिहास की झलक आदि पुस्तकों के प्रणेता. अध्यापन वृत्ति. पता:—कपूर कुटी. चौक. लखनऊ।

कालीराम शर्मा:—१६१६ से दक्षिण में हिन्दी के प्रचारक. रायपुर में जन्म. विविध विषयों पर लिखा है. अध्यापक. पता:—जैन हाईस्कूल. मद्रास।

काशीदत्त पाण्डेय:—हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सदैव सहाय्य प्रदान किया, हि० सा० सम्मे० प्रयाग की प्रचलित परीक्षाओं के रजिष्ट्रार भी रहे, विभिन्न विषयों पर लिखते हैं। क्रास्थवैट-रोड प्रयाग।

काशीनाथ त्रिवेदी:—जन्म १६०६ शिक्षा उज्जैन और इंदौर में, 'त्याग-भूमि' 'हिंदी-नवजीवन' 'हिंदी-शिक्षण-पत्रिका' और 'हरि-जन-सेवक' के भूतपूर्व सहकारी सम्पादक शिक्षा मंत्री, गांधीवादी नेता दिवा स्वप्न, महाव्रत, रचनात्मक कार्यक्रम आदि के लेखक। पता:—२७, बियाबानी, इन्दौर

काशीनाथराय शर्मा:—ज०-१६०१, सुहुवल ग्राम (गाजीपुर) साहित्य-रत्न, प्रयाग विश्वविद्यालय से एम० ए० एल० एल० बी० जजी (गाजीपुर) में क्लर्क, आप ही प्रांत भर में इस विभाग में इतने योग्य व्यक्ति हैं। 'जीवन-संग्राम' आपकी राजनीति विषयक प्रकाशित पुस्तक है, निबंध भी लिखे हैं। पता:-क्लर्क, जजी गाजीपुर।

काशीराम शास्त्री 'पथिक':—ज०-४ अप्रेल १६२१, चौपड़ाकोट पोखरी ग्राम (गढ़वाल) प्रभाकर और 'साहित्य-रत्न और शास्त्री' वीर-भारत और मुक्तिगान (कविता संग्रह) तथा अछूतोद्धार नामक नाटक लिखा है। पता:—प्रिंपसिल दून महा विद्यालय, ककनाट-पैलेस, देहरादून।

कासिम अली सैयद:—उर्दू, फारसी, अरबी और अँग्रेजी आदि भाषाओं की जानकारी। अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन, अनुवादक, नाटककार, कवि, लेखक और पत्रकार। संयो-

गिता (नाटक) नूरजहां (प्रह०) और राष्ट्रीय-दर्पण (पद्य) आदि पुस्तकों का सृजन किया है। पताः—पत्रकार, नरसिंहपुर, मध्य-भारत।

किशनलाल कुसुमाकरः—ज० १६१२, फिरोजाबाद के निकट ढोलपुरा ग्राम, साहित्य-रत्न और सिद्धान्त-शास्त्री, चिता की चिनगारी, भयंकर-भूत, ग्राम्य-गीताञ्जलि, नवबाला आदि पुस्तकों के प्रणेता, आर्य-समाज का प्रचार कार्य अध्यापन-वृत्ति। पताः—दयानंद हा० सै० स्कूल, फिरोजाबाद घर का पताः—ढोलपुरा ग्राम, पो० फिरोजाबाद (आगरा)

किशोरीदास वाजपेयीः—विशारद और शास्त्री (पं० वि० वि०) आगरा से प्रकाशित "मराल" के सम्पादक रहे, हिंदी के प्रतिष्ठित सुलेखक, सन् ४२ के आंदोलन में सक्रिय भाग लिया, आपकी प्रकाशित कृतियों में 'द्वापर की राज्यक्रांति' लेखन-कला, ब्रजभाषा का व्याकरण आदि प्रसिद्ध हैं। हिंदी के उत्कृष्ट पत्रों के लिए सदैव लिखते रहते हैं, तपस्वी साहित्यकार। पताः—कनखल हरिद्वार।

किशोरीरमण टण्डनः—ज० नवम्बर १६१४, कानपुर में शिक्षा प्राप्त की, हि० सा० स० प्रयाग की स्था० स० के सदस्य कई साहित्यिक संस्थाओं के मान्य कार्यकर्त्ता, पत्रकार लेखक और प्रत्र-प्रतिनिधि, जीवन-संदेश और बटोही आदि पुस्तकें लिखी हैं। पताः—शारदा भवन, ३ सरदारपुरा जोधपुर।

किशोरीलाल गुप्तः—बी० ए० (आनर्स) हिंदी और अङ्गरेजी में एम० ए० एवं बी० टी०, समीक्षक, कुशल अनुवादक और नाटककार प्रतिशोध (नाटक) प्रसाद साहित्य का विकासात्मक अध्ययन (आलो) आदि पुस्तकें लिखी हैं, अध्यापन वृत्ति। पताः—हिंदी विभाग, शिबली कालेज, आजमगढ़।

किशोरीलाल गुप्तः—ज० १८६३, गुजराती, मराठी, और हिंदी की जानकारी, प्राचीन पुस्तकों का शोध और संग्रह, काव्य-वाटिका विरहिनी-विलाप, आदि उल्लेखनीय पुस्तकें लिखी हैं। पताः—हिंदी साहित्य कुटीर, मेलखेड़ा, मालवा।

किशोरीलाल त्रिवेदी 'कुसुम':—ज० १६०७, गुजराती मराठी, संस्कृत हिंदी की जानकारी, 'अ० भा० ग्रा० पुस्तकालय योजना' का सम्पादन, लेखक और कवि। पताः—बड़वाहा, होल्कर राज्य

किशोरीशरण लिटोरिया किशोर:—ज० १ जून १९१२ दतिया, पत्नी मिथलेश्वरी देवी 'विशारद' 'लोकेन्द्र' की सम्पा०, साहित्यरत्न प्रका० 'मेरी रानी' स्वर्णकण, मेरा स्वप्न, जसवन्त-जस, भू० सहायक अध्यापक गवर्न० माडल स्कूल। पता:—मुख्य अध्यापक, कैंट व्यायज स्कूल, सदर बाजार, झांसी।

कुञ्ज बिहारीलाल शुक्ल:—जागरूप हिंदी-सेवी, विद्वत-परिषद अजमेर द्वारा मानपत्र प्राप्त तथा अन्य शिक्षा और साहित्य सम्बन्धी संस्थाओं के मान्य सदस्य। पता:—मांजी मन्दिर, राजस्थान भवन स्वामीघाट, मथुरा।

कुञ्जीलाल मदनमोहन पंचौली:—ज० १९११ होल्कर स्टेट के नेमावर जिले में, साहित्य रत्न (कृषि) पानी गांव में अध्यापक 'गोपालन' 'फसलों का रोटेशन' 'मुकदमेबाजी' शीर्षक लेख लिखे हैं 'कन्नौद' में सम्मेलन का परीक्षा केन्द्र स्थापित कराया, आजकल-रूरल असिस्टेण्ट। पता:—सीवड़या, ग्वाले गांव, होल्कर स्टेट।

कुमार साहु:—ज०-१९२७, कई साहित्यक संस्थाओं के सदस्य 'सुरुचि' प्रेस के सञ्चालक 'नवप्रभात' साप्ताहिक का सम्पा० नीली छाया और खण्डित चट्टान प्रकाशित पुस्तकें हैं। १८ पता:—बिजली-नगर, नागपुर।

कुमार शैव्य:—शास्त्री पास, प्रांतीय सा० परि० अलीगढ़ के भू० मन्त्री, दै० 'हिन्दु-सन्देश' जोधपुर के भू० प्र० सम्पा०। पता:—सम्पादक 'हिन्दू-राष्ट्र' दैनिक जोधपुर (राजस्थान)

कुमुद विद्यालङ्कार:—ज० १९१४, मुंगेर, कवि और पत्रकार नवसंदेश और नौनिहाल के भू० सम्पा० संगम-निर्माण आपकी प्रसिद्ध कविता पुस्तक है। पता:—'इन्दौर-समाचार' दैनिक, इन्दौर।

कुलदीप:—आगरा के तरुण प्रगतिशील कवि और पत्रकार 'हमराही' साप्ताहिक के भू० सम्पादक, "युवक" मासिक, आगरा के सम्पादक मण्डल के सदस्य, शिक्षा—एम० ए० आगरा विश्वविद्यालय, अ० भा० ब्रज साहित्य मण्डल, हाथरस अधिवेशन के कवि-सम्मेलन के अध्यक्ष, सेण्ट जान्स कालेज, आगरा में प्रोफेसर।

कुलमणिसिंह:—'जुलाई १९१७ धामपुर में जन्म १९४२ के रा० आ० में सक्रिय भाग, समाजवादी, पत्रकार। पता:—'सोशलिस्ट' साप्ताहिक, धामपुर।

कुल्लन गुरू:—जन्म-स्थान हाथरस, हास्यरस के सुकवि प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र दिल्ली में अध्यापकी, घुमक्कड़ी, कविताएं स्फुट।
स्थायी पता:—दिल्ली वाला मौहल्ला, हाथरस (उत्तर-प्रदेश)

कृपानाथ मिश्र:—बिहार के लेखक, कवि और पत्रकार, शिक्षा एम० ए० 'रोशनी' का सम्पादन, हिन्दुस्तानी कहानियाँ कविता कौमदी आदि पुस्तकों की रचना की है। पताः-साइन्स कालेज पटना।

कृपाशङ्कर अवस्थी:—बिहार की विभिन्न साहित्यक परिषदों के सक्रिय कार्यकर्त्ता, विभिन्न विषयों पर लिखा है। पता—विज्ञान औषधालय, मुंगेर।

कृपाशङ्कर शुक्ल:—जन्म १६१८, प्रयाग विश्व विद्यालय से एम० ए० किया, लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापक। पता—१६ हुसैन-गंज लखनऊ।

कृपा कुमारी चतुर्वेदी:—ज० १६३३, फिरोजाबाद विशारद साहित्यक रुचि, प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार श्री बनारसीदास जी चतुर्वेदी चाचा। पता:—हनुमान ग्लास वर्क्स फिरोजाबाद।

कृष्णचन्द्र:—प्रेम महा विद्यालय की स्थापना में सहयोग, वृन्दाबन नगर पालिका के अध्यक्ष रहे, बी० एस० सी० तक शिक्षा, उत्तर-प्रदेशीय असेम्बली के सदस्य, विभिन्न विषयों पर लिखा है।
पताः—२३, मदनमोहन फेरा वृन्दावन

कृष्णचन्द्र:—बसीरा मुजफ्फरगढ़ (पञ्जाब) में जन्म, गुरुकुल काँगड़ी में शिक्षा प्राप्त की, 'दैनिक अर्जुन" और साप्ताहिक अर्जुन के क्रमशः संयुक्त और प्रधान सम्पादक, राजनीति और इतिहास पर खूब लिखते हैं, प्रकाशित पुस्तकों में चीन की स्वाधीनता और काँग्रेस का इतिहास अधिक प्रसिद्ध हैं। पता:—१६ जैना बिल्डिंग, रोशनारा रोड, देहली।

कृष्णचन्द्र शर्मा चन्द्र:—आगरा में शिक्षा पाई, अँग्रेजी, उर्दू फारसी और हिंदी की जानकारी, मदशाला, मरीचिका और प्रतिच्छाया कविता पुस्तकें हैं, कवि और अध्यापक। पता:—डी० ए० वी०' हाईस्कूल, मेरठ।

कृष्ण गोपाल श्री वास्तव:—जन्म १६२५, सा० र० प्रभाकर, आयुर्वेदाचार्य, राष्ट्रभाषा विद्यालय के सञ्चालक और अनेक साहित्यक और शिक्षा सम्बन्धी संस्थाओं के सक्रिय सदस्य, रचनाएँ

साहित्यक निबन्ध। पताः—शांती कुटीर, लोहाबाजार भोपाल।

कृष्ण गोपाल अभ्यंकरः—सङ्गीत में विशेष रुचि।

पताः—म्युजिक शिक्षक. सातारा।

कृष्णदत्त पालीवालः—ज० १८६४ तनौरा. आगरा. शिक्षा एम. ए. और सर्वप्रथम साहित्यरत्न (सम्मे० प्रयाग) आगरा जिला कॉ० क० के सभापति. प्रा० कॉ० क० मन्त्री तथा सभापति. अ. भा. कॉ० कमेटी के प्रमुख और मान्य सदस्य. १६३५ में एम. एल. ए. (केन्द्रीय) प्रा० रेलवे-यूनियन. प्रा० पोस्टमैन कांफ्रेंस के सभापति. साहित्यक-नागरी प्र० स० आगरा के सभापति. 'पालीवाल'. ब्रह्मोदय. प्रताप. प्रभा और सैनिक के सम्पादक. अर्थ मन्त्री उत्तर प्रदेश. एम० एल० सी० सुवक्ता. लेखक. पत्रकार और राजनीतिज्ञ. पुस्तकों में सेवामार्ग. अमरपुरी. दीन भारत. साम्यवाद आदि प्रसिद्ध हैं एम० पी० के चुनाव में स्वतन्त्र उम्मीदवार की हैसियत से असफल। पताः—३. विजयनगर कोलोनी. आगरा।

कृष्णदत्त भारद्वाजः—जन्म १६०८. एम. ए. वेदान्ताचार्य. साहित्यरत्न. पुराणाचार्य. शास्त्री भूत० सम्पादक गौड ब्राह्मण, मानवधर्म (विशे.) अनेक शिक्षा संस्थाओं में कार्य लेखक-पांचजन्य (कवि.) ब्रह्म सूत्र का श्री वत्सभाष्य आदि. पताः—६ मोडर्न स्कूल. नई दिल्ली।

कृष्णदेव उपाध्यायः—जन्म १६१०. एम. ए. सा. र. शास्त्री भोजपुरी ग्राम गीत के रचियिता. सम्पादन और संकलनकर्त्ता. पताः—असिस्टेंट रजिष्ट्रार. गवर्नमेण्ट संस्कृत विद्यालय काशी।

कृष्णदेव प्रसादः—'बेढब' बनारसी के नाम से अधिक प्रसिद्ध विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी, और हास्यरस की कविताओं के प्रसिद्ध कवि अभी हाल ही में 'करेला" साप्ता० के प्रधान सम्पादक नियुक्त हुए हैं, हि० सा० स० प्रयाग के दो वर्ष तक मन्त्री रहे, बेढब जी की बहक, बनारसी इक्का, साहित्य-संयम आदि के प्रणेता, पताः—आचार्य, डी० ए० वी० कालेज, बनारस।

कृष्णनारायणलालः—जन्म-१६१५, एम० ए०, सा० र०, 'पन्त' कवि के सम्पर्क में साहित्य-सेवा और ग्राम-गीतों का संकलन, पताः—हिन्दी अध्यापक, केशरवानी हाईस्कूल, प्रयाग

कृष्णपद भट्टाचार्यः—'हिन्दी' विश्वकोष और इन्साइक्लोपीडिया के ख्याति प्राप्त, सम्पादक, झांसी आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय की मुख पत्रिका का सम्पादन करते है।

कृष्णप्रकाश अग्रवाल:—कविता, कहानी, निबंध और एकांकी नाटक लिखने का शौक, वकील, पताः—बांस की मण्डी, मुरादाबाद

कृष्णवल्लभ द्विवेदीः—शिक्षा-इन्दौर और प्रयाग, भू० सह० सम्पा० 'अभ्युदय', साप्ता०, 'हिन्दी विश्व-भारती' के जन्म दाता (१६३६) और सम्पा०, ' हिन्दी विश्व-भारती'' ने आपकी कीर्ति को देश देशान्तर तक फैला दिया है पता— चारबाग, लखनऊ

कृष्णवल्लभ सहायः—गांधीवादी विचार धारा के लेखक, 'छोटा नागपुर-संवाद' के सम्पादक, बिहार के पर्लियामेन्टरी सेक्रेटरी भी रहे, पता—हजारीबाग, छोटा नागपुर,

कृष्णबिहारी 'मिश्र':—शिक्षा-बी० ए० एल०, एल० एल० बी०. 'माधुरी' (मा०) 'आज' (दै०) और ''साहित्य-समालोचक'' (द्वै० मा०) के सम्पादक रहे. द्विवेदी युग के लेखक. सम्पादित पुस्तकों में-गंगा भरण और नवरसतरंग तथा लिखित पुस्तकों में-देव और बिहारी उल्लेखनीय. पता—सिधौली. सीतापुर

कृष्णलाल शर्मा 'अवधेश' जन्म विजयादशमी. १६०७. बुनियादी शिक्षा. बालुकाराम पुस्तकालय के प्र० मंत्री बा० प्र० स० के संस्थापक. रचनाएं-स्फुट पता—भगवानपुर रत्ती. पो० बालुकाराम (मुजफ्फरपुर)

कृष्णलाल शरसोदे हंसः—ज्योति (मा०) के भू० सम्पा. समाज सुधार सम्बन्धी अनेक पुस्तकें लिखी। पता—अध्यापक-हिन्दी गुजराती हाई स्कूल अकोला (बरार)

कृष्णवंशसिंह बाघेलः—हिन्दी के अच्छे लेखक कई भ्रमण सम्बन्धी पुस्तकें अप्रकाशित। पता—भरतपुर, गोबिन्दगढ़. रीवां राज्य

कृष्णशंकर शुक्लः—शिक्षा एम० ए० अध्यापन वृत्ति आपकी आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास केशव की काव्यकला आदि पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। पता—शान्ति निवास गड़ेरिया मुहाल कानपुर।

कृष्णकुमारी नागः—एम-ए०. सा० र०. अध्यापन वृत्ति और स्फुट लेख लिखे हैं. पता:—१२० गोल बाजार. जबलपुर

कृष्णकुमारी सरीनः—गांधीवादी विचारधारा की लेखिका. स्त्रियों में शिक्षा-प्रसार और चर्खा आन्दोलन प्रार्थना और कर्मयोग प्रका० पुस्तकें, अध्यापन वृत्ति पता—लेक्चरर. महादेवी इण्टर कालेज देहरादून।

कृष्णस्वामी मुदीराज:—हैदराबाद में हिन्दी के प्रबल प्रचारक "चित्रमय हैदराबाद"—के सम्पादक पता—मै० डायरेक्टर. चन्द्रकान्त प्रेस हैदराबाद (द०)

कृष्णाचार्य शर्मा:—रामचरितमानस की टीका लिखी है व्याकरणाचार्य. सा० शा० पता—दयापुर. रघुनाथपुर सारन

कृष्णानन्द:—वर्षों तक का० ना० प्र० पत्रि० का सम्पा० पत्रकारिता के अनुभवी व्यक्ति। पता:—नागरी प्रचारिणी सभा काशी।

कृष्णानन्द गुप्त:—बुन्देलखण्ड के 'लोक-साहित्य' का वि० ज्ञान, 'लोकवार्त्ता' और संगम (प्रयाग) के सम्पादक रहे। 'प्रसाद जी के दो नाटक' 'स्वास्थ्य-संलाप' आदि प्रकाशित पुस्तकें हैं।

कृष्णानन्द 'पन्त':—शि० एम० ए० शास्त्री, एम. ओ. एल. हि. सा. स. मेरठ अधिवेशन की स्वा० स० के प्रधान, राष्ट्रभाषा परिषद हिन्दी बोर्ड आफ स्टडीज के सदस्य. कई पुस्तकों का सम्पा०।

पता:—हिन्दी विभागाध्यक्ष, मेरठ कालेज. मेरठ।

के० एस० चिदम्बरम् 'भारद्वाज':—संस्कृत'. हिन्दी, आंग्ल. तामिल और मलयलम् का ज्ञान तामिल और मदुरा में हिन्दी प्रचार कालिदास, भवभूति और महाकवि नजीर आदि स्फुट लेख, अध्यापन और साहित्य सेवा। पता:—विद्वान के० एस० चिदम्बरम् एम. ए० हिन्दी अध्यापक, सनातन धर्म कालेज, एलेप्पी (ट्रावनकोर)

के० गणपति भट्ट:—जन्म १९२०, मैसूर में हिन्दी प्रचारक, स्फुट लिखते हैं। पता—बँगलौर।

के० नारायणाचार्य:—कर्नाटक, मधुगिरि और मैसूर में हिन्दी प्रचारक, आलोचनात्मक लेख। पता—मधुगिरि, दक्षिण।

के० वासुदेवन पिल्ले:—त्रावणकोर के सर्वप्रथम सा० र०, दक्षिणी अहिन्दी प्रान्त में हिन्दी के प्रचारक. हिन्दी पाठावली और हिन्दी व्याकरण के रचनाकार. अध्यापन वृत्ति। पता—प्रधानाचार्य तपानूर हिन्दी महाविद्यालय. त्रावणकोर (दक्षिण)

के० भुजबली शास्त्री:—मद्रास के कन्नड़ जिले में जन्म' हिंदी सेवी. वीरवाणि' के सम्पा० अनेक प्राच्य जैन ग्रन्थों के उद्धारक।

पता—पस्तकालयाध्यक्ष. जैन सिद्धांत भवन आरा बिहार।

के० भास्करन् नायर:—दक्षिण भारत के हिंदी समर्थक प्रचारक एम. ए. दसहीरे सुदामा चरित्र आदि के लेखक। पता—अध्यक्ष. हिंदी-विभाग ट्रावनकोर विश्वविद्यालय (ट्रावनकोर)

केदारनाथ गुप्त:—जन्म-१८९३ बाँदा जिलान्तर्गत राजापुर ग्राम स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक पुस्तकें लिखीं जिनमें सौ वर्ष कैसे जियें, प्राकृतिक चिकित्सा, आदर्श भोजन आदि प्रसिद्ध हैं, अध्यापन वृत्ति, पता—प्रधानाचार्य, अग्र० विद्या० इण्टर कालेज, प्रयाग

केदारनाथ गुप्तः—शिक्षा-बी० ए०, एल० एल० बी० सा०-र०, सम्मे० परीक्षा समिति के सदस्य, त्रिवेणी संस्कृत पाठशाला के सं, छात्र पुस्तकालय के पदाधिकारी, 'केसरवानी संसार', 'उद्योग' आदि के सम्पा० कमर्शियल कारपोरेशन के संस्था० प्रकाशित पुस्तकों में 'प्रिय-प्रवास' की आलोचना, "प्रेम की पीर" विश्व विचित्रता प्रसिद्ध हैं, पता—दारागंज, प्रयाग

केदारनाथ वर्माः—पहिले अध्यापकी की, १९४९ से पंचायतराज इन्सपेक्टर, रच० स्फुट, पता:—६०२ मुट्ठीगंज, प्रयाग

केदारनाथ 'भट्ट'—आगरा से प्रकाशित 'नोंक-झोंक' के भूतपूर्व सम्पादक' 'हास्य-रस' के लेखक, मानस-कोश और आधुनिक कोश प्रकाशित, पता—बाग मुज़फ्फर खाँ, आगरा

केदारनाथ मिश्र 'प्रभात':—जन्म १९०७ आरा (बिहार) एम० ए० साहित्याचार्य, कई साहित्यिक सभाओं के सभापति और संस्थाओं के पदाधिकारी रहे, प्रकाशित रचनाएं कलेजे के टुकड़े (पद्य) ज्वाला (कवि०) 'कैकेयी (महाकाव्य) चिरस्पर्श आदि, डिप्टी० सु० पुलिस पता—२ हार्डिङ्ग रोड—(कदमकुआं) पटना

केदारनाथ त्रिपाठीः—शिक्षा—'आचार्य' ब० ग० सं० कालेज, 'बसुन्धरा' के भू० सम्पा० धर्म और स्त्री समाज विषयक लिखा है, पता—विद्या मंदिरम्, गोला, गोरखपुर

केसरीमल अग्रवाल:—'साहित्य-भूषण', जन्म-१८९०, साहित्य, अर्थशास्त्र और पर्य्यटन से प्रेम, सारे भारत की चतुर्दिश यात्रा की, विभिन्न यात्रा लेख, पता—रत्नशाल भवन, बड़वाहा (मध्य भारत)

केशरी किशोर शरणः—पटना वि० वि० सिनेट के सदस्य, प्रगतिशील लेखक संघ मुंगेर के सभापति, आपका मरीचिका (उपन्यास) प्रकाशित हो चुका है, पता—प्रधानाचार्य, डी० जे० कालेज, मुंगेर

केशरी कुमारः—बिहार के कवि, कहानीकार और समीक्षक, शिक्षा-एम० ए०, त्रिवेणी (कवि) दिवारात (कहा०) साहित्य और समीक्षा, पंत और उनका गुंजन आदि प्रकाशित रचनाएं, अध्यापन १० वर्ष तक पटना कालेज में, पता—हिन्दी-विभाग, रांची कालेज, रांची

केशरी प्रसाद सिंह—सफल आलोचक, शिक्षा-एम० ए० पताः—हिन्दी विभाग, रांची कालेज रांची,

केशरीनारायण शुक्लः—शिक्षा-एम० ए०, डी० लिट् हि० वि० वि० काशी 'किजंल्क के भूत० सम्पा०, आधुनिक काव्यधारा, आधुनिक काव्यधारा का सांस्कृतिक स्रोत'' आदि के लेखक, 'प्रथम ग्रन्थ पर डी० लिट और द्वितीय पर उ० प्र० सरकार द्वारा पुरुस्कार' पता—रीडर, हिन्दी-विभाग, लखनऊ वि० वि० लखनऊ

केशवदेव मिश्र 'कमल':—जन्म १६२३, पटा जिला १६४२ के आन्दोलन में जेलयात्रा, 'जीवन-साहित्य' (गांधीवादी मा० पत्रिका) और 'संग्राम' के भू० सम्पा० स्फुट लिखा है, पता—'लोकवाणी' कार्यालय, जयपुर

केशवप्रसाद पाठकः—शिक्षा एम० ए०, 'उद्योग-मंदिर' प्रकाशन संस्था खोली, रुबाइयात उमर खैयाम का पद्यात्मक अनुवाद किया और कई कविता-संग्रह लिखे। पता—केशवकुटीर, मालदारपुरा जबलपुर

केशवलाल झा 'अमल':—जन्म-१८६२, काव्य प्रबोध, ललित मालती प्रलाप आदि के लेखक। पता—सोन्हौली, मुंगेर (बिहार)

केशवानन्द स्वामी:—ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया, साहित्य सदन, अबोहर आदि के संस्थापक, लगभग १४ पुस्तकों का सम्पादन-प्रकाशन, पता—संगरिया, बीकानेर

कैलाशचन्द्र चतुर्वेदीः—शिक्षा-सा० र०, 'हिन्दी साहित्य-रश्मि' का सम्पा०, अध्यापन वृत्ति, पता—हिन्दी अध्यापक, उमटिया, वाया सिहोरा, जबलपुर

श्रीकैलाशचन्द्र भाटियाः—जन्म तिथि तथा स्थान-२-२-१६२७ मथुराव्रज। साहित्यिक सेवायें-आजीवन सदस्य हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग। लेख व समालोचनाएं लिखी हैं। वर्तमान प्रगति—बी० ए० सी० टी० साहित्यरत्न अध्योपक चम्पा अग्रवाल इएटर कालेज

मथुरा। हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास (प्रकाशित) प्रकाशक लोकसाहित्य प्रेस घीया मन्डी मथुरा। समाज सेवा-स्काऊट मास्टर मथुरा पता--गली हाथी महोली की पौर मथुरा

कैलाशनाथ भटनागरः—शिक्षा-एम० ए० पी० एच० डी०, पंजाब की अनेक हिन्दी-प्रचारिणी सभाओं के सहयोगी और सहायक, प्रकाशित रचनाएं नाटक-निकुञ्ज, श्रीवत्स, गल्प-विनोद नाट्य कथा मंजरी (सम्पा०) आदि अनेक स्वतंत्र और सम्पादित पुस्तकें। पता—भारतीय गौरवग्रन्थमाला कार्यालय हजरतगंज लखनऊ

कोवलेमाडभूषि कृष्णमाचारीः—जन्म २४ मई १८६२, कांचीपुरी मद्रास, हिन्दी के सच्चे प्रेमी और सेवक, द० भा० हिन्दी सभा के स० प्रचारक, हिन्दी कुटीर नामक पाठशाला की स्थापना बैंकटाचल-वैभव' तामिल का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित, पताः—दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, त्यागराय नगर, मद्रास

कोसराजुवेंकटेश्वरराव चौधरीः—हि० वि० देवघर की परीक्षाओं के आन्ध्र में केन्द्र व्यवस्थापक, द० भा० हि० प्र० स० के प्रचारक १६४७ से विश्व भारती कलावनम्' के प्रधान मन्त्री। आपके कई नाटक प्रकाशन पथ पर हैं। पताः—पेंदुलूर, वाया एलूरु, पश्चिम गोदावरी, आन्ध्रप्रान्त।

कौशल्या रानी 'अश्क':—उपेन्द्रनाथ 'अश्क' की पत्नी हिन्दी की सुप्रसिद्ध कहानी लेखिका। पताः—प्रीतनगर, अमृतसर

खड्गसिंह गोप 'हिमकर':—जन्म १६२१, जीवन की झांकी, आंसू के घूँट आदि के रचियिता, पता--हिंदी टीचर, हरनौत हाई इंगलिश स्कूल, पटना।

खुशालचंद खुरशंदः—सञ्चालक सम्पादक 'मिलाप' 'अमृतपान' इत्यादि पुस्तकों के प्रणेता, पताः—दिल्ली।

खुशीराम शर्मा 'वशिष्ठ' जन्मः—विजयदशमी १६७३ वि०, शिक्षा एम. ए. बी. टी., सा० लं० कवि रत्न, साहित्य साधना में संलग्न कवि, 'प्रेमोपहार' बुद्धचरित, मीरा, गुरु नानक गुरु गोबिन्दसिंह, रण निमन्त्रण (काव्य पुस्तकें) हि० सा० सम्मे० अबोहर अधिवेशन के विशेष सहायक, हिंदी 'विश्वहितैषी' दिल्ली के भी प्रधान सम्पादक रहे। अनेक सा० संस्था के प्रधान अथवा मान्य सदस्य। पताः—गवर्नमेण्ट हाईस्कूल, जैतो, (पटियाला संघ)

खेदहरण शर्मा 'प्राणेश':—सा० र० शास्त्री, काव्यालंकार, भू० सम्पादक 'गृहस्थ' (पा०) गोशुभ-चिन्तक 'प्रतिभा' (मा०) कई कविता पुस्तकों के प्रणेता, पताः—साहित्याश्रम, गया।

खेमसिंह 'नागर':—आयु लगभग ५२ वर्ष जन्म-नगला पदम (अलीगढ़) व्रजभाषा के सर्वाधिक लोकप्रिय गीतकार, व्रजभाषा के पुराने और मजे हुए कवि, किसान; दसगुने की बारहमासी, नये गीत, 'जनता के गीत' और अन्य अनेक कविता संग्रह बम्बई सा० सम्मेलन के अवसर पर अ० भा० जन कवि सम्मेलन के सभापति, प्रगतिशील-लेखक संघ के इलाहाबाद अधिवेशन पर अ० भा० ग्राम कवि सम्मेलन के सदस्य, उत्तर प्रदेशीय प्रगतिशील लेखक संघ की कार्य कारिणी के सदस्य और कम्यूनिष्ट कार्य कर्त्ता, पता:—C/o जिला किसान-सभा, अलीगढ़।

गंगादयाल 'त्रिवेदी':—जन्म १६७० वि० 'कन्नौज समाचार' 'हलचल' सा्ता० और 'सावधान' साप्ता० का सम्पादन, श्रमिक किसान सेवा, हास्यरस और स्फुट निबन्ध संग्रह, पताः—सम्पादक 'सावधान' कन्नौज।

गंगाधर इंदूरकर:—शिक्षा सा० रत्न, सा० शास्त्री हिन्दी विश्व-विद्यालय पंचाङ्ग के लेखक हस्त लिखित 'संघ मित्र' का सम्पादन किया, पता:—३५ शिवचरनलाल रोड, प्रयाग।

गंगानन्दसिंह 'कुमार':—जन्म १८६८, शिक्षा एम. ए. कई देशी विदेशी शिक्षा संस्थाओं के सदस्य, राजनीति में दिलचस्पी, भू० एम० एल० सी०:-विभिन्न विषयों पर लिखा है, पताः—श्री नगराधीश, पूर्णिया, बिहार अथवा सचिव सदन, दरभंगा।

गंगापतिसिंह:—कलकत्ता वि० वि में भूत० हिंदी और मैथिली के अध्यापक, ग्रियर्सन साहब की जीवनी, पुराणों में वैज्ञानिक बातें आदि के प्रणेता, पता:—पचही, दरभंगा।

गंगाप्रसाद उपाध्याय:—जन्म १८८१ नदरई (एटा) एम. ए. (अंग्रेजी-दर्शन) आर्यसमाज को अपनी जीवन-पर्यन्त सेवाएं अर्पित कीं, सम्मेलन द्वारा आस्तिकवाद पर मंगलाप्रसाद पारितोषिक प्राप्त, हिंदी भाषा का नवीन व्याकरण, अँग्रेज जाति का इतिहास, केशवचन्द्र सेन, हम क्या खाएं घास या माँस और जन्म पद आदि ग्रंथों के रचनाकार, पताः—कलाप्रेस, प्रयाग।

गंगाप्रसाद पाण्डेयः—काव्य छलना, छायावाद रहस्यवाद और नीर-क्षीर आदि पुस्तकों के ख्यातिनाम लेखक, कवि और समीक्षक पताः—कोठी स्टेट, मध्यभारत।

गंगाप्रसाद मिश्रः—जन्म १९१७, शिक्षा सा० र० बी. ए. (ऑनर्स) एम. ए., संघर्षों के बीच, नया खून, आदर्श और यथार्थ, नई राहें (उप०) आदि के प्रसिद्ध लेखक। अध्यापन वृत्ति, पताः—जुबिली इण्टर कालेज, लखनऊ।

गंगाप्रसादसिंह अखौरीः—जन्म १९०१ कई पत्रों में सहायक सम्पादकी की, ना० प्र० स० के सभासद रहे, हिंदी के मुसलमान कवि, देवदास आदि प्रसिद्ध रचनाएं हैं, पताः—'भारत जीवन' कार्यालय, 'काशी'।

गंगाविष्णु 'पाण्डेय' विष्णुः—शास्त्री, वेदतीर्थ, प्रकाशित रचनाएं कृष्ण चरित आदर्श मित्र इत्यादि, कविता भी लिखी हैं अध्यापन, पताः—अध्यापक, हितकारिणी संस्कृत पाठशाला इटौंजा (लखनऊ)।

गंगाविष्णुः—शास्त्री, धर्म भूषण, कई धार्मिक पुस्तकों और निबन्धों के लेखक प्रसिद्ध महोपदेशक, पताः—बिहटा, बिहार।

गंगाशरण शर्मा 'शील':—एम. ए. (हि० स०) हि० प्र० सभा और भारती भवन हि० सा० परि० की स्थापना, प्रकाशित रचनाएं प्रेमकुमार, मानस पंच रत्न आदि, पताः—अध्यक्ष, हिंदी संस्कृत विभाग, एस. एम. कालेज, चन्दौसी।

गंगाशरणसिंहः—पत्रकार और लेखक, 'युवक' के संचा-सम्पा० प्रका० रचनाएं साहित्य प्रवाह और पद्य प्रवाह आदि पताः—खरगपुर, बिहार।

गजराजसिंह गौतमः—स्फुट निबन्ध लेखादि एम. ए. एल. एल. बी. 'ईश्वर दर्शन' के लेखक पताः—वकील, होशंगाबाद।

गजाधर सोमानीः—भूत० सम्पा० 'भारत मित्र', सत्यनारायण पुस्त० के संस्था० रचनाएं स्फुट, पताः—श्री निवास काटन मिल बम्बई।

गणपतिचन्द्र 'भण्डारी':—जन्म जोधपुर १९७० 'मारवाड़ जैन युवक संघ' के कई बार सभापति और साहित्य सदन (१९४९) के प्रमुख संचालक, प्रिय विषय रचना, हास्य, अभिनय, मौलिक प्रकाशित रचनाएं-हिंदी भाषा ज्ञान प्रकाश, नाट्य कथा कुञ्ज, जनमेजय का नाग यज्ञ, एक अध्ययन पंचाग्नि (५ एकांकी)

सम्पादन, बालोपयोगी पुस्तकों का, अनुवाद-आयकर प्रबोध, हिंदी लैक्चरार महाराजकुमार कालेज, पताः--सरदारपुरा, तीसरी सड़क, जोधपुर।

गणपतिसिंह वर्माः--सम्पा० 'रसायन' दिल्ली, आयुर्वेद सम्बन्धी अनेक पुस्तकों के कुशल लेखक पता;--रसायन फार्मेसी, ५७१२।११ दरियागंज सं० ३ पो० बा० १२५, दिल्ली।

गणेशचन्द्र जोशीः--सम्पादन 'कल की दुनियाँ' (साप्ता०) 'जनमत' दैनिक भू० सम्पा० 'पुष्करराय ब्राह्मणोपकारक' मन्वन्तर दुर्गाबाबा आदि के लेखक, पताः--जालोरीगेट, जोधपुर।

गणेश चौबेः--दिसम्बर १९१२ (जन्म) भोजपुरी लोकगीतों, लोक कथाओं, पहेलियों, कहावतों और ग्राम्य शब्दों के संग्रह, दो दर्जन के लगभग 'भोजपुरी लोक गीतों' पर लेख लिखे हैं, बिहार रिसर्च सोसायटी, ना० प्र० स० काशी के सदस्य, बिहार सा० स० की स्थायी समिति के सदस्य, भारतेन्दु साहित्य संघ मोतिहारी के संस्थापक, साहित्य मण्डल के सदस्य. इस लोक साहित्य को १० भागों में प्रकाशित करने की योजना है, पताः--ग्राम बगरी, पो० पिपरा कोठी जि० चम्पारन (बिहार)

गणेशदत्त शर्मा 'इन्दु':—भू० सम्पा० बालमनोरंजक, 'हिन्दीसर्वस्व' 'गौड़-हितकारी, साप्ता० 'जीवन' मथुरा आदि आदि जानकारी अंग्रेजी, बंगला, संस्कृत, हिन्दी, गुरुमुखी, उर्दू, प्रकाशित रचनाएँ वैदिक-पताका, भीम चरित्र, भारत में दुर्भिक्ष, खादी का इतिहास आदि आदि, पता—शान्ति कुटीर आगर (मालवा)

गणेशदत्त सारस्वत 'गणेश':—जन्म १९१६, लखनऊ वि० वि० के बी० ए० के छात्र, लेख, कहानी कविताएँ, 'कुसुम' (कवि०) अप्रकाशित पता—माधव कवि-निवास, बिसवां, सीतापुर (अवध)

गणेश पाण्डेयः-- हि० सा० सम्मे० की स्थायी समिति के भू० सदस्य 'तरुण-भारत' के भू० सम्पा०, गाँधीवादी, चित्रादर्श, एकान्तवास आदि के लेखक, पता—दारागंज, प्रयाग

गणेशप्रसाद मिश्र 'श्री इन्दु':— जन्म १९११, गोरखपुर, कई पत्रों के सम्पादकीय विभाग में कार्य किया, प्रकाशित रचनाएँ समाधि गीत, विद्रोही आदि पता—सम्पादकीय विभाग, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा

गणेशरामचन्द्र सावडे:— शिक्षा-बी० ए० टी० डी० रचनाएं प्रासंगिक गौरव पद्य, मंगल विवाहोपनयन पद्यानि आदि, पता:— अध्यापक, पौपूलर इंग० स्कूल सतारा

गणेशप्रसाद शर्मा:—शिक्षा-सा० र०, एम० ए०, एल० एल० बी० हिन्दी प्रचार, अध्यापन, स्फुट रचनाएं, पता-अध्यापक, रामपुरिया हाईस्कूल, बीकानेर।

गणेशप्रसाद साहु:—बी० ए० (पटना वि० वि०) भूतपूर्व एम० एल० ए० बिहार प्रादेशिक सा० सभा के सभापति, भारतेन्दु सा० सं० के सभापति, कारावास भोगी स्फुट रचनाएं, पता:—मोतिहारी (बिहार)

गणेशलाल वर्मा:—शिक्षा सा० र०, सा० ल०, पूर्णिया में केन्द्र व्यवस्थापक-सम्मेलन, देवघर और अ० विद्या०, आलोचनात्मक लिखा है, पता—बनमनखी ग्राम पूर्णिया

गणेशलाल शर्मा:—'प्राणेश':—भारत के प्रमुख पत्रों के स्थानीय प्रतिनिधि,-सा० र०, एम० ए०, प्रकाशित रचनाएं देवीशबरी, गणेश प्रतिभा पता—आचार्य, डी० ए० बी० हायर सै० स्कूल, फीरोजाबाद (आगरा)

गणेशलाल सुराना:—अनेक साहित्यिक और सार्वजनिक संस्थाओं के सदस्य, मद्रास हि० ले० सं० के प्रधान-मंत्री, 'विकास' (हस्त०) के भू० सम्पा० 'बालतरंग' के वर्त्त० सम्पा०, स्फुट रचनाएं, पता:— हिन्दी लेखक संघ, ९७, मिंट स्ट्रीट, मद्रास

गंगाधर प्रसाद श्री वास्तव:—बी० ए०, विद्यालंकार, कांग्रेसी कार्यकर्त्ता रहे, हि० सा० परिषद गोगरी के संस्था०, प्रकाशित रचनाएं 'भोजपुरी भाषा का शब्द संग्रह "फ्रांस की क्रांति" भारतीय शासन,--संपादक "देश", पता--वकील, सीवान, सारन

गंगाप्रसाद पाण्डेय:—ज्योतिषाचार्य, "जयहिन्द" और "भारत" के सम्वाददाता, स्वतन्त्रता आन्दोलन में सक्रिय भाग, प्रकाशित रच० 'सत्यविजय पंचांग', सत्यधर्म- प्रकाशिका पता--बड़ा बाजार, हटा, दमोह

गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही':—'सुकवि' (मासि०) कानपुर के सम्पादक संस्थापक, हि० सा० स० भरतपुर अधिवेशन के अ० भा०

कवि सम्मे० के सभापति, प्रकाशित रचनाएं प्रेम पचीसी, कृषक क्रन्दन संजीवनी (काव्य-संग्रह) पता-- 'सुकवि' प्रेस, कानपुर

गयाप्रसाद त्रिपाठीः—जन्म १६१८, सा० र०, व्याकरण, साहित्य-शास्त्री, रचनाएं-ग्राम्यगीत, सिंहगढ़विजय, (अप्रका०) अध्ययन सम्पादन, पत्रार्थ हिन्दी संस्कृत लेख लिखना पता--श्री देवी-संपद महाविद्यालय, मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर अथवा बेलासदा, भदैयाँ, सुलतानपुर (अवध)

गांगेयनरोत्तम शास्त्री:--विभिन्न साहित्यिक और शिक्षा सम्बन्धी परिषदों के सभापति, सक्रिय सदस्य अथवा संस्थापक, हि० सा० स० मद्रास अधि० के अ० भा० कवि सम्मे० के अध्यक्ष। प्रकाशित रचनाएं-प्रणयपूरण, 'नूतन निकुञ्ज' 'मालिनी-मंदिर' और अमन सभा-नाटक' 'आदि के लेखक, लगभग चालीस ग्रन्थ। पता---२८०, चितरंजन एन्वेन्यू, कलकत्ता

गिरिजाकुमार माथुर:--एम० ए०, एल० एल० बी०, रेडियो पर कविता पाठ, प्रयोगवादी कवि, बुन्देलखण्डीय कवि-परिषद के सम्मानित सदस्य, प्रसिद्ध कवि, पता---लश्कर, ग्वालियर,

गिरिजादत्तः—शिक्षा-एम० ए० (संस्कृत और हिन्दी) अध्यापन वृत्ति, रचनाएं 'अलंकार-चन्द्रोदय' और 'ध्वनि विमर्श' पताः-- अध्यक्ष, हिन्दी-संस्कृत विभाग, मुंशीसिंह कालेज, मोतिहारी

गिरिजादत्तशुक्ल "गिरीश":—बी० ए०, एल० एल० बी०, उ० प्र० हि० सा० सम्मे० के प्रधान-मन्त्री, अ० भा० हि० सा० स० के संग्रह-मन्त्री, प्रकाशित रचनाएं सूर पदावली, गुप्त जी की काव्यधारा, बहता पानी, नादिरा, विद्रोह, जुगनू (कवि) पंडा जी आदि आदि, पत्रकारिता और लेखन पता---दारागंज, प्रयाग

गिरिजाप्रसाद पाण्डेय 'कमल':--'नवभारत' नागपुर के सह० सम्पा० प्रकाशित रचनाएं माधवी कुञ्ज, पराग, स्वर लहरी आदि पता—नवभारत कार्यालय कॉटन मार्केट, नागपुर

गिरिजाशंकर पाण्डेयः--जून १६२५ (जन्म) शिक्षा बी० एस० सी०, "मासिक श्रीकृष्ण" तथा साप्ता० "विस्फोट" के स० सम्पा० आज कल "शान्तिदूत" तथा मासिक "सिनेपत्र छायालोक" का सम्पादन। रचनाएं प्रका० ग्रामणी (कवि०) उदयास्त (कहानी),

शारदा-सेवक:—

गुरूरामप्यारे अग्निहोत्री (परिचय पृष्ठ ४२)

श्री चलसानि सुब्बाराव (परिचय पृष्ठ ५४)

अप्रका० "ब्रज भाषा साहित्य में श्रङ्गार रस" पाषाणी (म० काव्य) आदि आदि पता—सम्पादक "शान्तिदूत (मासिक) अभिमन्यु पुस्तकालय, दश्वाश्वमेध, काशी

गिरिजाशंकर द्विवेदीः—'अभ्युदय' और 'सुधा' के भूत० सह सम्पा०, प्रकाशित रचनाएं भारत की जीवनी, सौमित्र, विवाह और प्रेम आदि, पता—जुबली गर्ल्स इण्टर कालेज, लखनऊ

गिरिजाशंकर शुक्ल 'मतवाला':—विक्रम हिं० सा० स० के मन्त्री, अध्यापन वृत्ति, प्रकाशित रचनाएं परदेशी की डायरी, धूल में लट्ठ, आदि, पताः—शिक्षक, माध्यमिक पाठशाला, जावद (मालवा)

गिरधर शर्मा चतुर्वेदीः—व्याकरणाचार्य, शास्त्री, महा० महो० विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के सक्रिय सहायक और पदाधिकारी रचनाएं धर्म पारिजात, महाकाव्य संग्रह आदि। वर्त्तमान आचार्य महाराजा संस्कृत कालेज, जयपुर। पता—पानों का दरीबा, जयपुर

गिरिधारीलाल वैश्य 'ब्रजेश':—शिक्षा बी० ए० एल० एल० बी० रचनाएं 'पौन-पूत पचासा', 'गौहरेयकता' एक जीवनी, वकालत, पता—रकाबगंज, फैजाबाद

गिरिधारीलाल शर्मा गर्गः—बी० ए० (आनर्स) रचनाएं विमान, कहानीकला, आकाश की सैर आदि, स्फुट लेख। पता-मिरचई गली पटना

गिर्राजकिशोर 'अशोक':—जन्म १६३३, 'साहित्य-परिषद' के संचालक और कलाकार परिषद' के सक्रिय सहयोगी, कवि, चित्रकार कला-अध्यापक, 'प्रवासिनी' (अप्र० काव्य) स्फुट रचनाएं। पता—पण्ड्या गली, हाथरस

गिरिवरधारीसिंह 'मधुर':—रचनाएं स्फुट कहानियां, शांता, परिणाम (उप०) पताः—शारदा-साहित्य-सदन, फुलकहां, हिरम्मा, मुजफ्फर पुर

गिरीन्द्रमोहन मिश्रः—रचनाएं बाणभट्ट, प्रेमसंस्कार, भूकम्प आदि, एम० ए०, एल० एल० बी०। पता—सहायक मैनेजर, दरभंगा राज्य

गीगड़ाराम वर्मा "चंचल":—भूत० सम्पा० "राजस्थान समाचार" और वर्त्त० सह० सम्पादक 'विशाल राजस्थान', हिन्दी की पत्र

पत्रिकाएं, गुटका हिन्दी शब्दकोष प्रकाशित कृतियां हैं, पता—श्रमजीवी संघ, मंडावा, जयपुर

गुणानन्द 'ज्वाल':— 'हिन्दी-सभा' के सक्रिय कार्य०। एम० ए० (संस्कृत-हिन्दी) आलोचनात्मक स्फुट निबन्ध, अध्यापन। पता:—अध्यापक, हिन्दी-विभाग, बरेली कालेज बरेली

'गुरुदयालसिंह 'प्रेमपुष्प'—प्रयाग, आगरा और कलकत्ता में शिक्षा पाई, आदर्श-युवक' मा० के सम्पादक रहे, प्रकाशित रचनाएं, प्रेमवीणा पुष्पाञ्जलि, सुधा आदि, पता—प्रधान-अध्यापक, विक्ट्री हाईस्कूल आजमगढ़ अथवा 'शारदा-सदन' रसड़ा, बलिया

गुरुप्रसाद उत्पल:—समाजवादी विचारधारा के परिपोषक, स्फुट कहानियां और लेख, पत्रकार। पता:—प्रकाशक और प्रबन्ध सम्पादक 'उजाला' साप्ता०, पटना-३

गुरुप्रकाश गुप्त 'मुकुल':—कहानीकार और लेखक, एम० ए० प्रका० रचना "नई कहानियाँ,' पता:—मुंसिफ सदर, बीकानेर

गुरुप्रसाद टण्डन:–राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन के सुपुत्र, सम्मेलन के मन्त्री, मं० प्र० पारितोषिक के निर्णायक, प्रकाशित रचनाएं ब्रजभाषा का साहित्य, मीराबाई का गीतिकाव्य, गुप्त जी का उन्मुक्त काव्य, पता:—अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, विक्टोरिया कालेज, ग्वालियर

गुरुप्रसाद पाण्डेय 'प्रभात':—सा० र०, बी० ए०, कवि सम्मेलनों की और साहित्य-गोष्ठियों की आयोजना द्वारा हिन्दी प्रचार, स्फुट कविताएं, लेख। पता—वकील, फैजाबाद

गुरुभक्तसिंह भक्त:—जन्म १८९९ साहित्य-रत्न बी.ए. एल. एल. बी, रचनाएँ–सरस सुमन, बनश्री, नूरजहाँ, विक्रमादित्य. कुसुम-कुञ्ज, आनरेरी सम्पादन "मानव-सेवक" संसार के विख्यात जनों की अमेरिका से प्रकाशित 'वर्ल्ड बायोग्राफी' में आपकी जीवनी भी है। पत:—सिविल लाइन्स, आजमगढ़।

गुरु रामप्यारे अग्निहोत्री:—जन्म-३ अगस्त १९१५, शिवेन्द्र पुस्तकालय (करी) हिन्दी साहित्य मण्डल, रीवां के संस्थापक, विन्ध्य प्रदेश इतिहास परिषद का संचा०, सम्पादन 'भाष्कर' साप्ता०

"पुलिस-गजट" रचनाएँ नेता गुलाब, बेंकट-बिनोद, कसौटा के बाघेलों का इतिहास आदि। पता:—गुरुकुञ्ज कुटीर, रीवां, उपरहटी (विन्ध्य-प्रदेश)।

गुर्ती सुब्रह्मण्यः—तेलगू, हिन्दी, अङ्गरेजी रचनाएं-हिन्दी साहित्य समीक्षा, आधुनिक काव्य आदि। पता—दारागञ्ज, प्रयाग

गुलाबचन्द काला:—रचनाएं-पंजाब में पाकिस्तानी गुण्डाशाही (जब्त) राजस्थानी परिचय ग्रन्थ, नेताजी, पत्रकार। पता:—प्रधान सम्पा० द० जयभूमि" जयपुर।

गुलाबचन्द गोयल 'प्रचण्ड':—ज० १६२०, एम. ए. एल. एल. बी. सा. र. सा.लं. नवयुग और 'नवयुवक' के भू० स० रचनाएं 'दीपिका' और स्फुट गद्य गीत। पता:—२६ यशवन्त रोड, इन्दौर।

गुलाबराय:—एम. ए. एल. एल बी. छतरपुर महाराज के यहाँ कुछ दिन दार्शनिक अध्ययन में सहायक रहे, अब सैण्ट जान्स कालेज आगरा में प्रोफेसर, अ. भा. ब्र. सा. मण्डल के एक प्रमुख पदाधिकारी. "साहित्य-सन्देश" आगरा के सम्पादक, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, रचनाएं तर्क शास्त्र (तीन भाग) हिन्दी साहित्य का सुबोध इति०, हिंदी नाट्य-विमर्श प्रबन्ध प्रभाकर आदि २।
पता:—गोमती निवास. दिल्ली दरवाजा, आगरा।

गुलाबसिंह ठाकुर:—ज० १६१६ सा. र. श्री रुद्र संस्कृत पाठशाला, महेन्द्र कन्या पाठशाला का संचालन. श्री गां. स्मा. जू० हा० कूल के प्रधान मन्त्री प्रिय. विषय शिक्षा प्रसार। पता—ग्राम-अमलेया, पो० बारा, जिला प्रयाग।

गेंदालाल सिंघई:—जन्म-१६२१, रचनाएं, प्राणों का सङ्गीत दिरी आदि। पता—सञ्चालक, सिंघई प्रेस, पछार (ग्वालियर)

गोकुलचन्द्र शर्मा:—शिक्षा-सासनी, हाथरस, आगरा वि० १०से एम० ए० में फर्स्ट क्लास फर्स्ट, धर्म-समाज डिग्री कालेज, अलीगढ़ के भू० अध्यक्ष हिन्दी-संस्कृत विभाग, रचनाएं-प्रण-वीर ताप, गांधी-गौरव, मानसी, निबन्ध नीरव आदि।
पता—विष्णुपुरी, अलीगढ़।

गोकुलानन्द तैलंग:—'शुद्धाद्वैत एकेडेमी' कांकरौली के स० मन्त्री

'दिव्यादर्श' के सम्पा० विभाग में रहे, कवि सम्मेलनों के संयोजक रहे, रचनाएं—नाम महात्म्य, दिव्यादर्श, स्वर सागर। पता—विद्या-विभाग, कांकरौली (राजस्थान)।

गोपालचन्द्र पाण्डेयः—जानकारी अङ्गरेजी, फ्रेंच, पाली, और बंगला। रचनाएं, इङ्गलैण्ड का इतिहास, दिव्य जीवन की ओर, रहस्य-भेद, एक रात आदि, अध्यापन वृत्ति। पता—चम्पानगर, भागलपुर।

गोपालचन्द्र 'सुगन्धी':—एम० ए० (राजनीति-इतिहास) रचनाएं-धार-राज्य का भूगोल, 'मालवा के सुलतान' पर थीसिस पी. एच. डी. के लिए। पता—छलाड़ गली, धार।

गोपालदास गज्जा'—जन्म १० जून, १६०६, इङ्गलिश, हिन्दी, संस्कृत में एम० ए० सा० र०, भू० प्रो०, देव समाज डिग्री गर्ल्स कालेज, लाहौर, भूत० रिसर्च स्कॉलर विश्वेश्वरनाथ वैदिक रिसर्च इन्स्टी० डी. ए. वी. कालेज आदि। रचनाएं-मैट्रीकुलेशन संस्कृत ट्रान्सलेशन, मण्डल-संस्कृत-साहित्य-मंजरी, विश्व की विभूतियाँ, मेघनाद-वध और कविता संग्रह (अप्र०)। पता—नथावतों, कला की गली, जोधपुर (राजस्थान)।

गोपाल जी झा 'गोपेश':-२ जनवरी १६३१, पटना कालेज में बी० ए० के छात्र (दर्शन और हिन्दी) कई लेख प्रकाशित हो चुके हैं, निबन्ध, सौर्टस्टोरी, शब्द चित्र और कहानियाँ भी लिखते हैं, प्रकाशन पथपर-नीतिशास्त्र के तत्त्व' 'गुञ्जन और पन्त (आलो०) घेरे में अनर्थ उपन्यास। पता—C/o प्रो० अनिरुद्ध झा, एम. ए. जैक्सन होस्टल, पटना कालेज, पटना।

गोपालनारायण 'शिरोमणि':—कई वर्ष से 'सैनिक' आगरा के प्रबन्ध सम्पादक, बी० ए०, एल० एल० बी० स्फुट लेख।

पताः—'सैनिक" (दैनिक) आगरा।

गोपालप्रसाद व्यासः—शिक्षा-मैट्रिक, सा० र०, मथुरा 'साहित्य-सन्देश' आगरा के भू० स० सम्पादक, अ० भा० ब्र० सा० स० मथुरा के प्रमुख कार्यकर्त्ता, हास्यरस के लब्ध प्रतिष्ठ कवि, "हिन्दुस्तान" (दै०) के हास परिहास लेखक पता:—मानव धर्म, कार्यालय, पीपल महादेव दिल्ली।

गोपाललाल खन्नाः—स्व० डा० श्यामसुन्दरदास के सुपुत्र, रचनाएं हिन्दी भाषा और साहित्य, काव्य कलाप, काव्यालोचन। अब धर्म समाज टीचर्स ट्रेनिङ्ग कालेज में अध्यापक पताः—भाखरी हाउस, विष्णुपुरी, अलीगढ़।

गोपाल 'व्यास':—सा० र०, एम. ए. में आगरा वि० वि० से सर्वोपरि स्थान प्राप्त, रचनाएं-कालीदास प्रेरित मूर्तिकला(अनु०), आलोचनात्मक निबन्ध संग्रह, पताः—अध्यापक, माधव कालेज, उज्जैन।

गोपालबाबू 'प्रभाकर':—साप्ता० 'दिल्लगी' के भू० सम्पादक (१६५०-५१) कॉलेज के दरबारी कवि, कविता लिखने की प्रवृत्ति, बारहसैनी डिग्री कालेज अलीगढ़ के छात्र, पताः—श्रीनगर, हाथरस (अलीगढ़)।

गोपालशरणसिंहः—नई गढ़ी (रीवां) के इलाकेदार, मध्यभारत की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी, भारत विख्यात द्विवेदीयुग के कवि, रचनाएं माधवी, कादंबिनी, मानवी, ज्योतिष्मती पताः—नईगढ़ी, रीवां।

गोपाल शर्माः— एम. ए. बी. टी., डा० रघुवीर के साथ पारि० शब्दों और पुस्तकों के सृजन में व्यस्त, मध्य प्रान्तीय शिक्षा विभाग में प्रोफेसर, पता ओल्ड असेम्बली रेस्ट हाउस, नागपुर।

गोपाल शास्त्रीः—काँग्रेसी कार्यकर्त्ता, कारावास भोगी, रचनाएं हिन्दी दीपिका, हिन्दू धर्मोपदेशिका, पाणिनीय प्रबोध आदि बनारस विद्यापीठ में अध्यापक पताः—केसरी कुञ्ज, सीगरा, बनारस।

गोपालसिंह कालाकोटी गुसाईंः—शिक्षा वी. टी. सी. विशारद, क्षत्रिय जन्म पर्वतीय प्रदेश अलमोड़ा, प्रका० सम्पा० 'सहयोग' (मासि०) 'शक्ति' अल्मोड़ा के नियमित लेखक, रचनाएं कुमुद ग्राम, आत्म चरित, पताः—कुमुद ग्राम, चौंरा, अल्मोड़ा।

गोपालसिंह नैपालीः—सिने गीतकार, हिमालय और नैपाली पिक्चर्स के निर्माता, भू० स० 'रतलाम टाइम्स' मालवा, 'चित्रपट' दिल्ली, 'सुधा' लखनऊ, 'योगी' साप्ता० पटना। रचनाएं पंछी, कल्पना, नीलिमा आदि, पताः—६७ घोड़ बन्दर रोड, मलाड, बम्बई।

गोपीकृष्णप्रसादः—भूतपूर्व सम्पा० 'जनता' और 'विश्वमित्र' पताः—सोशलिष्ट पार्टी, बाँकीपुर (पटना)

गोपीकृष्ण शास्त्री द्विवेदीः—सिन्धिया ओ० इन्स्टीट्यूट में रिसर्च, रचनाएं महाकवि हर्ष, रस निरूपण आदि, पताः—सराफा बाजार, समीप मदनमोहन मन्दिर, उज्जैन।

गोपीनाथ तिवारीः—सं० १६७० धामपुर, बिजनौर, कई साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी, जानकारी हिंदी संस्कृत, पाली उर्दू अँग्रेजी राजस्थानी, रचनाएं प्रभापुञ्ज (कहा०) तुलसीदास (आलो०) निबंध निचय (निबंध) पद्यावली आदि (सम्पा०) बाल साहित्य भी लिखा है। सम्पा० 'सुमन' मासिक। पताः—अध्यक्ष हिन्दी विभाग, सैण्ट एन्ड्रूज कालेज, गोरखपुर।

गोपीनाथ वर्माः—रचनाएं संयोगिता और स्फुट निबन्ध। पताः—नाँद (बिहार)

गोपीवल्लभ उपाध्यायः—भू० स० 'चित्रमय जगत' 'नवजीवन' पंचराज, भ्रमर, औदीच्य बन्धु 'वीणा' और वर्त्त० प्र० सम्पा० 'विक्रम' मासिक रचनाएं भाग्य रेखा, संस्कृत संगम, वाग्विहार तथा अनेक अनुवादित ग्रन्थ। पताः—'औदीच्य बन्धु' कार्यालय बिजली-घर के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन।

गोरखनाथ चौबेः—शिक्षा एम० ए० (पॉलिटिक्स) कई स्थानों पर अध्यापन, राजनीति और नागरिक शास्त्र के सर्वाधिक लोकप्रिय और कुशल लेखक, रचनाएं राजनीति के सिद्धान्त नागरिक जीवन (चार भाग) नागरिक सिद्धान्त, कौमुदी, भारतीय नागरिकता और शासन आदि, पताः—महिला शिक्षा परिषद्, प्रयाग।

गोबर्द्धनदास त्रिपाठीः—रचनाएं संगम (उप०) स्पन्दन, दो पंछी पताः—प्रेमाश्रम, बलखण्डी नाका, बाँदा।

गोवर्द्धननाथ शुक्लः—शिक्षा एम. ए. बी. टी. सा. र. हिन्दी प्र० स० के संस्था०, हिन्दी प्रचारक। पताः—साहित्य कुटीर, खाई डोरा, अलीगढ़।

गोबर्द्धनलाल काबराः—रचनाएं स्फुट, हिन्दी प्रेमी, पताः—कुचामनी हवेली, जोधपुर।

गोबर्द्धनलाल गुप्तः—भू० सम्पादक 'साहु मित्र', आजकल 'गौ-शुभ चिन्तक' के सम्पा० रचनाएं। नीति-विज्ञान, प्राचीन ग्रीस

का शासन विज्ञान, युद्ध क्यों, आदि, पताः—पुरानी गोदाम, गया।

गोविन्ददासपुरोहित 'हृदय':—रचनाएं स्फुट, पताः—ताल बेहट झांसी।

गोविन्ददास 'विनीत':—जन्म सम्वत १६५१ हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, रचनाएं प्रिया या प्रजा, बाल स्वास्थ्य, श्रीकृष्ण कथामृत आदि, पता—दीन कुटीर, तालबेहट, (झांसी)

गोविन्ददासः—गान्धीवादी, कांग्रेसी मैम्बर पार्लियामेण्ट, सुप्रसिद्ध नाटककार, अ० भा० ब्र० सा० म० के हाथरस अधिवेशन के (१६५२) सभापति, रचनाएं हर्ष, कर्त्तव्य, सप्तरश्मि, शशि गुप्त आदि अनेक नाटक। पताः—हनुमान ताल, जबलपुर।

गोबिन्द नरहरि बैजापुरकरः—भू० सम्पा० 'ज्योतिष्मती' अच्युत काशी, 'सनातन' 'जोधपुर', दैनिक, रविवासरीय और मासिक सन्मार्ग काशी के भी सम्पादक, पता—टाउन हाल, बनारस,

गोबिन्दप्रसाद शर्माः—शिक्षा एम० ए०, एल० एल० बी० (प्रयाग) एल० एल० एम० (बम्बई) अंग्रेजी पत्रों के स्था० प्रतिनिधि, कटनी सा० स० के मन्त्री रहे, पता—ओरियंटल पॉटरीज लि०, हनुमान गंज, कटनी

गोविन्दराम 'अज्ञात':—एम० ए० आगरा में सर्वोपरि ३, सम्पा० दैनिक 'प्रताप' कानपुर, रचनाए, अमृतकन्या, मरघट, वे तीन विद्रोही (नाटक) भाई-बहन, आँख-मिचौनी, दीपदान, पताः—सम्पादक 'श्रमजीवी', लखनऊ

गोविन्दलाल व्यासः—हिन्दी प्रचार, रचनाए स्फुट पता—अध्यापक, हि० गुज० हाई स्कूल अकोला, बरार

द्वारिकाप्रसाद मिश्रः—मध्यप्रान्त के भूतपूर्व गृह मन्त्री, कांग्रेस की मिनिस्टरी से त्यागपत्र, लोकमत, शारदा (मा०) तथा 'सारथि' के ख्याति प्राप्त भू० सम्पादक, राष्ट्रीय आन्दोलनों में क्रियात्मक भाग लिया, गत चुनावों में असफल, रचनाएं स्फुट लेखादि तथा रामायण के सदृश 'कृष्णायन' महाकाव्य जो आपकी कीर्ति को सदैव अमर रखेगा। पताः—'सारथि' कार्यालय, जबलपुर।

धन्यकुमार जैनः—'विशाल-भारत' के भू० सं० लब्धप्रतिष्ठ लेखक, 'उदय की ओर' 'थर्ड-क्लास' आदि के रचयिता। पता-हिन्दी ग्रन्थागार, पी० कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता।

धन्यकुमार जैन "सुधेश":—सं-१६८४, रचनाएं अनुमानतः २०० कविताएं और १० काव्यों का सृजन, विराग (भावात्मक खण्ड काव्य) उदय-काव्य वीरायण, मुण्डमाल (अतीत, महल, हाथरस द्वारा प्रकाशित)। पता-नागौद (जि० सतना) विन्ध्य-प्रदेश।

धनञ्जय भट्ट 'सरल':—स्व० बालकृष्ण भट्ट जी के पौत्र, संपा-

दित ग्रन्थ-भट्ट-निबन्धावली, भट्ट—नाटकावली इत्यादि, अहियापुर, प्रयाग।

धनराज जोशी 'हिमकर':—रचनाएं-नकली गान, स्फुट कवितायें पता—असिस्टेण्ट टीचर, हिन्दी प्राथमिक शाला, सोहागपुर।

धर्मपाल गुप्त 'शलभ':—पत्र-प्रतिनिधि तथा गीतकार, पता—इ क्टर, बरेली।

धर्मपाल 'गुप्त':—'रंगभूमि (मासिक) दिल्ली के सञ्चा० सम्पा० पता—५६५ कूचा सेठ, दरीबा कलाँ दिल्ली।

धर्मपाल 'विद्यालंकार':—'आर्यमित्र' 'तेज' तथा दै० 'वीर अर्जुन' के भू० स०, दर्शन और आर्यसमाज सम्बन्धी अनेक पुस्तकों के प्रणेता, टिकैतगञ्ज, बदायूँ।

धर्मवीर 'भारती':—नये युग की नई पीढ़ी का युग-कलाकार प्रगति शील कवि, लेखक नाटककार, कहानीकार, पत्रकार' 'संगम' के सम्पादकीय विभाग में कार्य करते हैं। पता—"संगम" साप्ता०, प्रयाग।

धर्मवीर:—विदेशों में पर्याप्त भ्रमण, कई पत्रों के भू० सं०, रचनाएं-संसार की कहानियाँ, पंजाब का इतिहास, दक्षिण का इतिहास कला और हिन्दुत्व प्रेमी,। पता—आकाशवाणी प्रकाशन लि० गोपालनगर, जालंधर।

धर्मवीर प्रेमी:—रचनाएं-प्रबन्ध-बोध, आर्य जगत के उज्ज्वल रत्न आदि। पता—प्रिन्टिंग प्रेस, मेरठ।

धर्मेन्द्र अधीर:—उदीयमान भावुक कवि और लेखक, अभी आपसे बहुत सी आशाएं हैं, पता—मण्डी चोब, अमरोहा, मुरादाबाद

धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी:—विद्वान् लेखक, पटना कालेज के भू० हिन्दी विभागाध्यक्ष। प्रकाशित रचनाएं हरिऔध जी का प्रिय प्रवास, निर्गुण साहित्य में दरिया साहिब। पता—इन्सपेक्टर आफस्कूल्स, छोटा नागपुर, राँची।

धीरेन्द्र वर्मा:—हिन्दी के लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकार, शिक्षा एम. ए. तक तथा पेरिस यूनीवर्सिटी से डी. लिट्, अनेक साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्धित, प्रकाशित पुस्तकें हिन्दी भाषा और लिपि,

ब्रजभाषा व्याकरण आदि। पता:—अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग।

धीरजलाल चतुर्वेदी:—जन्म ४ अप्रैल १९१७, कवि, लेखक, पत्रकार, ब्रज साहित्य मण्डल तथा हिन्दी-साहित्य परिषद, मथुरा के सदस्य। पता:—सहायक अध्यापक, माध्यमिक राज विद्यालय (माता-गली) मथुरा।

नलिनी रंजन बन्धोपाध्याय:—'तरुण संघ' के मन्त्री, एम. ए. (हिन्दी) के विद्यार्थी, साहित्यिक अभिरुचि, 'त्यागवीर ग्लक' (अनुवादित) 'व्यक्ति और 'समाज' और Sex a problem पुस्तकें प्रेस में पता:—चम्पानगर (भागलपुर)।

नलिनीबालादेवी:—रचना-'शकुन्तला'। पता:—काली बाड़ी, छपरा।

नलिनीबाला देवी:—रचनाएं छायालोक, शिशुकथा (असमिया) आदि। पता:—राष्ट्र भाषा प्रचारिणी समिति, गुवाहाटी, आसाम।

नलिन विलोचन शर्मा:—प्रका०-दृष्टिकोण साहित्यिक-लेख। पता:—हिन्दी विभाग, पटना कालेज, पटना।

नन्दकुमार शास्त्री:—श्री 'शारदा सदन' के केन्द्र व्यवस्थापक, साहित्यिक अभिरुचि। पता—कुमार कुटीर, लक्ष्मणगढ़ (जयपुर)।

नन्दकुमारदेव वशिष्ठ:—अ० भा० कांग्रेस सेवादल के मासिक मुखपत्र 'स्वयं-सेवक' के सम्पादक-मण्डल के सदस्य, राष्ट्रीय आन्दोलन में अग्रणी, हाथरस तहसील से नव निर्वाचित कांग्रेसी एम. एल. ए., स्फुट लेखन। पता:—(वर्त्तमान) हाथरस, स्थायी लखनऊ।

नन्दकुमार शर्मा:—रचनाएं-भगवती भागीरथी, परशुराम स्तोत्र पीयूष प्रभा आदि। पता:—अनाह दरवाजा, भरतपुर।

नन्दकिशोरसिंह:—रचनाएं आभा, रणभेरी। पता:—रोसड़ा, दरभंगा।

नन्दकिशोरसिंह 'किशोर':—कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक, रचनाएं नारी, हृदय, अरुणा आदि। पता:—शाहाबाद (बिहार)।

नन्दकिशोर झा 'किशोरः—रचनाएं'-प्रिय मिलन, हृदय आदि। पताः—श्रीनगर, बतिया, चम्पारन।

नन्दचतुर्वेदीः—स्फुट लेखन। पताः—सम्पादक "जयहिन्द" (साप्ता०) कोटा।

नन्ददुलारे बाजपेयीः—भारत के लब्धप्रतिष्ठ लेखक और समीक्षक, अनेक ग्रन्थों का संकलन सम्पादन और सृजन कई साहित्यिक संस्थाओं से सम्बद्ध। पताः—अध्यक्ष एवं डीन कला विभाग, सागर विश्वविद्यालय, सागर।

नगेन्द्रः—सुप्रसिद्ध आलोचक, रेडियो कलाकार। पताः—हिन्दी समाचार विभाग, आलइण्डिया रेडियो, दिल्ली।

नत्थूलाल विजय वर्गीयः—मध्य भारत में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापक, स्फुट कविताएं, गद्य काव्य और आलोचनात्मक लेख लिखे है। पताः—सहायक एकाउण्टेंट 'दि बैंक आफ इन्दौर' २४६८ गोकलगंज, महू, (मध्य-भारत)।

नरदेव शास्त्रीः—आर्यसमाज जगत के सुप्रसिद्ध लेखक, एम. एल. ए, कई किताबें प्रकाशित। पताः—मुख्याधिष्ठाता, महाविद्यालय ज्वालापुर, हरद्वार।

नरदेव स्नातकः—संसद सदस्य, स्फुट लेखन, राष्ट्रीय आन्दोलनों में सक्रिय भाग। पताः—द्वारा, संसद भवन, नई दिल्ली।

नरसिंह राम शुक्लः—मासिक 'सजनी' 'साजन' के सम्पादक प्रकाशक दर्जनों पुस्तकों के प्रणेता, जिनमें 'किसान की बेटी' देवदासी बेगम, सौन्दर्य और श्रृङ्गार प्रमुख हैं। पताः—जार्ज टाउन, प्रयाग।

नरसिंह चन्द्र जोशी—स्फुट लेखन, 'कल की दुनिया' और 'जनमत' के सम्पादन में योग। पता—सरस्वती सदन, जालोरी गेट, जोधपुर।

नरसिंहपाण्डेय पथिक—फुटकर लेखन। पता—अध्यापक, डी. ए. वी. हाईस्कूल, आसनसोल।

नरसिंहदास अग्रवाल—फुटकर कविताएं। पता—सदर बाजार जबलपुर।

नरेन्द्र शर्माः—सुप्रसिद्ध प्रगतिशील कवि, उच्च मासिक पत्रों में कविताएं और रेडियो से गीतों का प्रसरण। पता—इलाहाबाद।

श्री देवीदास शर्मा

(परिचय पृष्ठ ७५)

श्री धर्मेन्द्र "अधीर"

(परिचय पृष्ठ ७८)

नरेन्द्र चौधरी—कहानीकार और लेखक, शैतान और तूफान आपकी लिखी रचनाएं हैं। पता:—माछरा, जिला मेरठ।

नरेन्द्रदेव आचार्य—प्रसिद्ध समाजवादी नेता, शिक्षा विशेषज्ञ, संघर्ष (साप्ता०) लखनऊ के सम्पादक, लखनऊ यूनीवर्सिटी के कई साल तक उपकुलपति, अखिल भारतीय जनपद साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष। पता:—नया हैदराबाद, लखनऊ।

नरेन्द्रसिंह तोमर—रचनाएं-पगडण्डी, देहाती-दुनियां आदि पता:—२७ वियाबानी, इन्दौर।

नरोत्तमदास पाण्डेय मधु—रचनाएं-राशि शतक, मुरलीमाला पता:—मऊ, झांसी।

नरोत्तमदास स्वामी—कई साहित्यिक और शैक्षणिक संस्थाओं के मान्य सदस्य, अनेक संशोधित, सम्पादित और सृजित पुस्तकें, सर्वमान्य विद्वान लेखक। पता:—अध्यक्ष हिन्दी विभाग, डूंगर कालेज, बीकानेर।

नरोत्तमप्रसाद नागर—कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक, रचनाएं 'गृहस्थी के रोमांस' 'दिन के तारे' आदि। पता:—इण्डियन प्रेस, प्रयाग।

नरोत्तम प्रसाद बाजपेयी—स्फुट लेखन। पता:—सुपरिंटेंडेंट, राजकीय नार्मल स्कूल छात्रालय, रामपुर।

नर्वदाप्रसाद खरे—रचनाएं-स्नेह पाथेय, नीराजना, बांसुरी आदि। कई पत्रों के सम्पादक। पता:—फूटाताल, जबलपुर।

नर्वदाप्रसाद मिश्र—विविध विषयों पर स्फुट लेखन। पता:—मिश्रबन्धु कार्यालय, जबलपुर।

नर्वदाप्रसाद भावसार, "नर्मदेश"—बी. ए., रचनाएं-विद्रोही के स्वर, नव-निर्माण। पता:—भावसार-भवन, भेलसा, ग्वालियर,

नर्मदाशङ्कर रामकरण मिश्र—स्फुट रचनाएं। पता:—सेगांव मध्य-भारत।

नर्मदेश्वर चतुर्वेदी—स्फुट लेख, कहानी। पता:—बलिया।

नर्मदेश्वर पाण्डेय 'राम'—स्काउट विषयक कई पुस्तकें लिखी हैं। 'नीलिमा' प्रकाशन के संस्थापक। पता:—बड़ी पटनदेवी, गुलजार बाग; पटना।

नवगोपाल दास—पी. एच. डी, अर्थ-शास्त्र (लन्दन) आई. सी. एस., श्रम-शास्त्र, विशेषज्ञ एवं प्रतिभावान लेखक। पता:—

पुनर्वास-काम दिलाऊ विभाग के डायरेक्टर जनरल, श्रम-मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।

नवलकिशोर गौड़—स्फुट रचनाएं। पताः--हिन्दी अध्यापक, बी० एन० कालेज, पटना।

नवलकिशोर सिंह 'नवेन्दु'—प्र० तेज-पुत्त की कहानी, संवाद-दाता। पता:--'सर्चलाइट' कार्यालय, पटना।

नवीन नारायण अग्रवाल—राजनीतिक समसामयिक विषयों के उदीयमान लेखक, "राष्ट्रीय स्व०से०सं० क्या है ?" 'बापू का बलिदान हमारे लिए खुली चुनौती है।' आदि पुस्तकें काफी लोकप्रिय हुई हैं, अभी आपसे बहुत सी आशाएं हैं। पताः—प्रोफेसर, 'राजनीति-विभाग' बलवन्त राजपूत कालेज, आगरा।

नागरमल सहलः—स्फुट समीक्षात्मक लेख। पताः--प्राध्यापक महाराणा कालेज, जयपुर।

नागेन्द्रप्रसाद वर्माः—रेडियो से कहानी और रूपक प्रसारित होते हैं, प्रका० पगदण्डी और स्केच। पताः--"स्वदेश" (सा०) पटना।

नाथूलालअग्निहोत्री 'नम्रः—शास्त्री, साहित्य रत्न, जन्म, २८ अप्रैल १६०६, प्रकाशन-नम्रलता, गीतिहार, उद्यान वनस्थली (महाकाव्य) कई अनुवादित पुस्तकें। पता:—चौधरी मुहल्ला, बांस बरेली।

नाथूलाल जैन 'वीर':—स्फुट लेखन। पताः--एडवोकेट (राज-स्थान हाईकोर्ट) रामपुरा बाजार, कोटा।

नाथूलालः—जैन धर्म सम्बन्धी कई पुस्तकें लिखी हैं।
पता:—संपादक-खण्डेवाल जैन हितेच्छु, इन्दौर।

ना० नागप्पा:—दक्षिण भारत में हिन्दी के प्रबल समर्थक, प्रचारक और लेखक, रचनाएं द्रविड़ भाषाएं और हिन्दी, 'अवण बेकगोक का अनुवाद। पता:-१६१६, होसकेरी, लक्ष्मीपुरम्, मैसूर।

नान्हूराम राजगुरुः—रचनाएं ग्रामोन्नति, साहित्य सुधा आदि। पता—प्रधानाध्यापक, कुकढ़ेश्वर, होलकर राज्य।

नानकचंद श्रीवास्तवः—रचनाएं 'कामदेव विजय' कामदेव संग्रह। पता—लायल कालेजिएट स्कूल, बलरामपुर, गोण्डा।

नारायण कृष्ण 'पन्त'—एम० ए०, अर्थशास्त्र विषयक नवोदित लेखक। पतः—अध्यापक, श्रम-विषय, दिल्ली विश्व-विद्यालय।

नारायणदत्त बहुगुणाः—साहित्यालंकार, रचनाएं वेदना, विभूति

विभावरी, मधुमास, निर्झरिणी आदि। पता--साहित्य सदन, गौचर, गढ़वाल (उत्तर प्रदेश)।

नारायणी कुशवाहा:-रचनाएं 'अरमान' (उपन्यास) चिनगारी की नारी स्तम्भ लेखिका, स्वर्गीय कुशवाहा कान्त की सम्बन्धी। पता:—'चिनगारी' कार्यालय बनारस-१

नारायणदत्त शर्मा:—रचनाएं राजबाला, विद्रोही आदि, चम्पा अग्रवाल कालेज में हिन्दी-विभागाध्यक्ष। पता:-साहित्य-सदन, मथुरा।

नारायणप्रसाद विल्लोरे 'मयङ्क':--रचनाए-'श्री पवन पूत पच्चीसी', कुमुदिनी, पता:-मु पो० ऊन वाया खरगौन (म०भा०)।

नारायणप्रसाद अरोड़ा:—रचनाएं-लाला हरदयाल के स्वाधीन विचार आदि लगभग ३० पुस्तकें लिखी हैं, अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के गणयमान्य सदस्य। पता:-भीष्म एण्ड कम्पनी, पटकापुर, कानपुर।

नारायणप्रसाद माथुर 'नरेन्द्र':—फुटकर लेखन। पता:-प्रधानाध्यापक, पबई, भिलासा, ग्वालियर।

नित्यानन्द सारस्वतः -रचनाए-'काव्य-प्रकाश' की टीका, रसप्रकाश-सुधाकर आदि, । पता:-प्रधानाध्यापक, आयुर्वेद-विभाग बिड़ला कालेज, पिलानी (जयपुर)।

नित्यानन्द सहाय:-स्फुट लेखन, पूरब-सराय, मुंगेर।

नित्यानन्द शास्त्री:-रचनाएं लगभग दो दर्जन हिन्दी और संस्कृत में ग्रन्थ, । पता:-अध्यक्ष, राजकीय पुस्तकालय, जोधपुर।

निरंकारदेव "सेवक":—रचनाएं-कलरव, स्वस्तिका जनगीत, चिनगारी, बालसाहित्य के प्रसिद्ध लेखक, प्रगतिशील कवि।

पता:-सेवा सदन, सैदपुरिया, बरेली।

निरंजनदेव वैद्य 'प्रियहंस':-कई पत्रों के सम्पादन में योग, रचनाएं-प्रमुख हिन्दी कवि, हिन्दी-वेणी-संहार नाटक आदि।

पता:-आर्यसमाज, दयानन्द सेवाश्रम, बदायूँ।

निरंजनलाल शर्मा:-"भारत" की खनिज सम्पत्ति, आपकी प्रकाशित पुस्तक है, 'मिनरालोजी' के ऑनरेरी सम्पादक, ।
पता-अध्यापक, इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद।

निर्भय-जनकवि:--जन्म देवोत्थान १९८३ विक्रम एदलपुर जि० मथुरा। प्रसिद्ध लोक-गीत कार। "हो हमारे बालमा, हो हमारे

साजना" गीत तो इतना प्रसिद्ध और लोकप्रिय हुआ है, कि उसके अब तक १४ संस्करण हो कर लगभग, ६,००,००० प्रतियाँ समाप्त हो चुकी हैं। जनकवि के साथ-साथ जनसेवक भी है, किसी पर किसी का भी अन्याय देखा नहीं जाता। हाथरस के ऐतिहासिक 'गधा-केस' के प्रमुख नेता, अत्याचारियों के लिये हौआ, पीड़ितों के सेवक, स्वभाव से सन्त, जीवन में मस्ती, नगर भर के प्रिय, स्पष्ट वक्ता, ज्योतिष का ज्ञान, सरस्वती के सत्यनिष्ठ सेवक। आपका हाथ तंग है, लेकिन दिल नहीं। व्यङ्गात्मक हास्य के उच्चकोटि के कवि, लेखक, पत्रकार, गूढ़ार्थ शब्दाचार्य, कविताओं में प्रत्येक अवस्था के श्रोताओं अथवा पाठकों को एक साथ प्रसन्न करने की पूर्ण क्षमता, रहन-सहन वेश-भूषा सभी से वैराग्य सा, मीना बाज़ार, सिंहगढ़, कारागार, शिवापत्र, गुरु गोविन्दसिंह, स्वराज्य, कवि की पत्नी, उरोज, कवि और कुत्ता, ग्राम्यबाला, गौशाला, पीर, अखण्ड हिन्दोस्थान, नोआखाली की दिवाली, ढोंगी नेता चालीसा (५,००,००० से भी अधिक छप चुकी है) आदि लगभग दो दर्जन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जनसेवा और लिखना पढ़ना ही व्यसन है। हिन्दुत्व पूर्ण प्रकाशनों पर अखिल भारतीय आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ, दिल्ली से श्री सेठ जुगलकिशोर बिड़ला द्वारा पुरुष्कार प्राप्त हो चुका है, "गुरु गोविन्दसिंह" पुस्तक को उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान सरकार ने जब्त कर रखा है। सर्वत्र कवि सम्मेलनों में धाक जमी रहती है। प्रेम के भूखे हैं, अधिकांश कवियों की भाँति पैसे के नहीं। नव रसों में सिद्धता प्राप्त, जिस रस की कविता सुनाने बैठ जाते हैं, उसी रस के साकार रूप प्रतीत होते हैं। हास्यरस में पूर्ण प्रसिद्धता तथा प्रमुखता प्राप्त आज कल एक विशाल सरस्वती मन्दिर बनाने की चिन्ता में संलग्न। पताः—जनकवि निर्भय, हाथरस (उत्तर-प्रदेश)।

निर्मला कुमारी माथुरः—रेडियो पर कविता-पाठ करती हैं, स्फुट गीत और कहानियाँ लिखी हैं। पताः-७, दरियागञ्ज, आनन्दलेन, दिल्ली।

नीलकण्ठ तिवारीः—सिने गीत, सम्वाद और फिल्म कहानी-कार एवं अभिनेता, 'इन्द्रधनुष' तथा दो अन्य कविता संग्रह आपने लिखे हैं। पताः-श्रीपत भुवन, वाडिया स्ट्रीट, तारदेव, बम्बई।

नीतीश्वर प्रसाद सिंहः—फुटकर लेखन। पताः-मन्त्री, सुहृद-संघ, मुजफ्फरपुर।

शारदा-सेवकः—

[जनकवि 'निर्भय']

परिचय पृष्ठ ८३ पर

पृथ्वीसिंह चौहान 'प्रेमी' साहित्यरत्न—'पृथ्वीराज रासो' का शोध कार्य एवं सम्पादन, कई पत्रों में कविताएं प्रकाशित होती हैं, पता—पो० भींडर (राजस्थान) वाया मावली जंक्शन।

पृथ्वीनाथ 'पुष्प'—प्रगतिशील लेखक, काश्मीरी साहित्यक परम्परा के उन्नायक। पता--हिन्दी विभागाध्यक्ष, गवर्नमेण्ट कालेज, जम्मू,

पृथ्वीराज कपूर—सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, लोक-परिषद के मनोनीत सदस्य, प्रगतिशील विचार धारा के कलाकार। पता--बम्बई।

नीरजः--शिक्षा एम० ए० प्रगतिशील कवि और सुप्रसिद्ध गायक कवि। पताः—कानपुर।

नेमिचन्द्र जैनः—रचनाएं-मुहूर्तदर्पण, राशि विज्ञान आदि।
पतः—अध्यक्ष, जैन सिद्धान्त-भवन आरा।

नेमीचन्द जैन 'भावुक':—राजस्थान के तरुण पत्रकार और मारवाड़ जिला कुमार-साहित्य परिषद के सक्रिय कार्यकर्त्ता-पदाधिकारी, संस्थापक मां भारती के सच्चे सेवक, कई पत्रों के सम्पादन में योग और स्थानीय पत्र-प्रतिनिधि। पताः-मिरची बाजार, जोधपुर।

एन० जी० रंगा; प्रोफेसरः—भूतपूर्व संसद-सदस्य, अ० भा० कृषिकार लोक-पार्टी के नेता, दक्षिण की समस्त भाषाओं के जानकार, 'किसान और कम्यूनिष्ट' और बुनकरों की समस्याओं के सुलेखक। पताः—२ फीरोजशाह रोड, नई सड़क दिल्ली।

'पथिक' विशारद—साहित्यिक अभिरुचि, स्फुट लेखन। पता--असिस्टेण्ट हैड मास्टर, विद्या निकेतन स्कूल, कठघर, मुरादाबाद (उत्तर--प्रदेश)

पतराम गौड़ 'विशद'—रचनाएं--रेगिस्तान, चौबोली, वीर--सतसई (सम्पादित)। पता-प्राध्यापक, बिड़ला कालेज, पिलानी (जयपुर)

पतञ्जलि हर्ष—रचनाएं--स्फुट, पता-हर्ष आयुर्वेदिक फार्मेसी, टिकैतगञ्ज (बदायूं)।

पंढरीनाथ मुकुन्द डांगरे—बी. ए., बी. टी., राष्ट्रभाषा कोविद 'जय-भारती' (मासिक) का सम्पादन, हिन्दी--प्रचारक। पता-८६६ सदाशिव पेंठ, शनिवार के पास; 'ताराचन्द मार्कट', पो० बा० नं० ५५८, पुणें--२।

पृथ्वीसिंह चौहान 'प्रेमी' साहित्यरत्न—'पृथ्वीराज रासो' का शोध कार्य एवं सम्पादन, कई पत्रों में कविताएं प्रकाशित होती हैं, पता-पो० भीण्डर (राजस्थान) वाया मावली जंकशन।

पृथ्वीनाथ 'पुष्प'-प्रगतिशील लेखक, काश्मीरी साहित्यक परम्परा के उन्नायक। पता--हिन्दी विभागाध्यक्ष, गवर्नमेण्ट कालेज, जम्मू,

पृथ्वीराज कपूर—सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, लोक-परिषद के मनोनीत सदस्य, प्रगतिशील विचार धारा के कलाकार। पता--बम्बई।

पञ्चमसिंह लेफ्टीनेण्ट कर्नल—'मृगया' विषयक स्फुट लेखक। पता—लश्कर (ग्वालियर)

प्यारेलाल गुप्त—समाज-सुधार प्रेमी, स्फुट लेखन, सम्पादन कार्य। पता—मासिक "समाजोत्थान" कार्यालय, १३।३६७ परमट कानपुर।

प्यारेलाल शुक्ल—साहित्य प्रेमी। पता—राधास्वामी हायर सैकिण्डरी स्कूल, राधास्वामी धाम।

प्यारेलाल शुभम्—शिक्षा-एम. ए., एल. एल. बी. अलीगढ़, विश्वविद्यालय के छात्र, अध्ययन शील, अर्थशास्त्र-विशेषज्ञ, स्फुट-कविताएं, लेख और कहानियां। पताः—पाली रजापुर, गढ़राना, (अलीगढ़)।

प्यारेलाल 'आवारा'—सुप्रसिद्ध कहानी लेखक। पताः—बनारस।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी—रचनायें-पञ्चपात्र, विश्वसाहित्य, शतदल, पद्यवन (कवि) उत्कृष्ट समीक्षक, लेखक, सम्पादक और कवि, आजकल "सरस्वती" (मा०) के सम्पादक। पताः—सरस्वती (मा०) इण्डियन प्रेस, प्रयाग।

पद्मनाभ तैलंग—फुटकर लेखन। पताः—'विन्ध्य केसरी', कार्यालय, सागर।

पद्मसिंह शर्मा 'कमलेश'—शिक्षा-एम. ए. सा. र., युग कलाकार, प्रगतिशील कवि, आगरा कालेज, आगरा में हिन्दी प्रोफेसर, "तू युवक है" कविता संग्रह तथा अन्य पुस्तकें, अनेक साहित्यिक संस्थाओं के संस्थापक, सदस्य, निर्धन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देते हैं आजकल साहित्यिक इण्टरव्यू लिखने में व्यस्त। पताः—कंसगेट, गोकुलपुरा, आगरा।

पद्मावती 'शबनम'—'मीरा : एक अध्ययन' की ख्याति प्राप्त सुलेखिका, साहित्य की भावी आशा। पताः—१ बी, नन्दलाल मल्लिक लेन, कलकत्ता।

पन्नालाल बलदुआ—अर्थ-वाणिज्य सम्बन्धी कई पुस्तकें। पताः—अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय, गोपाल बाग, जबलपुर।

पन्नालाल अग्रवाल—कई जैन साहित्य की पुस्तकों का जीर्णोद्धार किया। पताः—मन्त्री, वीर-सेवा-मन्दिर, सरसाँवाँ, सहारनपुर।

पन्नालाल गुप्त 'अनन्त'—स्फुट लेखादि । पताः—कैसरगंज अजमेर ।

पन्नालाल जैन—कई धार्मिक पुस्तकों के प्रणेता । पताः—जैन एजूकेशन बोर्ड, मीराजी भवन, केशवगञ्ज, सागर ।

पन्नालाल व्यास—राजस्थान की कई साहित्यिक संस्थाओं के संचालक, संस्थापक, रेडियो कलाकार । पताः—सरदारपुरा, जोधपुर ।

परमानन्द शास्त्री—अनेक स्फुट लेख और महिलाओं पर पुस्तकें लिखी हैं पताः—वीर-सेवा-मन्दिर, सरसावां, सहारनपुर ।

परमात्मा स्वरूप शिष्य—बी. ए., बी. टी. साहित्य-सुधाकर, जन्म १९१२, रचनाएं—'कमजोर विद्यार्थी क्या करें' । 'पति-पत्नी के सम्बन्ध को मधुमय बनाने के मनोवैज्ञानिक उपाय' । पताः—(स्थायी) द्वारा डा० शिवस्वरूप वर्मा पुरानागञ्ज, पीलीभीत (उत्तर-प्रदेश) । पताः—(वर्त्तमान) द्वारा श्री रामस्वरूप वर्मा, डिप्टी इन्सपेक्टर आफ स्कूल्स, मो० बिहारीपुर, बरेली (उ० प्र०)

परमेश्वर प्रसाद सिंह—स्फुट कवितायें लिखी हैं । पताः—डी. ए. वी स्कूल, सीवान (सारन) ।

परमेश्वरसिंह—कई पत्रों के यशस्वी सम्पादक, फुटकर लेखक । पता-संचालक, किताब घर, कदम कुआं, पटना ।

परमेश्वरलाल जैन "सुमन"—स्फुट लेखक । पताः-जैन-निवास समस्तीपुर, बिहार ।

परमेश्वरीलाल गुप्त—उत्तर प्रदेश पत्रकार जांच समिति के सदस्य, कई पत्रों के ख्याति प्राप्त सम्पादक, रचनाएं-'न' नर 'न' नारी, अपराध और दण्ड, बन्दी की कल्पना, भारतीय वास्तुकला आदि । पताः-६३।४२ विक्टोरिया पार्क नार्थ, बनारस ।

परमेष्ठीदास जैन—जन्म १९०८, न्यायतीर्थ, शास्त्री, "वीर" तथा 'जैन मित्र' के सम्पादक रहे, 'जैन-साहित्य के लेखक' । पता-जैनेन्द्र प्रेस, ललितपुर (उ० प्र०) ।

परशुराम चतुर्वेदी "जयदेव"—रचनाएं-संक्षिप्त राम-चरित मानस, मीराबाई की पदावली (सम्पादित) आदि कई साहित्यिक पुस्तकें लिखी हैं । पताः-जौही, भरसर, बलिया ।

परिपूर्णानन्द वर्मा—शिक्षा-शास्त्री, स्नातक, परिश्रमी किन्तु निर्धन, रचनाएं—भारत की विभूतियां, मेरी आह, प्रेम का मूल्य, राजनीति, जीवनी, उपन्यास, कहानी आदि विषयों पर खूब लिखते

हैं, कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक। पताः---बिहारी--निवास, कानपुर।

पशुपतिनाथ गुप्त—फुटकर लेखन। पताः---नेशनल स्टोर एण्ड एजेन्सी, मनिहारी।

पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'—रचनाएं--चाकलेट, चुम्बन, चन्द हसीनों के खुतूत, चार–बेचारे आदि। पताः--"मतवाला" कार्यालय, मिर्जापुर।

पारसनाथ सरस्वती—कई पत्रों का सम्पादन और लगभग १०० पुस्तकों के प्रणेता, पताः---जयतिपुर, फफूंद, इटावा।

पारसनाथ सिंह—'जगत सेठ--जीवनी' के प्रणेता। पताः---दैनिक "हिन्दुस्तान" नई दिल्ली।

पारसनाथ शर्मा मदनेश—फुटकर लेखक। पताः---मैंदोह, मड़ियाहू, जौनपुर।

पारसनाथ सिंह 'विशारद'—रचनाएं--"सुदूरपूर्व" की बातें", 'आज का गांव'। पताः---सह सम्पादक 'सन्मार्ग' (दैनिक), टाउन हाल, काशी।

पी० आर० श्री निवास शास्त्रीः—दक्षिण भारत के हिन्दी के प्रबल प्रचारक, समर्थक और लेखक, रचनाएं-मनोहर कहानियां, श्री राम की कथा, हिन्दी–लिपि पुस्तक आदि। पता–४२२/२ ईस्ट रोड, विश्वेश्वरपुरम्, बंगलौर।

पी० के० केशवन नायरः—दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचारक, रचनाएं-हिन्दी मलयालम कोश, हिन्दी मलयालम स्वबोधिनी आदि पता–अध्यापक, हिन्दी-विभाग विश्वविद्यालय, ट्रावनकोर।

पीतरामसिंह यादव विज्ञः—साहित्य प्रेमी, पता–ग्राम–पत्रालय पहितिया, गाजीपुर, (उत्तर–प्रदेश)

पी० नारायणः—राष्ट्रीय आन्दोलन में सक्रिय भाग, "हिन्दी" के प्रबल समर्थक, रचनाएं-हिन्दू पुराण आदि स्फुट विषय।
पता–कर्नाटक हिन्दी विद्यालय, कार्निक रोड बाराबोंगुदी, बंगलौर।

पी० वेंकटाचल शर्माः—दक्षिण भारत के हिन्दी-सेवी, स्फुट लेखन, पता-त्यागराय नगर, मद्रास।

श्री नेमीचन्द्र जैन 'भावुक'
(परिचय पृष्ठ ८४)

श्री वंशीकृष्ण त्रिपाठी 'मुक्त'
(परिचय पृष्ठ ६४)

प्रियबन्धु शर्मा: —हैदराबाद में हिन्दी प्रचारक। पता-हिन्दी प्रचार-सभा, हैदराबाद (दक्षिण)

पुत्तूलाल शुक्ल 'चन्द्राकर:—लखनऊ विश्वविद्यालय से एम० ए०, (फर्स्ट क्लास फर्स्ट) पी० एच० डी० के लिए थीसिस लिख रहे हैं स्वर्णपदक विजेता, जानकारी-अँग्रेज फ्रेंच, बंगला, गुजराती, मराठी, उर्दू, आदि, स्फुट कविताएं. लेख, नाटक, कहानी और आलोचना, सर्वतोन्मुखी प्रतिभा के विरले संगम। पता-अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, बारहसैनी डिग्री कालेज, अलीगढ़।

पुखराज पुरोहित:—रचनाएं-प्रायश्चित, प्यार न कीजिए आदि, पता-भजन चौकी, जोधपुर।

पुरुषोत्तमदास टण्डन:—हिन्दी-हिन्दू-हिन्दुस्तान की प्रतिमूर्ति भू० अध्यक्ष राष्ट्रीय कांग्रेस, नवनिर्वाचित सदस्य-संसद, उत्तर-प्रदेश के भूतपूर्व स्पीकर, राजनीति और साहित्य के पुङ्गव, पता-कांग्रेस कार्यालय, जन्तर मन्तर रोड, नई दिल्ली।

पुरुषोत्तमदास मोदी:—फुटकर स्वास्थ्य विषयक लेख और कहानियां लिखने की अभिरुचि, पता-आरोग्य मन्दिर, सुड़िया कुआ, गोरखपुर।

पुरुषोत्तमदास स्वामी:—स्वास्थ्य और विज्ञान विषय पर कई पुस्तकें लिखी हैं, पता- शान्ति-आश्रम, बीकानेर।

पुरुषोत्तमकुमार:—फुटकर लेखन, अमर भारत (दैनिक) दिल्ली के सम्पादन में योग। पता—जन-सम्पर्क विभाग, शिमला-२

पुरुषोत्तम मेनारिया:—रचनाएं-राजस्थानी लोकगीत, राजस्थानी-भील कहावतें आदि। प्राध्यापक-उदयपुर विद्यापीठ कालेज, उदयपुर।

पुरुषोत्तम मुरारका:- स्फुट गद्यगीत लेखक, पता-ओरिएन्टल हाईस्कूल, वर्धा।

पुरुषोत्तम शर्मा 'विमल' राजस्थानी:--'विमल' राजस्थानी के के नाम से विशेष प्रसिद्ध, सम्पादन 'सागर' (सा०) चाबुक (पा०) रेडियो कलाकार, सिनेमा गीतकार। रचनाएं-तारों की रात, झंझा, हाहाकार, मेघ मल्हार और कवि आदि, पता:-राम मढ़ैया। पो० बेतिया (चम्पारन) बिहार।

पुरुषोत्तम चतुर्वेदी:—रचनाएं-संस्कृत-भाषा का व्याकरण,

कामाख्य दोष विवरण आदि, पता:-अध्यक्ष धर्म-संस्कृत विभाग, मेयो कालेज, अजमेर।

पुष्पा भारती:—रचनाएं इन्कलाब और परिवर्त्तन, उदीयमान लेखिका, पता:-१६२, गञ्ज बाजार, मेरठ।

पुल्लाट लक्ष्मी कुट्टी कुमारी:--दक्षिण भारत की हिन्दी लेखिका पता:-प्राध्यापिका, कागल कालेज, ट्रिचूर। (कोचीन राज्य)

पूजाप्रसाद मिश्र:--स्फुट लेखन, पता-डमरी ग्राम, पो० किन्थर पट्टी पडरौना, देवरिया।

पूरनचन्द जोशी:--भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के भूतपूर्व मन्त्री, "इण्डिया टुडे' का आजकल सम्पादन, पता-कार्यालय "इण्डिया टुडे' (साप्ता०) प्रयाग।

पूर्णचन्द जैन:—कई पत्रों के भू० सम्पादक, अध्यापन वृत्ति, रचनाएं-बुधजन विलास, सुमन-ग्रन्थि आदि, पता:-कुंदीगरों के भैस का रास्ता, जयपुर।

प्रकाशचन्द्र गुप्त:—एम० ए० (प्रयाग), 'नया-साहित्य' (प्रगतिशील मासिक) का सम्पादन सुप्रसिद्ध प्रगतिशील अधिकारी आलोचक और विद्वान, निबन्ध और एकाङ्की लिखे हैं, पता:-अध्यापक; आँग्ल-विभाग, इलाहाबाद यूनीवर्सिटी, इलाहाबाद।

प्रकाशचन्द चतुर्वेदी:—सुप्रसिद्ध पत्रकार बनारसीदास चतुर्वेदी के सम्बन्धी, शिक्षा एम० ए०, अध्यापन, नवोदित तरुण प्रगतिशील लेखक, चोटी के पत्रों में स्फुट-अनुवाद आदि प्रकाशित, निरन्तर साहित्य-सेवा में दत्तचित्त। पता:-प्रोफेसर, बागला कालेज, हाथरस।

प्रकाशचन्द्र 'यादव':—मन्त्री अखिल भारतीय संयुक्त लेखक तथा पत्रकार संघ, कई पत्रों के भू० सम्पा० रचनाएं-'विश्व-विवाह प्रणाली', 'मेरा जीवन संघर्ष और राजनैतिक जाग्रति', आदि। पता--६३, जवाहरगंज, एनीबेसेण्ट स्कूल रोड, प्रयाग।

प्रकाशवती पाल:—सुप्रसिद्ध प्रगतिशील कहानी लेखक श्री यशपाल जी की सहधर्मिणी, "विप्लव ट्रेक्ट की संचालिका। पता--शिवाजी मार्ग लखनऊ।

प्रभावती देवीः—स्फुट रचनाएं, 'सोहर' (ग्राम-गीत) प्रकाशित, पता--भदैनी, काशी।

प्रभाकर माचवेः—एम० ए० (दर्शन-अँग्रेजी) प्रगतिशील कलाकार बहुमुखी प्रतिभा के विरले संगम, रचनाएं जैनेन्द्र के विचार, तार-सप्तक (इसमें आपकी कविताएं संकलित हैं) कमीनों की साया आदि, आजकल रेडियो कलाकार, रेडियो से रचनाओं का प्रसरण। पता--आलइण्डिया रेडियो नई--दिल्ली।

प्रभाकर राव—रचनाएं फुटकर, हैदराबाद हिन्दी प्रचार सभा के अन्तर्गत कार्य। पताः—जालना, औरंगाबाद (दक्षिण)।

प्रभारानी—उदीयमान लेखिका, रचनाएं प्रतिशोध, जागरण पता—सिविल लाइन्स, मुरादाबाद।

प्रभातकुमार बनर्जी--फुटकर कहानियां लिखने का शौक। पता—शिवानन्दधाम, श्रद्धानन्द नगर, नागपुर।

प्रतापनारायण 'पुरोहित':—रचनाएं-नल नरेश 'काव्य कानन' 'मन के मोती' पर्यटन प्रेमी। पता--सिनवार हाउस, गनगौरी बाजार, जयपुर।

प्रफुल्लचन्द्र ओझा 'मुक्त'--कई पत्रों के सम्पादन में योग, रचनाएं पतझड़, लालिमा, धारा आदि। पता-आरती प्रेस, पटना।

प्रभुदयाल मीतल--'ब्रज भारती' का सम्पादन, ब्रज साहित्य मण्डल के मन्त्री, रचनाएं-सूर निर्णय, आदि। पता—अग्रवाल भवन, मथुरा।

प्रभुदयाल बाजपेयी अभिरामः—रचनाएं मुक्त संगीत, विजया, सत्याग्रह विगुल आदि। पता—५० १३ नौघड़ा, कानपुर।

प्रभुदयाल 'अग्निहोत्री'—सुप्रसिद्ध साहित्य सेवी, रचनाएं उच्छ्वास, अरुणिमा, धर्म और समाजवाद, चोटी के पत्रों में नियमित रूप से लिखते हैं। पता--विद्यामन्दिर मारवाड़ी सेवा सदन, अकोला, बरार।

प्रभुदयालसिंह 'अमर'--जन्म, अक्टूबर १९२८, बी. ए. एल. एल. बी., विशारद 'सावन-भादों, 'साहित्य-ज्योति' का सम्पादन, फुटकर राष्ट्रीय गीत और गम्भीर विषयों पर कविताएं लिखी है। पता-वकील, वारा सिवनी, जि० बालाघाट (मध्यप्रदेश)

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी—जन्म नगला अहिवासी, त० इगलास, (अलीगढ़) प्रसिद्ध महात्मा, राष्ट्रीय आन्दोलन में जेल, श्री नेहरू जी

विरुद्ध आम चुनाव में असफल, अनेक पुस्तकों के प्रणेता।
पता--झूंसी (प्रयाग)।

प्रभुनारायण शर्मा 'सहृदय'--रचनाएं योगेश्वर, वेणीसंहार, साहित्य--मणि--माला आदि अनेक पुस्तकें। पताः---महाराजा कालेज, जयपुर।

प्रभुनारायण त्रिपाठी सुशील--रचनाएं--राष्ट्रपति जवाहर, आजादी के शहीद। पता--मरियानी, चौबेपुर, कानपुर।

प्रवीण दीक्षित--रचनाएं-काव्य सुधा, साहित्य समीक्षा आदि, पताः---पटकापुर।

प्रमिलारानी "चाँदनी"--साहित्य से प्रेम। पताः--द्वारा-काव्य कुटीर, चन्दौसी, (उत्तर प्रदेश)

प्रवीणचन्द्र शास्त्री—रचनाएं, राजस्थान के साहित्यकार, मार्क्स के नाटकों की प्रामाणिकता, आदि। पताः—सरस्वती सदन, अजमेरी गेट, जयपुर।

प्राणनाथ सेठ—कई पत्रों के भू० सम्पादक, फुटकर कहानियां और लेख लिखे हैं। पताः—अध्यक्ष, सूचना विभाग, पंजाब सरकार शिमला।

प्रवासीलाल वर्मा मालवीय—अनेक पत्रों के भूतपूर्व यशस्वी सम्पादक, रचनाएं-पाटन की प्रभुता, पृथ्वी बल्लभ, राजाधिराज आदि। पताः—आर्य मित्र प्रेस, हिल्टन रोड, लखनऊ।

प्रसिद्धनारायणसिंह—'बलिया के कवि और लेखक' प्रका०। पताः—मुख्तार, बलिया।

प्रह्लादचन्द्र 'जोशी'—रचनाएं जीवनदान, समान्ती जाल से सावधान आदि। पताः—बनियावाडा, जोधपुर।

प्रेमचन्द्र शर्मा—तिलक-गोखले पुस्तकालय-आर्यसमाज तथा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, अध्ययनशील और साहित्य प्रेमी, नवनिर्वाचित एम. एल. सी. (उत्तर प्रदेश) पताः—हाथरस।

प्रेमचन्द श्रीवास्तव—फुटकर लेखन। पता—प्राध्यापक, अर्थ वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर।

प्रेमदेव शर्मा—जन्म १९३०, शिक्षा आई० काम, विशारद, स्फुट लेख, कहानियां। पता-प्रबंधक, प्रेम वाचनालय, सासनी (अलीगढ़)

प्रेमदत्त पालीवाल—अ० भा० युवक कांग्रेस के महामन्त्री सामाजिक कार्यकर्त्ता, राष्ट्रीय आन्दोलनों में कई बार जेल, सन् ४२ के क्रान्तिकारी, मासिक "युवक" आगरा के प्रबन्ध सन्पादक। पता—३, विजयनगर कोलोनी, आगरा।

प्रेमशंकर मिश्र—हिन्दी साहित्य परिषद् कानपुर के उपसभापति, साहित्यिक अभिरुचि। पताः-द्वारा हिन्दी-साहित्य परिषद, गान्धी नगर, कानपुर।

प्रेमनारायण अग्रवाल—'हिन्दी लेखक संघ' के प्रमुख संगठन कर्त्ता, देशी विदेशी पत्रों के लेखक 'बाम्बे' क्रानिकल' मार्निङ्ग स्टैण्डर्ड 'सण्डे स्टैण्डर्ड, जैसे अंगरेज़ों द्वारा सम्पादित प्रकाशित पत्रों के सम्पादन में योग, रचनाएं प्रवासी भारतीयों की समस्यायें, श्री भवानीदयाल सन्यासी (अंग्रेजी) व्यापारिक जगत व कौन क्या है? आदि, पता—अजीतमल, इटावा (उ० प्र०)।

प्रेमनारायण टण्डन—अनेक पुस्तकों का सम्पादन, संकलन, परिशोधन, प्रकाशन, सृजन, आलोचनात्मक पुस्तकें लिखने में सिद्ध हस्त, अनेक साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्धित। पताः-रानीकटरा, लखनऊ।

प्रेमनारायण माथुर—रचनाएं-प्रारम्भिक अर्थ शास्त्र, गाँवों की समस्या आदि। पताः-अध्यापक, बनस्थली विद्यापीठ, जयपुर।

प्रेमनारायण शुक्ल—'बालबन्धु' का सम्पादन, हि० सा० स० प्रयाग के सदस्य, फुटकर लेखन, शुक्ल साधना मन्दिर के संस्थापक। पता—१६।४४, पटकापुर, कानपुर।

प्रेमनारायण त्रिपाठी 'प्रेम'—रचनाएं-'सामुद्रिक शास्त्र, हस्त रेखा शास्त्र आदि। पता—द्वारा 'कवि समाज' जबलपुर।

प्रेमवल्लभ 'प्रेम'—प्रगतिशील कवि, साहित्य परिषद, हाथरस के सदस्य, आगरा कालेज के छात्र। पताः-मेंडूगेट, हाथरस।

फतहचन्द शर्मा 'आराधक'—उच्च श्रेणी के पत्रों में लेख लिखते हैं। पताः-दिल्ली।

फतहचन्द गुप्त—रचनाएं-मारवाड़ी गौरव इतिहास, अग्रवाल शब्द कोश (सम्पादित), पताः-३८२, नया बांस, दिल्ली, या गुप्त निवास, भिवानी।

फूलचन्द शास्त्री—अनेक जैन धर्म और दर्शन के ग्रन्थों के लेखक। पताः-'सम्पादक' 'ज्ञानोदय' बनारस।

फूलचन्द जैन 'सारंग—फुटकर लेखन। पताः—महावीर दिगम्बर जैन कालेज, आगरा।

फूलदेवसहाय वर्मा—रसायन शास्त्र के सुप्रसिद्ध लेखक। पताः-प्राध्यापक, रसायन विभाग, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

फकीरचन्द—रसायनिक लेखक। पताः--उपाध्याय औद्योगिक रसायन, गुरुकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी।

बच्चनसिंहः—एम. ए., रिसर्च स्कालर, रचनाएं-क्रान्तिकारी कवि निराला, इतिहास के पन्ने आदि। पता--डी० ए० वी०, हायर सैकिण्डरी स्कूल, काशी।

बचानसिंह पँवार 'कुमुदेशः—रचनाएं-आधुनिक हिन्दी-साहित्य पर एक दृष्टि, सूरज-विनोद आदि। पता-मुजफ्फरपुर, सिधौली, सीतापुर।

बच्चीलाल गुप्त 'योगेन्द्र':—साहित्यक गुरु डा० मैथिलीशरण गुप्त साहित्य भूषण, रचनाएं-शिक्षा-सरोज, ज्ञान-प्रदीप, बेसिक शिक्षा गीत, बिखरे मोती आदि, पता-मु० पो० चिरगाँव, (झांसी)

बख्तावरसिंहः—हिन्दी प्रचारक, फुटकर रचनाएं, पता-हिन्दी प्रचार-सभा, खैरताबाद, हैदराबाद (दक्षिण)

बजरंगलाल सुलतानियाः—'सुकवि' के भू० सम्पादक, रचनाएं पापी, कड़ुवा घूट आदि। पता-पो० जलालपुर, फैजाबाद।

बद्रीदत्त झाः—आयुर्वेद विषयक लेखक, पता—प्राध्यापक, बुन्देल खण्ड आर्वेदिक कालेज, झांसी।

बदरीनारायण शुक्ल—रचनाएं शास्त्री साहब, कथा कुञ्ज आदि, पताः-प्राध्यापक, राजकुमार कालेज, रायपुर।

बद्रीनारायणसिंह—रचनाएं-सिंहगढ़ विजय, मांडवी आदि। पताः-खपराडीह, फैजाबाद।

बद्रीविशाल पित्ती—'रजकण' सप्तमी (कहानी) झांसी की रानी (ना०) के लेखक, "कल्पना" (द्वैमासिक) के सम्पादक-मण्डल के सदस्य। पताः-मारवाड़ी नवयुवक मण्डल, मारवाड़ी बाजार, हैदराबाद (दक्षिण)।

बद्रीप्रसाद 'सारस्वत'—आपने 'सुदामा चरित्र' लिखा है। पताः-जयपुरा, इटावा।

बनबारीलाल शर्मा—बी. ए. ए., टी. सी., अध्यापन वृत्ति, 'अमृत बाजार पत्रिका' के सम्वाददाता, स्फुट कविताएं। पताः-लहरा, पो० हाथरस (अलीगढ़)।

बनारसीदास चतुर्वेदी—भारत के विख्यात पत्रकार और लेखक, लोक परिषद के मनोनीत सदस्य, प्रमुख दैनिक, मासिक आदि पत्रों के नियमित लेखक, 'अभ्युदय', आर्यमित्र 'मधुकर' और 'विशाल भारत' के भूतपूर्व सम्पादक, रचनाएं प्रवासी भारतवासी, सत्यनारायण कविरत्न, फिजी की समस्या, राष्ट्रभाषा आदि। पता:-टीकमगढ़, झांसी।

बनारसीदत्त शर्मा 'सेवक'—रचनाएं-नर और नारी, रोटी, अचल की आँखें। पता—मैनेजिंग डायरेक्टर, सेवक आर्ट प्रोड-क्शन्स, दिल्ली अथवा बम्बई।

बनारसीप्रसाद भोजपुरी—साहित्य रत्न, रचनाएं-भंडाफोड़, समाज का पाप, गरीब की आह आदि। पता:-डिस्ट्रिक्ट बोर्ड प्रेस, आरा।

बनारसीलाल 'आर्य'—सार्वजनिक कार्यकर्त्ता, शान्तिदूत (मा०) के प्रधान व्यवस्थापक, महामना श्रद्धांजलि ग्रन्थ का सम्पादन, पता:- द्वारा-अभिमन्यु पुस्तकालय, दशाश्वमेध, काशी।

बनारसीलाल 'काशी'—रचनाएं रामायण के उपदेश, हिन्दी पाठमाला। पता:-प्रधान हिन्दी अध्यापक, सरल हाईस्कूल, तिलौथू शाहाबाद।

बनारस चौधरी 'वीरेश'—'मजदूर आवाज' के सह सम्पादक, अमर ज्योति और कालकूट के प्रणेता तथा फुटकर लेखन। पता:-सेवानिकुञ्ज, हुसेनपुर, बिहार शरीफ पटना।

बन्दीकृष्ण त्रिपाठी मुक—साहित्य प्रेमी, स्फुट लेखन। पता—हरिहराश्रम, मिश्र पोखरा, बनारस-१

बमबहादुरसिंह नैपाली—रचनाएं हम नैपाली हैं गोरखाली नहीं, फुटबाल संसार, चम्पारन का इतिहास आदि। पता:-मैनेजर, जयहिन्द टाकीज, खड़ग मुद्रणालय, नौतनवां, गोरखपुर।

बलदेव उपाध्याय:—बौद्धदर्शन-मीमांसा, (डालमिया पुरुष्कार २१००) रु० और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा १२००) का पुरुष्कार प्राप्त) भारतीय दर्शन, भारतीय साहित्य शास्त्र दो खण्ड, सूक्ति मुक्तावली। पता:--संस्कृताध्यापक, हिन्दू विश्व विद्यालय, काशी।

बलदेवप्रसाद मिश्र—रचनाएं-शवसाधन, उलूकतन्त्र। आदि, कई पत्रों के सम्पादक पता:--'महाशक्ति' कार्यालय, काशी।

बलदेव प्रसाद 'मिश्र' राजहंसः—रचनाएं-शंकर-दिग्विजय, साहित्य-लहरी, तुलसी दर्शन आदि। पता--आचार्य डिग्री कालेज, बिलासपुर।

बलदेवप्रसाद श्रीवास्तव 'शेष';—सुकवि, साहित्य प्रेमी, नई पुस्तकें अप्रकाशित हैं। पताः--परौरी, बारा (उन्नाव)

बलदेवप्रसाद 'मेहरोत्रा'—फुटकर लेखन, पताः--श्री लक्ष्मीचन्द मेहरोत्रा वकील, काशी।

बलदेवराज शर्मा 'उपवन'—स्फुट लेखन; सरिता (मा०) और महाशक्ति, काशी का सम्पादन। पताः--'सरिता, कार्यालय, काशी

बलभद्र ठाकुर--कई पुस्तकों का उलथा किया है, पताः--वर्धा।

बलभद्र पति--फुटकर लेखन, पता--पिंजरापोल, नई बस्ती, रांची।

बलभद्रप्रसाद गुप्त 'रसिक'—बालोपयोगी स्फुट लेखक। पताः—अध्यापक, विद्या मन्दिर, प्रयाग।

बलभीमराव शर्मा—स्फुट लेखन। पताः—जोगीपेठ, जिला मेदक (दक्षिण)।

बलवीर सहाय—मस्ताना जोगी के सम्पादकों में, झंझा और लाश के लेखक। पताः-"कमल" कार्यालय, बकीलपुरा, दिल्ली।

बलवीरसिंह 'रंग'—युगवाणी और अप्सरा का सम्पादन, रेडियो से गीतों का प्रसरण, सुकवि, संगम (कवि०) पर उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा ५००) रु० का पुरुस्कार प्राप्त, सांझ सकारे प्रवेशगीत के प्रणेता। पताः—भारतीय प्रेस, एटा।

बल्लभदास बिन्नानी—बालोपयोगी फुटकर लेखादि। पताः—मेटिल हाउस, मिरजापुर।

बसव भाग्यया—हिन्दी-प्रचारक अनुवाद तेलगू। पताः—आर्य समाज, जोगीपेठ (जि० मेदक) निजाम।

बन्शीधर खूबचन्द पगारिया—बी. ए, साहित्य-रत्न, 'ध्वनि-विज्ञान' पर व्याख्यान, कविता, आलोचना एवं प्रगतिवाद विषयक लेखों के संग्रह अभी अप्रकाशित। पताः—कॉंकरौली (राजस्थान)

बशीर अहमदखाँ "मयूख"—स्फुट रचनाएं। पताः-जयहिन्द (साप्ता०) कोटा।

बहादुरसिंह—स्फुट लेखन (प्रायः आंग्ल भाषा में) पताः—अध्यापक, बनस्पति शास्त्र, बलवन्त राजपूत कालेज, आगरा।

काव्य-खण्ड—

[illegible] शर्मा

(परिचय पृष्ठ ९४)

श्री भगवत शरण चतुर्वेदी

(परिचय पृष्ठ १०१)

बांकेलाल अग्रवाल—स्फुट विषयों पर पुस्तकें लिखी हैं। पता-अध्यापक मैकडानल इण्टर कालेज, झांसी।

बाघसिंह 'नेवरी'—संघर्ष, सोया-गौरव आदि के प्रणेता। पता-राजपूत प्रेस, भिण्डों का रास्ता, जयपुर।

बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'—संसद्-सदस्य, प्रभा, प्रताप (दै०) कानपुर के सम्पादक रहे, राष्ट्रीय कवि, 'कुंकुम' कविता-संग्रह प्रकाशित, अधिकांश साहित्य अप्रकाशित। पता-द्वारा संसद्-भवन नई दिल्ली।

बालकृष्णराव—सुप्रसिद्ध कवि, रचनाएं-कौमुदी, आभास के प्रणेता, उच्चकोटि के पत्रों में नियमित रचनाएं भेजते हैं।

पता-सिविल लाइन्स, प्रयाग।

बालकृष्ण जोशी 'दर्शन'—'पत्नी के नाम पत्र' के लेखक।

पता-सुडिया, काशी।

बालचन्द्र जैन—एम. ए., साहित्याचार्य रचनाएं--आत्म-समर्पण (कहा०) राजुल (कवि) आदि, "परिमल" कटनी के संयोजक। पता--कटनी (मध्य प्रदेश)।

बालचन्द्र शास्त्री—अंजना आदि के प्रणेता। पता—वीर सेवा-मन्दिर, सरसावां सहारनपुर।

बाल शोरि रेड्डी—हिन्दी प्रचारक, अध्यापनवृत्ति, पता—हिन्दी प्रचार सभा, त्रिचिनापल्ली (तामिलनाड)।

बाबूराम विष्णु पराड़कर—सर्वाधिक प्रतिष्ठित पत्रकार, कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक, हिन्दी-साहित्य सम्मेलन शिमला अधिवेशन के सभापति, स्फुट बहुत लिखा है। पता:-"आज" (दैनिक) कार्यालय, कबीर चौरा, काशी।

बाबूलाल श्रीवास्तव 'विकल'—'छात्र-पथ-प्रदर्शक' हस्तलिखित पत्रिका का सम्पादन, 'युगक्रान्ति' (साप्ता०) के सहयोगी सम्पादक, स्फुट कविताएं उर्मिला (अप्र०) खण्ड काव्य लिखा है।

पताः-गुना कैण्ट।

बाबूलाल मार्कण्डेय—अनेक प्रसिद्ध पत्रों में अनेक कहानियाँ प्रकाशित, पताः-मालीपुरा, खण्डवा।

बाबूलाल भार्गव 'कीर्ति'—रचनाएं-परियों का दरबार, विदेश की कहानियाँ, पद्य प्रसून आदि पुस्तकों के लेखक। पता:-प्रधानाध्यापक, म्युनिसिपल हाई स्कूल, सागर।

बाबूमल एल० हरण—शिक्षा-इण्टर, साहित्यरत्न, साहित्यक अभिरुचि। पताः-सेठीया तेजराज, मरडीया लाइन, सिरोही (राजस्थान)।

बाबूराम गुप्त—'नवोदित कलाकार सङ्गम' दिल्ली के कोषाध्यक्ष पताः-दिल्ली।

बाबूराम सारस्वत 'घण्टा कवि'—१६१३ में जन्म, बी० ए०, एल० टी०, किशोरी रमन इण्टर कालेज में अध्यापक, नवयुग, धर्मयुग, सैनिक, सन्देश में रचनायें प्रकाशित होती हैं। लेख, कहानी कविता, एकांकी लिखते हैं। पताः-गली राजकुमार, मण्डी रामदास, मथुरा।

बाबूराम शुभम्—शिक्षा--बी० ए०, (आगरा विश्व-विद्यालय) "रचना" के सम्पादक रहे। सामाजिक कार्यकर्त्ता, लेखक, कहानीकार और सुवक्ता। पताः-पाली रजापुर, गड़राना (अलीगढ़)

बालमुकुन्द उपाध्याय—स्फुट रचनाएं अध्ययन, अध्यापन, साहित्यरत्न। पताः-ग्राम मीतई, हाथरस (अलीगढ़) अथवा प्रधानाध्यापक--म्यु० जूनियर हाई स्कूल, हाथरस।

बालमुकुन्द गुप्त—'धूप--छांह' का सम्पादन, स्फुट पुस्तकें लिखी हैं, अनेक शिक्षा और साहित्य सम्बन्धी संस्थाओं के सक्रिय सदस्य। पताः-बगिया मनीराम, कानपुर।

बालमुकुन्द गुहा—रचनायें--हिन्दी व्याकरण और रचना-प्रवेश, समालोचना सम्बन्धी साहित्यक लेखों के दो संग्रह। पताः-हिन्दी अध्यापक, डी० ए० वी० कालेज, गोरखपुर।

बालमुकुन्द 'भारतीय'—कई संस्थाओं के केन्द्र व्यवस्थापक, परीक्षक, साहित्य--प्रेमी। पताः-हिन्दी-साहित्य अधिवेशन, कार्यालय, दतिया, (सी० आई०)।

बालमुकुन्द नाथूराम शुक्ल—निरन्तर साहित्य सेवा, विभिन्न पत्रों में कविताएं, लेख व कहानियों का प्रकाशन, डाक--तार विभाग में वृत्ति। पताः-बदनावर (मालवा)।

बालमुकुन्द मिश्र—हिन्दी और संस्कृत की विभिन्न शैलियों, भारतीय धर्म-धारा, सम्प्रदायों और भौतिक (साम्यवादी) साहित्य की प्रगतिशील परम्पराओं को आगे बढ़ाते हैं। प्यार और प्रगति के सुकुमार कोमल सौन्दर्यवादी कवि, आल इण्डिया रेडियो और द्वितीय महायुद्ध के समय 'सांग पब्लिसिटी आर्गनाइजेशन' के

अन्तर्गत गीतकार रहे, स्वराज्य (दैनिक उर्दू) वीर हिन्दू (साप्ताहिक उर्दू) वीर अर्जुन (सा० एवं दै०), हरिजन हितैषी (पा०) युगछाया, अशोक, साधना (मा०) आदि का सम्पादन, रचनाएँ आज के गीत, (कवि) देव, दानव और मनुष्य (ध्वन्यात्मक रूपक एकांकी) आदि पुस्तकें। पताः-मन्दिर कृपा--शंकर, चाँदनी चौक, दिल्ली--६।

बालाप्रसाद शुक्ल—हिन्दी प्रचार सभा में पदाधिकारी रहे, फुटकर रचनाएं। पताः-वकील नादेड (दक्षिण)।

ब्रिजलाल बियाणी—कांग्रेसी नेता, भू०पू० संसद--सदस्य, प्रसिद्ध मासिक 'प्रवाह' के सञ्चालक, मध्य-भारत के नव-निर्वाचित अर्थ-मंत्री, रचनाएं---कल्पना-कानन, जेल में। पताः--द्वारा 'राजस्थान भवन', अकोला, मध्य-प्रदेश।

बिन्दाचरण वर्मा—'सुहृदय--संघ' के संस्थापक, फुटकर लेखन, पताः--प्रधानाध्यापक, हाई इङ्गलिश स्कूल, मोतीपुर, मुजफ्फरपुर।

बिट्ठलदास 'मोदी'—प्राकृतिक-चिकित्सा के सुप्रसिद्ध लेखक, रचनाएं-सर्दी, जुकाम, खांसी, उपवास से लाभ आदि।
पताः-'आरोग्य' मन्दिर, गोरखपुर।

बाविकट्टे पाण्डुरङ्ग नायक—हिन्दी प्रेमी और प्रचारक।
पताः-श्री शारदा बाचनालय, बसरूर (मद्रास प्रान्त)।

बी० किशनलाल सूर्यवन्शी—हिन्दी प्रचार, स्फुट लेखन।
पताः-ईसामिया बाजार, हैदराबाद (दक्षिण)।

बी० एल० 'पुष्प'—"मुसाफिर" (कहानी मा०), "फिल्म-संसार" जयपुर (सिने मा०) के संचालक, सम्पादक रहे। सिने गीतकार, कहानीकार और संवाद लेखक। पता-गली बोहरे नत्थीलाल, मुरसान गेट, हाथरस।

बी० रामकृष्णाचार—दक्षिण भारत में हिन्दी--प्रचार, 'सती-शर्मिष्ठा' के लेखक। पता-कल्याण प्रेस, उडिप्पी, दक्षिणी कनारा (दक्षिण)।

बी० हीरासिंह—मद्रास में हिन्दी प्रचार, फुटकर लेखन।
पता-हिन्दी--लेखक--संघ, ९७, मिएट स्ट्रीट, मद्रास १।

बुद्धदेव पाण्डेय 'सुमन'—प्रका०---परिवर्तन, बिखरे हुए फूल आदि। पता-श्री सुभाष हाई स्कूल, इस्लामपुर अतासराय, पटना,

बुद्धिनाथ 'झा'—स्फुट रचनाएं-मद्रास हिन्दी लेखक संघ के पदाधिकारी। पता:-६७, मिण्ट स्ट्रीट, मद्रास, १

बूलचन्द—राजनीति ज्ञान-कोष लिखने में व्यस्त, राष्ट्र-भाषा, प्रचार सभा, बम्बई के व्यवस्थापक। पता:-नव गुजरात, अन्धेरी, बम्बई।

बेनीप्रसाद वर्मा—प्रसाद के 'आँसू' का आंग्ल भाषा में अनुवाद किया है। पता:-असिस्टेण्ट स्टेशन मास्टर, इटारसी।

बेनीप्रसाद शर्मा 'दिनेश'—रचनाएं-श्रीपावनगिरि भजनावली, अम्बा भजनावली आदि। पता:-शान्ति कुटीर, पत्रालय-ऊन, होल्कर राज्य।

बैजनाथ गुप्त—जन्म १९२५, एम० ए० की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साहित्यरत्न, 'गान्धी--गौरव' (खण्ड काव्य) ये चूहे (कहानी) सोच रहा हूँ (उप०, अप्रकाशित) मोती के दाने (कवि०, अप्रकाशित)। पता:-डा० गिरजानन्दन का हाता, पटकापुर, कानपुर।

बैजनाथ पुरी—इतिहास विषयक कुशल लेखक, कई पुस्तकें प्राचीन ऐतिहासिक तथ्यों पर लिखी हैं। पता:-अध्यापक, इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय और (कटारी टोला, चौक, लखनऊ)।

बैजनाथ प्रसाद 'दुबे'—रचनायें-हिन्दी साहित्य के सप्त सुमन, बड़ों का विद्यार्थी जीवन। पता:-हिन्दी अध्यापक, पी० बी० बी० महू (मध्य भारत)

ब्रजबासीलाल श्री वास्तव 'ब्रजेन्द्र'—भू० सम्पादक-ग्राम्यालोक, ग्राम्यदूत, इत्तिफाक (उर्दू साप्ता०) आदि। शिक्षा एम० ए० एल० टी०, साहित्यरत्न, रूसी उपन्यास "स्टार" का हिन्दी में 'नक्षत्र' नाम से अनुवाद। पता:-अध्यक्ष हिन्दी-विभाग, सिन्धी मॉडल हायर सैकिण्डरी स्कूल, आगरा।

ब्रजभूषण पाण्डेय—रचनाएं-पञ्चवटी, एक अध्ययन, तुलसी के पाँच दल, कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक। पता:-ग्राम-सुलेमानपुर पो० सैफाबाद, प्रतापगढ़ (अवध)।

ब्रजेन्द्र सक्सेना 'मधुप'—साहित्यिक अभिरुचि, नवोदित कलाकार। पता:-अनूपशहर, जि० बुलन्दशहर।

ब्रजमोहन—एम०ए०, एल० एल० बी०, पी० एच० डी० रचनायें, समतल भूमिति, ठोस ज्यामिति आदि। गणित और विज्ञान के प्रेमी। पता:-काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस-५.

ब्रजमोहन शर्मा—एम० ए०, एल० एल० बी०, पी० एच० डी०, डी० लिट्। रचनाएं-भारतीय नागरिकता और शासन, नागरिक शास्त्र के मूल सिद्धान्त, विश्व इतिहास की झलक आदि।

पताः-राजनीति-विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, अथवा मोहन-भवन, आर्य नगर, लखनऊ।

ब्रह्मदत्त दीक्षित—रचनाएं-वनवासी, भारत के पड़ौसी राष्ट्र। पताः-राजकीय नार्मल तथा बेसिक सैण्टर, बनारस।

ब्रह्मदत्त—श्री भवानीदयाल सन्यासी के सुपुत्र, रचनाएं-पोर्तगीज, पूर्व अफ्रीका में हिन्दुस्तानी आदि स्फुट लेख। पताः-प्रवासी भवन, आदर्श-नगर, अजमेर।

ब्रह्मदत्त तिवारी 'नागर'—अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी-विद्यापीठ, लखनऊ के संस्थापक और परीक्षा मंत्री। रचनाएं-अम्बरीष, सेवाग्राम कविता, हिन्दी साहित्य का इतिहास आदि। पताः-गुरुद्वारा रोड, नाका हिण्डोला, लखनऊ।

ब्रह्मदत्त मिश्र 'सुधीन्द्र'—भारतेन्दु समिति कोटा के साहित्य मन्त्री, स्फुट कविताएं, 'शंखनाद' प्रकाशित रचना। पताः-क्लर्क, पुलिस-विभाग, कोटा।

ब्रह्मदत्त त्रिवेदी—व्याकरणादि सम्बन्धी पुस्तकों के प्रणेता स्थानीय म्युनिसिपल बोर्ड के सभापति। पताः-आचार्य, ऋषिकुल संस्कृत कालेज, लक्ष्मणगढ़।

ब्रह्मदेव "मधुर"—रचनाएं-लपटें, पलकें, 'नागिन' और चिनगारी (मा०) के सम्पादकों में। पताः-महेशपुर, मुंगेर।

ब्रह्मनाथ 'बन्धु' विद्यालङ्कार—'नया-संसार' और 'मजदूर-संसार' का सम्पादन, स्फुट लेखन। पताः-'मजदूर-संसार' कार्यालय, पटना।

ब्रह्मानन्द—'स्मृतिगान', 'उत्सर्ग' आदि के लेखक, राजकीय संस्कृत कालेज, काशी के रिसर्च-स्कालर। पताः-धनावा, परवलपुर, पटना।

ब्रह्मानन्द चन्द्रवन्शी—रचनाएं-वैद्यक ब्रह्मानन्द-विलास सङ्गीत-भजन माला। पताः-बरोदा, पनागर, जबलपुर।

भगवतशरण चतुर्वेदीः-स्फुट लेखन, सम्पादक "विश्व-कल्याण" (पाक्षिक)। पताः-१४६, ब्रह्मकुण्ड, वृन्दावन (उत्तर-प्रदेश)।

भगवद्दत्त वेदालङ्कारः—गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर, रचनाएँ वैदिक स्वप्न-विज्ञान आदि। पताः-रिसर्च विभाग गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार (उत्तर प्रदेश)।

भगवतीचरण वर्माः—सुकवि, प्रसिद्ध उपन्यासकार और कहानीकार, कुछ दिनों फिल्म में भी कार्य किया, पत्रकारिता भी की, रचनाएं-टेढ़े मेढ़े रास्ते. चित्रलेखा (उप०) इन्सालमेण्ट (कहा०) प्रेमसंगीत (कवि) आदि। पताः-ऑल इण्डिया रेडियो, लखनऊ।

भगवती देवी शर्मा 'विह्वल':—विदुषी, प्रभाकर, साहित्य-रत्न साहित्यालङ्कार, भावना और एकांकी नाटकों की लेखिका (अप्र०) रेडियो से रचनाओं का प्रसरण। पताः-हैदरकुली, ३४६ चांदनी चौक देहली।

भक्तिप्रसाद त्रिवेदीः--पुस्तकालय विज्ञान-विषय पर स्फुट लेखन। पताः-प्रयाग-विश्वविद्यालय पुस्तकालय, प्रयाग।

भगवतीप्रसाद वाजपेयीः—हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन में कई वर्ष तक पदाधिकारी रहे, "संसार", 'विक्रम' और 'माधुरी' का सम्पादन किया, उपन्यास, कहानी, नाटक और आलोचनात्मक पुस्तकें लिखी हैं, प्रसिद्ध पुस्तकें पिपासा, परित्यक्ता (उप०) खाली बोतल (कहा०) छलना (नाटक) आदि। पताः-दारागञ्ज, प्रयाग।

भगवतीप्रसाद श्रीवास्तवः—ऑल इण्डिया रेडियो दिल्ली से वैज्ञानिक भाषणों का प्रसरण "विज्ञान" जैसे विषय पर रोचकता से लिखने वाले प्रसिद्ध लेखक, प्रसिद्ध रचनाएँ-विज्ञान के चमत्कार विज्ञान की प्रगति आदि। पताः-प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान, धर्म-समाज कालिज, अलीगढ़।

भगवतीप्रसादत्रिवेदी करुणेशः--रचनाएं-कुण्डलियाशतक गङ्गबङ्झाला दोहावली (अप्र०) पद्य प्रवाह नीरव-रजनी, समश्च सतक (प्रका०) आदि। पताः-अध्यापक, कन्याकुब्ज-वॉकेशनल कालेज, लखनऊ अथवा रानीगंज, दुगामा, लखनऊ।

भगवानदास केलाः—"प्रेम" वृन्दावन और 'माहेश्वरी' नागपुर के सम्पादक रहे, नागरिक-शास्त्र और अर्थशास्त्र के चिन्तनशील विरले लेखक, 'अर्थशास्त्र' पर आपने सबसे अधिक पुस्तकें लिखी हैं, आपकी लिखी किताबें पढ़ पढ़ कर अनेक अर्थशास्त्रज्ञ पैदा हुए प्रसिद्ध पुस्तकें-भारतीय राज्य शासन, भारतीय अर्थशास्त्र, सरल भारतीय-शासन, साम्राज्य और उसका पतन, राजस्व, नागरिक शिक्षा आदि कई दर्जन पुस्तकें। पताः—भारतीय ग्रन्थ-माला कार्यालय, दारागंज, प्रयाग।

भगवानसिंह वर्मा 'विमल':--'गौरव' (मासिक) हाथरस के यशस्वी सम्पादक, कहानी, उपन्यास और कविता लेखक, प्रगतिशील कलाकार, व्यवसाय-पत्रकारिता, आजकल दिल्ली से एक 'द्वै मासिक' और हाथरस से 'साप्ताहिक' पत्र निकालने में व्यस्त; पताः—किलागेट, हाथरस।

भगीरथ मिश्रः—जन्म-१४ दिसम्बर १९१४, अनेक संस्थाओं के सभापति और मन्त्री रहे, भाषण, लेख, कविता, आलोचना, एम. ए. और सन् १९४८ में पी. एच. डी., रचनाएं "हिन्दी-काव्यशास्त्र का इतिहास, अध्ययन, 'पृथ्वीराज-रासो के दो समय', 'साहित्य-साधना और समाज', चित्रण (काव्य संग्रह) कई ग्रन्थों का सम्पादन भी किया है, प्राध्यापक हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय। पताः-निकुञ्ज, बनारसी बाग, लखनऊ।

भगीरथ प्रेमी:-- साधना के दीप' प्रकाशित रचना, सार्वजनिक कार्यकर्त्ता। पताः-सेक्रेट्रियट, बड़वाहा।

भदन्त आनन्द कौशल्यायनः—प्रसिद्ध बौद्ध भिक्षु और साहित्यकार, हिन्दी के प्रबल प्रचारक, राष्ट्र-भाषा-प्रचार-समिति वर्धा के पदाधिकारी 'राष्ट्र भाषा" (मा०) के सम्पादक, पुस्तकें—जातक-दो भाग, भिक्षु के पत्र, बुद्धवचन आदि। पताः--राष्ट्र-भाषा-प्रचार-समिति, वर्धा।

भरतसिंह उपाध्यायः—रचनाएं-बुद्ध और बौद्ध साधक, पाली साहित्य का इतिहास, बौद्ध-दर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन।
पताः-प्राधानाध्यक्ष दिगम्बर जैन कालेज, बड़ौत।

भवानीलाल' भारतीय':--रचनाएं-साहित्य और इतिहास, षट्दर्शनों की वैदिक व्याख्या 'पतञ्जलि योग-प्रदीप' का आंग्ल-अनुवाद, अध्यापन। पताः-नन्दनन्दन भवन, गौल पुरवियों का मुहल्ला, खातियों का बास, गोल, जोधपुर।

भवानीलाल माथुर 'देशबन्धु':—स्फुट गीत, कहानी, अर्थशास्त्र का हिन्दी अनुवाद, बालोपयोगी पुस्तकें भी लिखी हैं। पताः—चांद भवन, सरदारपुरा, जोधपुर।

भवानीप्रसाद मिश्र:--स्फुट लेखन, 'शिक्षक' को सम्पादन, कई भाषाओं की जानकारी। पताः-महिलाश्रम, वर्धा।

भवानीशङ्कर याज्ञिकः—स्फुट लेख और कविताएं लिखी हैं, अप्रकाशित अनेक कृतियां। पताः--प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्य विज्ञान, मेडिकल कालेज, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

भवानी शङ्कर शर्मा अरुणेशः--'अलमस्त' और 'दीपक' का सम्पादन किया, रचनाएं-स्त्री-स्वातन्त्र्य नारी का आदर्श आदि।

पताः—कलामन्दिर (होली-धारा) रतनगढ़ (बीकानेर)

भागवत मिश्रः—रचनाएं-द्रोपदी की क्षमा, वरदान, गोधूलि आदि अप्रकाशित। पताः--वकील, गाजीपुर।

भागीरथप्रसाद गुप्त--स्फुट लेखन। पताः--हिन्दी-प्रचार-सभा, परभरथी (दक्षिण)।

भागीरथ 'भाष्करः':—साहित्य-रत्न, एकमात्र वीर-रस के कवि रचनाएं शौर्य-प्रदीप, ज्व लामुखी, कन्यादान आदि लगभग १४ रचनाएं प्रकाशित, अध्यापनवृत्ति। पताः—भाष्कर कुटीर, नगहा, शिकोहाबाद।

भाष्करः—सिनेगीतकार, 'रङ्गभूमि' का सम्पादन, रचनाएं-चित्रमय रजतपट, फिल्मी अप्सराएं। पताः--सुमेरपुर, हमीरपुर।

भानुकुमार जैनः--बम्बई हिन्दी-विद्यापीठ के पदाधिकारी, कृतियाँ-विलासपुरी की दरिद्रता आदि। पताः—मैनेजिङ्ग डायरैक्टर ज्ञान-मन्दिर-लिमीटेड, बम्बई।

भानुसिंह बाघेलः—जन्म १९४९ (विक्रमी) स्वयं अध्ययन रचनाएं-बालादर्श आदि। पताः—भरतपुर, गोविन्दगढ़ रीवां राज्य

भा० रा० देसाई—फुटकर लेखन, हिन्दी-प्रकारक। पताः—हिन्दी-अध्यापक, जैन पाठशाला, कोप्पल, रायचूर (दक्षिण)

भालचन्द्र आप्टेः—हिन्दी प्रचारक और व्याकरण सम्बन्धी पुस्तक के प्रणेता। पताः—आचार्य-हिन्दी प्रचारक ट्रेनिङ्ग कालेज, मद्रास--१७।

भालचन्द्र 'जोशी':—'वीणा' (मा०) का सम्पादन भूत० स०-'नव-निर्माण' और "जय-भारत" (दै०) रचनाएं खट्टी-मीठी कहानियाँ, शरारती-बछड़ा। पताः—१२', चन्द्रभागा, जूनी इन्दौर।

भालचन्द्र शङ्करराव कहालकरः--हिन्दी-प्रचारक, स्फुट लेखन। पताः-प्रधानाध्यापक, नूतन प्राथमिक शिक्षणालय, परभणी (दक्षिण)

भीखनलाल आत्रेयः—एम. ए, डी. लिट् दर्शन, धर्म और मनोवैज्ञान के अभूतपूर्व संगम, अनेक देशी-विदेशी शिक्षा समितियों के गण्यमान्य सदस्य, इन्साइक्लोपेडिया (विश्व जीवनी परिचयात्मक ग्रन्थ) अमेरिका में आपकी जीवनी छपी है, रचनाएं योग वशिष्ठ और उसके सिद्धांत, प्रकृतिवाद पर्यालोचन, एलीमेन्टस

[illegible] लेखकः—

श्री दुलेश्वर दत्त शर्मा

'व्याकुल'

(परिचय पृष्ठ १०५)

श्री माधवप्रसाद शुक्ल 'मनोज'

(परिचय पृष्ठ ११७)

आफ इण्डियन लाजिक। पताः—अध्यक्ष दर्शन, मनोविज्ञान तथा धर्म विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

भीमसैन राव जाधवः—फुटकर कविताएं और लेख। पताः—हिंदी-साहित्य-समिति, गुलबर्गा (दक्षिण)।

भीमेश्वर भट्टः—स्फुट लेखन, हिन्दी-प्रचार। पताः-प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, चादरघाट कालेज, हैदराबाद (दक्षिण)

भुवनेन्द्र 'विश्व':—जैनसाहित्य संकलनकर्त्ता। पताः-विश्व कुटी, ६६३, जवाहरगंज, जबलपुर।

भुवनेश मिश्रः—स्फुट कविताएं। पता-सदर बाजार, कानपुर।

भुवनेश्वर मिश्र 'भुवन':—रचनाएं हिन्दी साहित्य सौरभ, विनय मंजरी आदि। पताः-प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, आशुतोष कालेज, कलकत्ता।

भुवनेश्वरदत्त शर्मा 'व्याकुल'—जन्म १६०७, काव्यालङ्कार बिहार कांग्रेस कमेटी के सदस्य, अ० भा० कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय आन्दोलन में जेल-यात्रा। रचनायें-अश्के हसरत, जवानी के गीत, 'कला में व्याकुल' 'तरानए व्याकुल' किसानों के आर्त्तनाद (ग्राम गीत) प्रेस में—तीन कदम, गरीबों की दुनियां, आदि अनेक अप्रकाशित, साईकिल द्वारा भारत की सफल भ्रमण यात्रा कर चुके हैं। दामोदर वैली कारपोरेशन में सहायक पुनर्वास अफ़सर। पताः-सुखद साहित्य कुटीर, विष्णुगढ़, हजारीगढ़।

भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव'—'कल्याण' गोरखपुर आदि के भूतपूर्व सम्पादक, रचनाएं-संत-साहित्य, मेरे प्राण के साथी, धूप-दीप, आदि कई कविता और निबन्ध संग्रह, पता-प्रिंसिपल सच्चिदानन्द सिनहा कालेज, औरंगाबाद, गया।

भुवनेश्वरप्रसाद वर्मा 'कमल'—सांध्यगीत और साहित्य-संधान के प्रणेता; रेडियो पर एकांकी प्रसारित होते है। पता-पटना कालेज पटना।

भुवनेश्वरप्रसाद 'भुवनेश'—फुटकर कविताएं और लेख, पता-प्राध्यापक, संस्कृत-विभाग, राजेन्द्र कालेज, छपरा।

भुवनेश्वरसिंह "भुवन"—स्फुट लेखन, पता-आनन्दपुर दरभंगा।

भीष्मसिंह चौहान "भीष्म"—साहित्यालंकार, रचनाएं-'हा बापू', 'सटर-पटर' आदि हास्य और बालोपयोगी पुस्तकें।
पताः-नगला जुला, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश)

भीष्मदेव शास्त्री—"दक्षिण भारती" के सम्पादकों में, रचनाएं मैथिलीशरण गुप्त (आलो०) कुमार कर्त्तव्य, पताः-'दक्षिण-भारती' कार्यालय, ८६, अफजल गञ्ज, हैदराबाद।

भूदेव शर्मा—रचनाएं-सनयातसेन, गद्य-दीपिका आदि। पताः-प्राध्यापक, क्राइस्टचर्च कालेज, कानपुर।

भूदेव झा 'अमर'—'जीवन प्रभा' के भू० सम्पादक स्फुट लेखन, स्मृति, अभागिनि, आदि के लेखक। पताः-सूर सदन, प्रेमनगर, झांसी (उत्तर-प्रदेश)

भंवरलाल भट्ट 'मधुप'—रचनाएं-गुंजार, मधुकण गुरु-गोबिन्द सिंह आदि, सम्पादन 'वाणी'। पताः-अधिष्ठाता, हिन्दू अनाथालय, खण्डवा।

भूदेवदत्त शर्मा—सामाजिक कार्यकर्त्ता, स्फुट लेखन,
पताः-'अमर-ज्योति' कार्यालय, जयपुर।

भृगुरासन शर्मा—रचनाएं-साहित्य और समाज, राष्ट्रसेवा आदि, पताः-प्रधानाध्यापक, मिडिलस्कूल, कुबेरनाथ, गोरखपुर।

भैरवप्रसाद गुप्त—सह-सम्पादक 'माया' और 'मनोहर-कहानियाँ प्रगतिशील-लेखक संघ, संयुक्त लेखक-पत्रकार-सम्पर्क मन्त्री, प्रसिद्ध पुस्तकें-मुहब्बत की राहें, मन्जिल, बिगड़े हुए दिमाग (कहानी) शोले आदि (उप०) पताः-"माया" (मासिक) मुट्ठी गञ्ज, प्रयाग।

भैरवप्रसाद सिंह 'पथिक'—स्फुट रचनाएं, 'राजपूत' के भू० सम्पादक, पताः-पथिकाश्रम, पडरौना, देवरिया।

भोलानाथ शर्मा—संस्कृत, ग्रीक, जर्मन आंग्ल आदि भाषाओं के ज्ञाता, जर्मनी पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद, वीर-विजय, अरस्तू की राजनीति आदि के लेखक, सूर-सागर का परिशोधित सम्पादन में व्यस्त अध्यापन वृत्ति। पताः-बिहारीपुर, बरेली अथवा अध्यक्ष संस्कृत-विभाग, बरेली कालेज बरेली।

भोलालाल दास—'मिथिला' और 'भारती' लहेरिया सराय का सम्पादन, हिन्दू लॉ में स्त्रियों के अधिकार, भारतवर्ष का इतिहास आदि के लेखक, यूनाइटेड प्रेस, भागलपुर में लेखक-सम्पादक रहे। पताः-अभिनव ग्रन्थागार, पटना ४, या सिद्धार्थ प्रेस, पटना-३

मक्खनलाल दम्माणी—अनोखी कहानियां मनोहर-कहानियां आदि प्रका०, पता-प्रकाशक, कोटगेट, बीकानेर।

मगनलाल जिनेश—भूपाल में हिन्दी का प्रचार पत्रकार, स्फुट लेखन, पता—"सूचना" सा० हवामहल रोड भूपाल।

मंगलचन्द्र खण्डेलवाल—'नवीन भारत' के सम्पादन में योग, लता प्रेस और 'लता' मासिक के सम्पादक, स्फुट। पताः--लता आफिस, कासगंज।

मंगलदेव शास्त्री,—एम० ए०, एम० ओ० एल०, डी० फिल० शास्त्री, 'तुलनात्मक भाषा शास्त्र अथवा भाषा-विज्ञान, प्रबन्ध-प्रकाश आदि ग्रन्थों के प्रणेता, राजकीय संस्कृत कालेज, काशी में आचार्य, पताः-इंगलिशिया लाइन, बनारस छावनी।

मगलानन्द गौतम—सिने पत्रकार और आलोचक, रचनाएं साम्यवाद व गांधीवाद, पताः--"रसभरी" कार्यालय दिल्ली।

मणिराम 'कंचन'—स्फुट काव्य संग्रह, पताः--तालबेहट, झांसी।

मथुराप्रसाद दीक्षित—कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक, प्रमुख रचनाएं नादिरशाह, बाबू कुबेरसिंह, विप्लवी वीर आदि। पताः-'प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन' कार्यालय, पटना (बिहार)

मथुराप्रसाद शर्मा 'मथुरेश'—२ जुलाई १९२८, साहित्य रत्न, काव्यालंकार, फुटकर कविताएं, दहेज और पंचायत राज विभाग सम्बन्धी स्फुट लेखादि, अध्यापन। पताः-श्री विष्णुभवन, पत्रालय मुहम्मदी (आगरा)।

मथुराप्रसाद शिवहरे—चारों वेदों का हिन्दी उल्था किया है। पताः-आदर्श नगर, अजमेर।

मथुराप्रसादसिंह—दैनिक 'महावीर' के भू० सम्पादक, स्फुट लेखन। पताः-प्रधानाध्यापक, राजेन्द्र साहित्य महाविद्यालय, सेवदह बिरजू मिल्की, पटना।

मदनगोपाल—रचनाएं-मानव हृदय की कथाएं दो भाग, अमेरिका में भारतवासी आदि। पताः-गुजराती मुहल्ला, मुरादाबाद

मदनगोपाल 'अरविन्द'—संगीत कविता संग्रह के प्रणेता। पताः-सीनियर आफिस कोर्ट विभाग, मुजफ्फरपुर।

मदनगोपाल शर्मा—रचनाएं-सुमनों की मुस्कान और चट्टान आदि (अ०) पताः-'अमर ज्योति' कार्यालय, जयपुर।

मदनगोपाल सिंहल—'आदेश' और 'वैश्य हितकारी' का सम्पादन, कई सुन्दर पुस्तकों के प्रणेता। पताः-सदर, मेरठ।

मदनप्रसाद श्रीवास्तव—फुटकर लेखन, त्रैमासिक 'तरुण' के सम्पादक रहे। पताः-लोहार पट्टी, मोतिहारी।

मदनमोहन मिश्र—जन्म ५ मार्च १९१७ 'प्रकाश' के भू० सम्पादक, प्रसिद्ध पत्रों में लेख और कहानियाँ प्रकाशित, रचनाएं चन्द्र ज्योत्सना, स्वास्थ्य सोपान, पंखुड़ियाँ, विन्ध्य-गौरव, आदि पुस्तकें। पताः-मदन-सदन, खलगा-स्ट्रीट, रीवां (विन्ध्य-प्रदेश)

मदनमोहन—'निष्काम' प्रकाशन के संचालक। रचनाएं-मानव समाज की उत्पत्ति तथा विकास, विजयी-जीवन। पताः-'निष्काम' प्रेस मेरठ।

मदनमोहन गुप्त—यूनाइटेड प्रेस के प्रधान सम्वाददाता, रचनाएं प्रबुद्ध, नील आदि (अप्र०)। पताः-विश्राम-कुटीर, रक्सौल।

मदनमोहन गुप्त 'मदन' शिवहरे'—जन्म २ जनवरी १९२२, कहानी लेखक तथा रेडियो गीतकार, प्रकाशन प्रेम-पत्रावली खजवा टोपी छः आने (कवि०) अनल कुण्ड, विद्रोही, तूफान तथा अनेक पाठ्य पुस्तकें, कई संस्थाओं के केन्द्राध्यक्ष, ४२ के क्रान्तिकारी। पताः-शिवहर 'मुजफ्फरपुर' बिहार।

मदनमोहन 'गोस्वामी'—'अमर-भारत' (दिल्ली) दैनिक के भू० सह-सम्पादक, 'प्रदीप' का सम्पादन, फुटकर लेखन। पता-'प्रदीप' कार्यालय, जन सम्पर्क विभाग, पंजाब सरकार शिमला-२

मदनमोहन 'नागर'—'सारनाथ का संक्षिप्त इतिहास' आदि पुरातत्व और इतिहास सम्बन्धी लेखक। पताः-क्यूरेटर, प्रान्तीय संग्रहालय नील-रोड, लखनऊ।

मदनमोहन पाण्डेय—स्फुट लेखन। पताः-प्रभाकर प्रेस, मुंगेर।

मदनमोहन राकेश'—स्फुट एकांकी और कविताएं। पताः-अध्यापक बिशप-काटन स्कूल, शिमला-२

मदनमोहन 'साह'—रचनाएं-'राघव-गीत' रघुनाथराव (ना०) लक्ष्मण साहित्य भण्डार के संचालक। पताः-मिर्जा मण्डी चौक, लखनऊ।

मदनलाल शर्मा—रचनाएं-पंचमेल, मन की पीर आजाद भारत, एक रात आदि के प्रणेता। पताः-शर्मन फार्मेसी, गिरदी कोट, जोधपुर।

मदनलाल हितैषी—स्फुट लेखन, सार्वजनिक कार्यकर्त्ता, साप्ता० प्रकाश अलीगढ़ के सम्पादक। पताः-प्रकाश कार्यालय, अलीगढ़।

मदनलाल नकफोफा 'मदन'—'अर्चना के फूल' के प्रणेता, नवोदित कलाकार। पताः-बहुआर चौरा, गया (बिहार)।

मदनलाल 'मधु'—उन्माद (कवि०) के रचियिता। पताः-प्राध्यापक अर्थ शास्त्र विभाग, सनातन-धर्म कालेज, शिमला-२

मदनलाल 'व्यास' प्रभाकर—स्फुट लेखन। पताः—नथावतों की पोल, नवचौक, जोधपुर।

मधुकर मिश्र—मजदूर कार्यकर्त्ता, बँगला गुजराती, उर्दू, फारसी के ज्ञाता, 'अभ्युदय' प्रयाग के भू० सम्पादक, कई पुस्तकों का सम्पादन, रचनाएं--'शान्ति की लहर' (जब्त) बंगाल वाले (जब्त) संकल्प, अमर-सखा आदि। पताः--६६।१७२ सदर बाजार कानपुर।

मधुकर खरे--स्फुट कविताएं और कहानियाँ। पताः--बूढ़ापारा रायपुर।

मधुसूदनदास चतुर्वेदी "मधु"—सम्पादक "कल्पना" (द्वै मा०) हैदराबाद के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, हिन्दी-प्रचार-सभा, हैदराबाद के मन्त्री, रचनाएं साहित्य का इतिहास, प्रसाद के आंसू (अप्र०) आदि। पता—११६७ बेगम बाजार हैदराबाद (दक्षिण)

मधुसूदन शरण 'बेदिल'—'नागरिक' 'जनवाणी' 'साथी' आदि के सम्पादन में योग। बंबई में फिल्मों के लिए गीत भी लिखे, कई पुस्तकें प्रकाशित स्फुट गीत और लेख, पताः--पसरट्टा बाजार हाथरस

मधुसूदन पाण्डेय 'मधुर'—बी० ए० सी० टी०, विशारद रचनायें हमारे देश का इतिहास, स्वास्थ्यतत्व आदि, पताः—सहायक-शिक्षक जिला-स्कूल, रांची।

मधुसूदन 'मधुप'—दो कहानी संग्रह प्रकाशित, पता--स्नेहलता गंज, इन्दौर।

मधुसूदन मिश्र—स्फुट रचनाएं, पता-प्रधानाचार्य, हरिहर संस्कृत कालेज, बकुलहर, चैनपटिया, चम्पारन।

मधुसूदन शास्त्री—रचनाएं-रस-शास्त्र, उत्तर रामचरित की टीका, प्राच्य-संस्कृत-साहित्य के विद्वान, पता-प्राध्यापक, ओरियन्टल कालेज, विश्वविद्यालय, काशी।

मनसारामशर्मा—'साहित्य-रत्न' 'साहित्यालंकार' स्फुट लेख, साहित्य-प्रेमी, पता-हिन्दी अध्यापक, श्री भारत मंदिर हायर सै० स्कूल, ऋषि केश, देहरादून।

मनफूल त्यागी 'सुधीर'—रचनाएं-देश-देश के बालक, शेर बच्चों के गीत, पताः—दरबार हाईस्कूल, जोधपुर।

मनमोहन सक्सेना—बी ए०, एल० टी० साहित्यिक अभिरुचि, पता:-सोमवारिया, जावरा (मध्य-भारत)

मनोरंजनप्रसाद सिंह—रचनाएं-गुनगुन और संगिनी (कवि०) उत्तराखण्ड के पथ पर (यात्रा) कई निबन्ध और काव्य संग्रह अप्रकाशित। पताः-आचार्य, राजेन्द्र कालेज, छपरा।

मनोरंजन सहाय श्रीवास्तव—कई पत्रों के भू० यशस्वी सम्पादक, रचनाएं हँसती छाया, हँसते-हँसते, कब्र में पत्थर आदि।
पता:-गुमला, रांची।

मनोरमा चतुर्वेदी—बी० ए०, साहित्य रत्न, स्फुट लेख पं० बनारसीदास चतुर्वेदी जी चाचा लगते हैं। पता:-हनुमान ग्लास वर्क्स, फिरोजाबाद।

मनोहरलाल गर्ग—२३ अक्टूबर, १६२३ (जन्म) राष्ट्रभाषा परिषद के संस्थापक और प्रधान मन्त्री, 'साहित्य-परिषद' के प्रमुख कार्यकर्ता, कई सार्वजनिक संस्थाओं के मन्त्री, साहित्यिक और साहित्य-प्रेमी अ० भा० ब्र० सा० म० की स्थायी समिति के सदस्य, साहित्यिक सभाओं के आयोजक, स्फुट लेख, "अग्रवाल-पत्रिका" (मा०) का संचालक सम्पादन, पता-नयागंज, हाथरस।

मनोहरलाल जैन—स्फुट लेख संग्रह, भू० अध्यापक, जैन इण्टर मीजियेट कालेज, बड़ौत, नवप्रभा का संपादन। पताः- प्रधानाध्यापक टीकमचन्द जैन हाईस्कूल, अजमेर।

मनोहरलाल बजाज– स्फुट कहानियां, पता:-गलीखाई वाली, अमृतसर।

मनोहरसिंह 'कुँवर'—स्फुट लेखन, कई साहित्यिक संस्थाओं के सक्रिय कार्यकर्ता। पता:-५०१५, नगरबास, रतलाम।

मन्नूलालशर्मा 'शील'—रचनाएं (प्र०) चर्खाशाला, अंगड़ाई (अप्र०) एकपग, धृतराष्ट्र आदि। पता:-पाली, कानपुर।

मन्मथ रामकृष्ण भट्ट 'नवल'—रचनाए-भारत-भेरी, कलमी कलाम, नवलनूर आदि, पताः-सर्वोत्तम-साहित्य शिक्षण समिति, म्यापसा, गोवा।

मन्मथकुमार मिश्र—प्रकाशन-प्राचीन भक्त कवियों की भजन माला और संगीत सम्बन्धी लेख संग्रह, पता:-लक्ष्मणगढ़, सीकर।

मन्मथनाथ गुप्त—भारत के सभी उच्च पत्रों के नियमित लेखक, "बाल-भारती" का सम्पादक करते हैं, काकौरी षड्यन्त्र केस के प्रमुख

भू० कैदी, अनेक बार 'कारागृह-निवास, प्रसिद्ध रचनाएं'-सेक्स से जीवन और सुख प्राप्ति, यौन-विज्ञान और वैवाहिक जीवन, भारत में सशस्त्र क्रान्ति चेष्टा का रोमांचकारी इतिहास-दो भाग, अवसान (उप०) तथा कई कहानी संग्रह, पताः-पब्लिकेशन्स डिवीजन, ओल्ड सेक्रेटेरियट, दिल्ली।

मलमंचिलि वेंकटप्पम्मा चौधरी—हिन्दी प्रचारक, लगभग एक दर्जन प्रकाशित पुस्तकें, पता:-आदर्श बालिका पाठशाला, नेहरू नगर, पो० तैनालि, गुन्टूर (दक्षिण)

महताबचंद खारैड—रचन एं बाँकीदास ग्रन्थावली, जयपुर राज्य के हिन्दी कवि और लेखक, पता:-सोथली वालों का रास्ता, जयपुर

महादेवराव चौधरी—कृषि विषयक फुटकर लेख लिखने में कुशल, पताः-बसन्त रमेश कृषि फार्म, सविताबाडी, वरुण (बरार)

महादेवप्पा कोडेकोलकर—हिन्दी प्रचारक, फुटकर लेखन। पता:-लोक-सेवा-समिति, जोगी, गुलबर्गा, (दक्षिण)

महादेव लाल—'प्रकाश' का सम्पादन, हिन्दी-प्रचार कार्य। पता:-प्राध्यापक, हिन्दी विद्यापीठ, देवघर (बिहार)

महादेवसिंह—फुटकर लेखन, पता-खपटिया, भदोही, बनारस।

महादेव सीताराम करमकर—एम० ए० (मराठी और जर्मन) साहित्य-रत्न, विभिन्न साहित्यिक और शिक्षा-सम्बन्धी संस्थाओं से सम्बद्ध, प्रसिद्ध-पुस्तकें-जर्मन लोक कथा, हिन्दी मराठी अनुवाद माला तीन भाग, तथा अनेक मराठी, अँग्रेजी, जर्मन की कविताओं का हिन्दी अनुवाद, पता:-भारतीय साहित्य-सहकार, विश्वविद्यालय, काशी।

महादेवी वर्मा—भारत की सुप्रसिद्ध कवियित्री, चित्रकर्त्री, छायावादी कवियों में प्रमुखस्थान चाँद (मासिक) की भूतपूर्व यशस्वी सम्पादिका, प्रमुख पुस्तकें-अतीत के चलचित्र, दीपशिखा, यामा, सान्ध्य-गीत, नीरजा आदि। पता:-प्रधानाध्यापिका, प्रयाग महिला विद्यापीठ प्रयाग।

महारुद्र ध्यानावस्थित--फुटकर लेखन। पताः-सह-सम्पादक 'अमर-ज्योति' जयपुर।

महालिंगम डाक्टर—हिन्दी-प्रचारक, फुटकर लेखन। पता:-दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, त्यागरायनगर, मद्रास।

महावीरप्रसाद मिश्र सुरभि—रचनाएं-हिरण्यकशिपुवध, अवध आनन्द आदि। पताः-'निर्माल्य-निकेतन' स्थान चिल्ला गौहानी, डाकघर बारा, जिला-प्रयाग।

महावीरप्रसाद अग्रवाल—अनेक शिक्षा और साहित्यिक संस्थाओं से सम्बद्ध, एम. ए. (सर्वोच्च) एल. एल. बी., रचनाएं हिन्दी साहित्य सौरभ-तीन भाग, कुछ आत्माकथाएं आदि। पताः-अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, दरबार कालेज, रीवां।

महावीरप्रसाद शर्मा—फुटकर लेख और कविताएं, वकील। पताः-सम्पादक "जयहिन्द" (साप्ता०) कोटा।

महावीरप्रसाद शर्मा प्रेमी'—'जाग्रति' के भू० सं०, 'राष्ट्रवाणी' तथा 'नवशक्ति' पटना के सम्पादकीय विभाग में, प्रकाशित पुस्तकें उद्योग व्यवसाय में सफलता के साधन, प्राकृतिक बिजली का प्रयोग आदि। पताः-लालकोठी, पो० दानापुर, पटना।

महावीरप्रसाद 'ओती'—तरुण 'पत्रकार' नवीन, दैनिक समाचार और 'जनवाणी' (दैनिक) के सम्पादक रहे, कुछ दिनों बम्बई में 'आवाज' के सम्पादकीय विभाग में कार्य किया, आजकल भारत प्रिंटिंग प्रेस का संचालन और जनवाणी स्थानीय दैनिक संस्करण का सम्पादन, स्फुट लेखन। पताः-'जनवाणी' कार्यालय हाथरस।

महेन्द्र—'साहित्य-संदेश' आगरा के सम्पादकों में, स्फुट लेखन। पताः-४ महात्मा गान्धी रोड, आगरा, तथा साहित्य रत्न भण्डार आगरा।

महेन्द्र जोशी—फुटकर कविताएं और कहानियाँ लिखी हैं। पताः-सम्पादक 'सुधा' (मा०) पो० बा० २ शिमला।

महेन्द्र भटनागर—आपकी रचनाएं उच्चकोटि के पत्रों में छपती हैं, नई पीढ़ी के प्रमुख प्रगतिशील कवि और चिन्तन शील लेखक। पताः-धार (मध्य-भारत)

महेन्द्रकुमार जैन—रचनाएं-प्रमाण-मीमांसा, गद्यावलि, न्याय विनिश्चय विवरण, न्याय कुमुदचन्द्र आदि पुस्तकों के प्रणेता। पताः-भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड, काशी-४

महेन्द्रनाथ नागर—फुटकर आलोचनात्मक निबन्ध: लिखते हैं, हरिजनों में शिक्षा-प्रसार, पता-रानीपुरा, बड़वानी, मध्य भारत।

आत्म लेखक:—

श्री रंगीलाल 'आर्य'
(परिचय पृष्ठ ११६)

श्री नरेशचन्द्र गर्ग 'मानव'
(परिचय पृष्ठ १२५)

महेन्द्रनाथ पाण्डेय:—आपकी लिखी प्राकृतिक और आयुर्वेद चिकित्सा सम्बन्धी पुस्तकें हिन्दी साहित्य में बेजोड़ हैं, रचनायें तपेदिक, भोजन ही अमृत है, हमारे बच्चे, मठा, फलहार चिकित्सा, प्रमेह-विवेचना आदि। पताः-महेन्द्र रसायनशाला, कटरा प्रयाग।

महेन्द्रप्रताप शास्त्री:—विद्यालयों के लिए संस्कृत हिन्दी की कई पाठ्य पुस्तकों का सम्पादन, सृजन किया है, शिक्षा सम्बन्धी अनेक प्रान्तीय और अखिल भारतीय संस्थाओं के क्रियाशील कार्यकर्त्ता। पता:-आचार्य, डी.ए. वी. कालेज, लखनऊ

महेशचन्द्र अग्रवालः—प्रसिद्ध पुस्तकें-"भारतीय औद्योगिक संगठन" समाजवाद और सहकारिता, पूँजीवाद, भारत की सहकारी समस्याएं। पता:-३४६, कटरा, प्रयाग-२ अथवा अर्थशास्त्र विभाग, प्रयाग, विश्वविद्यालय।

महेशदत्त दुबे:—रचनाएं-भारत-छोड़ो, फफोले। पता:-'विन्ध्य केसरी' कार्यालय, सागर।

महेश्वरः—रचनाएं-चतुर्भुजी, प्रेमाञ्जलि, महादेवी की चित्र-कला व काव्य-कला, आदि। पताः-ग्राम पत्रालय, 'भरोला' आरा

महेश्वर नाबर:—रचनाएं-फूलों की परख, कहानी-कुंज, गद्य कुंज आदि कई सम्पादित पाठ्य-पुस्तकें। पताः—मन्त्री, ज्ञानलता मण्डल, ३६ एल, युगभाट क्रासलेन, बम्बई ४।

महेश्वर प्रसादः—पञ्चामृत, यशोधरा की करुण-साधना, आदि के प्रणेता। पताः-अरौली, शाहाबाद।

महेश्वरीप्रसादः—समीक्षात्मक लेख लिखते हैं। पताः-हिन्दी-विभागाध्यक्ष, टी. एन. जे. कालेज, भागलपुर।

महेश्वरप्रसाद मंसूरः—आपके लिखे दो कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। पता:-'गांधी-परिषद' दिल्ली।

माखनलाल चतुर्वेदी—हिन्दी के वयोवृद्ध सुलेखक और साहित्य-सेवी, राष्ट्रीय कवि, प्रसिद्ध पुस्तकें हिमकिरीटिनी, (कवि) साहित्य देवता (गद्यकाव्य) उच्चकोटि के पत्रों में अब लिखते हैं।

पताः-'कर्मवीर प्रेस, खण्डवा।

माणिकचन्द्र न्यायाचार्यः—अनेक पुस्तकों के प्रणेता, शास्त्रार्थ और शास्त्रप्रवचन करने में कुशल। पताः-हनुमान-गंज, फिरोजाबाद (आगरा)।

माणिकचंद्र बोंद्रिया:—ग्राम जीवन सम्बन्धी फुटकर लेखन।
पता:-सम्पादक "कृषक" घाट-रोड, नागपुर-२

मातादीन भगेरिया:—"नव-भारत-टाइम्स" के भूतपूर्व यशस्वी सम्पादक, जनवादी लेखक और स्पष्ट वक्ता, रचनाएं-तरुण-तपस्वी, दिव्यकुमार का देशाटन आदि-आदि, 'एशिया से दूर रहो, समिति के प्रबन्ध मन्त्री। पता:-दिल्ली।

मातादीन शुक्ल—कवि "अञ्चल" के पिता, "माधुरी" के भू० सह सम्पादक, स्फुट लेखन। पता:-प्रबन्धक, एजूकेशन बुकडिपो, जबलपुर।

माताप्रसाद गुप्त—एम० ए०, डी० लिट्०, रचनाएं-तुलसी-संदर्भ, हिन्दी पुस्तक साहित्य आदि। हिन्दी के विद्वान् लेखक।
पता:—प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, प्रयाग-विश्वविद्यालय।

मातुलाल शर्मा—फुटकर लेखन। पता:—सञ्चालक "सीमा" गोपाल प्रेस, आसनसोल।

मांगीलाल 'माथुर'—कई पत्रों के सम्पादन में योग, फुटकर लेखन। पता:—सञ्चालक, विज्ञान कला अधिष्ठान, कोट-गेट बीकानेर।

माधवप्रसाद टण्डन—"जीवन-क्रम" (कहानी--संग्रह) प्रकाशित। पता:—"हिन्दी-साहित्य--सम्मेलन" कार्यालय, पटना (बिहार)।

माधवप्रसाद शुक्ल "मनोज"—जन्म सं० १९८४, सागर, प्रकाशन—"सिकता-कण" (कवि) तथा अनेक स्फुट कविताएं और कहानियां प्रमुख पत्रों में प्रकाशित, नवोदित कलाकार।
पता—परकोटा, सागर (मध्य-प्रदेश)।

माधवशरण 'मुकुन्द'—स्फुट लेखन, कई पुस्तकें प्रकाशित।
पता:-बगही, जोगापट्टी (चम्पारन)।

मानसिंह—बाल राजनीति, लन्दन में भारतीय विद्यार्थी आदि के लेखक। पता:-राजकुमार मानसिंह, बनेड़ा राज्य, मेवाड़।

मायाराम शर्मा—जन्म १९३३, स्फुट-कविता, आलोचनात्मक लेख और राजनीतिक लेख। पता:-जीवाजीगञ्ज स्टेशन के पास, बकील साहब की कोठी, लश्कर (मध्य भारत)।

मारुती दत्तात्रय देशपाण्डे—बी० ए०, बी० टी०, रचनाएं— पार्टस आफ स्पीच, टैन्सेज आदि। गीता-धर्म-मण्डल, समर्थ-

सेवक-मण्डल के कार्यवाह । पताः--राष्ट्रभाषा परीक्षा-मन्त्री सतारा।

मायादेवी—'कन्या धर्म शिक्षा' और पाक-शास्त्र की विदुषी लेखिका। पता:-'साहित्य-कुटीर' दही गली, भरतपुर।

मार्तण्ड दामोदर पुस्तके—"आरोग्य-मित्र" के सञ्चालक, रचनाएं-आरोग्य-मार्ग-दर्शिका, अंकुर, जीवन, आहार और शरीर-पोषण आदि। पता:-६८, जयप्रकाश नगर, गोरे गांव, नया बाजार, लश्कर, ग्वालियर।

मालतीबाई दीडेकर—फुटकर लेख, कहानी और कवितायें।
पता:—बुधगांव, सतारा।

मुकटसिंह 'मुकुट'—जन्म जनवरी १६३२, समालोचनात्मक तथा औपन्यासिक लेख लिखने की ओर स्वाभाविक रुचि। पताः-अमर पुर काशी, पो० बिलारी (मुरादाबाद)

मुकुन्दीलाल बैरिस्टर—रचनाएं-महात्मा गांधी की जीवनी, काश्मीर और काश्मीरीज, मोलाराम चित्रकार व कवि, उत्तर-प्रदेश कौंसिल के डिप्टी प्रेसीडेण्ट। पता:—'विजय-भवन' लैंसडोन (गढ़वाल)

मुन्शीराम शर्मा 'सोम'—एम० ए०, डी० लिट्०, प्रसिद्ध रचनाए-सन्ध्या-सङ्गीत, सूर-सौरभ, हिन्दी-साहित्य के इतिहास का उपोद्घात। पता:-अध्यक्ष-हिन्दी-विभाग, डी० ए० वी० कालेज, कानपुर (उत्तर प्रदेश)

मुन्शीलाल पटैरिया—रचनाएं-बिजली, 'साम्यवाद-जिन्दाबाद' दस हजार, अमर बापू आदि के प्रणेता। पता:-पुरानी कोतवाली, झांसी।

मुक्ता शास्त्री 'अभया'—रचनाएं-हम कहां और प्राण-प्रतिष्ठा। पताः-कटरा सहाय खां, इटावा (उत्तर प्रदेश)

मुन्नालाल—स्फुट टीकाएं। पता:-वीर-सेवा मन्दिर, सरसावां, सहारनपुर।

मुरलीधर जोशी—रचनाएं-सम्पति का उपयोग, द्रव्य शास्त्र आदि। पताः-प्राध्यापक, अर्थ शास्त्र-विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय।

मुरलीधर नारायणप्रसाद—रचनाएं-कल्पतरु, साहित्य-संचय, पता:-व्यवस्थापक "आलोक" द्वै मासिक, हंसडीहा, बेसिक ट्रेनिङ्ग स्कूल, दुमका (बिहार)

मुरलीधर दिनौदिया—सार्वजनिक कार्य, स्फुट--सामयिक लेख, जीवनी, संस्मरण, यात्रादि विषयक लेखन, "एकता" (सा०) का सम्पादन। पताः-वकील, भिवानी, हिसार।

मुरलीधर गुप्त—स्फुट साहित्यिक लेख और कहानियाँ। पता:-पो० मुंगरा बादशाहपुर, जि० जौनपुर।

मुरलीधर श्रीवास्तव—मीराबाई (काव्य) और लेखों के दो संग्रह लिखे हैं। पता:-हिन्दी-प्रचार-समिति वर्धा।

मुरलीधराचार्य 'तिलक'—श्री 'रंगनाथ पाठशाला और प्रेस के संचालक, स्फुट लेखन। पतः-श्री रङ्गनाथ कार्यालय, भिवानी, हिसार।

मुरलीमनोहर प्रसाद—फुटकर गद्यगीत लेखक, रेडियो से एकांकी प्रसारित होते हैं। पता:-एच० डी० जैन कालेज, आरा।

मुरारीलाल वार्ष्णेय—प्रसिद्ध आलोचक और साहित्य-सेवी, प्रगतिशील लेखक-सघ अलीगढ़ के जन्मदाता और मंत्री।

पताः-वाइस-प्रिन्सिपल, बारहसेनी डिग्री कालेज अलीगढ़।

मुरारीलाल शर्मा 'बालबन्धु'—'सेवा' के सम्पादकों में, रचनायें गोदी भरे लाल, राष्ट्र की रश्मियां, कर्मवीर आदि अनेक पुस्तकों के प्रणेता। पताः-सेवा-मन्दिर, सिविल-लाइन्स, मेरठ।

मूलचन्द भट्ट भौर—रचनाएं-रजवाड़ी, वीर कोकिल, मकरन्द, किसान-बत्तीसी, "परिवर्त्तन" के सम्पादन में योग। पता-'कलाधर' (मासिक) जोधपुर।

मूलचन्द 'शास्त्री'—रचनाएं-फुटकर गवेषणात्मक लेख। पता:-प्रधान आयुर्वेद विभाग, आर० वी० आश्रम, संस्कृत कालेज लक्ष्मणगढ़, जयपुर।

मूलवर्द्धन शास्त्री—साहित्यरत्न, स्फुट लेखन अञ्जलि, 'समाज की वेदी पर' पुस्तकें प्रकाशित। परीक्षा-मन्त्री-हिन्दी विद्यापीठ, बीकानेर। पताः-'राजवन्शी ब्रदर्स, पब्लिशर्स एवं बुकसेलर्स, रतन गढ़, बीकानेर।

मेदिनीप्रसाद शर्मा—शृङ्गार सुधा-संग्रह, गणपति उत्सव दर्पण आदि लगभग १२ ग्रन्थ। पताः-परसापाली, खरसिया, रामगढ़।

मेदीलाल आर्य—जन्म दिसम्बर १६२५, साहित्यिक गोष्ठियों के आयोजन में अग्रणी, प्रमुख पत्रों में आपकी रचनाएं छपती हैं। पता:-अध्यापक, हितकारिणी हाई इङ्गलिश स्कूल, खरगपुर, पश्चिमी बङ्गाल।

मैनादेवी—फुटकर रचनाएं। पताः-परवारपुरा, इतवारी, नागपुर।

मेंहीदास बाबा—रचनाएं-संत-संयोग तथा कई पुस्तकों की टीकाएं प्रकाशित। पताः-सत्संग मन्दिर, ग्राम-सिकलीगढ़ धरहरा, पो० बन मनखी, पूर्णिया।

मैथिलीशरण गुप्त—डाक्टर-राष्ट्रकवि और राष्ट्रपति द्वारा लोक-परिषद् के मनोनीत-सदस्य, "साकेत" नामक, महाकाव्य पर मङ्गलाप्रसाद पारितोषिक प्राप्त। प्रसिद्ध पुस्तकें—भारत-भारती जयद्रथ वध, रङ्ग में भङ्ग, यशोधरा, किसान, आदि अनेक पुस्तकें प्रकाशित। पताः-साहित्य-सदन, चिरगांव, झाँसी।

मोरेश्वर दिनकर जोशी—बी० ए०, एल० एल० बी०, एम० एल० ए० स्फुट लेखन, सम्पादक 'बलवन्त' (साप्ता०) रत्नागिरी।

मोरेश्वर रा० बोबिंवे—बी० ए०, टी० डी०, लघु-कथा लेखक, प्रसिद्ध पुस्तकें—डा० बालकृष्ण, सुबोध बाचनमाया-भाग-तीन। पताः—असिस्टेण्ट सुपरिण्टेण्डेण्ट न्यू इङ्गलिश स्कूल, सतारा।

मोतीलाल त्रिपाठी 'अशान्त'—रचनाएं-'नयी-कहानियां', दिल्ली चलो आदि। पताः-शारदा-सहित्य-कुटीर, पुरानी नझिआई, झाँसी।

मोतीलाल मेनारिया—रचनाएं-राजस्थानी साहित्य की रूप रेखा, मेवाड़ की विभूतियाँ, पिङ्गल में वीर रस, आदि २। राजस्थान के सुप्रसिद्ध साहित्य-सेवी। पताः-गनगोर घाट, उदयपुर।

मोतीलाल शास्त्रीः—'मानवाश्रम" का सम्पादक प्रकाशन, रचनाएं-हिन्दी गीता-विज्ञान भाष्य, श्राद्ध-विज्ञान आदि।
पताः—'मानवाश्रम', विद्यापीठ, जयपुर।

मोहनवल्लभ 'पन्त':—राजपूताना विश्वविद्यालय की डिग्री क्लासों में हिन्दी का प्रवेश करवाने में प्रमुख, प्रसिद्ध पुस्तकें नहुष का स्वाध्याय कारक दीपिका, अन्योक्ति कल्पद्रुम आदि। पताः-अध्यक्ष हिन्दी-संस्कृत विभाग माहाराणा-भूपाल कालेज, उदयपुर

मोहनलाल उपाध्याय निर्मोहीः—कई पत्रों के यशस्वी सम्पादक प्रकाशन-सूर पदावली, ब्रजमाधुरीसार, हिन्दी-साहित्य के इतिहास की रूप रेखा, सम्पादन-दिवाकर-अभिनन्दन-ग्रन्थ और कलम के हिमायती। पता-प्रबन्धक 'मजदूर-प्रेस' 'श्रम-शिखर', इन्दौर।

मोहनलाल 'झा' मोहन—रचनाएं-'गांधी की आंधी', ज्योत्सना आदि, सूर-कवि-मण्डल' के संस्थापक। पता-श्री सूर सदन, नगरा (झांसी)।

मोहनलाल जिज्ञासु—जन्म २६ अक्टूबर १६२२, 'राजस्थानी-साहित्य' में पी. एच. डी. के लिए थीसिस में व्यस्त, रचनाएं-अन्तर्दाह, नूतन प्रबन्ध बल्लरी, हिन्दी गद्य का इतिहास, कहानी और कहानीकार, 'हिन्दी-गद्य' की रूप-रेखा।
पता—हिन्दी प्रोफेसर, जसवन्त कालेज, जोधपुर (राजस्थान)

मोहनलाल गुप्त-फुटकर रचनाएं। पता-सरैयागंज मुजफ्फरपुर।

मोहनलाल भट्ट—नवजीवन, यङ्ग इण्डिया, हिन्दी नवजीवन, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, अहमदाबाद तथा वर्धा को अपनी सेवायें अर्पित कीं। पता-राजहंस कोआपरेटिव प्रिन्टरी, मेहता-पोल (बड़ौदा)

मोहनलाल बल्देवा—हिन्दी प्रचारक और हिन्दी सेवी।
पता-कसार हट्टा, हैदराबाद (दक्षिण)

मोहनलाल महतो 'वियोगी'—सुप्रसिद्ध कवि, समीक्षक प्रमुख रचनाएं-निर्माल्य, एकतारा, आरती के दीप, आदि लगभग चार दर्जन पुस्तकें। पता—उपरडीह, गया, बिहार।

मोहनलाल शांडिल्य शास्त्री—'गजेन्द्रमोक्ष' के प्रणेता, स्थानीय साहित्यिक-आयोजनों में अग्रणी। पता-कोटरा जालौन।

मोहनसिंह सेंगर—सर्वाधिक प्रसिद्ध पत्रकार, चोटी के पत्रों के यशस्वी सम्पादक रहे, प्रमुख पुस्तकें-चिता की चिनगारियाँ, नये युग की नारी आदि के प्रसिद्ध लेखक, वर्तमान-'नया-समाज' का सम्पादन। पताः- 'नया-समाज" (मासिक) २३ नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता।

यदुनन्दन 'मिश्र':—रचनाएं-'हिन्दी-साहित्य का इतिहास' हिन्दी प्रचार कार्य (हरिजनों में) विभिन्न पत्रों में समालोचनात्मक एवं वर्णनात्मक लेख लिखे। पता:-ग्राम-देवहटा, पो० सिरसा जिला० इलाहाबाद।

यलमंचिलि वेंकटप्पय्या चौधरी:—कई पाठ्य-पुस्तकें और हिंदी तेलगू व्याकरण, हिन्दी प्रचार। पता:-आदर्श बालिका पाठशाला, नेहरू नगर, तेनाली, गुन्टूर जिला।

यज्ञदत्त शर्मा:—"नवजीवन" (दैनिक) के उपसम्पादक, रचनाएं आधुनिक-सरकार, मुद्रा विनिमय साख पद्धति दो भाग। पता:—"नवजीवन" कार्यालय, कसर बाग, लखनऊ।

यज्ञनारायण मिश्र:--एम. ए. साहित्य रत्न, स्फुट रचनाएं।

पताः—हिन्दी-अध्यापक, राजकीय नार्मल स्कूल, झाँसी।

यज्ञनारायणः—स्फुट लेखन, देहाती क्षेत्र में हिन्दी-प्रचार, केन्द्र व्यवस्थापक। पताः—द्वारा बाल हिन्दी पुस्तकालय वैना, पो० कड़-सर, जिला शाहाबाद (आरा)।

यमुना कार्यीः—राजनीतिक कार्यकर्त्ता, कई पत्रों के सम्पादन में योग, फुटकर लेखन। पता—प्रधान सम्पादक "हुंकार" (साप्ता०) पटना (बिहार)।

यमुनाप्रसाद अवस्थीः—फुटकर लेखन। पताः—हिन्दी अध्यापक मारवाड़ी इण्टर कालेज, कानपुर।

यमुनाप्रसाद चौधरी "नीरज":—"द्रुमदल" और कबीरः एक काव्य प्रकाशित रचना,। वर्तमान पता—खैरा-स्टेट मुंगेर। पताः—ग्राम धोवैय, पो० तारापुर, जिला मुंगेर।

यशनागप्पा मास्टर—हिन्दी प्रचारक, प्रसारक, स्फुट लेखन। पताः—व्यवस्थापक, हिन्दी प्रचार सभा, शाहपुर, गुलबर्गा (दक्षिण)

यशनारायण—उत्साही हिन्दीप्रचारक। पता—व्यवस्थापक हिंदी प्रचार सभा, बनपर्ति, जिला महबूबनगर, (हैदराबाद दक्षिण)।

यशपाल—भारत के प्रमुख प्रगतिशील कहानी लेखक, क्रांति-कारी पार्टी से भी सम्बन्ध रहा, आपकी कहानियां उच्चकोटि के पत्रों में प्रकाशित होती हैं, प्रमुख पुस्तकें-दादा कामरेड, गांधीवाद की शव परीक्षा, भस्मावृत्त चिनगारी आदि। पता-'विप्लव' कार्यालय, शिवाजी मार्ग, लखनऊ।

यशपालसिंह 'कुमार'—एम. ए. प्रयाग विश्वविद्यालय, फुटकर कविताएं और समीक्षात्मक लेख विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित, पुस्तक प्रेस में है, आजकल एच० बी० कालेज, अलीगढ़ में अँग्रेजी के प्रोफेसर। पताः—ग्राम लहौसरा डा० लोधा, अलीगढ़।

य० सौमेश्वर शर्मा—फुटकर लेखन। पताः—सहायक अध्यापक, श्री वेंकटेश्वर ओरियन्टल कालेज, तिरुवन्ति।

यशोदादेवी श्रीमती—'भ्रम' कहानी संग्रह आपकी प्रकाशित रचना है। पताः—कृष्ण कुञ्ज, इलाहाबाद।

यादराम जी शर्मा 'रजेश'—जन्म १७ जनवरी १९२५, प्रगति शील कवि, लेखक, पत्रकार भू० स० 'स्वदेश' अलीगढ़ सम्वाददाता 'जनयुग' (बम्बई) नया सवेरा लखनऊ 'सत्पथ' (खण्डकाव्य) प्रकाशित तथा अन्य प्रगतिवादी रचनाएं प्रकाशन हेतु प्रस्तुत।

पताः-दीवा हमीदपुर, पो० ऊमरी, अलीगढ़। वर्त्तमान पता-गांधी स्मारक कृषक हायर सैकिण्डरी स्कूल वेरा, जि० मथुरा।

याज्ञवल्क्य सदानन्द अग्निहोत्री—गुजरात में हिन्दी प्रचार कार्य, उर्दू लिपि परिचय और हमारी हिन्दुस्तानी के लेखक। पता-शिक्षक राजकीय ट्रेनिङ्ग केन्द्र कलार गाँव सूरत अथवा लिमड़ी निवास, शाहपोर, सूरत।

युगलसिंह ठाकुर—अध्यक्ष, शिक्षा-विभाग, बीकानेर राज्य तथा अन्य साहित्यिक संस्थाओं से सम्बद्ध, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, कोटा अधिवेशन में मनोविज्ञान पर भाषण, राजस्थान के सुप्रसिद्ध साहित्य सेवी, फुटकर लेखक। पताः-खीची-सदन, बीकानेर राजस्थान।

येहुल बाल शोरिरेड्डी—हिंदी प्रचार-प्रसार में सदैव तत्पर, फुटकर लेखन। पताः-उपाध्यक्ष, हिन्दी-कालेज, मन्नारगुडी (दक्षिण)

योगेन्द्र शर्मा 'मधुप'—अनेक ग्रन्थों के प्रणेता, 'आनन्द' (दै० और साप्ता०) का वर्षों तक सम्पादन। पताः-'आनन्द' कार्यालय, चौक, लखनऊ।

योगेश्वर चौधरी—फुटकर लेख लिखे हैं, अध्यापनवृत्ति। पताः-पुस्तकाध्यक्ष, सदाशिव पुस्तकालय, शान्ति कुटीर, हुसेनपुर, भण्डारी पटना।

रघुनन्दसिंह यादव—धर्म-विशारद, साहित्य और हिन्दी प्रचार में रुचि, पताः-जलालपुर कलां, डा० रजबपुर, जिला-मुरादाबाद।

रघुनाथप्रसाद परसाईः—रचनाएं-देशी राज्यों की समस्या, देशीराज्य और संघ-शासन। पताः—मालापुरा सोहागपुर।

रघुनाथ मुकुन्द शास्त्रीः—'पवार राजवंश का इतिहास' के प्रणेता। पताः--प्रधान-कर्मचारी, दरबार आफिस, धार।

रघुनाथदास बांगड़ः—स्फुट लेखन। पताः-डीडगना, मारवाड़।

रघुनाथ विनायक धुलेकरः—कई पत्रों के यशस्वी सम्पादक रहे, तथा अनेक पुस्तकें लिखी। पताः-'मातृभूमि अब्दकोष', कार्यालय, झांसी।

रघुनाथसिंह 'सागर':—रचनाएं-बौनो के देश में, मिट्टी का संगीत चिनगारी आदि। पताः-'युगान्तर' कार्यालय बड़वाहा, मध्यभारत।

शारदा सेवकः—

श्री उमेश प्रसाद शर्मा
मुहल्ला रामनौमी-चँदौसी
("साहित्य-सरोवर" परीक्षा में
सर्वोच्च उत्तीर्ण सन् ५०)
(परिचय पृष्ठ १९९)

श्री रतनलाल बाफड़ा
श्री जैनरत्न विद्यालय,
भोपालगढ़
('साहित्य-सीकर' परीक्षा
में सर्वोच्च उत्तीर्ण सन् ५०)
(परिचय पृष्ठ १२२)

रघुनाथ प्रसाद परसाई—रचनाएं-देशी राज्यों की समस्या, देशी राज्य और संघ-शासन, पता-मालापुरा, सोहागपुर।

रघुनाथ मुकुन्द शास्त्री—'पवार राजवंश का इतिहास' के प्रणेता, पताः-प्रधान-कर्मचारी, दरबार आफिस, धार।

रघुनाथ दास बांगड़—स्फुट लेखन, पताः-डीडवाना, मारवाड़।

रघुनाथ विनायक धुलेकर—कई पत्रों के यशस्वी सम्पादक रहे, तथा अनेक पुस्तकें लिखीं, पताः-'मातृभूमि, अब्दकोश', कार्यालय, झांसी।

रघुनाथ सिंह 'सागर'—रचनाएं-बौनों के देश में, मिट्टी का संगीत, चिनगारी आदि। पताः-'युगान्तर' कार्यालय बड़वाहा, मध्य भारत।

रघुपतिसिंह चौहान 'व्यथित'—जन्म १६२०, साहित्य रत्न, स्फुट रचनाएं, कसक (प्रकाशित)। पताः-भरथौली, रामविलास नगर, गया।

रघुवरदयालु मिश्र—दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार कार्य, हिन्दी पत्रिका का सम्पादन, स्फुट लेखन। पताः-दक्षिण भारत हिन्दुस्तानी प्रचार-सभा, त्यागरायनगर मद्रास-१७

रघुवरनारायणसिंह—'हृदय-तरग' और 'आदर्श हिन्दू जीवन' के लेखक। पताः-दिलीप महल, मुंगेर।

रघुवरमिट्ठूलाल—फुटकर लेखन। पताः-प्राध्यापक—संस्कृत विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय प्रयाग।

रघुवीरशरण कलंकी—स्फुट लेखन, सामाजिक कार्यकर्त्ता। पताः-मु० खरम सेड़ा, (सतना) विन्ध्य प्रदेश।

रघुवीरशरण मित्र—रचनाएं-जननायक (महाकाव्य) फांसी, बलिदान, आदि। अ० भा० राष्ट्रीय प्रकाशन परिषद के पदाधिकारी।
पताः-२३२, स्वराज्य-पथ, सदर, मेरठ।

रघुवीरशरण विद्यार्थी—बी' ए. साहित्य रत्न, जन्म २ जुलाई १६३२, नई पीढ़ी के सफल लेखक और आलोचक, वर्त्त० 'शारदा' (मासिक) हाथरस का सम्पादन, 'दुर्गावती' (खण्डकाव्य) अप्रकाशित, स्फुट कविताएं भी लिखी है। पताः-कैथलगेट, नयामन्दिर, चन्दौसी।

रघुवीर शरण 'व्यथित'—फुटकर लेखन, हिन्दी प्रचारक। पताः-हिन्दी अध्यापक, जन हाईस्कूल, मद्रास।

रघुवीरशरण शर्मा वैद्य—सम्वत् १६६० रचनाएं-'भारतीय जीव[illegible] विज्ञान' (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ८००) रु० का पुरुष्कार

प्राप्त), देवजाति का परिचय, धन्वन्तरि परिचय, पाताल लोक आदि, पताः-जालखेड़ा, बुलन्दशहर।

रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी 'तरुण-तपस्वी'—जन्म ३ दिसम्बर १६१८, कई ग्रन्थों का सम्पादन, रचनाएं-श्रमजीवी (खण्डकाव्य) अभिनव-भाषण कला विज्ञान, चरक सार आदि। पताः-पुरदिल नगर, अलीगढ़।

रघुवीरसिंह महाराजकुमार—एम. ए., डी. लिट् भारत के अतीत को सजीव कर देने वाले सुप्रसिद्ध लेखक, प्रसिद्ध रचनाएं पूर्व मध्य कालीन भारत, मालवा में युगान्तर, 'शेष स्मृतियाँ, जीवन कण आदि। पताः-रघुवीर निवास, सीतामऊ, मालवा।

रघुवंश पाण्डेय 'मुनीश'—रचनाएं-धरती की खोज, महात्मा गान्धी, कई पत्रों के सम्पादक रहे। पताः-ग्रन्थमाला कार्यालय बांकीपुर, पटना।

रणधीरसिंह—रचनाएं-झाँसी की रानी, सरदार भगतसिंह। पताः-'अभिनय' सम्पादक ३५, बड़तल्ला स्ट्रीट; कलकत्ता।

रणवीरसिंह शक्तावत—रचनाएं-फैशन फजीती, नरसी चरित, काव्यकुब्ज आदि स्थायीपताः-शीतलपुर, मुंगेर, वर्तमान सुपरिन्टेण्डेण्ट रेवेन्यू बाड, जयपुर (राजस्थान)

रणंजयसिंह 'ददन' राजकुमार—रचनाएं म्लेच्छ महामण्डल, सुस्वप्न संग्रह आदि, भूतपूर्व, एम. एल. ए.। पताः-'ददन-सदन' अमेठी राज्य, सुलतानपुर, अवध।

रणवीर कुमार—स्फुट कविताएं, साहित्य प्रेमी। पताः-मैक्सबैल बाजार, इम्फाल (आसाम)।

रतनलाल बाफणा—छात्र-संघ और कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में 'विकास' हस्तलिखित पत्रिका का सम्पादन, साहित्यिक प्रवृत्ति। पताः-भोपागढ़ (जोधपुर)।

रतनलाल बंसल—रचनाएं-उत्तर-भारत के आजाद कबीले, मन के बन्धन, रेशमी पत्रों का षडयन्त्र, तथा अनेक बालोपयोगी पुस्तकें, स्वतन्त्र पत्रकार, नई पीढ़ी के सफल प्रगति शील लेखक। पताः-फिरोजाबाद।

रतनलाल जोशी—लाल किले में भाई बहन आदि के लेखक भू० सं० 'बाल' मासिक, 'वीर भूमि' का सम्पादन। पताः-१०, नारायन-प्रसाद लेन कलकत्ता।

रतनलाल गोस्वामी—प्रभाकर, जन्म डेरा गाजी खां (पंजाब), स्फुट रचनाएं और निबन्ध, वर्तमान हैडल्कर्क, राशनिङ्ग विभाग मथुरा। पता—सुखन माता कुञ्ज, पुराना शहर वृन्दावन (मथुरा)

रतनलाल मूँदड़ा—हिन्दी-प्रसार-प्रचार में योग फुटकर लेखन, पता-बीमा-एजेण्ट, परभणी (दक्षिण)

रत्नलाल वैश्य—'केशव-काव्य' का सम्पा० पता-अध्यक्ष, हिन्दी विभाग ए० के० कालेज, शिकोहाबाद।

रतनकुमार जैन—"रतन" साहित्य-रत्न के नाम से प्रसिद्ध, रचनाएं-किसलय, बलिदान, निशागीत खण्डहर, आदि आलइण्डिया रेडियो, नागपुर के गीत लेखक। पताः-शान्ति-सदन, छुई खदान, मध्य प्रान्त।

रतिनाथ झा—फुटकर लेखन, पताः-तलपुरवा, चेतिया, बस्ती।

रमाकान्त त्रिपाठी—एम० ए०, रचनाएं-हिन्दी गद्य-मीमांसा, प्रताप-पीयूष आदि। पताः-प्राध्यापक, आँग्ल-विभाग, जसवन्त कालेज, जोधपुर।

रमाचरण—रचनाएं-मातृ-उपासना, गुंजार, गांधी और सत्या-ग्रह, पताः-घिरनी पोखर, मुजफ्फरपुर।

रमाप्रसाद घिल्डियाल 'पहाड़ी'—प्रसिद्ध रचनाएं-बया का घोंसला, अधूराचित्र आदि उपन्यास और लगभग एक दर्जन कहानी संग्रह राजनीतिक आन्दोलनों में करावास-भोगी, प्रसिद्ध प्रगतिशील कहानी लेखक एवं उपन्यासकार, कम्यूनिष्ट पार्टी से सम्बद्ध, 'नया साहित्य' का डा० रामविलास और प्रकाशचन्द गुप्त के साथ सम्पा-दन-प्रकाशन, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के वर्षों तक पदाधिकारी। पताः—प्रकाशगृह, नया कटरा, इलाहाबाद।

रमाशंकर अवस्थी—कई पत्रों के सम्पादन में योग, रचनाएं रूस की राज्य क्रान्ति, सत्याग्रह-गाइड, बोल्शेविक रहस्य आदि। पता-१०५/७, सिविल लाइन्स कानपुर।

रमाशंकर द्विवेदी—रचनाएं-पाप का पराभव, प्रेम-पुष्प, काव्यालोचना-सार आदि। पताः-प्राध्यापक, जायसवाल कालेज मिर्जापुर।

रमाशंकर मिश्र 'श्रीपति'—फुटकर अन्योक्तियाँ, कई पत्रों के सम्पादक रहे, पता-२, हुसेनगंज, लखनऊ।

रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'—एम० ए०, डी० लिट्, सबसे बड़े हिन्दी-साहित्य के इतिहास" के लेखक तथा स्फुट कविताएं और कई पाठ्य-पुस्तकें। पता-हिन्दी-विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय।

रमाशंकर त्रिपाठी—एम० ए०, पी० एच० डी० 'विक्रम-स्मृति ग्रन्थ' का सम्पादन, हिस्ट्री आफ ऐनशियेट इण्डिया' आदि ग्रन्थों के प्रणेता, अध्यायन, पताः-अध्यक्ष, इतिहास विभाग, बनारस विश्व विद्यालय।

रमेन्द्र विक्रमसिंह, रामकुमार—स्फुट लेखन, 'कल की बात' और 'योगिराज अरविन्द अंक' का सम्पादन, पताः-अठदमा, रुदौली, बस्ती।

रमेशचन्द्र गर्ग 'मानव'—जन्म-१४ सितम्बर १९३५, नवोदित लेखक, पताः-बाई साहिब की परेड, लश्कर (मध्य भारत)

रमेशचन्द्र 'अनिल'—फुटकर रचनाएं, पताः-रामपुरा बाजार, कोटा।

रमेशचन्द्र 'भाई-साहब'—भू० स० 'बाल भारती' और शिशु, प्रयाग, कई बालोपयोगी पुस्तकें, पताः-द्वारा बालमुकुन्द मिश्र, मन्दिर कृपा-शंकर चांदनी, चौक, दिल्ली।

रमेशचन्द्र 'भारद्वाज'—बी० ए० (फा०) साहित्य रत्न, स्फुट कहानी कविता तथा गद्यगीत 'नायिका-भेद' पुस्तक शीघ्र ही प्रकाशन में आ रही है, पताः-द्वारा कालीचरन भारद्वाज, मातागली, मथुरा।

रमेशचन्द्र गोपाल जोशी—फुटकर-कविताएं, लेख और कहानियाँ, पताः-गिरदावार-कानूनगो, सेंधुवा, मध्य-भारत।

रमेशदत्त शर्मा—रचनाएं-'हिन्दू युग का इतिहास' तथा फुटकर कविताएं, पता-जमुनिया बाग, फैजाबाद।

रमेशवेदी—नवोदित लेखक, स्फुट लेखादि, सम्पादक 'गुरुकुल पत्रिका' पताः-गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार।

रवीन्द्र वर्मा "नीरस"—संयोजक 'जिला युवक कांग्रेस, अलीगढ़, 'नवीन', 'जनवाणी' (दैनिक) के सम्पादक रहे, "युवक" (मासिक) आगरा के सरकूलेशन मैंनेजर रहे, पत्र प्रतिनिधि, स्फुट लेख, कविताएं। पताः-हाजीपुर हाथरस, जंकशन (अलीगढ़)

राघवाचार्य—रचनाएं-श्री वैष्णव प्रस्थान, 'भारतीय इतिहास का सिंहावलोकन' आदि के प्रणेता, पताः-कुँवरपुर, बरेली,

राघवेन्द्र राव—फुटकर लेखन, हिन्दी-प्रचार-प्रसार में योग, पताः-शाहपुर, गुलबर्गा (दक्षिण)

राजकिशोर उपाध्याय—स्फुट लेखन, पताः-सम्पादक' 'हलचल' (साप्ता०) गौंडा।

राजकिशोर कक्कड़—रचनाएं-एलबम और पूर्वराग, पता-छीपी तालाब, मेरठ।

राजकिशोर मिश्र—फुटकर लिखते हैं, पताः-अध्यक्ष सरस्वती पाठशाला, हूलागञ्ज, कानपुर।

राजकिशोरसिंह—अनेक पत्रों के ख्याति प्राप्त सम्पादक, श्रम-जीवी हिन्दी-प्रत्रकार-संघ के मन्त्री, पत्र प्रतिनिधि और पत्रकार, रचनाएं-'एशिया-छोड़ो' सन् ४२ की नायिका अरुणा, भूख का ताण्डव, आदि। पताः-१०२, मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट, कलकत्ता।

राजकुमार जैन—'मदन-पराजय' का उल्था किया है, पताः-अध्यापक, दिगम्बर जैन कालेज, बड़ौत, मेरठ।

राजकुमार पाठक—रचनाएं-'कलरव', मेघदूत मीमांसा आदि, पताः-ग्राम शुंभेश्वरनाथ धौनी, डाकघर-हरिहरपुर, दुमदा बिहार।

राजकुमारी शिवपुरी—"आशादीप" कविता संग्रह की सुप्रसिद्ध कवियित्री, संगीत और चित्रकला से भी प्रेम है, पता-अध्यापिका, विद्या-भवन, जोधपुर।

राजकृष्ण गुप्त—'झटपटराय बनारसी' के नाम से लिखते हैं, "गरम चाय' 'रसगुल्ला' आदि के लेखक, पताः-३१/ ३६ भैरोंनाथ, बनारस।

राजगोपाल कृष्णप्पा—दक्षिण भारत में हिन्दी-प्रचार-प्रसार में सक्रिय योग, कई पुस्तकों का तेलगू में अनुवाद, पताः-मन्त्री आन्ध्र राष्ट्र-हिन्दी-प्रचार-संघ,, बैजवाड़ा।

राजदेव 'दीक्षित'—बी० ए० साहित्य-रत्न, साहित्यालंकार, रचनाएं-भारतवर्ष का इतिहास', भारी भूल, स्त्री-धर्म-शिक्षा, दीक्षित प्रकाशग्रह के संस्था०, पताः-दीक्षित बुकडिपो, बांस का फाटक, बनारस।

राजदेव पाण्डेय—फुटकर लेखन, पताः-प्रधान पंडित, फतहपुर, शिवहर, मुजफ्फरपुर।

राजनाथ पाण्डेय—'तिब्बत यात्रा', वेद का राष्ट्रगान मैना आदि के प्रणेता। पताः-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, सागर-विश्वविद्यालय।

राजनारायण पाण्डेय—साहित्यालंकार, साहित्य रत्न, बी० ए० प्रधानमन्त्री-हिन्दी-साहित्य-परिषद्, कानपुर, स्फुट लेखन और निशुल्क विद्यादान, पता:- द्वारा श्री हिन्दी साहित्य-परिषद, आनन्द बाग, कानपुर।

राजनारायण मिश्र 'प्रभात'—स्फुट कविताएं और निबन्ध, पता:-अध्यापक, सरयू-पारी हायर सैकिण्डरी स्कूल, प्रयाग।

राजनारायण त्रिपाठी 'कमलेश'—रचनाएं राम-राज्य, नीरा पूर्णाहुति, उपेक्षिता, हिन्दी के साहित्यकार, अध्यापन, पता:-कवि कुटीर, कमालपुर पिकार, इटौरा, (फैजाबाद)।

राजनारायण गुप्त—साहित्यिक अभिरुचि, पता:-रेलवे फाटक के पास, पो० मु० मुंगरा बादिशाहपुर, (जौनपुर)।

राजपतिसिंह 'व्यग्र'—विशारद-रचनाएं-हँसती आंखे, गड़बड़ रामचरित मानस, यौन समाधान, सम्पादन "जन-हित" (साप्ता०) पता:-ग्रा० सिरठीं, पो० एखलासपुर, वाया भावरा, (शाहाबाद) बिहार।

राजबहादुर आर्य 'पद्य'--रचनाएं पीयूष, झकारे, मांझी, पद्मिनी। पता:-आर्य कुटीर, नाहिली, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) स्थायी, पता:-चिक सन्तर, मुरार, ग्वालियर (मध्य-भारत)।

राजबहादुर 'विकल'—कपिलवस्तु, बासवदत्ता आदि के प्रणेता पता:-गान्धी पुस्तकालय, शाहजहांपुर।

राजबहादुर सक्सेना 'औज'—एम. ए. (उर्दू-फारसी) साहित्य रत्न, 'आफताब' (उर्दू साप्ता०) सेवक (हि० पाक्षिक) का कई वर्षों तक सम्पादन, उर्दू के गद्य लेखक, कवि और समालोचक, सदस्य ब्रज साहित्य-मण्डल, रचनाएं 'नूरे कमर' सत्य नारायण की कथा (उर्दू पद्य में) तस्वीरे ख्याल तजल्ली। पता:-मण्डी रामदास ठेक नारनौल मथुरा।

राजबल्लभ सहाय—पत्रकार और मजे हुए कुशल लेखक, कई पत्रों का सम्पादन, महासभा की झांकी, पश्चिमी यूरोप (अनु०) आदि के प्रणेता। पता:-सम्पादक 'समाज' काशी।

राजवीर आर्य—सम्वाददाता, सामाजिक कार्यकर्त्ता और लेखक, हिन्दी प्रसार-प्रचार में सक्रिय योग। पता:-नरेन्द्र नगर, बरंगल (दक्षिण)।

राजमणिराय—'माणिकी' कविता संग्रह के प्रणेता। पता:-C/o चन्द्रकिशोरराय तारेश, मुख्तार, समस्तीपुर।

राजाराम पाण्डेय—स्फुट लेख कहानियाँ। पताः-ग्रा० सराई, पो० पवारा, जौनपुर।

राजाराम पाण्डेय—कई पत्रों के सम्पादक, 'प्रयाण गीत' टूटे तार आदि के प्रणेता। पताः-सह सम्पादक 'प्रताप' (दै०) कानपुर।

राजाराम शर्मा—'साहित्य-रत्न' 'हिन्दी भारती भवन' के पुस्तकाध्यक्ष एवं मन्त्री, अध्यापक आदर्श हायर सैकिण्डरी स्कूल, स्फुट लेखन। पताः-कैथलगेट, नयामन्दिर, चन्दौसी।

राजाराम रावत 'पीड़ित'—भारती, दलपति के प्रणेता। पताः-चिरगांव, झांसी।

राजाराम 'राष्ट्रीय आत्मा'—मुक्ति की युक्ति, विधवा जीवन आदि के लेखक। पताः-१०५।५४०, आनन्द बाग, कानपुर।

राजाराम 'विप्र'—हिन्दी प्रचारक, फुटकर कविताएं। पताः-हिन्दी प्रचार सभा, गुलबर्गा (दक्षिण)

राजीवनयनसिंह—फुटकर लिखते हैं। पताः-अध्यापक, संगल सैमिनरी, मोतिहारी।

राजेन्द्र—भूतपूर्व अध्यक्ष पत्रकार विभाग पंजाब विश्वविद्यालय फुटकर लेखन। पताः-सम्पादक 'प्रदीप' (मासिक) पंजाब सरकार, शिमला-२।

राजेन्द्रयादव—एम. ए. साहित्य-रत्न नई पीढ़ी के सफल कलाकार लेखक और आलोचक, बहुमुखी प्रतिभा के अभूतपूर्व संगम, आपकी रचनाएं उच्च कोटि के पत्रों में छपती हैं। पताः-आगरा।

राजेन्द्र सक्सैना—प्रकाशित रचनाएं-पगडण्डियाँ, भीगींरात, आदि, प्रसिद्ध कहानी लेखक। पताः-४० ए., भीमगंज कोटा जंकशन।

राजेन्द्रकुमार श्रीवास्तव 'अखिलेष'—"पूजा" के प्रधान सम्पादक प्रकाशक, स्फुट कहानियाँ और रेखा चित्र प्रसिद्ध पत्रों में प्रकाशित, बालोपयोगी-साहित्य भी लिखा है, नवोदित कलाकार। पताः-"कविता मन्दिर" ३६५, सांठियाकुआ, जबलपुर।

राजेन्द्रकुमार 'अजेय'—स्फुट लेखन। पताः-"अमर ज्योति" कार्यालय, जयपुर।

राजेन्द्र नारायण द्विवेदी—अमर बापू का बलिदान, विन्दु नीति, आदि के लेखक। पताः-१६, लारेन्स स्क्वायर, नयी दिल्ली।

राजेन्द्रनाथ मिश्र 'अनुरागी'—अप्रकाशित अनुराग, मैं क्या हूँ तथा अन्य दो तीन काव्य संग्रह, अनुराग प्रेस में। पताः-सहनी खेड़ा, पो० गहलों, जि० कानरपुर, प्रस्थायी पताः-६६.१६० कछियाना मुहाल, कानपुर।

राजेन्द्रप्रसादसिंह—'भूमिका' और मादिनी आपके दो काव्य संग्रह हैं, नवोदित प्रगल्भ कवि। पताः-मुजफ्फरपुर (बिहार)।

राजेन्द्रप्रसाद पांडे—एम. ए., साहित्य-रत्न, रचनाएं परसादी संघ राष्ट्रों का अधिकार पत्र, भारत के दंगे। पता-बांसडीह, बलिया वर्त्तमान ट्रेजरी आफिसर, मुरादाबाद (उत्तर-प्रदेश)।

राजेन्द्रप्रसाद मिश्र—हिन्दी प्रचार, फुटकर लेखन। पता--हिन्दी प्रचार-सभा, ध्रुवपेठ, हैदराबाद (दक्षिण)।

राजेन्द्रशंकर भट्ट—कई पत्रों के भूतपूर्व ख्यातिनामा सम्पादक, फुटकर लिखा है, पता--संसार, चन्दरोड, जयपुर।

राजेन्द्रसिंह गौड़—'प्राचीन' कवियों की काव्य साधना के प्रसिद्ध लेखक, अन्य रचनाएं म्याऊँ की पूँछ, निबन्धकला आदि। पता-१२३ अ, भगवत कार्टर्स, अतरसुइया, प्रयाग।

राजेश दीक्षित— रूप महल' हाथरस (सिने-मासिक) के भू० सम्पादक, आशुकवि, गालिब-कैबीनेट आगरा के महामन्त्री, अनेक बालोपयोगी पुस्तकों के लेखक। पताः-बेलनगञ्ज, आगरा।

राजेशदयाल श्रीवास्तव-'रस-रागिनी', जीवन गीत, गौरंग-लीला, राजेश-सतमयी' आदि के प्रणेता। पताः--२८, नवैया, गणेशगंज, लखनऊ।

राजेश्वरप्रसाद चतुर्वेदी---एम. ए. बी. एस. सी., साहित्य-रत्न रचनाएं-अर्थशास्त्र एक अध्ययन राष्ट्र-निर्माता, हिन्दी में श्रृङ्गार रस आदि। पता--स्वदेशी बीमा नगर सिविल लाइन्स आगरा।

राजेन्द्रपाल सिंह—साहित्य-प्रेमी, पता-नं-४ सिगर रोड, गौशाला (जमशेदपुर)।

राजेन्द्र प्रसाद—नवोदित आशा, साहित्य प्रेमी, पता-द्वारा डा० हजारीलाल, पुरन्दरपुर पटना-१

राजेश्वरप्रसादसिंह---'माया' और 'मनोहर कहानियों' के सम्पादन में योग, प्रसिद्ध रचनाएं-जीवन के सपने ,फिर मिलेंगे आदि। पता--'माया प्रेस', मुट्ठीगंज, प्रयाग।

राजेश्वरप्रसाद शर्मा 'वक्र'—फुटकर कविताएं और लेख लिखते हैं। पता—जिला बोर्ड, नरकठिया, चम्पारन।

हमारे लेखक—

श्री राजकुमार अग्रवाल

"भाई जी"

(परिचय पृष्ठ १०२)

श्री रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' (परिचय पृष्ठ १३९)

राधाकृष्ण—प्रसिद्ध कहानी लेखक, रचनाएं-रामलीला, सजला, भारत छोड़ो, फुटपाथ आदि, कई पत्रों का सम्पादन। पताः-भट्टाचार्य जी लेन, राँची (बिहार)

राधाकृष्ण महेश्वरी—कई लेखकों की पुस्तकें प्रकाशित कर उन्हें उत्साहित किया, प्रकाशक लगभग दो सौ हिन्दी पुस्तकें।
पताः-मालिक, फर्म 'रमेश बुक डिपो', जयपुर।

राधाकृष्ण प्रसाद—रचनाएं-देवता, विभेद, अन्तर की बात, टूटती कड़ियाँ तथा लगभग एक दर्जन बालोपयोगी पुस्तकें, भूतपूर्व प्रकाशन अधिकारी, बिहार सरकार, आरा कोर्ट, शाहाबाद में सब-रजिस्ट्रार। पताः-मछुवा-टोली, बाँकीपुर, पटना।

राधाकृष्ण मिश्र 'वीरेन्द्र'—कई पत्रों का सम्पादन किया। रचनाएं-मण्डलेश्वर रघुवीर, कनक कुमारी, किरानी स्वप्न, काव्य आदि। पता-सहायकाध्यापक, नालन्दा कौलिजिएट स्कूल, बिहार-शरीफ (स्थायी) भोजापुर, पो० बैरिया (बलिया)

राधादेवी गोयनका—सुप्रसिद्ध हिन्दी लेखिका, विदर्भ प्रान्तीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्षा, विदुषी महिला, फुटकर लिखा है। पताः-मारवाड़ी सेवा-सदन, विद्या-मन्दिर, अकोला, बरार।

राधामोहन गुप्त 'सौरभ'—फुटकर लेखन, 'पत्र-प्रतिनिधि', ४२ की अगस्त क्रान्ति में सक्रिय भाग और कारावास भी भोगा। पताः-सौरभ-सदन, मु० पो० शिवहर, मुजफ्फरपुर।

राधारमण शर्मा शून्य—दै० 'ज्वाला' के सह० सम्पादक, 'साहित्य-परिषद्' के संयोजक, 'कलाकार-परिषद' के सदस्य, अनेक स्फुट कहानियां, तरुण नवोदित कलाकार और प्रगतिशील लेखक "ज्वाला" प्रेस, किलागेट, हाथरस (अलीगढ़)

राधारमण टण्डन—पत्र-प्रतिनिधि, स्फुट कहानी लेखक।
पताः-एडवोकेट, मुजफ्फरपुर।

राधावल्लभ पाण्डेय 'बन्धु'—फुटकर कविताएं।
पताः-पत्रालय मसवासी, उन्नाव।

राधिका रमण प्रसाद सिंह, 'राजा'—युग-कलाकार, सुप्रसिद्ध कहानी लेखक। प्रसिद्ध पुस्तकें-गान्धी-टोपी, टूटा तारा, नारी क्या; एक पहेली, नवजीवन आदि। पताः-शाहाबाद, बिहार।

राधे बिहारीलाल सक्सेना 'राकेश'—जन्म प्रथम मार्च १६३०, सम्पादन-'लक्ष्मी' (मासिक) 'जनार्दन' (द्वैमासिक) मथुरा, 'कायस्थ-हितकारी' पटा, भू० परीक्षक महिला विद्यापीठ, प्रयाग, अनेक साहित्यिक और शिक्षा सम्बन्धी संस्थाओं से सम्बद्ध, कवि, आलोचक, कहानीकार और लेखक। रचनाएं-'साहित्य-सुबोध 'काव्य शिक्षा', 'छन्द शिक्षा', 'परीक्षार्थियों के कर्त्तव्य'। पता:-मण्डी रामदास ठेक नारनौल, मथुरा।

राधेलाल शर्मा 'हिमांशु'—रचनाएं-प्राची बाला, सावनघन, दृगदीप आदि। पता:-अन्नपूर्ण भण्डार, करेली।

राधेश्याम—स्फुट लिखते हैं, 'साधना' मासिक का सम्पादन। पता:-"साधना" (मा०) सम्पादक, पहाड़गञ्ज, नयी-दिल्ली।

राधेश्याम कथावाचक—सर्वाधिक लोकप्रिय कथावाचक, 'रामायण' के प्रचार--प्रसार में सक्रिय योग, पुस्तकें-'राधेश्याम-रामायण' तथा कीर्त्तन सम्बन्धी पुस्तकें घर-घर में प्रसिद्ध।
पता:-राधेश्याम प्रेस, बरेली।

राधेश्याम द्विवेदी—हिन्दी के प्रबल प्रचारक, "गुनगुन", शांति सुधा, 'प्रेम-प्रदीप', लक्ष्य-सुधा के लेखक। पता:-केशव साहित्य कुटीर, करेरा (शिवपुरी)

राम अवतार अग्रवाल 'भाईजी'—जन्म प्रथम जुलाई, १६३२, तरुण कहानी लेखक और कवि, 'भाईजी, प्रकाशन भवन' के संस्थापक, पुष्पपंचमी और पुष्पअष्टमी' कहानी संग्रह (प्रेस में)
पता:—'भाईजी' प्रकाशन भवन, ७४, शाहबाद स्ट्रीट, बरेली।

राम अनन्त पाण्डेय—फुटकर कहानियाँ लिखी हैं।
पता:-डिस्ट्रिक्ट डवलपमेण्ट एसोसिएशन, बलिया।

राम अनुग्रहसिंह—जन्म १६३१, पटना कालेज में दर्शन और हिन्दी के छात्र, दार्शनिक निबन्ध और हिन्दी में शब्द चित्र लिखते हैं। अप्रकाशित उपन्यास 'अनूठे-क्षण', 'अशोक', उल्टी दुनिया। पता:-द्वारा बाबू बासुदेवसिंह, ग्राम-जगदीशपुर, पो० सूरजगढ़ा (मुंगेर) बिहार।

रामकरण जोशी—'अमर-ज्योति' के भू० सं०, फुटकर लिखा है। पता:-पो० दौसा, जयपुर।

रामकरण शर्मा 'नागर'—'पद्य पुष्पाञ्जलि' के प्रणेता।
पता:-अध्यापक, सुरुहुरपुर, कजगाँव, जौनपुर।

रामकटोरी द्विवेदी 'सुमन'—रचनाएं-डा० कोटनीस की अमर कहानी, बलिदान आदि। पताः—'जीता-संसार', लश्कर, ग्वालियर।

रामकिशोर शर्मा 'किशोर'—'योरुप का इतिहास', मध्य-भारत का इतिहास, आदि के लेखक, ग्वालियर में होने वाले हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सहायक मन्त्री, पताः-जयाजी प्रताप (साता०) ग्वालियर।

रामकिशोर शास्त्री—'मनस्वी' का सम्पादन, फुटकर लेखन।
पताः-'ददन' सदन, अमेठी, सुल्तानपुर (अवध)

रामकिशोर सिंह—'संक्षिप्त सूर्य-चिकित्सा' "कलरव" मेघदूत मीमांसा आदि के प्रणेता। पताः-व्यवस्थापक सूर्य रश्मि औषधालय, सरथा, हरनौत, पटना।

रामकुमार 'कमल'—एम० ए०, प्रसिद्ध कवि और लेखक, आप का जीवन राजनैतिक-संघर्ष और साहित्य-साधना में व्यतीत होता है, क्रान्तिकारी 'चिनगारी' वीर-रस पूर्ण कविताओं का संग्रह।
पताः-मुहल्ला-रामनवमी, चन्दौसी (मुरादाबाद)

रामकुमार वर्मा—एम० ए०, पी० एच० डी०, हिन्दी के सुप्रसिद्ध छायावादी कवि, एकांकी नाटककार और आलोचक। रचनाएं-चित्ररेखा (२००० रु० का देव पुरुस्कार), चन्द्रकिरण (५०० रु० का चक्रधर पुरुस्कार) निशीथ, कबीर का रहस्यवाद हिन्दी-साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास आदि। पताः-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, प्रयाग-विश्वविद्यालय।

रामकुमार गुप्त 'मराल'—स्फुट कविताएं 'रजकण' (कविता संग्रह)। पताः-मोती-मुहाल, ६५।२, कानपुर।

रामकुमार गुप्त—स्फुट लेख और कहानियाँ। पताः-द्वारा श्री गोविन्दराम गुप्त, पो० मुंगरा बादशाहपुर (जौनपुर)

रामकुमार भारतीय 'पागल'—स्फुट-लेखन, 'नवभारत' और 'कला' के भूत० सम्पादक। पताः-शान्ति-निकेतन, हिन्दी-साहित्य-मन्दिर, इतवारी, नागपुर।

रामकृष्ण गुप्त 'हर्ष'—स्फुट कविताएं और लेख। पताः-टन्डेल बाजार, रजमन, मेरठ (छावनी)

रामकृष्ण डालमियां—कई हिन्दी पत्रों के सञ्चालक, "मेरे जीवन के अनुभव" के लेखक, सुप्रसिद्ध उद्योगपति। पताः-डालमियां नगर (बिहार)

रामकृष्ण—एम० ए०, वेदान्ताचार्य,-श्रीरङ्ग मन्दिर, वृन्दावन का इतिहास के प्रणेता, रामानुज वेदान्त पर लेखादि, ब्रह्मसूत्रों के भाष्यों का तुलनात्मक अध्ययन, कई शिक्षा-संस्थाओं में अध्यापन। पताः-अध्यक्ष-हिन्दी-संस्कृत विभाग, श्री पी० डी० जैन कालेज, फिरोजाबाद।

रामकृष्ण धूत—हिन्दी प्रचारक, स्फुट लेखन। पताः-हिन्दी-प्रचार-सभा, हैदराबाद (दक्षिण)

रामकृष्ण 'भारती'—एम० ए०, बी० टी० साहित्य-रत्न, प्रभाकर आदि, प्रसिद्ध पुस्तकें-'निर्झर', हिन्दी का प्रचार क्यों और कैसे, आदि, अध्यापन वृत्ति। पताः-११६८, शोरा कोठी, सब्जी-मण्डी, दिल्ली।

रामकृष्ण शुक्ल 'शिलीमुख'—एम० ए०, रचनाएं-अमृत और विष, प्रसाद की नाट्यकला, उसका प्यार आदि, सुप्रसिद्ध लेखक।

पताः-अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, राजपूताना विश्वविद्यालय, उदयपुर।

रामखेलावन चौधरी—'भाई-बहिन के पत्र' चित्रलेखा ; एक अध्ययन आदि के प्रणेता। पताः—कच्चा-बाग, समादतगञ्ज, लखनऊ।

रामखेलावन पाण्डेय—कई पत्रों के सम्पादक रहे, कई साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी, रचनाएं-गीत-काव्य, 'चरण-चिन्ह' 'साहित्य-मीमांसा' आदि। पताः-प्राध्यापक जी० बी० बी० कालेज, मुजफ्फरपुर।

रामगोपाल विद्यालङ्कार—भूतपूर्व सम्पादक 'सैनिक' और वीर-अर्जुन, वर्त्तमान सम्पादक 'नव-भारत टायम्स' दैनिक।

पताः-'नव-भारत टायम्स' (दै०) दिल्ली।

रामगोपाल शर्मा 'दिनेश'—एम० ए०, साहित्यरत्न, प्रसिद्ध कवि एवं नाटककार, प्रगतिशील कवियों में उत्तर-प्रदेश में वही स्थान है जो कि बिहार में 'दिनकर' जी का, प्रकाशित पुस्तकें—विश्व ज्योति बापू (प्रबन्ध-काव्य) संघर्षों के राही, वीराङ्गना, धरती का देवता, आदि। "लोक-सेवा-प्रकाशन" संस्था के सञ्चालक। अब तक आपने चालीस पुस्तकें लिखी हैं। पताः-प्रधान हिंदी अध्यापक, भदावर विद्या मन्दिर, उच्चमाध्यमिक विद्यालय, बाह (आगरा)

रामगोपाल संघी—हिन्दी प्रचार-प्रसार में सक्रिय योग, फुटकर लेखन। पताः-हिन्दी-प्रचार-सभा, हैदराबाद (दक्षिण)

रामगोविन्द त्रिवेदी—"वैदिक-साहित्य" 'दर्शन-परिचय' के प्रणेता, 'गङ्गा' 'विश्वदूत' आदि का सम्पादन। पताः-कूसी, दिलदार नगर, गाजीपुर।

रामचन्द्र बनौधा—एम० ए०, विशारद, "डा० अम्बेदकर" जीवनी, जिसकी भूमिका माननीय जोगेन्द्रनाथ मण्डल, भूतपूर्व मिनिस्टर पाकिस्तान ने लिखी है, अब-डिप्टी-पुलिस-सुपरिण्टेण्डेण्ट, । पताः—राजापूर, इलाहाबाद।

रामचन्द्र "मुसाफिर" आर्य—आर्य-समाज के सक्रिय कार्यकर्त्ता, समाज-सुधार में विशेषरुचि। प्रसिद्ध पुस्तकें-हरिजन-मीमांसा, गोवध, नागरिक-शास्त्र आदि। पताः-डी० ए० वी० हाई-स्कूल, अजमेर।

समचन्द गोस्वामी—विशारद, हिन्दी-प्रचार में योग।
पताः-हिन्दी-विभाग, श्री गौतम-कला-मन्दिर, गोस्वामी चौक, बीकानेर।

राम चन्द्र टण्डन—प्रका० (हिन्दी) श्रीमती सरोजनी नायडू, रेणु, धरती हमारी है इत्यादि, (अङ्गरेजी) आर्ट आफ अमृत शेरगिल, आर्ट ऑफ असितकुमार हल्दार आदि। पताः-इण्डियन एकेडेमी, प्रयाग।

रामचन्द्र द्विवेदी 'प्रदीप'—सिनेगीतकार कई फिल्मों के लिए गीत लिखे हैं 'पूर्णिमा', 'पानीपत' के प्रणेता, महाकवि 'निराला तक' ने कवि 'प्रदीप' की प्रशंसा की है विभिन्न समाचार पत्र पत्रिकाओं में गीत प्रकाशित। पताः-कस्तूरवाड़ी, विलेपारले, बम्बई।

रामचन्द्र प्रफुल्ल—"विनोद" (मासिक) के भू० सम्पादक, फुटकर लेखन। पताः-मुख्य-शिक्षक, डालमिया ए० वी० मिडिल स्कूल, चिड़ावा-जयपुर।

रामचन्द्र शर्मा—'हिन्दी-साहित्य-कोश' हिन्दी कल्पलता, निबन्ध चन्द्रिका, सुमन-संचय आदि के लेखक। पताः-रुस्तगी मोहल्ला, चन्दौसी, अथवा प्राधानाध्यापक, जूनियर हाई स्कूल, बरौली, विशेष 'पाक्षिक अध्यापक' के सम्पादक।

विश्वबन्धु शास्त्री—वेद सन्देश वेदसार, वेदों का सर्वाङ्ग सम्पूर्ण विश्वकोश आदि का सम्पादन। पताः-अध्यक्ष विश्वेश्वरानन्द वैदिक अनुसंधानालय सभा, शिमला।

विश्वप्रसाद दीक्षित 'बटुक'—'अमर-भारत' 'विश्वबन्धु' अनुराग 'रामराज्य' मेरठ आदि पत्रों का सम्पादन, कई पुस्तकें लिखी हैं। पताः-उपआचार्य, शिमला हिन्दी महाविद्यालय, शिमला।

विश्वमोहनकुमारसिंह—एम. ए., फुटकर लेख, कहानियाँ और उपन्यास लिखे हैं। पताः-आचार्य, चन्द्रधारी मिथिला कालेज, दरभंगा।

विट्ठलदास बजाज—प्रबन्धक 'नवप्रभात' 'हिन्दी-दैनिक' स्फुट लेखन। पताः-रामजी की गली, उज्जैन।

विश्वेश्वरनाथ रेउ 'महोपाध्याय'—प्रमुख रचनाएं-मारवाड़ का इतिहास, शिवपुराण, मेवाड़ गौरव आदि। पताः-जोधपुर।

विश्वेश्वरनारायण 'विजूर'—कई भाषाओं के जानकार फुटकर लेखन। पताः-अध्यापक, गणपति हाईस्कूल मंगलौर।

विष्णु अम्बालाल जोशी—एम० ए०, "वह" (कहानी-संग्रह) प्रकाशित हो चुका है। पता-अध्यक्ष हिन्दी-विभाग, राजकीय कालेज अजमेर।

विष्णुकुमार शर्मा—स्फुट कविताएं और लेख, 'विद्यार्थी-कांग्रेस हाथरस के प्रचार मंत्री। पता-शर्मा-सदन, हरदुआगंज (अलीगढ़)।

विष्णुकुमारी श्रीवास्तव 'मंजु'—स्त्री 'दर्पण' की भू० सम्पादिका, मीरापदावली, दुखिया दुलहिन आदि की लेखिका। पता-"मंजु-निलय' नवाब गंज, कानपुर।

विष्णुदत्त मिश्र 'तरंगी'—"जय काश्मीर" नामक महाकाव्य के प्रणेता (जिसकी कि प्रस्तावना श्री के० एम० करिप्पा ने लिखी है) पता-६२, रामनगर, नयी दिल्ली।

विष्णुदत्त पोडियाल वैद्य—फुटकर लेखन। पता-गली पटवान टालू बाजार, भिवानी, हिसार।

विष्णुशरण 'इन्दु'—फुटकर लेखन। पता—२२३, दामोदर विल्डिंग, सराय लालदास, मेरठ।

विष्णु 'प्रभाकर'—'हिन्दुस्तान' द्वारा कहानी प्रतियोगिता में ३५०) रु० का पुरस्कार प्राप्त, प्रमुख रचनाएं-आदि और अन्त रहमान का बेटा, ढलती रात, पराग आदि, प्रमुख प्रगतिशील लेखक। पताः-पो० बा० ११८७, १७२३ पीपल महल, दिल्ली।

विष्णुप्रसाद 'व्यास'—कई पत्रों का सम्पादन, रचनाएं—समाज-सेवा, स्वास्थ्य-स्वच्छता। पताः-सह-सम्पादक "मध्य-भारत सन्देश", ग्वालियर।

विष्णुराम सनावद्या 'सुमनाकर'—हिन्दी के लेखक, कवि, सम्पादक और व्याख्याता, नीमाड़-समाचार (सा०) का संपादन। रचनाएं-'सदुपदेश-सुधा', 'सुविचार दिवाकर'।

पताः-'साप्ताहिक नीमाड़-समाचार' कार्यालय मु० पो० ऊन, वाया-खरगौन, मध्य-भारत।

वी० आर० कुञ्ज कृष्णन्—दक्षिण में हिन्दी-प्रचार, स्फुट लेखन। पता:-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, विश्वविद्यालय, ट्रावनकोर।

वी० डी० ज्ञानी—दक्षिण में हिन्दी-प्रचार, फुटकर लेखन।
पता:-मुख्य शिक्षक, शुद्धाद्वैत वैष्णव हाई स्कूल, मद्रास।

वी० पी० वर्मा "भरसरी"—फुटकर कहानियाँ लिखते हैं।
पता:-भरसर, बलिया।

वीणा श्रीवास्तव, कुमारी, बी० ए०—स्फुट लघु कथाएं लिखती हैं, वाद्यकला का शौक, प्रान्त की महान् विभूति रामानुजलाल श्रीवास्तव की सुपुत्री। पता:-शिक्षिका हितकारिणी गर्ल्स स्कूल, जबलपुर अथवा द्वारा क्रियाशील कलाकार मण्डल, ६४०, साठियां कुआं, जबलपुर।

वीरहरि त्रिवेदी—चाणक्य-नीति, झांसी की रानी आदि, आपकी प्रकाशित कृतियां हैं। पता:-काटन ट्रेडिङ्ग कम्पनी, देवनगर, कानपुर।

वीरसिंह जू देव—(महाराज बहादुर सवाई महेन्द्र) 'देव-पुरस्कार' जो कि दो हजार रुपये का है प्रतिवर्ष सर्व श्रेष्ठ काव्य-ग्रन्थ पर दिया जाता है, सर्व-प्रथम यह पुरस्कार दुलारेलाल भार्गव को मिला, मां शारदा के अनन्य भक्त और कवि। पता:-ओरछा।

वीरेन्द्र पाण्डेय—"हमारी बात" (सा०) ज्योत्स्ना (मा०) के सम्पादन में योग, वर्त्त० 'उत्थान' (सा०) के सहयोगी सम्पादक। रचनाएं-जनतन्त्र-खतरे में, मेंढकों की बस्ती, चीनी फूलदान आदि। पता:-गनेशगञ्ज, लखनऊ।

वीरेन्द्र विद्यार्थी—फुटकर कविताएं और लेख। पता:-अध्यापक, पृथ्वीनाथ हाई स्कूल, कानपुर।

वीरेन्द्र श्रीवास्तव—एम० ए०, (हिन्दी-संस्कृत) मुण्डा और उड़िया भाषा का अध्ययन, 'जैतवाद' तथा फुटकर दार्शनिक लेख प्रकाशित। पता:-अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, राँची कालेज, राँची।

वीरेन्द्र नारायण—फुटकर एकांकी और कहानियाँ लिखते हैं, 'राष्ट्रवाणी' के सम्पादन में योग, रामवृक्ष बेनीपुरी के सम्पादकत्व में निकलने वाली मासिक पत्रिका 'नयी-धारा' के सम्पादक-मण्डल में, पता:-'नयी-धारा' कार्यालय, महेन्द्रू, पटना।

वीरेन्द्रसिंह चौहान—फुटकर लेखन, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्त्ता। पता:—'प्रजा मण्डल' कार्यालय, जयपुर।

वीरेन्द्रपालसिंह 'वरुणा'—जमुना के किनारे, गोशाला तथा अनेक फुटकर लेख। पताः-धान मण्डी, मिडिल स्कूल, उदयपुर (मेवाड़)।

वृन्दावनलाल वर्मा—राष्ट्रपति द्वारा 'लोक-परिषद्' के लिए मनोनीत सदस्य, "स्वाधीन" (सा०) के भूतपूर्व सम्पादक, प्रमुख रचनाएं-मृगनयनी (पुरुस्कृत) हंस मयूर अचल मेरा कोई, राखी की लाज, पूर्व की ओर, गढ़ कुण्डार आदि। विभिन्न पाठ्य-ग्रन्थों में आपकी पुस्तकें स्वीकृत हैं, सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नाटककार, उपन्यासकार एवं कहानीकार। कुल मिलाकर आपकी प्रकाशित-अप्रकाशित चालीस पुस्तकें हैं। पताः-मयूर-प्रकाशन, झांसी।

वृन्दावन बिहारी—आल-इण्डिया रेडियो, पटना से 'रूपक' ब्राडकास्ट करते हैं, 'मधुवन' 'लालचन्द' 'आकांक्षा' आदि आपकी प्रकाशित-कृतियाँ हैं पताः-अध्यापक, टाउन स्कूल, आरा।

वेंकटेश शर्मा 'प्रभात'—'तुलसी-बन्दना', 'डिङ्गल-साहित्य की महत्ता', आदर्श महापुरुष, गाँधी गरिमा आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-हिन्दी-अध्यापक, उम्मेद हाई स्कूल, जोधपुर।

वेंकटेश चन्द्र पाण्डेय—कई साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्धित, 'चप्पल' 'मेरा-टामी' प्रकाशित रचनाएं। पताः-राजकीय हाई स्कूल, अलीगढ़।

वैणु कुमारी शुक्ल—फुटकर कहानियां लिखती हैं। पताः-कैण्ट रोड, देहरादून।

वेणीप्रसाद शर्मा 'दिनेश'—जन्म १६०८, साप्ताहिक "नीमाड़-समाचार" के सञ्चालक, 'भगवान-पुस्तकमाला' के व्यवस्थापक, दिन रात चिन्तन मनन एवं साहित्याराधना। रचनाएं-पावागिरि भजनावली', 'सत्यनारायण-कथा', 'भजन-पुष्पाञ्जली', 'पावागिरि-सुमन-संचय। पताः-शान्ति-कुटीर, मु० पो० ऊन, जि० नीमाड़, वाया-खरगौन, (मध्य-भारत)

वैणीमाधव शर्मा—"हमारा-हिन्दी-साहित्य" प्रकाशित-कृति है, पताः-"अमर-भारती" प्रेस, काशी।

वैदेही शरण दुबे—'गीता-बोध' 'वैदेही बिहंगम' आदि के प्रणेता, सामाजिक-कार्यकर्त्ता। पताः-दिघवालिया, कचनार, सारन।

व्योहार राजेन्द्रसिंह—गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रम में विशेष रूपसे सक्रिय-भाग लिया; सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यिक

कार्यों में सम रूप से अभिरुचि, रचनाएं-ग्राम-सुधार, त्रिपुरी का इतिहास, मौन के स्वर, ग्रामों का आर्थिक पुनरुद्धार।

पताः-साठियाँ कुआं, जबलपुर।

व्रजकिशोर नारायण—हिन्दी-मिलाप, लोकमान्य 'हिन्दुस्तान' बम्बई आदि पत्रों का सम्पादन। रचनाएं-सिंहनाद, यशस्विनी आदि। पताः-'रोशनी' कार्यालय, शिक्षा-समिति, बिहार-सरकार, पटना।

व्रजकिशोर मिश्र—एम० ए०, फुटकर लेखन 'रत्नाकर का उद्धव-शतक' नामक आलोचनात्मक पुस्तक लिखी है।

पताः-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय।

व्रजभूषण मिश्र—प्राकृतिक चिकित्सा विषयक लेखक, प्रमुख रचनाएं-सरल स्वास्थ्य, केवल पन्द्रह मिनट, अपने डाक्टर बनो, ब्रह्मचर्य आसान है, आदि। 'जीवन-सखा', 'निर्भीक' 'भक्त-भारत' पत्रों का सम्पादन। पताः-२३, मदन मोहन घेरा, वृन्दावन।

व्रजभूषण शर्मा—रचनाएं-कामायनी का विवेचन, सिद्धराज-समीक्षा आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-राजकीय इण्टर कालेज, प्रयाग।

व्रजभूषणसिंह 'आदर्श'-पत्रकार और पत्र-प्रतिनिधि, 'बालनाद' कविता संग्रह, इसके अतिरिक्त आपने कई पुस्तकें और लिखी हैं।

पताः-२४७, सिविल-लाइन, नागपुर।

वी० एन० मेहता—एम० ए०, पी० एच० डी०, नागरिक शास्त्र की अनेक पुस्तकों के प्रणेता। प्रमुख पुस्तकें-भारतीय शासन और नागरिक जीवन, नागरिक-शास्त्र के सिद्धान्त, नवीन हाई स्कूल भूगोल। पताः-प्राध्यापक, बलवन्त राजपूत कालेज, आगरा।

व्रजमोहन तिवारी—झलक (कवि०) प्रकाशित, समीक्षात्मक लेख और फुटकर कहानियां भी लिखते हैं। पताः-प्राध्यापक, अँग्रेजी विभाग, कान्यकुब्ज कालेज, लखनऊ।

व्रजलाल व्रजेन्द्र—"अखण्ड-भारत" दैनिक बम्बई के भूतपूर्व सम्पादक, फुटकर लेखन। पताः-४।२०४, पुराना कानपुर।

विजयकान्ता श्रीवास्तव—भावुक कवियत्री, स्फुट लेखन।

पताः-चेरीताल, जबलपुर।

व्रह्मदेव मिश्र—स्फुट निबन्ध एवं कहानियाँ। पताः-बोड़ी का पुरा, पो० मुँगरा बादशाहपुर, जौनपुर (उ० प्र०)।

शङ्करदेव विद्यालङ्कार—रचनाएं-अन्तिम-पाठ, कोरिया की स्वातन्त्र्य कथा, धूम्रकेतु की कहानियाँ, अध्ययन-अध्यापन ।

पता:-गुरुकुल विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

शङ्करसिंह भदौरिया—साहित्य-प्रेमी, हिन्दी प्रचार-प्रसार में योग, स्फुट लेखक । पता-कल्पना कुटीर, दतिया ।

शङ्करलाल भण्डारी 'शंकर'— फुटकर लिखते हैं। पता:-आज़ाद नवयुवक संघ, मकरन्द नगर, कन्नौज ।

शङ्करराव देशपांडे—फुटकर लेखन, हिन्दी प्रचार कार्य और सामाजिक कार्यकर्त्ता । पता:-हिन्दी प्रचार-सभा, हलीखेण्ड, बीदर (दक्षिण) ।

शङ्करनाथ सुकुल—'हिन्दुस्तान-टायम्स' के भूतपूर्व सम्पादक, 'केशव-ग्रन्थावली', मतिराम-ग्रन्थावली' प्रकाशित कृतियां हैं ।

पता:-अध्यापक, मधुसूदन विद्यालय हाई स्कूल, सुलतानपुर (अवध) ।

शङ्करलाल वर्मा—जगन्नाथ यात्रा, त्रिमूर्त्ति आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ । पता:-मुख्य-शिक्षक, शाला-डोभी, पो० डोभी, होशङ्गाबाद ।

शङ्करलाल मगनलाल 'राम'—प्रकाशित रचनाएं--सद्गुण--कीर्त्तन, दिव्य-किशोरी, आदि । पता:-५४।२१ पश्चिम नहर किनारा, कानपुर ।

शङ्करलाल नागदा 'मधु'— कई पत्रों के सम्पादक, फुटकर लेख और कहानियाँ । पता:-जावद, मालावा ।

शङ्कर सहाय सक्सेना—राजनीति, अर्थ शास्त्र और ग्राम्य-समस्याओं के सुप्रसिद्ध लेखक. आपकी कई पुस्तकें पाठ्य-क्रमों में स्वीकृत हैं । प्रमुख रचनाएं-भारतीय सहकारिता आन्दोलन, आर्थिक भूगोल, अर्थ शास्त्र, गांवों की समस्याएं ।

पता:-अध्यापक, बरेली कालेज, बरेली ।

शम्भुदयाल सक्सेनाः--सुप्रसिद्ध लेखक, प्रमुख रचनाएं-रैन-बसेरा, बंचिता, अमरलता, नीहारिका, साधना पथ, धूप-छाँह आदि अनेक सम्पादित और सृजित पुस्तकें, आपने बालोपयोगी अनेक पुस्तकें लिखी हैं । पता-प्राध्यापक, सेठिया कालेज, बीकानेर

शम्भुनाथ 'शेष':—राजधानी के प्रमुख कवि, अपकी रचनाएं प्रमुख पत्रों में छपती हैं, 'उन्मीलिका' आपकी प्रकाशित कृति है ।

पता-चूना मण्डी, नयी दिल्ली ।

शम्भुनाथ पाण्डेय:--आयुर्वेद विषयक फुटकर लेखन।
पता-मन्त्री, शारदा भवन लाइब्रेरी, रामपुर, फतेहपुर।

शम्भुनाथ सक्सेना:--'सरिता' दिल्ली, 'विश्वमित्र' दिल्ली आदि पत्रों के भूतपूर्व यशस्वी सम्पादक, वृहत्तर ग्वालियर पत्रकार-संघ तथा साहित्यकार संघ के पदाधिकारी, रचनाएं-कब्रों की दुनिया, पतझड़, मधुमक्खी-पालन, जीवन के प्रश्न आदि आपकी प्रसिद्ध प्रकाशित कृतियाँ हैं। पता-मदने की गोट, लश्कर, ग्वालियर।

शम्भुप्रसाद 'बहुगुणा':—एम० ए०, सम्पादक नागिनी, नन्दिनी, मौलिक रचनाएं-हिमवन्त का एक कवि, शबरी मङ्गल आदि, सुप्रसिद्ध लेखक, अध्यापन। पता-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, आइसा बेला, थोवर्न कालेज, लखनऊ।

शम्भुरत्न 'मुकुल':—'शांति' और 'छाया' का सम्पादन, प्रमुख रचनाएं-स्नेहदान, अश्रुगीत, पत्थर की दीवारें, भीगी रात; अमावस आदि। पता-कोषाध्यक्ष, कानपुर शुगर वर्क्स, कानपुर।

शम्भूदयाल 'माथुर':—जन्म-७ जून १६३२, कई प्रसिद्ध पत्रों का प्रतिनिधित्व, लोकमत बीकानेर व 'राजस्थान-सन्देश' अजमेर के भू० संयुक्त सम्पादक, कार्यालय अध्यक्ष-गुलाब देवी अभिनन्दन ग्रन्थ समिति, अध्यक्ष तरुण संस्था, सिविल लाइन्स अजमेर, "मीरा" अजमेर के वर्त्तमान प्रधान सम्पादक। पता-"मीरा" कार्यालय, सिविल लाइन्स, अजमेर।

शम्भूलाल शर्मा:—स्फुट कविताएं और लेख 'विद्या-विनोद' के भू० सम्पादक। पता-मुख्य-शिक्षक, लंबरदार स्कूल, उदयपुर।

शम्भूलाल 'मुकुल':—'युगपथ' अन्तर्दाह, समाज की वेदी पर, आदि पुस्तकों के प्रणेता। पता-"प्रकाश" कार्यालय, देवघर, बिहार।

शकुन्तला 'प्रभाकर'--फुटकर कविताएं और कहानियाँ लिखती हैं, श्रमजीवी लेखक मण्डल की पदाधिकारिणी,। पता-मुख्य शिक्षिका, आर्य पुत्री पाठशाला, ताँदलिया वाला, लायलपुर।

शकुन्त भारद्वाज:--दीपदान और बुदबुदे आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं, 'सम्मेलन पत्रिका' बीकानेर के संस्थापक। पता-प्राणथ-नीड़, चुरू।

शकुन्तला रानी 'रजनी':—भावुक कवियत्री, विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में स्फुट गीत प्रकाशित, उदीयमान आशा। पता-द्वारा ला० कामाक्षा प्रसाद जी रईस, साहूकारा, बरेली।

शकुन्तला कुमारी "रेणु":—फुटकर लिखती हैं। पता-नवरत्न सरस्वती-भवन, झालरापाटन-सिटी।

शकुन्तलादेवी खरेः—सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री नर्मदा प्रसाद खरे की विदुषी पत्नी, फुटकर कविताएं और कहानियाँ। पता-फूटा ताल जबलपुर।

शचीरानी गुर्टूः—एम० ए० (हिन्दी-इङ्गलिश) साहित्याचार्य (संस्कृत) "प्रवाह" (मासिक) की यशस्वी सम्पादिका, प्रमुख रचनाएं-विश्व की प्रधान नारियाँ, कला-दर्शन, टूटता धागा और रेखा चित्र आदि कई प्रकाशित कृतियाँ हैं। पता-७।२३ दरियागंज दिल्ली।

शचीनन्दन प्रसाद सिंहः—'मधुयामिनी' आपका प्रकाशित कविता संग्रह है,। पताः—राजपाटी, मुंगेर।

शमशेर बहादुर सिंहः—आपकी उच्चकोटि की प्रयोगवादी कविताएं, लेख और आलोचनात्मक निबन्ध हंस, प्रतीक, नया-साहित्य आदि प्रगतिशील पत्रों में छपते हैं। पता-बम्बई।

शमशेरबहादुर सिंहः—रचनाएं-दो पाप, प्लाट-मोर्चा तथा कई अनूदित पुस्तकें। पताः-'माया' प्रेस, इलाहाबाद।

शमशेरबहादुर सक्सेनाः—फुटकर लेखन। पता-प्राध्यापक, हरप्रसाद जैन कालेज, आरा।

शमंनलाल अग्रवालः—'सैनिक' साहित्य-सन्देश, ज्योति और सावधान का सम्पादन किया, कई साहित्यिक संस्थाओं से सहयोग, चरणों में, हिटलर, निबन्ध द्वादशी आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। घीयामण्डी, मथुरा।

शशिकुमार त्रिपाठीः—साहित्यिक अभिरुचि, हिन्दी प्रचार में योग। पता-सोम-सदन, दतिया।

शशिधर बाजपेयीः—'साहसी युवराज' आपकी प्रकाशित कृति है, सदस्य-प्रगति शील लेखक सघ। पताः-मॉडर्न आयुर्वेदिक फार्मेसी, मुंगेर।

शरदचन्द्र भटोरेः—प्रमुख रचनाएं-शान्ति-सन्देश—वाहक महात्मा गान्धी, हमारी प्रतिज्ञा आदि। पता-४ धारेश्वर, धार।

शान्ति पाण्डेय श्रीमतीः—फुटकर कविताएं। पता-गुणराज-सिंह भवन, सलेमपुर, छपरा।

शान्तिप्रसाद बालभट्टः—'कल्पना-मन्दिर' के संस्थापक, आदर्श पुस्तकालय के जन्मदाता, 'रूपक' ललिता, आदि के सम्पादन में

योग, प्रमुख रचनाएं-भयंकर भूल, रचना-सहचरी। पता-बनिया-पाड़ा, मेरठ।

शान्ता शर्मा,श्रीमतीः—स्फुट लघु कथा और शब्द-चित्र लेखिका फिल्म क्रिटिक, भारत के प्रसिद्ध विद्वान, विद्यावाचस्पति श्री मधुसूदन की पौत्री हैं। पता-मधुसूदन-भवन, परिडत जी का बाग गान्धी नगर, जयपुर (राजस्थान)

शान्तिप्रिय द्विवेदीः—भारत के सुप्रसिद्ध साहित्य-सेवी, 'कमला' 'भारत' और 'वीणा' के भूतपूर्व सम्पादक, प्रमुख रचनाएं जीवन यात्रा, साहित्य की सञ्चारिणी सामयिकी आदि कई पुस्तकों के प्रणेता। पता-गोलार्क कुण्ड, काशी।

शान्तिप्रिय आत्माराम जीः—बड़ौदा राज्य में हिन्दी-प्रचार, सभासद् नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, प्रकाशन-सृष्टि-विज्ञान, गुजराती हिन्दी-शिक्षा, आलमगीर के पत्र, आदि। रजिस्ट्रार आर्य विश्व विश्व विद्यालय, बड़ौदा। पता-आत्माराम पथ, बड़ौदा।

शान्ति मेहरोत्राः—एम० ए०, सम्पादिका "भारत-जननी" प्रकाशन-निष्कृति, मरीचिका, रेखा आदि। आपको करीब करीब सभी पुस्तकों पर पारितोषिक प्राप्त हो चुका है। पताः-इलाहाबाद।

शारदाप्रसादः—'मानस संघ' का संगठन एवं सञ्चालन, 'राम-चरितमानस' में वीररस पुस्तक के प्रणेता। पता-पो० रामवन (वायासतना)।

शान्तिस्वरूप 'अज्ञात':—जन्म-२, जुलाई १६३४, संयोजक 'कलाकार-समुदाय' सदस्य 'साहित्य-परिषद्' हाथरस, कवि और कहानी लेखक, कई पत्रों में कहानियाँ प्रकाशित। पता-पं०गोविन्द-राम वेदाचार्य व्यास, सहपऊ (मथुरा)।

शत्रुशल्य रावः—फुटकर कविताएं, इतिहासज्ञ। पता-बूँदी (राजस्थान)।

शत्रुघ्न भार्गवः—एम० ए०, बी० टी०, 'किशोर-भारती' प्रयाग किशोरीरमण कालेज मैगजीन मथुरा का सम्पादन, प्रतिष्ठित मासिक पत्रों में लेखादि, लखनऊ विश्वविद्यालय में अन्वेषण कार्य, हिन्दी की उच्च कक्षाओं में अध्यापन,। पता-किशोरी रमण डिग्री कालेज मथुरा, अथवा गोविन्द ठेक, घीया-मण्डी, मथुरा।

शालि ग्राम द्विवेदीः—'श्रीशारदा' के उप सम्पादक रहे, नवीन पत्र-प्रकाश, समर सखा आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं।

पता-सुपरिटेंडेंट, गवर्नमेण्ट नार्मल स्कूल, रायपुर।

शारङ्ग-पाणि—दक्षिण-भारत में हिन्दी प्रचार-प्रसार में सक्रिय योग, फुटकर लेखन। पता—सह-सम्पादक "दक्खिनी-हिन्द", त्यागराय नगर, मद्रास।

शारङ्गधर शामजी—हिन्दी प्रचार में योग, फुटकर लेखन। पताः-रावले, नासिक, महाराष्ट्र।

शिखरचन्द जैन—'खण्डेलवाल जैन हितेच्छु' के सम्पादक रहे, प्रमुख रचनाएं-हिन्दी-नाट्य चिन्तन, गुनगुन, सूर-एक अध्ययन आदि। पताः-मोती महल, दीतवारिया, इन्दौर।

शिवकुमार आर्य—हिन्दी का पैदल घूम-घूमकर अहिन्दी प्रान्तों में प्रचार, फुटकर लेखन। पताः-हिन्दी-प्रचार-सभा, गुलबर्गा (दक्षिण)

शिवकुमार ओझा—एम० ए०, नेहरू की झांकी, सोहाग दान आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-८२, सेण्ट्रल एवेन्यू, कलकत्ता।

शिवकुमार शर्मा—कृषि-विशेषज्ञ, राष्ट्रीय कार्यकर्त्ता, "कृषि--संसार" का सम्पादन--प्रकाशन, धरती माता के प्राण, अमृत और विष, खाद ही राष्ट्रीय सम्पत्ति है, आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः—"भारती--प्रेस", बिजनौर।

शिवकुमार श्री वास्तव—"पावस-गीत', ताजमहल आदि आप की प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-सदर-बाजार, सागर।

शिवकुमार त्रिपाठी 'सन्तप्त'—फुटकर पत्रों का सम्पादन, 'धूप-छांह', आरती (कवि०) मंदिर का अन्त और नारी (कहा०) आदि आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-दोस्तपुर, सुल्तानपुर।

शिवचन्द्र 'नागर'—'प्रणय-गीत', ज्योत्स्ना, ध्रुवस्वामिनी देवी, किसका अपराध आदि तथा अनेक अप्रकाशित पुस्तकें एवं बालोपयोगी साहित्य के प्रणेता, नई पीढ़ी के उदीयमान कवि और लेखक। पता-ग्वालियर लॉज, गुजराती स्ट्रीट, मुरादाबाद।

शिवचन्द्र 'शुक्ल'—फुटकर लेखन, पताः-शान्ति कुटीर, छुलाहा, रायबरेली।

शिवचरण चतुर्वेदी 'योगीराज'—साहित्य साधना और विश्व कल्याण में रत, प्रकाशन Glad Tidings, True Education, The way of Success happiness, Vishwa Kalyan Dharma आदि। 'विश्व कल्याण' (पा०) के संस्थापक, विश्वकल्याण धर्म, विश्वकल्याण औषधालय

प्रमुख लेखक—

डाक्टर श्रीकृष्णनारायणसिंह

(परिचय पृष्ठ २०७)

यशवन्त कुमार

"नयन"

(परिचय पृष्ठ २०३)

और विद्यालय के संस्थापक। पता:—१।४६६, ब्रह्मकुण्ड, वृन्दावन (मथुरा)

शिवचरणलाल 'शिव' मालवीय—'कर्मयुग' स्वराज्य और 'विक्रम' (सा०) आदि पत्रों का सम्पादन, फुटकर लेख और कहानियाँ लिखते हैं। पता:-शिव निवास, हरीगञ्ज, खण्डवा।

शिवदत्त शर्मा 'शास्त्री'—'शैल शिला' और 'प्रभाती' के प्रणेता पता:-इन्द्रदत्त शर्मा वैद्य, समीप घण्टाघर, संभल, मुरादाबाद।

शिवदत्त श्रीवास्तव—साहित्यक अभिरुचि, लेखन फुटकर। पता:-सरस्वती निकुञ्ज, पुराना बोर्डिंग हाउस, हरदोई।

शिवदानसिंह चौहान—एम. ए., मार्क्सवादी तरुण आलोचकों में प्रमुख, मार्क्सवादी पत्रिका 'प्रभा' हंस और 'नया हिन्दुस्तान का सम्पादन किया युग के प्रतिनिधि प्रगतिशील आलोचक, कई आलोचनात्मक पुस्तकें प्रकाशित, जिनमें कि आपके स्फुट समीक्षात्मक लेख संग्रहीत है, वर्तमान 'आलोचना' का सम्पादन। पता:-आलोचना कार्यालय, १-फैज बाजार, दिल्ली-७।

शिवनन्दनप्रसाद—प्रमुख रचनाएं-जुल्म का नंगा नाच, हमारा मित्र चीन, पांचवाँ दस्ता, तानाशाही चंगुल आदि। नागपुर की दलित जातियों में हिन्दी का प्रचार प्रसार। पता:-भट्टाचार्जी लेन, अपर बाजार, राँची।

शिवनन्दन प्रसाद—एम० ए०, साहित्य रत्न, विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्ध, रचनाएं-पंत जी का गुञ्जन, काव्यालोचन के सिद्धान्त, ध्र वतारा और शंखनाद आदि कई पुस्तकों के प्रणेता, पता:-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, जी० बी० बी० कालेज, मुजफ्फरपुर

शिव नाथ दुबे—फुटकर लेखन, पता:-सम्पादकीय-विभाग "कल्याण" (मा०) गोरखपुर।

शिवनाथ—एम० ए०, साहित्य-रत्न, कई सम्पादित और लिखित ग्रन्थों के प्रणेता, प्रमुख रचनाएं-अनुशीलन, हिन्दी कारकों का विकास तथा सम्पादित हिन्दी-शब्द-संग्रह, वर्त्तमान-हिन्दी-साहित्य। पता:-हिन्दी-भवन, विश्व-भारती, शान्ति-निकेतन।

शिवनाथसिंह 'शाण्डिल्य'—'त्यागी' के भू० सम्पा० रचनाएं चटपटी कहानियाँ, बीरबल की कहानियाँ, सावनमल का इन्साफ, हंसती बोलती तस्वीरें बाल गुलिस्ताँ आदि बालोपयोगी पुस्तकें, लिखी हैं। पता:-माछरा, मेरठ।

शिवनारायण उपाध्याय—संघर्ष का स्वर, रोज की कहानी, दो झोंपड़े आपकी कृतियाँ हैं। पताः–कालमुखी, खण्डवा।

शिवनारायणलाल—फुटकर लेख, जनरल साइन्स रीडर आपकी प्रकाशित कृति हैं। पताः-बैजनाथाश्रम, बछरावाँ, रायबरेली।

शिवनारायणलाल बोहरा—एम. ए. पी. एच. डी. फुटकर लेखन पताः-अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, गवर्नमेण्ट हिन्दी कालेज, रोपड़, अम्बाला।

शिवपूजन सहाय, आचार्य—बिहार के महान साहित्यकार, 'जागरण' 'हिमालय' माधुरी आदि अनेक पत्रों का सम्पादन, द्विवेदी अभिनन्दन ग्रन्थ, जयन्ती स्मारक-ग्रन्थ और राजेन्द्र अभिनन्दन ग्रन्थ का सम्पादन, प्रमुख रचनाएं-देहाती दुनियाँ, विभूति, बिहार का बिहार आदि कई सृजित और सम्पादित पुस्तकें। पताः–सभापति, राष्ट्रभाषा समिति सचिवालय, पटना।

शिवप्रताप 'पाण्डेय'—झाँसी वाली रानी, विद्युल्लता, युक्ति साधन आदि के प्रणेता। पताः–साहित्य-सदन, खोल, (गुड़गाँवा) पञ्जाब।

शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र'—दैनिक सन्मार्ग के सम्पादन में योग, 'सरिता' काशी के सम्पादकों में, फुटकर लिखते हैं। पताः–विश्वनाथ गली, बनारस।

शिवप्रसाद "शिव" व्यास—साहित्यालंकार, रचनाएं कर्म-योग, कल्प-वृक्ष, हिन्दुत्व की ज्वालाएं, पताः–हिन्दी-मन्दिर, नरसिंहगढ़ स्टेट।

शिवप्रसाद लोहानी—फुटकर समीक्षात्मक और विविध विषयों पर लेख, पताः–नूरसराय, पटना।

शिवप्रसाद सक्सेना—एम० ए० (हिन्दी–राजनीति) एल० एल० बी०, प्रतिशोध, समाज से पूछो आपकी कृतियाँ हैं, पताः–राजनीति विभाग, गांधी कालेज, शाहजहांपुर।

शिवबालक राय—साहित्यिक संस्थाओं के सहयोगी, समीक्षात्मक फुटकर लेख, पताः–अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, एच० डी० जैन कालेज, आरा।

शिवबालक शुक्ल—एम० ए०, फुटकर समीक्षात्मक लेख, पता–प्राध्यापक, रुक्मानन्द क्षत्रिय कालेज, हरदोई।

शिवरत्न शुक्ल "सिरस"—प्रभु-चरित्र, आर्य सनातनी संवाद, शान्त रसालंकार आदि लगभग चालीस पुस्तकों के प्रणेता, पताः–बछरावाँ, राय बरेली।

शिवराम श्रीवास्तव 'मणीन्द्र'—स्फुट कविताएं, पताः-वकील हरई।

शिवलाल द्विवेदी 'गगन'—स्फुट बालोपयोगी कहानियाँ, कविताएं और पहेलियाँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित, 'निकुञ्ज' और 'पहेली-कुञ्ज' आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-ग्राम-पत्रालय कोरारी कलां, जि० उन्नाव (उत्तर प्रदेश)

शिवशंकर जोशी—'चिराग' 'बीबियों के ताज' आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं, 'भारतीय-संस्कृति-सदन' के लग्नशील कार्यकर्त्ता पताः-भारतीय संस्कृति-सदन, कोठारी मुहाल, रतलाम।

शिवसहाय चतुर्वेदी—प्रमुख रचनाएं-सतीप्रथा का इतिहास, आदर्श बहू, जननी-जीवन आदि आपकी कृतियाँ हैं, पताः-देवरी सागर।

शिशुपालसिंह 'शिशु'—'हल्दी घाटी की एक रात', नदी-किनारे आदि आपकी कृतियाँ हैं, पताः-ऊदी, इटावा।

शीलभद्र—'कामायनी-मीमांसा 'चिर-अतृप्ति' के प्रणेता, 'योगी' के सम्पादन में योग, पताः-व्यवस्थापक, राष्ट्र भाषा, प्रचार समिति वर्धा।

शुकदेव पाण्डेय—एम० एस० सी०, वैज्ञानिक शब्दावली बीजगणित आदि के प्रणेता, पताः-आचार्य, बिड़ला कालेज, पिलानी।

शुकदेव नारायण—बी० ए०, रचनाएं-तीन-ताड़, टेढ़ा क्रम। पताः-पो० बा० ५६, बाँकीपुर, पटना।

शुकदेव राय—फुटकर कहानी और बिहार की लोक कथाओं के प्रणेता "रैन-बसेरा" उपन्यास के प्रणेता, पताः-सह-सम्पादक "हुंकार" (साप्ता०) पटना।

शुकदेव प्रसाद वर्मा—फुटकर लेखन, पताः-बलुआटाल, मोतिहारी।

शुकदेवप्रसाद तिवारी 'निर्बल'—कई पत्रों के सम्पादन में योग, 'राष्ट्र की ध्वनि' होली की राख, ग्राम-गीता आदि के प्रणेता, पताः-'निर्बल' निकेतन, सोहागपुर।

शैलकुमार दत्त—'चावल के दाने' 'बंगाल का अकाल' आदि आपकी कृतियाँ हैं, पताः १०।१०० खलासी लाइन, कानपुर।

शैलकुमारी चतुर्वेदी—विशारद, प्रभाकर पाकशास्त्र, महिला गीताञ्जलि कमला नेहरू आदि आपकी कृतियाँ हैं, पताः-श्री उमेश चतुर्वेदी, जयपुर।

शैलबाला—'दक्षिण-भारत' में हिन्दी प्रचारक, फुटकर लेखन' पता:-हिन्दी प्रचार-सभा, हैदराबाद (दक्षिण)।

श्यामाचरनलाल 'श्याम'—जन्म भाद्रपद १६६४ सं० सुललित गीतकार और सुगायक, सतत चिन्तन, मनन और साहित्य साधना में रत, भावुक कवि, स्फुट कविताओं के कई अप्रकाशित संग्रह। पता:-काली मन्दिर, पसरट्टा, हाथरस, उत्तर प्रदेश।

श्यामदत्त 'मिश्र'—विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के सक्रिय सहयोगी, सैनिक (दैनिक) आगरा, प्रदीप गया आदि का सम्पादन, रघुवीर गाथा और रीतिकाल के कवि आपकी कृतियाँ हैं। पता:-प्रधान, हिन्दी अध्यापक, राजेन्द्र विद्यालय, गया।

श्यामसलिल—हिन्दू पञ्च और प्रभाकर का सम्पादन, फुटकर लेखन। पता:-नन्दकुटीर, मुंगेर।

श्यामनारायण कपूर—विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के सक्रिय कार्यकर्त्ता, विज्ञान की कहानियाँ, भारतीय वैज्ञानिक, साबुन विज्ञान आदि उपयोगी पुस्तकों के लेखक। पता:-साहित्य निकेतन, श्रद्धानन्द पार्क, कानपुर।

श्यामनारायण पाण्डेय—'वीर रस' के सर्वाधिक लोकप्रिय कवि 'हल्दी-घाटी' नामक महाकाव्य पर आपको दो हजार रुपये का देव पुरस्कार प्राप्त हुआ है, प्रमुख रचनाएं-हल्दी-घाटी, जौहर, त्रेता के दो वीर, आदि प्रसिद्ध काव्य पुस्तकों के प्रणेता। पता-सारंग तालाब बनारस कैण्ट।

श्याम बर्थवार—'चिनगारी' क्रांति (सा०) का सम्पादन किया, 'वैज्ञानिक समाजवाद' लेनिन और स्टालिन, बन्दियों का स्वर्ग आदि कई प्रसिद्ध पुस्तकें लिखी है। पता:-कचहरी रोड, गया।

श्यामबहादुरसिंह—फुटकर लेख कहानियाँ लिखते हैं, बम्बई में हिन्दी प्रचार में योग। पता १०६, पारसी बाजार स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई

श्याममनोहर त्रिपाठी—दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार। पता:-व्यवस्थापक, हिन्दी परीक्षा-केन्द्र, संगारेड्डी, मेदक (दक्षिण)

श्यामलाल राठौर—दक्षिण-भारत में हिन्दी प्रचार-प्रसार में योग, फुटकर लेखन। पता:-मंत्री, हिन्दी प्रचार-सभा, नाँदेड़ (दक्षिण)।

श्यामलाल कुटरियार—फुटकर वैज्ञानिक लेख लिखते हैं। पता:-ग्राम अकबरपुर, गया।

श्यामवदन पाठक, 'श्याम'—रेडियो से कविता और कहानियों का प्रसरण, 'सरदार पटेल' 'सरोजिनी नायडू' आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं। पताः-मूक-बधिर विद्यालय, बाँकीपुर, पटना।

श्यामवदन प्रसाद सिंह—एम० ए०, 'गुप्त जी की कृतियाँ' आप की प्रकाशित रचना हैं। पताः-अध्यापक, हिन्दी-विभाग, गया कालेज।

श्यामबिहारी तिवारी 'देहाती'—साहित्यिक अभिरुचि, फुटकर लेखन। पता:-बसबरिया, बेतिया, चम्पारन।

श्यामसुन्दर गुप्त—'हल्दीघाटी' पर एक आलोचनात्मक पुस्तक लिखी है। पता:-अध्यापक, गोसाईगञ्ज, फैजाबाद।

श्यामसुन्दर मणिकप्रसाद—हिन्दी प्रचार और फुटकर लेखन। पता:-हिन्दी अध्यापक, हली खेड़, बीदर (दक्षिण)

श्यामसुन्दर ओझा 'मञ्जुल'—साहित्य-रत्न, प्रचार एवं परीक्षा मंत्री, हिन्दी प्रचारिणी-सभा बलिया, 'अरुणिमा' आपके गीतों का संग्रह है, स्फुट आलोचनात्मक निबन्ध और कई कहानियां लिखी हैं। व्यवसाय-हिन्दी अध्यापक गवर्नमेण्ट हायर सैकिण्डरी विद्यालय, बलिया। पताः-ग्राम-मिश्र बलिया, जि० बलिया।

श्यामसुन्दर भारतिया 'प्रवीण'—साहित्य-रत्न, 'बङ्ग-प्रादेशिक हिन्दी प्रचारिणी सभा' के प्रधान-मंत्री, हिन्दी विद्यालय एवं हिन्दी पुस्तकालय के संचालक एवं मंत्री, 'हिन्दी' प्रान्तों में हिन्दी प्रचार-कार्य। पताः-पो० रानीगञ्ज, जि० बर्द्धवान।

श्यामसुन्दर पालीवाल 'मधुर'—फुटकर कविताएं लिखते हैं।

पता:-नारहट, झांसी।

श्यामसुन्दर लाल शर्मा—साहित्यिक अभिरुचि। पता:-सहायक अध्यापक, ए० वी० एम० स्कूल, पैंघोर, जि० भरतपुर (राजस्थान)

श्याम सुन्दरलाल दीक्षित—कई पत्रों के भूतपूर्व सम्पादक। प्रमुख रचनाएं-हुंकार, श्याम-सन्देश, उरोजी, नारङ्गियां। आपकी एक कृति पर उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा पारितोषिक अभी प्राप्त हुआ है। पताः-बाग मुजफ्फरखां, आगरा।

श्यामसुन्दर व्यास—हजामत (साप्ता०) 'अशोक' आदि का सम्पादन। रचनाएं-पुरखों की नाक, तीर्थ यात्रा, गिलट के झुमके आदि आपकी कृतियां हैं। पता:-६, लोधीपुरा, इन्दौर।

श्यामसुन्दर व्यास—'तिलोत्तमा', 'आधी-रात' आदि आपकी कृतियाँ हैं। पताः—२१५, बहादुरगञ्ज, प्रयाग।

श्यामसुन्दर 'श्याम'—स्फुट लिखते हैं। पताः—संस्कृताध्यापक, गान्धी राष्ट्रीय विद्यालय, हमीरपुर।

'श्यामू--सन्यासी', श्याम सुन्दर—प्रमुख रचनाएं-मजदूर, फाएटामारा, कंटीले तार, ईंट-रोड़े, नये मोती आदि आपकी लोकप्रिय पुस्तकें हैं। प्रगतिशील लेखकों के प्रतिनिधि कलाकार, कम्यूनिस्ट पार्टी के सरगरम कार्यकर्त्ता, भू० व्यवस्थापक 'सरस्वती प्रेस' बनारस, प्रेमचन्द जी के 'हन्स' और कहानी के सम्पादन में योग। भूतपूर्व सम्पादक, 'मजदूर' और 'आपबीती'।

पताः—सञ्चालक, सहयोगी--प्रकाशन--विभाग, हीराबाग, बम्बई।

श्यामसुन्दर "बादल"—'शिशु', मङ्गलप्रभात, आपकी कृतियाँ हैं, साहित्यिक-संस्थाओं से सम्बन्ध। पताः—स्थानापन्न प्रिन्सिपल श्री गांधी राष्ट्रीय विद्यालय, हायर-सैकिण्डरी स्कूल, राठ (हमीरपुर)

श्रीकान्त शास्त्री—'नया-कदम' और आलोक' के भू० सम्पादक, फुटकर लेखन। पताः—मलयपुर, मुँगेर।

श्रीकान्त—'मगही लोक-गीतों की रूपरेखा' आपकी प्रकाशित कृति है। पताः—मगध-विद्यापीठ, नारायणपुर, पकान सराय, पटना।

श्रीकृष्ण मिश्र—महाकाल, प्रेमा (उप०) और देवकन्या आपकी रचनाएं हैं। पताः—वकील, वाणी मन्दिर, छोटी केलावाड़ी, मुंगेर।

श्रीकृष्ण अग्रवाल—फुटकर लेखन, क्रियाशील कलाकार मण्डल के साहित्य-मन्त्री। पताः—ब्राह्मण घाट, करेली (मध्य-प्रान्त)

श्रीकृष्णदास—एम. ए., प्रमुख रचचाएं-जुलेखा, क्रान्तिदूत, अग्निपथ (उप०) धरती लाभ (नाटक) गान्धीवाद मार्क्सवाद आदि, साहित्य-सम्पादक, अमृत पत्रिका, कम्यूनिष्ट पार्टी, प्रगतिशील लेखक संघ, समाजवादी दल आदि में सेवाएं। पताः-२। डी, मिण्टो रोड, प्रयाग।

श्रीकृष्णराय 'हृदयेश'—रचनाएं-युवक और हिमांशु।
पताः—अध्यापक-एम. ए. बी. हाईस्कूल, गाजीपुर।

श्रीचन्द जैन—फुटकर लेखन। पताः—प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, दरबार कालेज, रीवाँ।

श्रीधर पंत—'तुलसी-मञ्जरी' तुलसी काव्य संकलन आपकी प्रकाशित रचना हैं। पताः—प्राध्यापक हिन्दी विभाग बरेली, कालेज बरेली।

श्रीधरशंकर जोशी—एम. ए., फुटकर लेखन। पता:-१२ रेशम वाला लेन, इन्दौर।

श्रीनाथसिंह ठाकुर—'बालसखा' 'सरस्वती' दीदी आदि प्रमुख पत्रों का सम्पादन कर चुके हैं। प्रजामण्डल, एकाकिनी, उलझन आदि आपकी प्रमुख रचनाएं है। पता:-"दीदी" कार्यालय प्रयाग।

श्रीनाथ पालित—कई पत्रों का सम्पादन और विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्धित, द्वंद्वात्मक भौतिकता, गोवंश का व्यवहारिक रूप आदि पुस्तकों के लेखक। पता:-३९, कचहरी रोड, गया।

श्रीनाथ मोदी—हिन्दी प्रचार कार्य के हेतु राजकीय वृत्ति से त्याग पत्र, प्रमुख रचनाएं पंचों की बड़ी पूजा, ग्राम सुधार नाटक, तीन भालू आदि। पता:-किताब घर, सोजती गेट, जोधपुर।

श्रीनारायण चतुर्वेदी 'श्रीवर'—कई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्थाओं के मान्य सदस्य कई कविता-संग्रह और साहित्यिक लेख संग्रह प्रकाशित, उत्तर प्रदेश में भूतपूर्व शिक्षा प्रसार आफीसर। पता:-आल इण्डिया रेडियो, नई दिल्ली।

श्रीनारायण मिश्र—'शोषित' (काव्य-संग्रह) के प्रणेता हिन्दी साहित्य सम्मेलन के स्थायी सदस्य। पता:-प्रिन्सिपल, जनता हायर सैकिण्डरी स्कूल, सिकन्दरा, प्रयाग।

श्रीनिवास—फुटकर लेखन। पता:-२५, नजीबाबाद, सूटरगंज, कानपुर।

श्रीनिवास दगड़ूलाल शर्मा—फुटकर लिखते हैं, अहिन्दी भाषा भाषी प्रान्त में हिन्दी प्रचार में सक्रिय योग। पता:-हिन्दी प्रचार सभा परभणी (दक्षिण)

श्रीनिवास राघवन—फुटकर निबन्ध। पता:-सम्पादक नरसिंह प्रिया, पुदुकोटाई, मद्रास।

श्रीपति शर्मा—रचनाएं-कहानी और प्रेमचन्द। पता:-अध्यक्ष अंगरेजी विभाग, सेकसरिया कालेज, बस्ती।

श्रीपतराय—मुन्शी प्रेमचन्द के सुपुत्र, 'सरस्वती-प्रेस' बनारस के प्रबन्धक 'हन्स' के व्यवस्थापक। पता:-'हन्स' मासिक, प्रयाग।

श्रीपाद रामकृष्ण काबे—लघुकथा लेखक, सदस्य वैदिक शाखा पारायणी। पता:-मु० पो० वाडे जि० रत्नागिरी।

श्रीमन्नारायण 'अग्रवाल'—एम. ए, 'सबकी बोली' और राष्ट्र-भाषा समाचार का सम्पादन, रचनाएं 'सेगांव का सन्त' रोटी

का राग और 'मानव (कविता) आपके लेखादि प्रमुख पत्रों में छपते हैं, सुप्रसिद्ध चिन्तनशील विचारक। पता:-वर्धा।

श्रीमन्नारायण शास्त्री—रचनाएं प्रेमोल्लास और विनय विनोद पता:-अलवर हाईस्कूल अलवर।

श्रीमोहन 'प्रदीप किरन'—संस्थापक 'साहित्य-परिषद' और 'कलाकार-समुदाय' हाथरस, उदीयमान भावुक और प्रगल्भ कवि सिने गीत लेखक और कहानीकार विभिन्न पत्र पत्रिकाओं गीत प्रकाशित, अध्ययन अध्यापन, राजनीति में भी दिलचस्पी,
पता:-१८१३, सीयल, हाथरस (उत्तर प्रदेश)

श्रीराम पाण्डेय—एम० ए०, फुटकर लेखन, पता:-हिन्दी-अध्यापक, महाराज सिंह हाईस्कूल, बहराइच।

श्रीराम "मधुकर"—'पथिक', 'सावधान', (सा०) आदि का का सम्पादन, पता:-'सावधान', कार्यालय, पुखरावाँ, कानपुर।

श्रीराम 'मित्तल'—गणित सम्बन्धी कई पुस्तकों के प्रणेता, पता:-प्राध्यापक, गणित-विभाग, बिड़ला कालेज, पिलानी जयपुर।

श्रीराम मिश्र—रचनाएं-सर्पिणी, हरिविलास-रामायण विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं में सम्बन्ध, पता:-ऐडवोकेट, श्री निकेतन, फैजाबाद।

श्रीराम शर्मा—"प्रवाह" (मा०) के भूतपूर्व सपम्पादक प्रमुख रचनाएं-हिन्दी-साहित्य की वर्त्तमान विचारधारा, बिखरी प्रतिमा, कलाकार का सत्य, पता:-नार्मल स्कूल के सामने अकोला, बरार।

श्रीराम शर्मा—रचनाएं-ललकार दक्षिण की ऐतिहासिक कहानियाँ। पता:-प्रधान-मन्त्री, हैदराबाद राज्य हिन्दी प्रचार-सभा, हैदराबाद।

श्रीराम द्विवेदी—स्फुट लेख व कहानियाँ, पता:-ग्राम-पत्रालय पवाँरा (जौनपुर)

श्रीराम शर्मा—"विशाल भारत" (मासिक) के यशस्वी स्पादक, प्रमुख रचनाएं-प्राणों का सौदा, 'जीवन-कण, झांसी की रानी आदि, पता:-बल्का बस्ती, आगरा अथवा सम्पादक "विशाल-भारत (मासिक) कलकत्ता।

श्रीरामशर्मा आचार्य,—'अखण्ड' 'ज्योति' मथुरा का सम्पादन, अध्यात्म एवं जनहितोपयोगी लगभग ६ दर्जन पुस्तकें लिख चुके हैं। प्रमुख रचनाएं-मानवीय विद्यु त के चमत्कार, अध्यात्मधर्म, स्वस्थ और सुन्दर बनने की विद्या आदि, पता:-"अखण्ड-ज्योति" कार्यालय घीयामण्डी, मथुरा।

श्रीराम "आजाद":—मज़दूर आन्दोलनों में कारावास, फुटकर उर्दू हिन्दी में कविताएं। पता-गोपीबाबू की गली, हाथरस।

श्रीवत्स:—फुटकर लेखन। व्यवस्थापक 'उमाप्रेस' धामपुर।

श्रुतिप्रकाश वाशिष्ठः—फुटकर लेखन, प्रदीप (मा०) शिमला के सम्पादन में योग। पता-प्रदीप (मासिक) शिमला २।

सुखदेव-दर्शन वाचस्पतिः—फुटकर लेखन। पता-गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

सुखसंपतिराय भण्डारीः—प्रका० भारतीय राज्यों का हिन्दी इतिहास, अँग्रेजी कोश, बीसवीं शताब्दी। पता-डिक्शनरी पबलिशिंग हाउस, ब्रह्मपुरी, अजमेर।

सच्चिदानन्द गनेडीवाला:—साहित्यक अभिरुचि, 'भारत-हिन्दी पुस्तकालय' अमरावती के प्रधानमन्त्री, साहित्य-प्रेमी। पता:-भारत-हिन्दी पुस्तकालय, अमरावती (मध्यप्रदेश)।

सच्चिदानन्द-हीरानन्द वात्सायन 'अज्ञेय':—व्यक्तिवादी कलाकार, कई प्रमुख साहित्यक पत्रों के सम्पादन में योग, 'प्रतीक' आदि पत्रों के सम्पादक, रचनाएं उच्चकोटि के पत्रों में प्रकाशित होती हैं, विपथगा, कोठरी की बात, 'शेखर' एक जीवनी, बातायन परम्परा, इत्यलम् आदि आपकी प्रमुख कृतियाँ हैं। पता:-"प्रतीक" कार्यालय, प्रगति-प्रकाशन, १४ डी० फीरोजशाह रोड, नई दिल्ली।

सच्चिदानन्द सिंह:—फुटकर लेखन, 'नवशक्ति' पटना के भू० सं०। पता:-गौरव डीह, खरगपुर हवेली, मुंगेर।

सज्जनलाल 'माथुर':—स्फुट कहानियाँ और निबन्ध, विभिन्न पत्रों में प्रकाशित। पता-५५६, चाँद-भवन, सरदारपुरा, जोधपुर।

सन्तकुमार वर्मा:—विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से सहयोग, रचनाएं-महादेवी वर्मा, हमारे राष्ट्रीय कवि आदि आपकी कृतियाँ हैं। पता-वकील, सारन, सीवान।

सन्तकुमार गुप्त 'अज्ञात':—'साहित्य-विशारद' काव्यालङ्कार साहित्यिक अभिरुचि, स्फुट लेखन। पता:-सह-सम्पादक 'आलोक' ६६- कटरा रोड, अमरोहा।

सन्त गोकुलचन्द:—विभिन्न साहित्यक संस्थानों के सदस्य, प्रमुख रचनाएं-आदर्श निबन्ध-माला, मीरा, सचित्र बाल भारत, आदि अनेक बाल-साहित्य सम्बन्धी पुस्तकें लिखी हैं।

पता-सञ्चालक ओरियण्टयल बुकडिपो, ४६४१ डिप्टीगंज, सदर बाजार, देहली।

सन्तप्रसादसिंह 'सन्त':—रचनाएं रामदूत, हरिजनगान आदि।
पता-प्रधानाध्यापक, हिन्दी मिडिल स्कूल, चिरैयाकाट, आजमगढ़।

सन्तराम बी० ए०:—'जाति-पाँति तोड़क मण्डल' के संस्थापक, भारत का कोई भी पत्र नहीं जिसमें आपके लेख न प्रकाशित होते हों, अनेकों उपयोगी पुस्तकों के प्रणेता, सुप्रसिद्ध समाज सुधारक।

सन्तोष माथुर, कुमारी:—साहित्य-सेविका, स्फुट लेखन।
पता:-व्रजबिहारी माथुर कानूगोयान, अलीगढ़।

सतीशचन्द्र गुप्त:—'गांधी-ग्राम-पत्रिका' का सम्पादन, स्फुट लेखन। पता-रेडक्रास-बिल्डिंग, लखनऊ।

सतीशचन्द्र मित्रे:—एम० ए०, बी० एस० सी०, रचनाएं-जीवन और अङ्क, हमारे बाग और रसोई घर, तथा कई बालोपयोगी पुस्तकें। पता-रामचन्द्र भवन, हाथी भाटा, अजमेर।

सतीशचन्द्र शर्मा—विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से सहयोग, अदालतों में देव-नागरी के प्रचारार्थ आन्दोलन, कई पाठ्य पुस्तकें लिखी हैं। पता:-सम्पादक 'नारद', छपरा।

सत्यदेव चौधरी—फुटकर लेखन। पता:-हिन्दी-विभाग, हंसराज कालेज, दिल्ली।

सत्यदेव स्वामी—पत्रकार, फुटकर लेखन। पता:-'नव-भारत' कार्यालय, नागपुर।

सत्यदेव एस० पाण्डेय—कृषि विषयक फुटकर लेखन।

सत्यदेव विद्यालङ्कार—'उल्टी-गङ्गा' (उप०) आदि पुस्तकों के प्रणेता, कई पत्रों के यशस्वी सम्पादक। पता:-दिल्ली।

सत्यकुमार—फुटकर लेखन, हिन्दी प्रचार-प्रसार में योग।
पता:-अध्यापक, राजकीय हाई स्कूल, ताण्डूर (दक्षिण)।

सत्य जीवन वर्मा 'श्री भारतीय'—ए० एम०, प्रका० बीसलदेव रासो, स्वप्नवासदत्ता, प्रेम-पराकाष्ठा, तार के खम्भे, पलखम आदि, नागरी-प्रचारिणी-सभा, काशी के आजीवन सदस्य, 'हिन्दी-लेखक-संघ', प्रयाग के जन्मदाता। पता:-अन्तर्वेदी, १०। बी० बेली रोड, प्रयाग।

सत्यनारायण "अमन"—साहित्य प्रेमी और हिन्दी प्रचार-प्रसार में सक्रिय योग। पता:-सूरतगढ़ (बीकानेर)।

सत्यनारायण मोटूरि—दक्षिण में हिन्दी प्रचार-प्रसार में सक्रिय भाग, स्फुट लेखन। पताः-हिन्दी प्रचार-सभा, त्यागराय नगर, मद्रास।

सत्यनारायण देसु—जन्म १ जून १६२५, हिन्दी पण्डित और प्रचारक, कई पाठ्य ग्रन्थों की टीकाएं, शाहजहाँ, चन्द्रगुप्त, नूरजहां आदि नाटकों का साहित्यिक अध्ययन, लक्ष्मी हिन्दी विद्यालय के सञ्चालक और मातृ-भाषा (तेलगू) के अच्छे ज्ञाता। रचनाएं—आचार्य रक्षा, राष्ट्र की विभूतियां, भारत के नवरत्न, बाल कथा मंजरी, कथा कुसुम, जीवन सुधा और राष्ट्रभाषा चन्द्रिका, हिन्दी अध्यापक। पताः-लक्ष्मी हिन्दी विद्यालय, चिलकलूरि पेट, (जि० गुण्टूर)।

सत्यनारायण पाण्डेय—एम० ए०, फुटकर लेखन, साहित्य-सभा के संस्थापक और अध्यक्ष। पताः-प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, सनातन धर्म-कालेज, कानपुर।

सत्यनारायण रेड्डि—हिन्दी प्रेमी। पताः-मिडिल स्कूल, हुजूराबाद (दक्षिण)।

सत्यनारायण लोया—दक्षिण भारत में हिन्दी के प्रसार-प्रचार में सक्रिय योग दान, कई हिन्दी-पाठशाओं के सञ्चालन में हाथ।
पताः-हैदराबाद, (दक्षिण)।

सत्यनारायण शर्मा—नव-जागृति आदि पत्रों के सम्पादन में योग। इन्कलाब--जिन्दाबाद, टूटती-जंजीरें, आँसुओं का देश आदि आपकी कृतियाँ हैं। पताः-अमर बाजार, राँची।

सत्यनारायण 'विद्वान'—साहित्य शिरोमणि, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, देवघर विद्यापीठ और मद्रास विश्वविद्यालय की हिंदी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शिक्षादान, 'कलावनम्' की संस्थापना, हिंदी प्रचार-प्रसार में सक्रिय योग। पताः-प्रिन्सीपल-निर्वाहक, "विश्व-भारती" कलावनम्, देन्दुलूर, (गोदावरी जि०) आंध्र।

सत्यनारायण शर्मा—लङ्का में हिंदी प्रचार किया। 'सिंहली' भाषा में पाँच पुस्तकें लिखी हैं। पताः-प्रधानाध्यापक खड्गप्रसाद राष्ट्रीय विद्यालय, कटक स्टेशन, मीरा मण्डी।

सत्यप्रकाश, डाक्टर—रसायन में डी० एस० सी०, "विज्ञान" (मा०) का कई वर्ष तक सम्पादन, 'सृष्टि की कथा' प्रकाशित

कृति है । लैक्चरार प्रयाग विश्वविद्यालय । पताः-बेली एवेन्यू, प्रयाग ।

सत्यप्रकाश 'मिलिन्द'—स्फुट कविताएं, लेख, निबन्ध तथा एकाङ्की लेखन । कई लेबर संस्थानों के मान्य सदस्य, 'साम्यवाद' का समर्थन, 'यात्रा में नयी सूझ', सिगरेटशाला आदि के प्रणेता ।

पताः-लेबर आफिसर, बिरला कॉटन मिल, दिल्ली ।

सत्यपाल समीर—एम० ए०, बी० एस० सी० "जनमत" (दै०) आगरा का सम्पादन, 'सोमनाथ' (अप्रकाशित काव्य) स्फुट लेखन, रचनाएं पत्रों में छपती हैं । पताः-आगरा ।

सत्यपाल गुप्त 'प्रभाकर'—पटियाला व पूर्वी पंजाब रियासती संघ में राष्ट्र-भाषा प्रचार हेतु सम्मेलन की स्थापना, हिन्दी प्रचारार्थ 'कला-निकेतन कालेज' खोला 'ड्रामेटिक क्लब' की स्थापना की, पेप्सू राज्य के 'पंजाबी विभाग' में हिन्दी लेखक रहकर 'भारतीय संविधान' का पंजाब देवनागरी किया, "गोदान" (प्रेमचन्द) का पंजाबी उल्था, 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' पेप्सू प्रदेश के प्रधान,

पताः—'हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन' कार्यालय, 'अरना-बरना', पटियाला (पेप्सू) ।

सत्यभक्त 'स्वामी'—'परवार बन्धु' और जैन-जगत का सम्पादन रचनाएं-सत्य सङ्गीत, नयी दुनियां का नया समाज, नया-संसार, जैन धर्म मीमांसा आदि अनेक पुस्तकें प्रकाशित । पताः-सत्याश्रम, वर्धा ।

सत्यव्रत सिद्धांतालङ्कार—दक्षिण प्रान्तों में हिन्दी प्रचार किया, अपनी विदुषी पत्नी चन्द्रावती के साथ 'शिक्षा-शास्त्र' पुस्तक का प्रणयन किया । 'ब्रह्मचर्य-सन्देश' आपकी अमूल्य रचना है ।

पताः-कन्या गुरुकुल, देहरादून ।

सत्येन्द्र श्याम—जन्म १९१३, एम० ए०, 'नव-चित्रपट' सिनेपत्र का सम्पादन, फुटकर लेखन । पताः-६२, दरियागञ्ज दिल्ली ।

सत्येन्द्र शरत्—"हिन्दुस्तान" कहानी प्रतियोगिता में पुरस्कार विजेता, नयी पीढ़ी के सफल लेखक, "प्रतीक" प्रयाग (द्वैमासिक) के सम्पादन में योग, 'नील कमल' तार के खम्भे आदि आपकी सुप्रसिद्ध रचनाएं हैं । पताः—बम्बई ।

सत्येन्द्र, डाक्टर—एम. ए., पी. एच. डी., अखिल भारतीय ब्रजसाहित्य मण्डल, हाथरस अधिवेशन के समय सर्व-प्रथम नवल-किशोर पुरुस्कार १००१) रुपए के विजेता तथा एक अन्य पुरुस्कार भी इसी अवसर पर प्राप्त किया 'ब्रज-लोक साहित्य का अध्ययन', नामक ग्रन्थ पर, ब्रज-साहित्य-मण्डल आदि के जन्मदाता, 'ब्रज-भारती' 'साहित्य-सन्देश' 'साधना' 'ज्योति' आदि का सम्पादन। रचनाएं-गुप्त जी की कला, विज्ञान की करामात, प्रेमचन्द व्यक्ति और कला, हिन्दी एकांकी, इतिहास और विवेचन। पताः-महावीर दिगम्बर जैन इण्टर कालेज, आगरा।

सत्येन्द्र नारायण अग्रवाल—'बीसवीं-सदी के भू० सं०, 'दक्षिण भारत की यात्रा' प्रकाशित रचना है। पताः--नया बाजार, भागलपुर।

सद्गुरुशरण अवस्थी, एम० ए०—हिन्दी-साहित्य--परिषद के सभापति तथा अनेक शिक्षा-संस्थाओं के सक्रिय सदस्य, भ्रमित पथिक, त्रिमूर्ति, विचार-विमर्श, महाभिनिष्क्रमण आदि आपकी रचनाएं हैं। पताः-प्रिन्सिपल, बी० एन० एस० डी० कालेज कानपुर।

सदानन्द आर्य 'सुमन'—फुटकर लेखन। पताः-ए० एम० हाई-स्कूल, मवाना, मेरठ।

सदाशिवराव वैद्य—फुटकर प्रकाशन। पताः-सञ्चालक, जनता औषधालय, जड़ चर्ला, महबूब नगर (दक्षिण)

सम्पतलाल पुरोहित—'धरती के देवता' आपकी प्रकाशित रचना है। 'छाया' (मासिक) का सम्पादन। पताः-साहित्य-मंडल, डीवान-हॉल, दिल्ली।

सम्पत कुमार मिश्र—कई पत्रों का सम्पादन, स्फुट लेखन।
पताः-लछमनगढ़, जयपुर।

सम्पत्कुमाराचार्य—रचनाएं-नव्य-स्त्री, ग्रहस्थ जीवन, हिन्दी-प्रचार कार्य। पताः-मेडिकल-आफीसर, गोगी (जि० गुलबर्गा) दक्षिण।

सम्पूर्णानन्द श्रीवास्तव—'नयन-नीर' परिणय, आपकी रचनाएं हैं। कई बालोपयोगी पुस्तकों का सम्पादन। पताः-नेशनल हायर-सैकिण्डरी स्कूल, काशी।

सम्पूर्णानन्द, डाक्टर—उत्तर-प्रदेश सरकार के शिक्षा, श्रम और गृह-मन्त्री, काँग्रेसी नेता, प्रसिद्ध शिक्षा-शास्त्री और समाज-

वादी लेखक, राजनीति और साहित्य साधना में साथ-साथ कदम, 'टुडे' (अङ्गरेजी दैनिक) 'मर्यादा' (मा०) आदि के भू० सम्पादक, रचनाएं-अन्तर्राष्ट्रीय विधान, चीन की राज्य-क्रान्ति, ब्राह्मण-सावधान, समाजवाद आदि कई पुस्तकों के लेखक।

पता:-शिक्षा-मन्त्री, विधान-भवन, लखनऊ।

सरजूप्रसाद श्रीवास्तव:—एम० ए०, फुटकर लेखन, रवीन्द्रनाथ ठाकुर (आलोचना)। पता-महाराजसिंह हाई स्कूल, बहराइच।

सरयू पण्डा गौड़:—रचनाएं-वेदना, अन्धकार, लेखक की बीबी लखनऊ वाली, विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से सम्बन्ध।

पता-पो० जगदीशपुर, (शाहाबाद) बिहार

सरयू प्रसाद पाण्डेय:—एम० ए०, प्रकाशित रचनाएं-बच्चों की मिठाई, राजर्षि। पता-राजकीय जुबिली हाई स्कूल, गोरखपुर।

सरफराज अहमद खान "गौरी"—मुसलमान होते हुए भी हिन्दी सेवा में रत, "विद्यार्थी" (१९४९-५०) में प्रधान सम्पादक, मानव यूनियन द्वारा प्रकाशित 'मानव' (मा०) के प्रबन्ध सम्पादक, स्फुट रचनाएं। पता:-द्वारा महादेव प्रसाद जी श्रीवास्तव क्लर्क जनरल पोस्ट आफिस, लश्कर, ग्वालियर (म० भा०)।

सरस वियोगी—'त्यागभूमि' और 'नेता' (दै०) के भू० सम्पादक, चुनौती आदि प्रकाशित रचनाएं तथा बीस से ऊपर पुस्तकों के लेखक। पता:-ब्रह्मपुरी, अजमेर।

सरला पाण्ड्या 'दीपिका'—कुमारी। जन्म १९३०, बचपन से ही साहित्य-साधना, स्फुट आलोचनात्मक लेख, कहानी, संस्मरण आदि प्रकाशित। पता:-द्वारा श्री रामचन्द्र तिवारी, माली पाड़ा, अलीगढ़।

सरस्वती वार्ष्णेय कुमारी—'साहित्य-रत्न सरस्वती, कहानीकार गीतकार और लेखिका। अप्रकाशित स्फुट काव्य संग्रह।

पता:-ब्रह्मबाजार, चन्दौसी, (मुरादाबाद)।

सरस्वती कुमारी—बी० ए०बी० टी०, साहित्य मनीषिणी, हिन्दी साहित्य सम्मेलन गुजरात की सभानेत्री, फुटकर कविताएं और लेख, पता:-अध्यापिका, आर्य कन्या महाविद्यालय, बड़ौदा।

सरस्वती कुमार 'दीपक'—चित्रपट (साप्ता० सिनेपत्र) कई फिल्मों के लिए गीत लिखे हैं। पता:-मेरठ।

सरस्वती सहाय वर्मा "त्यागी"—साहित्याचार्य हिन्दी-प्रेमी, हिन्दी प्रचार में योग। पताः-द्वारा लाला बाबूराम स्वर्णकार, पो० सौदागरान, बरेली।

सरोजकुमारी ठाकुर—फुटकर कविताएं और कहानियां, पताः—बालाबाई का बाजार, लश्कर, ग्वालियर।

सरोज भटनागर "छाया"—एम० ए० फुटकर कविताएं लिखती हैं, अ० भा० क्रियाशील कलाकार मण्डल की गण्यमान्य सदस्या, पताः-शिक्षिका-हितकारिणी गर्ल्स कालेज, जबलपुर।

साहब सिंह 'मह्रा'—अनेक जनगीतों तथा ब्रजभाषा की कविताओं के गायक और लेखक, जनगीतों और ब्रजभाषा के अनेक संग्रह प्रकाशित, कम्यूनिस्ट पार्टी के सदस्य। पताः--द्वारा प्रगतिशील लेखक संघ, अलीगढ़।

साधुराम शुक्ल—सामाजिक कार्यकर्त्ता, 'अजेयवाद' तथा फुटकर लेख और कविताएं लिखी हैं, पताः--"जन-सेवक" (साप्ताहिक) लखीमपुर खीरी।

सॉवरमल बजाज 'प्रथम'—हिन्दी से अनुराग हिन्दी प्रचार में योग, पताः-बद्रीदास-तपसीराम' लक्ष्मणगढ़ सीकर (राजस्थान)

सावित्री दुलारेलाल—'सुधा' और 'बाल-विनोद' की भूतपूर्व सम्पादिका, सुप्रसिद्ध लेखिका, रेडियो पर कविता पाठ, कई कविता संग्रह लिखे हैं, पताः-कविकुटीर, लाटूश रोड, लखनऊ।

सावित्री वर्मा—स्फुट लेखिका, पताः--सह-सम्पादिका "बाल भारती" दिल्ली।

सविता बहिन—'नवोदित कलाकार संगम' नई-दिल्ली की सभानेत्री नवोदित लेखिका, पताः--करौल-बाग, नई दिल्ली।

स्वरूपनारायण पुरोहित—मोपांसा की कहानियों का अनुवाद किया है, पताः--सीकर, राजस्थान।

सिद्धिनाथ "मानस"—भावुक सुकवि, स्फुट कविताएं लिखी हैं, कथावाचक सुगायक। पताः--मुरसान गेट, हाथरस।

सिद्धेश्वर प्रसाद 'मञ्जु'—फुटकर कविताएं और निबन्ध लिखे हैं। स्थानीय हिन्दी-साहित्य-परिषद' के संस्थापकों में। पताः--हिपुआ, गया।

सिद्रामप्पा—हिन्दी प्रचार-प्रसार में सक्रिय योग, फुटकर लेखन पताः--अफजलपुर, गुलबर्गा (दक्षिण)

सियाराम शरण गुप्त—मननशील विचारक, "प्रतीक" के सम्पादकों में, राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त के अनुज, प्रमुख रचनाएं-मौर्य

विजय, दूर्वादल, बापू, मानुषी, गोद आदि सुप्रसिद्ध पुस्तकें, कवि और लेखक, पता:-साहित्य सदन, चिरगाँव, जिलाझाँसी।

सियाप्रसाद अष्ठाना—'बाल-संगीत' आपकी प्रकाशित रचना हैं, पता:-बसन्तपट्टी, अदौरी, मुजफ्फरपुर।

सीताराम शास्त्री 'वालिष्ठ'—मौलिक-रचनाएं राजस्थानी संस्कृति की महत्ता, प्रबन्ध 'प्रदीप, सम्पादित आदर्श निबन्ध-निचय आदि, कई साहित्यिक संस्थाओं के सदस्य, पता:-इण्डियन रेलवे हाईस्कूल, आबूरोड।

सीताराम खत्री 'मृगेन्द्र'—रचनाएं मृगेन्द्र द्वादशी तथा कई अप्रकाशित पुस्तकें, मृगेन्द्र पुस्तकालय के जन्मदाता, पता:-तालबेहट झाँसी।

सीताराम चतुर्वेदी—हिन्दी साहित्य सन्मेलन के परीक्षा मन्त्री रहे, स्फुट लेखन पता:-दारागंज, प्रयाग।

सुकुमार पगारे—'कर्मवीर' का सम्पादन, राष्ट्रीय कार्यकर्त्ता, एम. एल. ए., 'युगवाणी' मौन साधना आदि आपकी कृतियां हैं। पता:-जनशक्ति सम्पादक, राष्ट्रीय प्रेस, इटारसी।

सुदर्शनलाल शर्मा—साहित्य भूषण, हिन्दी प्रेमी और प्रचार प्रसार में योग। पता:-अध्यक्ष, शकुन्तला पब्लिक लाइब्रेरी, पो० आ० करियामई, (बदायूँ)।

सुदामाप्रसाद चतुर्वेदी—एम. ए. (प्रयाग विश्वविद्यालय) ब्रज साहित्य मण्डल हाथरस अष्टमाधिवेशन के संयोजक, त्रिवेणी (आलो०) आदि पुस्तकों के प्रणेता। पता:-बोर्डिङ्ग हाउस बागला कालेज हाथरस।

सुदेशशरण 'रश्मि'—प्रभाकर, बी. ए. (आनर्स) का अध्ययन, रचनाएं-मैं कुछ कर न सकी (उप०) कब्रें बोल उठीं, पाप की गठरी (कहा०) आज की महिलाएं (निबन्ध) कवियत्री नाटककार तथा आर्थिक समस्याओं की लेखिका 'इन्सान' की उप सम्पादिका बनने जा रही हैं। पता:-द्वारा हर शरणदास 'शरण' ३१८३ कूचा ताराचन्द, दरियागंज, दिल्ली।

सुन्दर रेड्डी—बी. ए. (जामिया) साहित्य-रत्न, आन्ध्र-प्रान्त के प्रसिद्ध हिन्दी पण्डित दिल्ली प्रान्तीय विद्यार्थी संघ के भूत० मंत्री आपकी रचनाएं प्रमुख पत्रों में छपती हैं, "साहित्य और समाज" नामक पुस्तक प्रेस में। पता:-अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, आन्ध्र विश्वविद्यालय।

शारदा सेवकः—

श्री बाबूमल एल. हरण

(परिचय पृष्ठ ९८ और १०७)

श्री विपिनचन्द्र महर्षि

(परिचय पृष्ठ २१०)

सुन्दरलाल दुबे 'निर्बल'---सामाजिक कार्यकर्त्ता, स्फुट लेखन। पताः--निर्बल सेवक आश्रम, सतवासा, सोहागपुर।

सुधारानी पालीवाल—'युवक' (मा०) आगरा के सम्पादकों में स्फुट लेखक। पताः-३, विजय नगर कोलोनी, आगरा।

सुधाकर झा—एम० ए०, पी० एच० डी० भाषाओं के अध्ययन के लिए योरोपीय देशों का भ्रमण, फुटकर आलोचनात्मक लेख लिखते हैं, पताः-प्राध्यापक, पटना कालेज, पटना।

सुधीन्द्र डाक्टर—एम० ए० पी० एच० डी० "जीवन-साहित्य" के सम्पादक, सुप्रसिद्ध विद्वान आलोचक लेखक और कवि, प्रमुख रचनाएं-प्रलयवीणा, अमृत-वीणा आदि (कवि०) हिन्दी कविता का क्रान्ति युग, केशवदास एक समीक्षा (आलो०) सूर-संगीत, बाल भारती, आधुनिक कवि (संपा०) पताः-अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, बनस्थली विद्यापीठ, बनस्थली।

सुबोधचन्द्र 'पन्त'—स्फुट लेखक, श्रमजीवी और भावुक कवि, उदीयमान कलाकार, रचनाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपती हैं। पताः-५१६ के ग्रल. शङ्करलाल भार्गव रोड, प्रयाग ३

सुबोधचन्द्र शर्मा "नूतन"—फुटकर विषयों पर लेख लिखते हैं। गुजराती पुस्तकों का हिन्दी उलथा किया है, पताः-"शिक्षा-सुधा" मण्डी-धनौरा, मुरादाबाद।

सुबोध मिश्र 'सुरेश'— 'छोटा नागपुर संवाद' के भू० प्रधान सम्पादक, रचनाएं-समाज की बलिवेदीपर, लंकेश, वोट की चोट और कांग्रेसी हौवा आदि। पताः-अन्नपूर्णा औषधालय, राँची।

सुमनेन्द्र सुधा गुप्ता, कुमारी—साहित्य से प्रेम, स्फुट लेखन पताः-हीरा बिल्डिंग, अचलतालाब, अलीगढ़।

सुमित्रा कुमारी सिनहा—सुप्रसिद्ध भावुक कवियत्री, प्रमुख रचनाएं-आशापर्व, 'विहाग' सेकसरिया पुरस्कार प्राप्त) अचल सुहाग वर्ष गांठ आदि, आपकी रचनाएं प्रमुख पत्रों में प्रकाशित होती हैं, आधुनिक स्त्री कवियत्रियों में प्रमुख, पताः- युग मन्दिर, उन्नाव।

सुमित्रानन्दन 'पन्त'— युग प्रवर्त्तक क्रांतिकारी कलाकार, कहानी, नाटक और अनुवाद भी किए हैं, प्रमुख-रचनाएं पल्लव, वीणा, गुञ्जन, ग्राम्या, किरण, स्वर्ण भूलि आदि। प्रमुख पत्रों, रेडियो और पाठ्य क्रमों में आपकी रचनायें स्वीकृत हैं, सर्वाधिक प्रसिद्ध कवि। पताः-आलइण्डिया रेडियो, प्रयाग।

